


THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com
Vaartha Hindi
@Vaartha_Hindi
Vaartha official
www.hindi.vaartha.com

वर्ष-30 अंक : 142 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) भाद्रपद कृ.9 2082 रविवार, 17 अगस्त-2025

प्रधान संपादक – डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर ❊ पृष्ठ : 16+32 मूल्य : 8 रुपये

## उपराष्ट्रपति पद के लिए आज भाजपा की बैठक

नई दिल्ली, 16 अगस्त (एजेंसियां)। जगदीप धनखड़ उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा देने के बाद देशभर में इस बात को लेकर चर्चा तेज है आखिर भारत का अगला उपराष्ट्रपति कौन होगा? इसके लिए आने वाले नौ सितंबर को चुनाव भी होने है।

उपराष्ट्रपति पद के लिए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) जल्द ही अपने उम्मीदवार के नाम की घोषणा कर सकता है। इसको लेकर भाजपा की संसदीय बोर्ड की बैठक 17 अगस्त को होने की संभावना है, जिसमें उम्मीदवार के नाम को अंतिम रूप दिया जाएगा।एनडीए के गठबंधन दलों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा को उपराष्ट्रपति पद के लिए उम्मीदवार चुनने का अधिकार दिया है।

# 'अटूट सेवा के लिए समर्पित थे अटल जी'

नई दिल्ली, 16 अगस्त (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी को याद करते हुए कहा है कि उनका जीवन राष्ट्र की अटूट सेवा के लिए समर्पित था। उन्होंने यह भी कहा कि उनके विचार और आदर्श भारत की प्रगति यात्रा का मार्गदर्शन करते रहेंगे।

पीएम नरेंद्र मोदी शनिवार को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर दिल्ली स्थिति 'सदैव अटल' स्थल पहुंचे। उन्होंने अटल जी को श्रद्धांजलि दी। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक तस्वीर साझा करते हुए लिखा, सदैव अटल में अटल जी को श्रद्धांजलि अर्पित की। उनका जीवन राष्ट्र की अटूट सेवा के लिए समर्पित था। उनके विचार और आदर्श भारत की प्रगति यात्रा का मार्गदर्शन करते रहेंगे।

इससे पहले, प्रधानमंत्री मोदी ने



अटल बिहारी वाजपेयी और राष्ट्र के प्रति उनकी सेवा को याद करते हुए 'एक्स' पर लिखा, सभी देशवासियों की ओर से पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी जी को उनकी पुण्यतिथि पर सादर नमन। राष्ट्र के चौतरफा विकास को लेकर उनका समर्पण और सेवा भाव विकसित और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में योगदान के लिए हर किसी को प्रेरित करने वाला है।

अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर शनिवार को 'सदैव अटल' स्थल पर श्रद्धांजलि सभा में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश शामिल हुए। सभी नेताओं ने पुष्प अर्पित कर अटल बिहारी वाजपेयी को श्रद्धांजलि दी।

केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजू और गजेंद्र सिंह शेखावत, जदयू सांसद संजय झा और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता भी पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्य तिथि पर उनके स्मारक 'सदैव अटल' पर पहुंचे थे।

इस बार अटल बिहारी वाजपेयी की 7वीं पुण्यतिथि है। 16 अगस्त 2018 को अटल बिहारी वाजपेयी का निधन हुआ था। वाजपेयी का जन्म 25 दिसंबर 1924 को मध्य प्रदेश के ग्वालियर में हुआ था। जनता के बीच प्रसिद्ध अटल बिहारी वाजपेयी अपनी राजनीतिक प्रतिबद्धता के लिए जाने जाते थे। वे तीन बार प्रधानमंत्री बने। अटल बिहारी वाजपेयी 16 से 31 मार्च, 1996 तक और फिर 19 मार्च, 1998 से 13 मई, 2004 तक देश के प्रधानमंत्री रहे।

# राष्ट्रपति और राज्यपालों के लिए समय सीमा तय करने पर केंद्र की चेतावनी

### > इससे सांविधानिक अराजकता पैदा होगी

नई दिल्ली, 16 अगस्त (एजेंसियां)। सरकार ने राष्ट्रपति और राज्यपालों पर विधेयकों को मंजूरी देने के लिए समय-सीमा थोपने के खिलाफ चेतावनी दी है। केंद्र सरकार ने चेताया कि इससे देश में सांविधानिक अराजकता पैदा हो सकती है। न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने अप्रैल में अपने एक निर्देश में विधेयकों को मंजूरी के लिए राष्ट्रपति के लिए तीन महीने और राज्यपालों के लिए एक महीने की समय-सीमा निर्धारित की थी ताकि विधायिका द्वारा पारित विधेयकों पर निर्णय हो सके।

**सुप्रीम कोर्ट संविधान में संशोधन नहीं कर सकता**

केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में दाखिल एक लिखित निवेदन में कहा कि ऐसी समय-सीमाएं तय करना ऐसा है, जैसा सरकार के किसी अंग द्वारा उन शक्तियों का हड़पना, जो उसमें निहित नहीं हैं। इससे संविधान में उल्लेखित शक्तियों का पृथक्करण बिगड़ सकता है। सरकार ने चेतावनी दी कि इससे सांविधानिक अराजकता पैदा होगी। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने अपने निवेदन में कहा, अनुच्छेद 142 में निहित अपनी असाधारण शक्तियों के बावजूद भी, सुप्रीम कोर्ट संविधान में संशोधन नहीं कर सकता या संविधान निर्माताओं की मंशा को विफल नहीं कर सकता।




तुषार मेहता ने माना कि मौजूदा प्रक्रिया में कार्यान्वयन में कुछ सीमित समस्याएं हैं, लेकिन इसका मतलब ये नहीं है कि राज्यपाल जैसे उच्च पद पर बैठे लोगों से अधिनस्थ जैसा व्यवहार किया जाए।

## चुनाव आयोग आज करेगा प्रेस कॉन्फ्रेंस

नई दिल्ली, 16 अगस्त (एजेंसियां)। भारत निर्वाचन आयोग 17 अगस्त (रविवार) को दोपहर 3 बजे नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय मीडिया केंद्र में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित करेगा। प्रेस कॉन्फ्रेंस की जानकारी चुनाव आयोग के डायरेक्टर जनरल (मीडिया) की ओर दी गई है। माना जा रहा है कि चुनाव आयोग एसआईआर को लेकर उठे सवालों के जवाब दे सकता है। चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के अलावा किसी अन्य मुद्दे पर चुनाव आयोग द्वारा औपचारिक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित करना असामान्य है। प्रेस कॉन्फ्रेंस का विषय अभी तक स्पष्ट नहीं किया गया है, लेकिन अधिकारियों ने कहा है कि यह चुनाव आयोग पर लगाए गए आरोपों से संबंधित है।

राहुल गांधी बार-बार चुनाव आयोग पर मतदाता डेटा में हेरफेर करने का आरोप लगाते रहे हैं। उन्होंने दावा किया है कि महाराष्ट्र, कर्नाटक और हरियाणा में "वोट चोरी" हुई है। आयोग ने कांग्रेस नेता से उन लोगों के नाम प्रस्तुत करने को कहा है जिनके बारे में उनका दावा है कि उन्हें मतदाता सूची में गलत तरीके से जोड़ा या हटाया गया है, साथ ही एक हस्ताक्षरित शपथपत्र भी जमा करने के लिए कहा है।

# राहुल ने 'वोट चोरी' पर वीडियो जारी किया

### > *लिखा-चोरी चोरी, चुपके चुपके, अब और नहीं, जनता जाग गई*

नई दिल्ली, 16 अगस्त (एजेंसियां)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने 'वोट चोरी' को लेकर एक बार फिर चुनाव आयोग को घेरा। उन्होंने शनिवार को सोशल मीडिया पर 'लापता वोट' लिखकर एक वीडियो शेयर किया। हालांकि, इसमें चुनाव आयोग का जिक्र नहीं किया।

उन्होंने लिखा, 'चोरी चोरी, चुपके चुपके अब और नहीं, जनता जाग गई है'। इसके बाद कांग्रेस ने एक्स पर लिखा कि आपके वोट की चोरी, अधिकारों की चोरी है। आइये हम सब मिलकर वोट चोरी के खिलाफ आवाज उठाएं और अपने अधिकारों को बचाएं।



**क्या है वीडियो में :**

एक व्यक्ति पुलिस थाने पहुंचता है। खर्राटे ले रहे पुलिसकर्मी से बोलता है। साहब...साहब मुझे रिपोर्ट लिखाना है। पुलिसकर्मी कहता है कि यहां रिपोर्ट नहीं लिखाएगा तो क्या करेगा। तब वह व्यक्ति कहता है- मुझे चोरी की रिपोर्ट लिखानी है।

पुलिसकर्मी कहता है, क्या चोरी हो गया। व्यक्ति कहता है कि साहब..साहब वोट चोरी हो गया है। उसका वोट चुरा लिया गया है। वह अधिकारियों से कहता है कि लाखों वोट चुराए जा रहे हैं। इससे पुलिसकर्मी यह सोच में पड़ जाते हैं कि क्या उनका वोट भी चुराया गया है। यह एक मिनट लंबा वीडियो है।

## 'सांविधानिक मर्यादा को तार-तार करना उनकी दिनचर्या का हिस्सा'

नई दिल्ली, 16 अगस्त (एजेंसियां)। स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान लालकिले पर लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की गैरमौजूदगी और कांग्रेस की ओर से आयोजित समारोह में जगदीश टाइटलर की मौजूदगी की खबरों पर भाजपा हमलावर हो गई है। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ ने इस मामले में राहुल गांधी पर निशाना साधा है। भाजपा नेता ने कहा, राहुल गांधी ने संवैधानिक मर्यादा को तार-तार करना अपनी दिनचर्या का हिस्सा बना लिया है। शायद इतिहास में पहली बार विपक्ष के नेता ने स्वतंत्रता दिवस का बहिष्कार किया है। तरुन चुघ यहीं नहीं रुके, उन्होंने कांग्रेस दफ्तर में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह में 1984 के सिख नरसंहार के मास्टरमाइंड और मुख्य आरोपी जगदीश टाइटलर की मौजूदगी पर भी राहुल गांधी को घेरा। चुघ ने कहा, अपनी पार्टी के स्वतंत्रता दिवस समारोह में टाइटलर को सम्मानपूर्वक आमंत्रित करके राहुल गांधी ने कांग्रेस पार्टी की असली, घृणित सिख विरोधी मानसिकता को उजागर कर दिया है।

# भारत विभाजन पर एनसीईआरटी का नया कंटेंट

### > कांग्रेस, जिन्ना और माउंटबेटन को दोषी बताया, ये रेगुलर सिलेबस का हिस्सा नहीं



नई दिल्ली, 16 अगस्त (एजेंसियां)। एनसीईआरटी ने क्लास 6 से 8 और 9 से 12 के लिए 2 नए मॉड्यूल जारी किए हैं। नियमित किताबों से अलग ये मॉड्यूल्स देश के बंटवारे की विभीषिका पर आधारित हैं। इसमें मोहम्मद अली जिन्ना, कांग्रेस पार्टी और लॉर्ड माउंटबेटन को बंटवारे का दोषी बताया गया है।

मॉड्यूल बताता है कि जिन्ना ने बंटवारे की मांग की, कांग्रेस ने इसे स्वीकार कर लिया और माउंटबेटन ने इसे लागू कर दिया। ये जानकारी 'विभाजन के दोषी' टॉपिक में जोड़ी गई है। मॉड्यूल में देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के एक भाषण का अंश भी शामिल किया गया है। नेहरू ने कहा था, हम एक ऐसी स्थिति पर आ गए हैं जहां हमें या तो विभाजन को स्वीकार करना होगा या निरंतर संघर्ष और अराजकता का सामना करना होगा।

**कश्मीर में आतंकवाद का जिक्र भी शामिल :**

मॉड्यूल के अनुसार, 1947 और 1950 के बीच, विभाजन ने भारत की एकता को खंडित किया, शत्रुतापूर्ण सीमाएं बनाईं, सामूहिक हत्याएं और विस्थापन को बढ़ावा दिया। सांप्रदायिक अविश्वास को गहरा किया। पंजाब और बंगाल की अर्थव्यवस्थाओं को तबाह कर दिया। जम्मू-कश्मीर को सामाजिक, आर्थिक और जनसंख्या के तौर पर पतन के रास्ते पर डाल दिया। यह बाद में आतंकवाद के कारण और भी बदतर हो गया।

**नियमित सिलेबस में शामिल नहीं होते मॉड्यूल :**

एनसीईआरटी के स्पेशल मॉड्यूल कोर्स का हिस्सा नहीं होते, ये सप्लीमेंट्री मटेरियल होता है जो कोई खास टॉपिक बच्चों को समझाने के लिए तैयार किया जाता है। इसे पोस्टर्स, चर्चाओं और वाद-विवाद के द्वारा बच्चों को पढ़ाया जाता है। हाल ही में ऑपरेशन सिंदूर को भी स्पेशल मॉड्यूल में जोड़ा गया था।

## कांग्रेस हमलावर : वे भारत-पाकिस्तान विभाजन के बारे में कुछ नहीं जानते



नई दिल्ली, 16 अगस्त (एजेंसियां)। भारत-पाकिस्तान बंटवारे को लेकर जारी एनसीईआरटी के नए मॉड्यूल पर कांग्रेस ने हमला बोला है। कांग्रेस ने कहा कि एनसीईआरटी को भारत-पाकिस्तान विभाजन के बारे में कोई जानकारी नहीं है। कांग्रेस ने स्वतंत्रता दिवस के भाषण में आरएसएस का जिक्र करने पर पीएम मोदी को भी घेरा। कांग्रेस नेता संदीप दीक्षित ने कहा कि मैं एनसीईआरटी को विभाजन पर चर्चा के लिए चुनौती देता हूं। भाजपा के पास एनसीईआरटी है। वे विभाजन के बारे में कुछ नहीं जानते। प्रधानमंत्री मोदी के स्वतंत्रता दिवस के भाषण और उसमें आरएसएस के जिक्र पर कांग्रेस नेता ने कहा कि यह बहुत निराशाजनक था। ऐसा लग रहा था जैसे यह उनका विदाई भाषण हो। ऐसा लग रहा था कि वह किसी को खुश करने के लिए ऐसा कह रहे हैं।

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) ने विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के मौके पर विशेष मॉड्यूल जारी किया है। इस मॉड्यूल में विभाजन के लिए मुहम्मद अली जिन्ना, कांग्रेस और लॉर्ड माउंटबेटन को जिम्मेदार ठहराया गया है। इस मॉड्यूल को 'विभाजन के अपराधी' शीर्षक दिया गया है और इसे कक्षा 6 से 8 और कक्षा 9 से 12 के छात्रों के लिए अलग-अलग रूप में तैयार किया गया है। हालांकि, यह किसी भी कक्षा की पाठ्यपुस्तक का हिस्सा नहीं है, बल्कि यह पूरक शैक्षिक सामग्री के तौर पर पेश किया गया है, जिसे पोस्टर, वाद-विवाद, प्रोजेक्ट्स और चर्चाओं के माध्यम से बच्चों को सिखाया जाएगा।

## हरिद्वार के मंदिर में प्रशासक की नियुक्ति पर फैसला करेगा सुप्रीम कोर्ट, 19 अगस्त को सुनवाई

नई दिल्ली, 16 अगस्त (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट 19 अगस्त को हरिद्वार स्थित मां चंडी देवी मंदिर के 'सेवायत' की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई करेगा। इस याचिका में उन्होंने उत्तराखंड हाईकोर्ट के उस आदेश पर रोक लगाने की मांग की है, जिसमें बद्री केदार मंदिर समिति को मंदिर की देखरेख के लिए प्रशासक नियुक्त करने का निर्देश दिया गया है। 'सेवायत' का मतलब वह पुजारी होता है, जो मंदिर के रोजमर्रा के कामों और पूजा-पाठ में सक्रिय रूप से शामिल होता है। जस्टिस एहसानुद्दीन अमानुल्लाह और जस्टिस एस,वी.एन. भट्टी की बेंच ने 28 जुलाई को उत्तराखंड सरकार को नोटिस जारी किया था और दो हफ्तों में जवाब मांगा था।

सुप्रीम कोर्ट ने पहले ही कहा था कि बद्री केदार मंदिर समिति की ओर से लिया गया कोई भी निर्णय इस याचिका के फैसले पर निर्भर करेगा। महंत भवानी नंदन गिरी ने वकील अश्विनी दुबे के माध्यम से सुप्रीम कोर्ट में यह याचिका दायर की है। याचिका में कहा गया है कि उत्तराखंड हाईकोर्ट ने बिना किसी सबूत या शिकायत के मंदिर का नियंत्रण एक समिति को दे दिया, जबकि साल 2012 में खुद हाईकोर्ट ने एक पैनल बनाया था, जिसमें हरिद्वार के जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शामिल थे।

### > कोरियाई विदेश मंत्री ह्यून का पहला भारत दौरा

# जयशंकर के साथ बैठक, सहयोग बढ़ाने पर जोर

नई दिल्ली, 16 अगस्त (एजेंसियां)। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कोरियाई विदेश मंत्री के साथ बैठक के बाद कहा, एक पुराने मित्र का नए सहयोगी के रूप में मेजबानी करना 'बहुत विशेष सौभाग्य' है।

ह्यून के विदेश मंत्री बनने पर बधाई देते हुए जयशंकर ने कहा, हमारे स्वतंत्रता दिवस और कोरियाई राष्ट्रीय दिवस के केवल एक दिन बाद उनकी भारत यात्रा द्विपक्षीय संबंधों को दिए जाने वाले महत्व के बारे में बहुत कुछ कहती है। जयशंकर ने कोरिया को राष्ट्रीय मुक्ति दिवस की शुभकामनाएं भी दीं। कोरियाई समकक्ष की भारत यात्रा के महत्व



पर प्रकाश डालते हुए डॉ. जयशंकर ने कहा, यह भारत और दक्षिण कोरिया के बीच विशेष रणनीतिक साझेदारी की 10वीं वर्षगांठ का प्रतीक है। उन्होंने कनाडा के कनानास्किस में राष्ट्रपति यून से मुलाकात के दौरान प्रधानमंत्री के साथ अपनी उपस्थिति को भी याद किया। इस बैठक में दोनों देशों के 'बहुत मजबूत संबंध' रेखांकित हुए थे। द्विपक्षीय बैठक के आरंभिक वक्तव्य में विदेश मंत्री डॉ. जयशंकर ने कहा, मैं आज आपके साथ इस बारे में चर्चा करना चाहूंगा कि हम अपने संबंधों को और ऊंचे स्तर पर कैसे ले जा सकते हैं।

मैं 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की निंदा करने के लिए कोरिया का आभार व्यक्त करना चाहता हूं। जब हमारा संसदीय प्रतिनिधिमंडल सियोल गया तो उनकी बहुत अच्छी बैठकें हुईं। आपने स्वयं भी उनसे मिलने का प्रयास किया। यह ऐसी चीज है जिसकी हम सराहना करते हैं।



## जरूरतमंद किसानों का कर्ज माफ होगा



### न कि फार्महाउस और बंगले बनाने वालों काः मंत्री बावनकुले

मुंबई, 16 अगस्त (एजेंसियां)। इस बीच, महाराष्ट्र के राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने कहा कि राज्य सरकार केवल जरूरतमंद किसानों का कर्ज माफ करेगी, न कि फार्महाउस और बंगले बनाने वालों का। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने विधानसभा में घोषणा की है कि महाराष्ट्र के जिन किसानों को वास्तव में कर्ज माफी की जरूरत है, उन्हें कर्ज माफी मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जो कोई कृषि भूमि पर बंगला या फार्महाउस बनाकर कर्ज लेता है, उसे कर्ज माफी का हक क्यों मिलना चाहिए? बावनकुले ने कहा कि सरकार उन गरीब किसानों को राहत देने की दिशा में काम कर रही है जिनके खेतों से कुछ नहीं होता, जिन्होंने कर्ज़ लिया है और आत्महत्या के कगार पर हैं। हम व्यक्तिगत सर्वेक्षण कराने और ऐसे किसानों को कर्ज़ माफ़ी देने की योजना पर आगे बढ़ने की कोशिश कर रहे हैं।

## मेडिकल स्टोर के 45 ग्राहकों से 9.12 लाख रुपये की ठगी

ठाणे, 16 अगस्त (एजेंसियां)। जिले में एक मेडिकल वितरक के 45 ग्राहकों से कथित तौर पर 9.12 लाख रुपये की ठगी की गई, क्योंकि उनके ऑर्डर की डिलीवरी नहीं हुई। एक अधिकारी ने बताया कि भिवंडी शहर के वितरक द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर पुलिस ने एजेंट जिशान शकील पटकिरे के खिलाफ मामला दर्ज किया है। उन्होंने बताया कि पटकिरे ने इस साल मार्च से जून के बीच 45 ग्राहकों से दवाओं के ऑर्डर लिए और उनसे 9.12 लाख रुपये ले लिए। आरोपी ने पैसा अपने पास रख लिया और उसे वितरक के पास जमा नहीं कराया, जिससे वितरक ऑर्डर की आपूर्ति करने में विफल रहा।

## मंडलों ने दही हांडी में बजाए ढोल ताशे

पुणे, 16 अगस्त (एजेंसियां)। पुणे में 25 मंडल डीजे के बजाय पारंपरिक ढोल ताशे की थाप के साथ दही हांडी मनाएंगे। श्रीमंत भाऊसाहेब रंगारी गणेश मंडल के महोत्सव प्रमुख पुनीत बालन ने कहा कि उत्सव में अधिक सांस्कृतिक और प्रामाणिक स्वाद वापस लाने के प्रयासों के तहत। इस साल 25 मंडल डीजे के बिना पारंपरिक रूप से दही हांडी मनाने के लिए एक साथ आ रहे हैं। कार्यक्रम की शुरुआत ढोल ताशा मंडलियों के साथ होगी। महाराष्ट्र सहित पूरे देश में दही हांडी उत्सव और जन्माष्टमी की तैयारियां चल रही हैं।

## बदमाश की धारदार हथियार से हत्या

जबलपुर, 16 अगस्त (एजेंसियां)। जबलपुर में रात ग्रामीणों ने मिलकर एक बदमाश की धारदार हथियार से हत्या कर दी। घटना ग्राम रिठौरी की है। आरोपी लक्ष्मण, देवेंद्र बंजारा सहित अन्य ने पुरानी रंजिश का बदला लिया है। खमरिया पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस का दावा है कि आरोपियों को जल्द पकड़ लिया जाएगा। पनागर निवासी रूपेंद्र साहू आदतन अपराधी था। उसके खिलाफ अवैध वसूली, हत्या के प्रयास और रुपयों के लिए लोगों को धमकाने सहित अन्य मामलों में 28 अपराध दर्ज थे। उसका रिठौरी, मझगवां, तिलगवां और वर्धा घाट तक आतंक था। रूपेंद्र साहू और उसके दोस्त सतीश कुशवाहा, जित्तू बंजारा एवं दो अन्य ने ग्राम रिठौरी निवासी लक्ष्मण बंजारा पर सितंबर 2024 में हमला किया था। तभी से बंजारा परिवार रूपेंद्र को ठिकाने लगाने की फिराक में था। आरोपी लक्ष्मण बंजारा ने 11 माह बाद बदला लिया है।

## दिल्ली में थार वाले ने बाइक को मारी टक्कर, शख्स की मौके पर ही मौत

नई दिल्ली, 16 अगस्त (एजेंसियां)। दिल्ली में शनिवार को एक सड़क हादसा हो गया। मोती नगर में एक थार की बाइक से जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी खतरनाक थी कि बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। थार मालिक की पहचान अमरिंदर सिंह सोढ़ी के रूप में हुई है, जो हादसे के बाद मौके से फरार हो गया। वहीं मृतक की पहचान 40 साल बेचू लाल के रूप में हुई है, जो दिल्ली के प्रेम नगर का रहने वाला था। वहीं आरोपी दिल्ली के रमेश नगर का रहने वाला है, जो हादसे के तुरंत बाद मौके से फरार हो गया। हालांकि उसकी कार को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। पुलिस उसकी तलाश में जुट गई है। इस घटना में बाइक चकनाचूर हो गई और कार का भी अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। बताया जा रहा है कि तेज रफ्तार के चलते ये हादसा हुआ है। थार चालक तेज रफ्तार में कार चला रहा था।

# 6.75 किलो गोल्ड, करोड़ों की नकदी जब्त

### कांग्रेस विधायक के घर और कंपनियों पर ईडी के छापे में क्या-क्या मिला



बेंगलुरु, 16 अगस्त (एजेंसियां)। प्रवर्तन निदेशालय ( ईडी) ने गैरकानूनी आयरन अयस्क निर्यात मामले में बड़ी कार्रवाई की है। विधायक सतीश कृष्णा सैल से जुड़े मामले में ईडी की बेंगलुरु जोनल टीम ने कर्नाटक, गोवा, मुंबई और नई दिल्ली में एक साथ छापेमारी की। यह छापेमारी कार्रवाई धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) में चल रही जांच के तहत की गई है। इस दौरान 6.75 किलो गोल्ड, भारी मात्रा में नकदी समेत अहम दस्तावेज़ जब्त किए गए हैं।

यह मामला कर्नाटक की कारवार विधानसभा सीट के कांग्रेस पार्टी के विधायक सतीश कृष्णा सैल उर्फ सतीश सैल और उनसे संबंधित कई कारोबार व कंपनियों से जुड़ा है। इनमें अशापुरा माइनकेम लिमिटेड, श्री लाल महल लिमिटेड, स्वस्तिक स्टील्स (होस्पेट) प्राइवेट लिमिटेड, आईएलसी इंडस्ट्रीज लिमिटेड और श्री लक्ष्मी वेंकटेश्वरा मिनरल्स लिमिटेड शामिल हैं। इन सभी को बेंगलुरु की एमपी-एमएलए स्पेशल कोर्ट पहले ही गैरकानूनी आयरन अयस्क निर्यात के मामले में दोषी ठहरा चुकी है। ईडी की जांच में सामने आया कि सतीश सैल ने कुछ कंपनियों और बेलेकेरी पोर्ट अधिकारियों के साथ मिलकर 19 अप्रैल 2010 से 10 जून 2010 के बीच करीब 1.25 लाख मीट्रिक टन लौह अयस्क का अवैध रूप से निर्यात किया। खास बात यह है कि यह माल पहले से अंकोला वन विभाग के ज़ब्ती आदेश में दर्ज था। इस गैरकानूनी निर्यात की कीमत 86.78 करोड़ रुपये आंकी गई थी। अब कर्नाटक, गोवा, मुंबई और नई दिल्ली में ईडी की छापेमारी में 6.75 किलो गोल्ड, भारी मात्रा में नकदी, कई अहम दस्तावेज़, ईमेल और रिकॉर्ड्स जब्त किए गए हैं।

ईडी का कहना है कि मामले में आगे की जांच जारी है। छापेमारी के दौरान सतीश सैल के घर से 1.41 करोड़ रुपये नकद जब्त किए गए। श्री लाल महल लिमिटेड के दफ़्तर से 27 लाख रुपये नकद बरामद हुए। सैल परिवार के बैंक लॉकर से 6.75 किलो सोना जब्त किया गया। यह गोल्ड जेवर और बिस्कुट के रूप में है। इसके अलावा सतीश सैल और उनकी कंपनियों के बैंक खातों में जमा 14.13 करोड़ रुपये फ्रीज कर दिए गए हैं।

# आप की युवा शाखा का बड़ा ऐलान

### डीयू छात्र संघ चुनाव में आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों को देगा समर्थन

नई दिल्ली, 16 अगस्त (एजेंसियां)। आम आदमी पार्टी की युवा शाखा ने दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के उन छात्रों को समर्थन देने की घोषणा की है, जो छात्र संघ चुनाव लड़ना चाहते हैं लेकिन आर्थिक रूप से सक्षम नहीं हैं। इस पहल का उद्देश्य कैंपस की राजनीति में पैसे और बाहुबल के प्रभुत्व को खत्म करना बताया गया है। आप की युवा शाखा 'एसोसिएशन ऑफ स्टूडेंट्स फॉर अल्टरनेटिव पॉलिटिक्स' एएसएपी ने एक आधिकारिक बयान में कहा कि इस योजना के तहत आवेदन 15 से 25 अगस्त तक स्वीकार किए जाएंगे। आप दिल्ली के अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने कहा, "अगर किसी छात्र में क्षमता है, लेकिन उसके पास पर्याप्त पैसा नहीं है, तो हम पूरी तरह से योग्यता के आधार पर उसका समर्थन करेंगे। यह एक आदर्श राजनीतिक प्रक्रिया की शुरुआत है, जिससे फिल्मों के मुफ्त टिकट और भव्य पार्टियों के कारण छात्रों के आदर्शवाद को नुकसान नहीं पहुंचेगा।" उन्होंने आगे कहा कि यह कदम साफ-सुथरी और निष्पक्ष राजनीति की ओर पहला कदम है।

उन्होंने जोर देकर कहा कि अब छात्र संघ चुनाव केवल पैसों या बाहुबल से नहीं, बल्कि छात्र की योग्यता और नेतृत्व क्षमता से तय होंगे। आप विधायक संजीव झा ने कहा, "हम चाहते हैं कि प्रतिभा को कार या नकदी से नहीं, बल्कि योग्यता से तौला जाए। नेतृत्व कौशल, वाकपटुता और योग्यता ही मापदंड होंगे। अगर हम स्वच्छ राजनीति चाहते हैं, तो इसकी शुरुआत कॉलेज से होनी चाहिए।" इस योजना के तहत छात्र अपने आवेदन जमा कर सकेंगे और योग्य पाए जाने पर उन्हें चुनाव लड़ने के लिए मदद दी जाएगी

# 'भाजपा और आरएसएस के बीच कोई मतभेद नहीं'

### राम माधव ने मतभेद की अटकलों को किया खारिज



नई दिल्ली, 16 अगस्त (एजेंसियां)। भाजपा और आरएसएस के बीच मतभेद की अटकलों के बीच संघ के वरिष्ठ नेता राम माधव ने कहा कि दोनों एक ही वैचारिक परिवार का हिस्सा है। उन्होंने इन अटकलों को खारिज करते हुए कहा कि दोनों के बीच कोई मतभेद नहीं है। दोनों संगठन राजनीति और समाज सेवा के अपने-अपने क्षेत्रों में काम करते हैं। आरएसएस नेता ने दोहराया कि दोनों संगठन देश के विकास के लिए काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसी अटकलें समय-समय पर लगाई जाती हैं। अगर कोई मुद्दा नहीं मिलता है तो संघ को निशाना बनाया जाता है कि आरएसएस और भाजपा के बीच मनमुटाव है। माधव का यह बयान ऐसे समय में आया है जब विपक्षी दल ने प्रधानमंत्री मोदी पर स्वतंत्रता दिवस के संबोधन में आरएसएस की प्रशंसा करने को लेकर निशाना साधा है। कांग्रेस नेताओं ने संगठन के जिक्र को संविधान और तिरंगे का अपमान बताया है।

आरएसएस नेता ने आगे कहा कि संगठन में कांग्रेस सहित सभी प्रकार की विविध राजनीतिक विचारधारा के लोगों का स्वागत है। हालांकि वो राजनीतिक लाभ के लिए संघ की आलोचना कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के स्वतंत्रता दिवस के संबोधन की प्रशंसा की। माधव ने कहा कि प्रधानमंत्री ने संघ की 100वीं वर्षगांठ पर संगठन द्वारा राष्ट्र के लिए किए गए कार्यों की सराहना की। इससे आरएसएस कार्यकर्ताओं में बहुत अच्छा संदेश गया।

## मिनी बस और छोटे ट्रक की भीषण टक्कर, म्यूजिक ग्रुप के चार सदस्यों की मौत, 11 घायल

शिवपुरी, 16 अगस्त (एजेंसियां)। मध्यप्रदेश के शिवपुरी जिले में शनिवार तड़के हुए दर्दनाक सड़क हादसे में चार लोगों की मौत हो गई, जबकि 11 अन्य घायल हो गए। यह हादसा राष्ट्रीय राजमार्ग-46 पर हुआ, जब एक मिनी बस और छोटे ट्रक की आमने-सामने टक्कर हो गई। मिनी बस में गुजरात के एक म्यूजिक ग्रुप के सदस्य सवार थे, जो वाराणसी के काशी विश्वनाथ मंदिर में कार्यक्रम करके लौट रहे थे। पुलिस के अनुसार हादसा सुबह करीब पांच बजे जिला मुख्यालय से लगभग 30 किलोमीटर दूर हुआ। मिनी बस में कुल 17 लोग सवार थे।

बस चालक अचानक नियंत्रण खो बैठा और गाड़ी गलत लेन में चली गई, जिसके बाद सामने से आ रहे छोटे ट्रक से जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बस में बैठे कई लोग बुरी तरह घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल लोगों को तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है।

# मंत्री पेरियासामी और विधायक सेंथिल के ठिकानों पर ईडी ने ली तलाशी, इस मामले में छापेमारी



चेन्नई, 16 अगस्त (एजेंसियां)। तमिलनाडु के मंत्री आई पेरियासामी और विधायक सेंथिल पर ईडी ने शिकंजा कसा है। प्रवर्तन निदेशालय ने मनी लॉड्रिंग मामले में उनके ठिकानों पर छापेमारी की। ईडी की टीम ने उनके परिवार के चेन्नई और डिंडीगुल स्थित परिसरों पर तलाशी ली। प्रवर्तन निदेशालय ने तमिलनाडु के ग्रामीण विकास मंत्री आई पेरियासामी के गोविंदपुरम, दुरईराज नगर, डिंडीगुल स्थित आवास पर तलाशी ली। यहां सुरक्षा के लिए सीआरपीएफ जवान तैनात किए गए हैं। इसके बाद ईडी ने डिंडीगुल में मंत्री की बेटी इंदिरानी और उनके बेटे पलानी विधायक आईपी सेंथिल कुमार के आवास पर भी छापेमारी की।

**आय से अधिक संपत्ति मामले में भी फंसे हैं पेरियासामी**

इससे पहले अप्रैल में मद्रास हाईकोर्ट ने डिंडीगुल जिले की एक विशेष अदालत को 2.1 करोड़ रुपये की आय से अधिक संपत्ति के मामले में डीएमके नेता और तमिलनाडु के मंत्री आई पेरियासामी और उनके परिवार के सदस्यों के खिलाफ आरोप तय करने का निर्देश दिया था। जस्टिस पी वेलमुरुगन ने सतर्कता और भ्रष्टाचार निरोधक निदेशालय (डीवीएसी) द्वारा दायर आपराधिक पुनरीक्षण याचिकाओं पर यह निर्देश दिया था। याचिका में पेरियासामी और उनके परिवार के सदस्यों को मामले से मुक्त करने के विशेष अदालत के आदेश को चुनौती दी गई थी।

मामला यह था कि पेरियासामी ने 2006 से 2010 के बीच मंत्री रहते हुए अपने और अपनी पत्नी पी सुशीला तथा बेटों पी सेंटिलकुमार और पी प्रभु के नाम पर 2.1 करोड़ रुपये की संपत्ति अर्जित की थी, जो उनकी आय के ज्ञात स्रोतों से अधिक थी। डिंडीगुल जिले की एक विशेष अदालत ने मामले से सभी चार लोगों को बरी कर दिया था। इसे चुनौती देते हुए डीवीएसी ने 2018 में वर्तमान आपराधिक पुनरीक्षण याचिका दायर की। पेरियासामी मौजूदा डीएमके सरकार में ग्रामीण विकास, पंचायत और पंचायत संघ के विभागों को संभालते हैं।

# सऊदी में मर्डर के आरोपी को सीबीआई ने पकड़ा, 26 साल बाद हुई गिरफ्तारी

नई दिल्ली, 16 अगस्त (एजेंसियां)। सीबीआई ने सऊदी अरब में हत्या के आरोपी को 26 साल बाद गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। आरोपी का नाम मोहम्मद दिलशाद है। दिलशाद पर आरोप है कि उसने सऊदी अरब के रियाद में 1999 में एक शख्स की हत्या कर दी थी।

हत्या के बाद वह फरार होकर भारत आ गया था। यहां उसने पहचान बदल ली थी और एक नए पासपोर्ट के आधार पर वह देश-विदेश की यात्राएं करता था। सऊदी अरब के अधिकारियों के अनुरोध पर सीबीआई ने अप्रैल 2022 में यह मामला दर्ज किया था। आरोप है कि आरोपी मोहम्मद दिलशाद ने सऊदी अरब के रियाद स्थित उस परिसर में एक व्यक्ति की हत्या की थी जहां वह हैवी मोटर मैकेनिक और सुरक्षा गार्ड के रूप में कार्यरत था। मामला दर्ज होने के बाद सीबीआई ने आरोपी के पैतृक गांव का पता लगाया। बिजनौर (उत्तर प्रदेश) में एक पुलिस स्टेशन में में एक संदिग्ध व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया और आरोपी मोहम्मद दिलशाद के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर (एलओसी) जारी किया गया। हालांकि, लुकआउट सर्कुलर जारी होने के बाद भीवह पुलिस की पकड़ से बाहर रहा।

जांच के दौरान पता चला कि आरोपी मोहम्मद दिलशाद धोखे से प्राप्त एक अलग पहचान के बल पर कतर, कुवैत और सऊदी अरब जैसे देशों की यात्रा करता था।

**आईजीआई एयरपोर्ट से हुई गिरफ्तारी**

विभिन्न तकनीकी सुरागों और ह्यूमैन इंटेलीजेंस इनपुट के आधार पर आरोपी मोहम्मद दिलशाद के नए पासपोर्ट का पता चला और उसके खिलाफ दूसरा एलओसी जारी किया गया। उसे 11 अगस्त को नई दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया गया। उसकी गिरफ्तारी उस समय हुई जब वह एक अलग पासपोर्ट के आधार पर मदीना से जेद्दा, सऊदी अरब होते हुए नई दिल्ली की यात्रा कर रहा था। आरोपी मोहम्मद दिलशाद (उम्र लगभग 52 वर्ष) भारी वाहनों का मैकेनिक है और वर्तमान में मदीना, सऊदी अरब की एक कंपनी में कार्यरत है।

# मंडोली जेल में गैंगस्टर सलमान त्यागी ने की आत्महत्या, मकोका मामले में था दोषी



नई दिल्ली, 16 अगस्त (एजेंसियां)। दिल्ली के मंडोली जेल में गैंगस्टर सलमान त्यागी ने सुसाइड कर लिया है। जेल की बैरक नंबर 15 में उसका शव चादर से लटका हुआ मिला। जेल प्रशाशन ने उसके शव को नीचे उतार कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बता दें, सलमान त्यागी मकोका मामले में बंद दोषी करार दिया गया था और तभी से जेल में बंद था। सालमन त्यागी पर हत्या, रंगदारी, आर्म्स एक्ट जैसे दर्जनों मामले दर्ज थे। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच जारी है।

पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि उसने सुसाइड जैसा कदम क्यों उठाया। पुलिस के रिकॉर्ड के मुताबिक, सलमान त्यागी दिल्ली और आसपास के इलाकों में एक्टिव क्रिमिनल था। वह कई बार जेल जा चुका था। जेल प्रशासन के सूत्रों की मानें तो सुबह जब गश्त के दौरान कैदियों की गिनती की जा रही थी, तभी सलमान अपने बैरक में लटका हुआ मिला। इस मामले की खबर फैली, तो जेल में हड़कंप मच गया। इस सुसाइड केस के बाद से जेल की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठने लगे। जेल में सुरक्षा कड़ी होने के बावजूद सलमान त्यागी फांसी बनाने के लिए सामान जुटाया होगा और जेल प्रशासन को इसकी भनक तक नहीं लगी।

फिलहाल, जेल प्रशासन और पुलिस की संयुक्त टीम इस बात की जांच कर रही है कि सलमान त्यागी ने किसी की मदद ली थी या अकेले ही यह कदम उठाया। अगर किसी की मदद ली थी, तो उसे पहले से ही सलमान के इस कदम की जानकारी रही होगी। अब सलमान त्यागी के आसपास रहने वाले अन्य कैदियों से भी पूछताछ की जा रही है।

# आंधी-तूफान और मूसलाधार बारिश, जम्मू में येलो अलर्ट, दिल्ली में दो दिन जमकर बरसेंगे बादल





नई दिल्ली, 16 अगस्त (एजेंसियां)। दिल्ली में लगातार बारिश से मौसम सुहावना बना हुआ है। अब मौसम विभाग की ओर से आज भी दिल्ली में झमाझम बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। दो दिन दिल्ली में जमकर बादल बरसेंगे। अगले कुछ दिन दिल्ली का तापमान लगभग इतना ही रह सकता है।

वहीं जम्मू संभाग के किश्तवाड़ में आई बाढ़ के बाद अब भी जम्मू में बारिश का येलो अलर्ट है। मौसम विभाग की ओर से अगले चार दिन जम्मू के लिए ऑरेंज और येलो अलर्ट जारी किया गया है। इस दौरान तेज बारिश के साथ आंधी-तूफान और बिजली गिरने की संभावना है। 17 और 18 अगस्त के लिए ऑरेंज और 19-20 अगस्त के लिए जम्मू में येलो अलर्ट है। आज जम्मू का अधिकतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 23 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है।

**इन राज्यों में भी बारिश की संभावना**

वहीं 16 और 18 अगस्त के दौरान कोंकण और गोवा में अलग-अलग स्थानों पर बहुत भारी बारिश होने की संभावना है। 16 और 18 अगस्त को मध्य महाराष्ट्र के घाट क्षेत्रों, गुजरात में बारिश होने की संभावना है।

अगले 7 दिनों के दौरान मध्य महाराष्ट्र में अलग-अलग स्थानों पर भारी बारिश होने की संभावना है। 16 से 19 अगस्त के दौरान पूर्वी राजस्थान और उत्तराखंड में अलग-अलग स्थानों पर भारी बारिश होने की संभावना है। 16 से 20 अगस्त के दौरान हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, मुजफ्फराबाद, पंजाब, हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में भारी बारिश होने की संभावना है। पश्चिमी राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में अलग-अलग स्थानों पर अगले 7 दिनों के दौरान भारी बारिश होने की संभावना। विदर्भ महाराष्ट्र में 19 अगस्त को छोड़कर अगले 7 दिनों के दौरान बारिश हो सकती है। अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल और सिक्किम में 16, 17, 18 और 21 अगस्त को भारी बारिश हो सकती है।

**अगले 7 दिन कैसा रहेगा मौसम?**

19 अगस्त को झारखंड, 16 और 17 से 21 अगस्त के दौरान ओडिशा, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ में कुछ स्थानों पर बहुत भारी बारिश हो सकती है। अगले 5 दिनों के दौरान इन क्षेत्रों में कई स्थानों पर गरज और बिजली गिरने के साथ बारिश की संभावना है। अगले 7 दिनों के दौरान तटीय कर्नाटक और तेलंगाना में कुछ स्थानों पर भारी बारिश होने की संभावना है। कर्नाटक, केरल और माहे, तटीय आंध्र प्रदेश और यनम में कुछ स्थानों पर बहुत भारी बारिश होने की संभावना है। 19 अगस्त तक दक्षिण प्रायद्वीपीय भारत में तेज रफ्तार से हवाएं चलने की संभावना है। अगले 5 दिनों के दौरान रायलसीमा, तमिलनाडु और तेलंगाना में गरज और बिजली के साथ बारिश होने की संभावना है, अगले 7 दिनों के दौरान असम और मेघालय में बारिश जारी रहने की संभावना है। 16 से 21 अगस्त के दौरान अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड, मणिपुर, मिज़ोरम और त्रिपुरा में बारिश होने की संभावना है। अगले 3 दिनों के दौरान कई स्थानों पर गरज और बिजली के साथ बारिश होने की संभावना है।

## पुलिस व गैंगस्टरों में मुठभेड़ः बदमाश के पैर में लगी गोली

फिरोजपुर, 16 अगस्त (एजेंसियां)। फिरोजपुर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) भूपेंद्र सिंह सिद्धू ने बताया कि दो दिन पहले जीरा में मंजू ज्वेलर्स की दुकान पर तीन बदमाशों ने पिस्तौल के बल पर लूटपाट की थी। इस दौरान दुकान के मालिक रतनलाल ने विरोध किया तो बदमाशों ने उन पर गोली चला दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। जीरा के सीआईए स्टाफ और स्थानीय पुलिस के साथ मिलकर एक संयुक्त ऑपरेशन चलाया। इस दौरान नाके पर बाइक सवार दो संदिग्धों को रोकने की कोशिश की गई, लेकिन वे भागने लगे। पुलिस ने पीछा किया और जब बदमाशों को रुकने के लिए कहा गया तो उन्होंने पुलिस पर गोली चला दी।

जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी गोली चलाई, जिससे एक आरोपी हरप्रीत सिंह (वासी पट्टी) की टांग में गोली लगी और वह बाइक समेत गिर पड़ा। उसके साथी सन्नी, पुत्र सुखदेव सिंह, के गिरने से पैर की हड्डी टूट गई। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया। एसएसपी ने बताया कि ये दोनों बदमाश मंजू ज्वेलर्स में लूटपाट के लिए आए थे। प्रारंभिक जांच में फिरौती की कोई मांग सामने नहीं आई है।

## 'गुजरात में लाखों की संख्या में हैं फर्जी वोटर', कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने बीजेपी पर किया वार



अहमदाबाद, 16 अगस्त (एजेंसियां)। गुजरात कांग्रेस के अध्यक्ष अमित चावड़ा ने कहा कि राज्य में कई लाख वोटर फर्जी, जाली या डुप्लिकेट हैं। चावड़ा का दावा है कि उनकी पार्टी ने मतदाता सूची की जांच की है और शुरुआती पड़ताल में यह बड़ा खुलासा हुआ है। उन्होंने कहा कि पार्टी ने इस संबंध में सबूत भी इकट्ठा कर लिए हैं और आने वाले दिनों में इसे जनता के सामने लाया जाएगा। चावड़ा ने यह भी कहा कि निर्वाचन आयोग सत्ताधारी भाजपा के दबाव में काम कर रहा है। उनके मुताबिक, आयोग ने राहुल गांधी से वोट चोरी और मतदाता सूची में अनियमितताओं के आरोपों पर हलफनामा मांगा है। चावड़ा ने सवाल उठाया कि भाजपा नेताओं को आखिर क्यों इतनी जल्दी चिंता सताने लगी और वे स्पष्टीकरण देने लगे, जैसे कि रंगे हाथों पकड़े गए हों। उन्होंने भरोसा दिलाया कि जल्द ही सच्चाई सबके सामने आएगी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने बिहार की तरह गुजरात में भी मतदाता सूची का विश्लेषण किया गया और उसमें कई बाते सामने आई। चावड़ा ने कहा, "हमने अपने दावों के समर्थन में पूरी तैयारी कर ली है और प्रमाणों के साथ आने वाले दिनों में जनता को जानकारी देंगे।" गुजरात भाजपा प्रवक्ता यज्ञनेश दवे ने चावड़ा के आरोपों को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता बिहार विधानसभा चुनाव में संभावित हार के डर से वोट चोरी जैसे बचकाने दावे कर रहे हैं। दवे ने जोर देकर कहा कि निर्वाचन आयोग स्वतंत्र संस्था है और देश के कई राज्यों में उसके नेतृत्व में चुनाव हुए हैं, जिनमें कांग्रेस को भी कई जगह जीत मिली। भाजपा प्रवक्ता यज्ञनेश दवे तंज कसा कि अगर चुनाव में वोट चोरी होती, तो क्या कांग्रेस ने कर्नाटक, हिमाचल प्रदेश और तेलंगाना में पूर्ण बहुमत की सरकार नहीं बनाई? उन्होंने सवाल उठाए की इन राज्यों में क्या कांग्रेस ने वोट चोरी करके सत्ता हासिल की है।

THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

स्वतंत्र वार्ता

# मेरा हैदराबाद

रविवार, 17 अगस्त, 2025 3

सुविचार: किसी अच्छे इंसान से कोई गलती हो तो सहन कर लो क्योंकि मोती अगर कचरे में भी गिर जाए तो भी कीमती रहता है

## भारी वर्षा को देखते हुए दक्षिण मध्य रेलवे के जीएम ने समीक्षा बैठक की

### हेल्प डेस्क स्थापित करने के भी निर्देश

हैदराबाद, 16 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। मानसून के मौसम और भारी वर्षा को देखते हुए, दक्षिण मध्य रेलवे के महाप्रबंधक संजय कुमार श्रीवास्तव ने शनिवार को रेल निलयम, सिकंदराबाद में एक उच्च-स्तरीय समीक्षा बैठक की। इस सत्र में भारी बारिश से उत्पन्न चुनौतियों से निपटने और निर्बाध, सुरक्षित रेल संचालन सुनिश्चित करने के लिए क्षेत्र की तैयारी का मूल्यांकन करने पर ध्यान केंद्रित किया गया।

बैठक में दक्षिण मध्य रेलवे के अतिरिक्त महाप्रबंधक सत्य प्रकाश के साथ-साथ प्रमुख विभागाध्यक्षों ने भी भाग लिया। सभी छह मंडलों- विजयवाड़ा, गुंतकल, गुंटूर, सिकंदराबाद, हैदराबाद और नांदेड़ के मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम), अतिरिक्त मंडल रेल प्रबंधक (एडीआरएम) और उनकी टीमें वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से शामिल हुईं।

समीक्षा से पहले, महाप्रबंधक ने आपदा प्रबंधन कक्ष का निरीक्षण किया और 24x7 परिचालन तत्परता के महत्व पर बल दिया। उन्होंने संवेदनशील स्थानों से लाइव फीड की निगरानी की और अधिकारियों को वास्तविक समय के जमीनी स्तर के अपडेट के लिए स्थानीय और राज्य सरकार के अधिकारियों के साथ निकट समन्वय बनाए रखने का निर्देश दिया। समीक्षा में संवेदनशील बुनियादी ढांचे जैसे पुलों, सुरंगों और सड़क के नीचे के पुलों (आरयूबी) और जलभराव की संभावना वाले अन्य क्षेत्रों पर कड़ी नजर रखने पर ज़ोर



दिया गया। प्रमुख निर्देशों में नियंत्रण और आपदा प्रबंधन केंद्रों पर चौबीसों घंटे अधिकारियों की तैनाती, आपातकालीन भंडार : त्वरित प्रतिक्रिया के लिए रेत, गिट्टी, सीमेंट, बोल्डर और पाइप की उपलब्धता सुनिश्चित करें, निरंतर निगरानी : नियमित निरीक्षण करें और महत्वपूर्ण स्थानों पर चौबीसों घंटे निगरानी बनाए रखें, त्वरित मरम्मत : लंबित मरम्मत कार्यों को तुरंत पूरा करें या यदि तत्काल आवश्यक न हो तो उन्हें स्थगित कर दें, जल निकासी और पंपिंग : संवेदनशील स्थानों, स्टेशन यार्ड आदि में जल निकासी प्रणालियों की कार्यक्षमता की पुष्टि करना शामिल रहा। वास्तविक समय में स्थितिजन्य जागरूकता सुनिश्चित करने के लिए, महाप्रबंधक ने अधिकारियों को भारी बारिश के दौरान फुटप्लेट लगाने की सलाह दी, जिससे प्रत्यक्ष अवलोकन और तत्काल कार्रवाई संभव हो सके।

अतिवृष्टि वनस्पतियों से उत्पन्न जोखिम को समझते हुए, महाप्रबंधक ने परिचालन संबंधी खतरों को रोकने के लिए टीमों को पटरियों और ओवरहेड उपकरण (ओएचई) के पास पेड़ों को काटने, छांटने या काटने का निर्देश दिया।

उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि क्षेत्र पर्यवेक्षकों को सतर्क रहना चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि किसी भी समस्या का बिना किसी देरी के समाधान किया जाए। संजय कुमार श्रीवास्तव ने सुरक्षा और परिचालन उत्कृष्टता के प्रति दक्षिण मध्य रेलवे की प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा, मानसून की तैयारी केवल एक मौसमी प्रोटोकॉल नहीं है- यह यात्री सुरक्षा और बुनियादी ढांचे के लचीलेपन के प्रति हमारे सक्रिय दृष्टिकोण का प्रतिबिंब है। प्रत्येक पर्यवेक्षक, प्रत्येक टीम सदस्य को तत्परता और सटीकता के साथ कार्य करना चाहिए।

## अधिकारियों ने पानी छोड़ने की बनाई योजना

### ग्रामीणों को सतर्क किया

पेद्दापल्ली, 16 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। श्रीपदा येल्लमपल्ली परियोजना में भारी जलस्तर पहुंचने के कारण अधिकारियों ने पानी छोड़ने का निर्णय लिया है तथा आसपास के इलाकों में रहने वाले लोगों को अलर्ट जारी किया है। परियोजना के कार्यकारी अभियंता बुची बाबू ने शनिवार को एक बयान में गोदावरी नदी के किनारे रहने वाले लोगों को नदी के किनारों के पास न जाने की चेतावनी दी।

उन्होंने चरवाहों, मछुआरों और किसानों को भी येल्लमपल्ली परियोजना के आसपास के इलाकों में जाने से बचने की सलाह दी। कदम परियोजना से पानी छोड़े जाने तथा ऊपरी क्षेत्रों में लगातार बारिश के कारण जलाशय में भारी मात्रा में पानी आ रहा है। वर्तमान में, जल प्रवाह 27,007 क्यूसेक है। जलाशय में 15.5545 टीएमसी फीट पानी है, जबकि इसकी कुल भंडारण क्षमता 20.175 टीएमसी फीट है।

## पोन्नम प्रभाकर ने नेताओं से जुबली हिल्स उपचुनाव में कांग्रेस की सफलता के लिए सहयोग करने का आग्रह किया

हैदराबाद, 16 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। परिवहन मंत्री पोन्नम प्रभाकर ने कहा कि जुबली हिल्स निर्वाचन क्षेत्र में उपचुनावों के दौरान कांग्रेस पार्टी का झंडा फहराया जाना चाहिए। हैदराबाद के प्रभारी मंत्री पोन्नम प्रभाकर ने शनिवार को हैदराबाद स्थित मंत्री आवास में जुबली हिल्स विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले एर्रागड्डा संभाग के कांग्रेस पार्टी के बूथ प्रभारियों और प्रमुख नेताओं के साथ एक बैठक की। बैठक में मोहम्मद अजरुद्दीन, इनागला वेंकटरामी रेड्डी, तेलंगाना राज्य डेयरी विकास सहकारी संघ के अध्यक्ष गुथा अमित रेड्डी, एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष वेंकट स्वामी जैसे कांग्रेस नेता, विभिन्न बूथ प्रभारियों और अन्य प्रमुख हस्तियों के साथ उपस्थित थे। बैठक के दौरान, पोन्नम



प्रभाकर ने एर्रागड्डा संभाग के सभी नेताओं को एकजुट होकर प्रयास करने के लिए प्रोत्साहित किया और प्रत्येक कार्यकर्ता से आगामी उपचुनाव में कांग्रेस पार्टी की सफलता सुनिश्चित करने में योगदान देने का आग्रह किया। उन्होंने एर्रागड्डा संभाग और प्रत्येक बूथ के लिए समन्वय समितियां स्थापित करने की आवश्यकता पर ज़ोर दिया, और नेताओं को संभाग के भीतर बूथ-दर-बूथ आधार पर निवासियों की चिंताओं को जानने का काम सौंपा गया।

पोन्नम प्रभाकर ने कहा, सरकार एर्रागड्डा संभाग की समस्याओं का समाधान करने के लिए तैयार है। मैं लंबित सड़क परियोजनाओं के पूरा होने की निगरानी के लिए जीएचएमसी आयुक्त और हैदराबाद कलेक्टर के साथ संभाग के दौरे पर जाने की योजना बना रहा हूं। इसके अलावा, मैं संबंधित अधिकारियों के साथ मिलकर समस्याओं की पहचान करने और उनके समाधान के लिए व्यक्तिगत रूप से संभाग में पदयात्रा करूंगा। राज्य सरकार द्वारा शुरू की गई योजनाएं हर घर तक पहुंचनी चाहिए।

पोन्नम ने ज़ोर देकर कहा कि नए राशन कार्ड वितरण, गुणवत्तापूर्ण चावल का प्रावधान, इंदिराम्मा आवास, हैदराबाद में शहरी विकास, सड़क निर्माण और नहर विकास परियोजनाओं जैसी पहलों को समुदाय तक व्यवस्थित रूप से पहुंचाने की आवश्यकता है।

## तीन और देशों के लिए तेलंगाना जागृति कार्यकारी समितियां नियुक्त की गईं

हैदराबाद, 16 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना जागृति के अध्यक्ष कल्वाकुंतला कविता ने तीन और देशों के लिए तेलंगाना जागृति कार्यकारी समितियों की नियुक्ति की है। उनके अमेरिकी दौरे पर रवाना होने से पहले शनिवार सुबह उनकी नियुक्तियों को अंतिम रूप दिया गया। उन्होंने याद दिलाया कि जागृति कई देशों में तेलंगाना प्रवासियों के कल्याण और सांस्कृतिक विकास के लिए काम कर रही थी। उन्होंने कहा कि पहले ही 14 देशों में जागृति विभागों के लिए नए प्रभारी नियुक्त किए जा चुके हैं और आज 3 और देशों में विभागों के लिए नए प्रभारी नियुक्त किए गए हैं। नई कार्यकारी समिति के प्रभारियों को तेलंगाना की प्रगति और उन देशों में तेलंगाना लोगों के कल्याण के लिए काम करने की सलाह दी गई। तेलंगाना जागृति- दक्षिण अफ्रीका शाखा का नेतृत्व श्रीमती हरीशा वूरे करेंगी जबकि तेलंगाना जागृति की जिम्बाब्वे शाखा का नेतृत्व महेंदर रेड्डी बेम्मादी करेंगे। तेलंगाना जागृति की नॉर्वे शाखा का नेतृत्व प्रसाद राव बिककिनेनी करेंगे।

**पूर्व तट रेलवे**

निविदा सूचना सं.: eT-HQ-WAT-22-2025, दिनांक 07.08.2025

**कार्य का नाम:** सहायक मंडल अभियंता (ADEN)/ESTATE/वाल्टियर (WAT) के अधिकार क्षेत्र के अधीन वरिष्ठ अनुभाग अभियंता (SSE)/W/इलेक्ट्रिक लोको शेड (ELS) एवं डीजल लोको शेड (DLS)/वाल्टियर (WAT) अनुभाग में DLS मेन गेट के उत्तर की ओर वर्तमान सड़क को चौड़ा करना, ट्रैक के बगल में रिटेनिंग वॉल तथा ड्रेन का प्रावधान एवं अन्य विविध कार्य।

**कार्य की अनुमानित लागत:** रु. 69,99,968.32, EMD: रु. 1,40,000.00. कार्य समापन की अवधि: 08 (आठ) महीने।

**निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 04.09.2025 को 1500 बजे।

ऐसी ई-निविदा के तहत डाक/कूरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही ये सभी फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव के संबंध में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा।

ऊपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित सम्पूर्ण जानकारी वेबसाइट: www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

द्रष्टव्य: प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने के कम से कम 15 (पंद्रह) दिन पहले वेबसाइट का पुनः अवलोकन करें।

मंडल रेल प्रबंधक (Engg.), वाल्टियर

PR-473/Q/25-26

## यूसीएमएएस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में 6,000 से अधिक बच्चों ने कौशल का किया प्रदर्शन

### मानसिक अंकगणित कौशल के सबसे बड़े प्रदर्शनों में से एक है यह स्पर्धा

हैदराबाद, 16 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। 24वीं यूसीएमएएस राष्ट्रीय प्रतियोगिता 2025 शनिवार को जीएमसी बालयोगी इंडोर स्टेडियम में शुरू हुई, जिसमें देश भर से 6,000 से अधिक युवा गणित प्रतिभाओं ने भाग लिया, जो देश में आयोजित मानसिक अंकगणित कौशल के सबसे बड़े प्रदर्शनों में से एक है। एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि अकेले दक्षिण भारत से 2,500 से अधिक प्रतिभागियों के साथ, 16 और 17 अगस्त को आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम ने हैदराबाद को शैक्षणिक ऊर्जा, सटीकता और युवा दृढ़ संकल्प के केंद्र में बदल दिया है।

पहले ही राउंड से आयोजन स्थल पर माहौल उत्साहपूर्ण हो गया, छात्र जटिल गणनाओं को उल्लेखनीय गति और सटीकता से हल कर रहे थे, तथा उनके माता-पिता गर्व से तालियां बजा रहे थे। इस प्रतियोगिता का मूल आधार मानसिक अंकगणित है, जो एक मस्तिष्क विकास कार्यक्रम है जो बच्चों को अबेकस और उन्नत मानसिक तकनीकों का उपयोग करके तेज़ी से गणना करने का प्रशिक्षण देता है। गणित के अलावा, यह एकाग्रता बढ़ाता है, याददाश्त तेज़ करता है, सुनने के कौशल को मज़बूत करता है और समग्र संज्ञानात्मक प्रदर्शन को बढ़ाता है, जिससे बच्चों को शिक्षा और जीवन में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए सशक्त बनाया जाता है।

## पांच साल के बच्चे का अपहरण, यौन उत्पीड़न और हत्या

### छत्तीसगढ़ का रहने वाला है लड़के का परिवार

हैदराबाद, 16 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। शहर के उप्पल में एक व्यक्ति ने 5 वर्षीय लड़के के साथ कथित तौर पर यौन उत्पीड़न किया और बाद में उसकी हत्या कर दी। लड़के का परिवार छत्तीसगढ़ का रहने वाला है और रमंतपुर इलाके में एक घर में रहता था। 12 अगस्त को लड़के के माता-पिता ने उप्पल पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई कि बच्चा घर से निकलने के बाद लापता हो गया है। इलाके में लगे क्लोज सर्किट कैमरों की फुटेज खंगालने पर पुलिस को बिहार निवासी कुमार नाम का एक व्यक्ति संदिग्ध रूप से घूमता हुआ दिखाई दिया। पुलिस ने कुमार को हिरासत में लिया और पूछताछ में उसने लड़के का अपहरण करने, उसे एक सुनसान जगह पर ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म करने की बात कबूल की। पकड़े जाने के डर से संदिग्ध ने लड़के की गला घोंटकर हत्या कर दी और शव को एक सुनसान जगह पर झाड़ियों में फेंक दिया। पुलिस ने कुमार को गिरफ्तार कर रिमांड पर ले लिया। लड़के के शव को गांधी अस्पताल के शवगृह में रखवाया गया, जहां पोस्टमार्टम के बाद शव परिवार को सौंप दिया गया।




**CLASSIFIEDS**

**CHANGE OF NAME**

I, JC 768578N, Sub, Bijender Kumar, R/o, Dist, Gurugram, Haryana, changed my Mother's name from Kamla Devi to Kamla vide Affidavit dt 14.08.2025.

I, No. 17000841F, NK, Manish Kumar, R/o, Dist, Rohtas, Bihar, changed my Father's name from Kamalesh Tiwari to Kamlesh Tiwari vide Affidavit dt 14.08.2025.

**सावधान**

पाठकों को सूचित किया जाता है कि वर्गीकृत विज्ञापन का प्रतिवादन करने से पहले उसकी पूरी तरह से जाँच पड़ताल कर लें। विज्ञापनदाता ने दावा कर रहे हैं या कह रहे हैं, उन बातों से दैनिक समाचार पत्र (स्वतंत्र वार्ता) का किसी भी तरह का कोई सम्बन्ध नहीं है।



# 'वोटर अधिकार यात्रा' पर निकलेंगे राहुल गांधी



पटना, 16 अगस्त (एजेंसियां)। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस नेता राहुल गांधी 17 अगस्त से बिहार में 'वोटर अधिकार यात्रा' शुरू करने जा रहे हैं। इस यात्रा का मकसद कथित वोट चोरी के खिलाफ आवाज बुलंद करना और स्वच्छ मतदाता सूची सुनिश्चित करना है। राहुल गांधी ने इसे न सिर्फ एक चुनावी मुद्दा, बल्कि लोकतंत्र, संविधान और 'वन मैन, वन वोट' के सिद्धांत की हिफाजत की जंग बताया है। हम आपको बता रहे हैं कि राहुल गांधी की यह यात्रा कब शुरू होगी, कितने दिन तक चलेगी और इसका समापन कहां पर होगा।

राहुल गांधी ने इस यात्रा को एक जनांदोलन करार देते हुए युवाओं, मजदूरों और किसानों से इसमें शामिल होने की अपील की है। उनका कहना है कि यह यात्रा वोट चोरी के खिलाफ एक सीधी लड़ाई है, जिसका मकसद हर नागरिक के वोट के हक को सुनिश्चित करना है। बता दें कि इस यात्रा के जरिए राहुल गांधी और उनकी पार्टी वोटर लिस्ट में गड़बड़ी और वोट चोरी जैसे मुद्दों पर जनता को साधना चाहती है।

## ब्राउन शुगर के साथ तस्कर धराया

### घोघा पुलिस ने पन्नूचक गांव से 131 ग्राम नशीला पदार्थ किया जब्त

भागलपुर, 16 अगस्त (एजेंसियां)। भागलपुर के घोघा थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर पन्नूचक गांव में छापेमारी की। पुलिस ने सावन कुमार उर्फ पंकज मंडल को गिरफ्तार किया। आरोपी के पास से 131.480 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद हुई। थानाध्यक्ष अजीत कुमार के नेतृत्व में की गई कार्रवाई में एक डिजिटल वेट मशीन, एक मोबाइल फोन और 17,630 रुपए नकद भी जब्त किए गए। पुलिस सूत्रों के अनुसार, आरोपी लंबे समय से इस क्षेत्र में ब्राउन शुगर की सप्लाई कर रहा था। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। इससे उसके नेटवर्क और सप्लाई चैन का पता लगाया जाएगा। थानाध्यक्ष ने बताया कि युवाओं में ब्राउन शुगर का नशा तेजी से बढ़ रहा है। इससे समाज पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने इस कार्रवाई का स्वागत किया है। क्षेत्र में पिछले कुछ समय से मादक पदार्थों की तस्करी बढ़ी थी। पुलिस आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई कर रही है। इस मामले में अन्य संलिप्त लोगों की भी जांच की जा रही है।

## आधी रात को आई छटपटाने की आवाज, नींद खुली तो पत्नी ने देखा कुछ ऐसा कि निकली चीख

महाराजगंज, 16 अगस्त (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के महाराजगंज में एक शख्स ने अचानक रात को उठकर फांसी लगा ली। जब उसके छटपटाने की आवाज आई तो उसकी पत्नी उठी और उसने पति को फांसी के फंदे पर लटकते हुए देखा तो उसके होश उड़ गए। उसने तुरंत पति को बचाने की कोशिश की, लेकिन तब तक पति की मौत हो चुकी थी। इसके मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गईं। ये मामला महाराजगंज के सोनहा थाना क्षेत्र से सामने आया है। यहां के परसा खुर्द बुजुर्ग, दरियापुर जंगल गांव में रहने वाले राम गोपाल ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

## छह साल में एक भी चुनाव न लड़ने वाले दो पार्टियों को चुनाव आयोग का नोटिस




गाजियाबाद, 16 अगस्त (एजेंसियां)। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर जिला निर्वाचन अधिकारी रविंद्र कुमार मांदड़ ने बहुजन सेना और भारतीय कौटिल्य सेना को छह साल में एक भी चुनाव न लड़ने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि बहुजन सेना का कार्यालय वैशाली में और भारतीय कौटिल्य सेना का कार्यालय राजनगर में है। इन दोनों राजनीतिक दलों द्वारा वर्ष 2019 से 2025 के बीच एक भी चुनाव नहीं लड़ा गया है।

नोटिस मिलने के बाद इन दोनों राजनीतिक दल के अध्यक्ष या महासचिव अपना हलफनामा लखनऊ में उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय में जमा कर सकते हैं। दो और तीन सितंबर को मुख्य निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रख सकते हैं। अगर नोटिस मिलने के बाद दोनों राजनीतिक दल की ओर से प्रत्यावेदन उपलब्ध नहीं कराया गया तो दोनों दलों का नाम सूची से हटाने के लिए भारत निर्वाचन आयोग को प्रस्ताव भेजा जाएगा।

## मंत्री दयाशंकर बोले-सपा सरकार हत्यारों के साथ खड़ी थी

### कहा-पूजा पाल योगी सरकार का समर्थन किया, इसलिए उन्हें पार्टी से निकाला



बलिया, 16 अगस्त (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने बलिया में सपा विधायक पूजा पाल के निष्कासन पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि पूजा पाल अति पिछड़े समाज से आती हैं। उनके पति की शादी के 9 दिन बाद ही हत्या कर दी गई थी। मंत्री ने आरोप लगाया कि तत्कालीन सरकार हत्यारों के साथ खड़ी थी। जनता ने चंदा करके पूजा को तीन बार विधायक बनाया। योगी सरकार में उन्हें न्याय मिला और उनके पति के हत्यारे अब इस दुनिया में नहीं हैं। पूजा पाल ने विधानसभा में अपनी भावनाएं व्यक्त कीं और योगी सरकार को धन्यवाद दिया।

इसी कारण समाजवादी पार्टी ने उन्हें निष्कासित कर दिया। दयाशंकर सिंह ने कहा कि सपा पिछड़ों और दलितों की बात करती है, लेकिन एक संघर्षशील महिला को पार्टी से निकाल दिया। भाजपा कार्यालय पर मंत्री ने भविष्य के परिवहन के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा कि डीजल वाहनों से होने वाले प्रदूषण के बाद सीएनजी और इलेक्ट्रिक वाहनों का विकास हुआ। आगे हाइड्रोजन वाहन भी आएंगे। 2047 तक, जब देश आजादी का शताब्दी वर्ष मनाएगा, तब आसमान, जमीन और पानी में वाहन चलेंगे।

# एसआईआर ड्राफ्ट पर 28 हजार से ज्यादा दावे-आपत्तियां

### सुप्रीम कोर्ट ने दिए हैंपारदर्शिता के सख्त निर्देश



पटना, 16 अगस्त (एजेंसियां)। बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले मतदाता सूची को लेकर हलचल तेज हो गई है। विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत 1 अगस्त को जारी ड्राफ्ट वोटर लिस्ट पर अब तक हजारों लोग अपने दावे और आपत्तियां दर्ज करा चुके हैं। वहीं, सुप्रीम कोर्ट ने भी चुनाव आयोग को वोटर लिस्ट से जुड़े मामलों में पूरी पारदर्शिता बरतने का सख्त आदेश दिया है। बिहार की सियासत इस समय विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर गर्माई हुई है।

सभी राजनीतिक दल मैदान में जुट चुके हैं, वहीं दूसरी ओर चुनाव आयोग भी मतदाता सूची को दुरुस्त करने में तेजी दिखा रहा है। विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत 1 अगस्त को प्रकाशित ड्राफ्ट मतदाता सूची पर अब तक कुल 28,370 दावे और आपत्तियां प्राप्त हुई हैं। इनमें से 857 मामलों का निपटारा पहले ही किया जा चुका है।

**15 दिन पूरे, अब तक कोई राजनीतिक दावा नहीं**

चुनाव आयोग का कहना है कि ड्राफ्ट सूची जारी हुए 15 दिन पूरे हो चुके हैं, लेकिन अभी तक किसी भी राजनीतिक दल ने इस पर कोई दावा या आपत्ति दर्ज नहीं कराई है।

इसके उलट, नए मतदाताओं की ओर से भारी संख्या में आवेदन प्राप्त हुए हैं। आयोग के अनुसार, अब तक 1,03,703 नए फॉर्म आए हैं, जिनमें बीएलए से मिले 6 फॉर्म भी शामिल हैं।

**दावे-आपत्तियों का निपटारा कैसे होगा?**

नियमों के मुताबिक, संबंधित ईआरओ/एईआरओ किसी भी दावा-आपत्ति की जांच दस्तावेजों के सत्यापन के सात दिन बाद करते हैं। आयोग ने यह भी स्पष्ट किया है कि 1 अगस्त को जारी ड्राफ्ट सूची से किसी का नाम सीधे तौर पर हटाया नहीं जा सकता। इसके लिए जांच, सुनवाई और फिर आदेश की प्रक्रिया पूरी करनी होगी।

**सुप्रीम कोर्ट की सख्ती**

इस बीच, मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच गया है। अदालत ने चुनाव आयोग को निर्देश दिया है कि वोटर लिस्ट से हटाए गए 65 लाख लोगों के नामों की पूरी सूची जिला निर्वाचन अधिकारियों की वेबसाइट पर डाली जाए। इतना ही नहीं, नाम हटाए जाने के कारणों को भी सार्वजनिक करना होगा। कोर्ट ने आयोग को आदेश दिया है कि इस प्रक्रिया का व्यापक प्रचार-प्रसार अखबारों, रेडियो, टीवी और सोशल मीडिया के माध्यम से किया जाए, ताकि कोई मतदाता जानकारी से वंचित न रहे।

**चुनाव से पहले बड़ी चुनौती**

बिहार में चुनावी हलचल बढ़ते ही वोटर लिस्ट की पारदर्शिता सबसे बड़ा मुद्दा बन गई है। नए मतदाताओं का जुड़ना और पुराने नामों को लेकर विवाद दोनों ही आयोग के लिए चुनौती हैं। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद आयोग पर दबाव और बढ़ गया है कि वह हर कदम पारदर्शी तरीके से उठाए और किसी भी मतदाता का अधिकार छिने नहीं।

## नहर से तैरता मिला लड़की का शव, 15 अगस्त को हुई थी लापता

औरंगाबाद, 16 अगस्त (एजेंसियां)। शनिवार की सुबह औरंगाबाद जिले के दाउदनगर में नहर से एक लड़की का शव मिला। लड़की की पहचान ओबरा थाना क्षेत्र के तेंदुआ हरकेश निवासी सोनाली कुमारी (14 वर्ष) के रूप में हुई है। पूरा मामला मौलाबाग स्थित पटना मेन कैनाल नहर का है। हालांकि, अब तक यह पता नहीं चल सका है कि लड़की आखिर नहर में कैसे गिरी। शव मिलते ही मौके पर लोगों की भारी भीड़ जुट गई। शव मिलने की सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची। इस दौरान एक ग्रामीण द्वारा बताया गया कि लड़की 15 अगस्त के दिन डिहरा स्थित एक निजी कोचिंग संस्थान से झंडा फहराने के बाद वापस अपने घर लौट रही थी। इसी दौरान किसी मानसिक रूप से विक्षिप्त व्यक्ति द्वारा उसके साथ मारपीट की गई। जिससे वह डरकर भागने लगी। इस दौरान वह नहर में कैसे गिरी, यह किसी को नहीं पता।

## तेज रफ्तार डंपर ने बाइक सवार दंपती को मारी टक्कर, दोनों की मौत

टांडा, 16 अगस्त (एजेंसियां)। बांदा हाईवे पर शनिवार की सुबह तेज रफ्तार डंपर ने बाइक सवार दंपती को कुचल दिया। दुर्घटना स्थल पर ही दंपती की मौत हो गई। हादसे के बाद चालक डंपर लेकर फरार हो गया। दुर्घटना महरुआ बाजार के निकट हुई है। भीटी के गांव बेला महमूदपुर के रामचरित्र अपनी पत्नी देवमती के साथ बाइक से जौनपुर जिले के शाहगंज के निकट मौला बाबा स्थान पर झाड़फूंक के लिए गए थे। शनिवार की भोर में ही वे वहां से बाइक द्वारा घर लौट रहे थे। सुबह करीब साढ़े पांच बजे वे दोस्तपुर मार्ग से टांडा-बांदा हाईवे पर स्थित महरुआ कस्बे के गूगुरगंज चौराहे पर पहुंचे थे। दुर्घटना के बाद आसपास के लोगों के शोर मचाने पर सड़क किनारे एक टीनशेड दुकान के पास घायलों को छोड़कर भाग गया। जब लोग दुर्घटना स्थल पहुंचते दंपती की मौत हो चुकी थी। मृतक की जेब से बरामद कागजात से उनके बेला गांव होने की जानकारी हुई।

## बृजभूषण बोले- पूजा पाल को निकालकर सपा ने अच्छा किया

### ठाकुर विधायकों के 'कुटुंब परिवार' पर भड़के, पूछा-देश के कितने टुकड़े करोगे

गोंडा, 16 अगस्त (एजेंसियां)। बाहुबली नेता और भाजपा के पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने विधायक पूजा पाल पर सपा के एक्शन को जायज बताया है। बृजभूषण ने गोंडा में कहा, यह सपा का आंतरिक मामला और उनका खुद का निर्णय है। वर्तमान समय में अगर कोई सपा में रहते हुए मुख्यमंत्री और भाजपा शासन की तारीफ करेगा तो स्वाभाविक है कि पार्टी को यह अच्छा नहीं लगेगा। पूजा पाल ने जो किया, उनकी आत्मा ने उन्हें वैसा करने को कहा। सपा ने जो कार्रवाई की है, वह उसके नियमों के अनुसार है।

अब पूजा पाल स्वतंत्र हैं, जिस पार्टी में जाना चाहें, जा सकती हैं। पार्टी ने अनुशासन बनाए रखने के लिए यह कदम उठाया है। आज कार्रवाई नहीं करेंगे तो कल कोई और भी ऐसा करेगा। पूर्व सांसद ने कहा, पूजा पाल को एक पीड़ा थी, जिस पर योगीजी और भाजपा सरकार ने कार्रवाई की



और उन्हें राहत मिली, तो उन्होंने तारीफ की। अब वह सपा में कैसे रह सकती हैं, क्योंकि सपा की अपनी राजनीति है। जो मुख्यमंत्री और भाजपा की तारीफ करेगा, उसके लिए सपा में जगह नहीं है। भाजपा के 40 क्षत्रिय विधायकों के कुटुंब परिवार बनाए जाने पर बृजभूषण ने कहा- इसे प्रदेश में राजनीतिक बदलाव से न जोड़ा जाए। यह लोगों के मिलने-मिलाने का तरीका है। अच्छा होता कि इसमें और लोग भी रहते। अगर मेरी बात उन तक पहुंचेगी, तो आगे सभी को बुलाया जाएगा। जैसे मैं 1 से 8 जनवरी तक कथा करवाने जा रहा हूं, उसमें हर समाज के लोग रहेंगे।

कुटुंब परिवार की अगली बैठक के लिए मिले बुलावे पर पूर्व सांसद ने कहा- जाने में कोई दिक्कत नहीं, लेकिन अपनी बात जरूर रखूंगा। हाल ही में मध्य प्रदेश में क्षत्रिय समाज के कार्यक्रम में भी मैंने कहा था- सबको साथ लेकर चलो। आप राम को मानते हो तो राम जिनको साथ लेकर चले, उन्हें भी साथ लो। आखिर देश को कितने टुकड़ों में बांटोगे?

## कैबिनेट मंत्री संजय निषाद का राहुल गांधी और अखिलेश यादव पर हमला

# कहा- विपक्ष का रवैया लोकतंत्र विरोधी



लखनऊ, 16 अगस्त (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश सरकार में मत्स्य मंत्री और निषाद पार्टी के अध्यक्ष संजय निषाद ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी और समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने विपक्ष द्वारा विशेष गहन संशोधन (एसआईआर) और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) को लेकर किए जा रहे बयानों को बेबुनियाद और लोकतंत्र विरोधी करार दिया। संजय निषाद ने कहा कि विपक्ष लगातार विभिन्न मुद्दों पर हंगामा कर रहा है, और एसआईआर इसका उदाहरण है। उन्होंने सपा प्रमुख अखिलेश यादव की सक्रियता पर तंज कसते हुए कहा कि यह केवल जनता का ध्यान भटकाने की कोशिश है। निषाद ने जोर देकर कहा कि लोकतंत्र में जनता का फैसला सर्वोपरि होता है, और संसद जनता के हितों की रक्षा के लिए बनाई जाती है।

उन्होंने कांग्रेस के लंबे शासन और उसके बाद जनता द्वारा सत्ता से बेदखल किए जाने का उदाहरण देते हुए कहा कि जनता की ताकत को कोई नहीं रोक सकता। संजय निषाद ने पूर्ववर्ती सरकारों, विशेष रूप से कांग्रेस और सपा शासनकाल में आर्थिक पतन और जनता की नाराजगी का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि सपा ने उत्तर प्रदेश में कई बार सत्ता हासिल की, लेकिन सत्ता में आने के बाद उन्होंने केवल अपने हितों का ध्यान रखा, न कि जनकल्याण का।

कैबिनेट मंत्री संजय निषाद ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा घोषित एक लाख करोड़ रुपये की इंटर्नशिप और रोजगार योजना की सराहना की। उन्होंने राहुल गांधी द्वारा इस योजना को जुमला कहे जाने की आलोचना करते हुए कहा कि मोदी का वैश्विक दृष्टिकोण और उनकी योजनाओं का क्रियान्वयन विश्व के अन्य नेताओं से कहीं बेहतर है। निषाद ने कहा कि राहुल गांधी का हर बयान बेबुनियाद और जनता को भ्रमित करने वाला है।

## भाई-बहन का शव कार में मिला, शरीर पर चोट के निशान

पटना, 16 अगस्त (एजेंसियां)। बिहार की राजधानी पटना में एक-भाई बहन का शव संदिग्ध अवस्था में मिलने से हड़कंप मच गया। जानकारी के मुताबिक, पाटलिपुत्र थाना क्षेत्र के इंद्रपुरी रोड नंबर 12 में एक कार के अंदर से इन दोनों बच्चों का डेड बॉडी मिला है। गाड़ी काफी दिनों से वहां खड़ी थी। घटना के बाद पटना पुलिस को इसकी सूचना दी गई। पुलिस ने बताया कि दोनों बच्चों के शव को पोस्टमार्टम के लिए पी.एम.सी.एच. भेज दिया गया है। ये दोनों बच्चे भाई-बहन हैं। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ की, लेकिन बहुत कुछ अभी स्पष्ट नहीं हो सका है दूसरी ओर बच्चों के शरीर पर जख्म के निशान भी पाए गए हैं। हालांकि मर्डर है या फिर गाड़ी में बंद होने की वजह से दम घुटने कारण मौत हुई है यह पोस्टमार्टम रिपोर्ट से पता चलेगा। दोनों बच्चों का शव मिलने के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## यूनियन बैंक ऑफ इंडिया में लगी आग, बाल-बाल जलने से बचा लाखों का कैश

हापुड़, 16 अगस्त (एजेंसियां)। हापुड़ के थाना बाबूगढ़ क्षेत्र के गांव मुदाफरा स्थित यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की शाखा में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। आग के कारण स्थानीय लोगों में अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने पुलिस और ग्रामीणों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग लगने से बैंक में करीब तीन-चार लाख रुपये का नुकसान हुआ है। गनीमत रही कि बैंक में रखा कैश आग की चपेट में आकर नहीं जला। प्राथमिक जांच में शार्ट सर्किट के कारण आग लगना प्रतीत हो रहा है। अधिकारी आग लगने के सटीक कारणों की जांच कर रहे हैं। थाना बाबूगढ़ प्रभारी निरीक्षक महेंद्र सिंह ने बताया कि गांव मुदाफरा में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की शाखा स्थित है। बैंक से आग की लपटें उठती देखकर काफी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस व दमकल विभाग को दी। जिसके बाद दमकलकर्मी और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। दमकलकर्मियों ने पुलिस व ग्रामीणों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। गनीमत रही कि, आग कैश और लाकर रूम तक नहीं पहुंची। अन्यथा भारी नुकसान हो सकता था। दमकल विभाग की प्राथमिक जांच में शार्ट सर्किट के कारण आग लगना प्रतीत हो रहा है। आग लगने का सटीक कारण जानने के लिए विभिन्न बिंदुओं पर जांच की जा रही है। जांच पूरी होने के बाद स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

## भाजपा की महिला बूथ अध्यक्ष को गलत तरीके से छुआ गया, लड़के का नाम आया सामने

लखनऊ, 16 अगस्त (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां बीजेपी की एक महिला बूथ अध्यक्ष ने एक युवक पर शादी का झांसा देकर छेड़छाड़ करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अर्जुनगंज दयानंदपुरम की रहने वाली पीड़िता ने बताया कि उसकी मुलाकात हर्ष वर्धन कश्यप नाम के एक युवक से जीवनसाथी डॉट कॉम नामक विवाह पोर्टल पर हुई थी। आरोपी ने खुद को एक तलाकशुदा व्यक्ति और मारुति कंपनी में असिस्टेंट सर्विस मैनेजर बताया था। हालांकि, बाद में पता चला कि वह पहले से ही शादीशुदा है और उसके दो बच्चे भी हैं। शिकायत के अनुसार, आरोपी ने पीड़िता से दो बार मुलाकात की। पहली मुलाकात में, उसने शादी का प्रस्ताव रखा और अंधेरे का फायदा उठाकर गलत तरीके से छुआ। दूसरी मुलाकात में उसने सगाई की तारीख बताने के बहाने दोबारा अश्लील हरकतें कीं। पीड़िता ने बताया कि जब उसने आरोपी के बारे में और जानकारी जुटाई, तो उसकी असलियत सामने आ गई। आरोपी ने विवाह पोर्टल पर अपनी आईडी सिर्फ लड़कियों को फंसाने के लिए बनाई थी और अपना पता भी गलत बताया था। जब पीड़िता ने उससे सवाल किया, तो एक दिन पहले, उसने व्हाट्सएप कॉल पर धमकी दी कि 'सारे मैसेज और फोटो डिलीट कर दो, वरना जान से मार दूंगा।'

## युवक की गला रेतकर हत्या खेत में मिली लाश

बुलंदशहर, 16 अगस्त (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश में बुलंदशहर में युवक की हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है, युवक का शव खेत से बरामद हुआ है। यह मामला जिले छतारी पुलिस स्टेशन से सामने आया है। वहीं घटना की सूचना पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस टीम ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर शिनाख्त करने में जुट गई है। जानकारी के मुताबिक, 16 अगस्त को सुबह लगभग 6:30 बजे, छतारी पुलिस स्टेशन को सूचना मिली कि उनके क्षेत्राधिकार में दानपुर पहासू मार्ग पर बमनपुरा गाँव के पास एक खेत में एक युवक का शव पड़ा है। छतारी पुलिस, क्षेत्राधिकारी और फील्ड यूनिट के साथ तुरंत घटनास्थल पर पहुँचकर जाँच शुरू की। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, मृतक की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। शव को कब्जे में ले लिया गया है।

## सीएम योगी ने पुष्पार्पित कर किया याद

### बोले- वीरांगना के नाम पर स्थापित की पीएसी बटालियन

लखनऊ, 16 अगस्त (एजेंसियां)। राजधानी लखनऊ समेत प्रदेशभर में शनिवार को स्वाधीनता संग्राम सेनानी, महान वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी की 195वीं जयंती मनाई जा रही है। इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनकी प्रतिमा पर पुष्पार्पित कर उन्हें याद किया। साथ ही अनेक योजनाओं और कार्यक्रमों की जानकारी साझा की। इस अवसर पर सीएम योगी ने कहा कि वीरांगना अवंती बाई लोधी ने भारत की स्वाधीनता के लिए तानाशाही पूर्ण शासन के खिलाफ बड़ा संघर्ष किया। उन्होंने मातृभूमि के लिए अपना बलिदान दिया। उनका यह अदम्य साहस और बलिदान हर भारतवासी के लिए प्रेरणा है। बदायूं में उनके नाम पर पीएसी की एक नई बटालियन की स्थापना की गई है। इसके साथ ही वहां पर उनकी प्रतिमा की स्थापना का कार्यक्रम भी आगे बढ़ रहा है। सरकार ने मातृशक्ति के प्रति सम्मान दिखाते हुए कई कदम उठाए हैं। झांसी में रानी लक्ष्मीबाई के नाम पर केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय की स्थापना हुई। जबकि, बांदा में महारानी दुर्गावती के नाम पर मेडिकल कॉलेज का नामकरण किया गया। प्रदेश में तीन नई बटालियन लखनऊ में वीरांगना ऊदा देवी, गोरखपुर में वीरांगना झलकारीबाई और बदायूं में वीरांगना अवंतीबाई लोधी के नाम पर स्थापित की। इस अवसर पर डिप्टी सीएम बृजेश पाठक, मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह पटेल, मेयर सुषमा खर्कवाल समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

## सहारनपुर में शुरू हुआ 'ऑपरेशन सवेरा', किन लोगों पर होगा एक्शन

सहारनपुर, 16 अगस्त (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश के बाद अब मंडल में नशे के कारोबार पर प्रशासन नकेल कसने जा रही है। इसके लिए सहारनपुर पुलिस उप महानिरीक्षक अभिषेक सिंह के द्वारा 'ऑपरेशन सवेरा' की शुरुआत की गई है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य नशे के अवैध व्यापार में लिप्त अपराधियों पर सख्त कार्यवाही करते हुए, समाज को नशामुक्त और सुरक्षित बनाना है। इसको लेकर सहारनपुर रेंज के पुलिस उप महानिरीक्षक अभिषेक सिंह ने मंडल के तीनों जिलों सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, शामली के एसएसपी को इस अभियान के तहत नशा कारोबारियों पर शिकंजा कसने के आदेश दिए हैं। पुलिस उप महानिरीक्षक अभिषेक सिंह का कहना है की 'ऑपरेशन सवेरा' न केवल अपराधियों पर सख्त कार्रवाई का संकल्प है,

# आ रहा है अंतरिक्ष का हीरो, जिसकी दिलेरी पूरी दुनिया ने देखी, राजा की तरह होगा स्वागत



लखनऊ, 16 अगस्त (एजेंसियां)। लखनऊ के गौरव और देश के स्पेस हीरो शुभांशु शुक्ला जल्द ही भारत लौटने वाले हैं। 17 अगस्त को वे दिल्ली पहुंचेंगे और 25 अगस्त को लखनऊ आएंगे। लखनऊ वापसी को लेकर राजधानी में जबरदस्त उत्साह है। शुभांशु के स्वागत की तैयारियां जोरों पर हैं। लखनऊ के गोमती नगर एक्सटेंशन में स्थित प्रतिष्ठित सिटी मॉन्टेसरी स्कूल (सीएमएस) में उनके सम्मान में 25 अगस्त को एक बड़ा आयोजन किया जा रहा है। वहीं, एयरपोर्ट से लेकर स्कूल तक भव्य रैली निकालने की योजना बनाई गई है।

23 अगस्त को मनाए जा रहे दूसरे राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस पर शुभांशु शुक्ला देशवासियों से संवाद कर सकते हैं। इस अवसर पर वे अपने ऐतिहासिक अंतरिक्ष मिशन और उससे जुड़े अनुभवों को साझा करेंगे। देशभर के छात्रों और युवाओं में शुभांशु को लेकर जबरदस्त उत्साह है। उन्हें भारत के युवा वैज्ञानिकों और एस्ट्रोनॉट्स के लिए प्रेरणा का स्रोत माना जा रहा है। भारत लौटने से पहले शुभांशु शुक्ला ने इंस्टाग्राम पर विमान में बैठे हुए एक तस्वीर साझा की, जिसमें उन्होंने लिखा, 'जैसे ही मैं भारत लौटने के लिए विमान में बैठा, मेरे दिल में कई तरह की भावनाएं उमड़ने लगी है।'

उन्होंने अपने मिशन के दौरान बने अंतरराष्ट्रीय दोस्तों और परिवार जैसे लोगों को छोड़ने की उदासी भी जाहिर की और भारत लौटकर अपने असली परिवार और देशवासियों से मिलने की खुशी भी। उन्होंने लिखा, 'मुझे बेसब्री से इंतजार है कि मैं अपने अनुभव आप सबसे साझा कर सकूं। विदाई हमेशा कठिन होती है, लेकिन जीवन में आगे बढ़ते रहना जरूरी है।'

# कोर्ट ने बहू को चेताया, सास को परेशान मत करो, घर पर लगा ताला खोलकर दो



इंदौर, 16 अगस्त (एजेंसियां)। जिला कोर्ट ने एक पारिवारिक विवाद की सुनवाई में अहम फैसला सुनाते हुए बहू को आदेश दिया है कि वह तीन दिन के भीतर मुचलका भरे। कोर्ट ने साफ किया कि बहू अपनी सास के साथ किसी भी तरह की घरेलू हिंसा नहीं करेगी और न ही उन्हें किसी भी रूप में परेशान करेगी। आदेश में यह भी उल्लेख किया गया कि बहू न तो सास से स्वयं संपर्क करेगी और न ही अपनी ओर से किसी को भेजकर संपर्क करवाएगी। इसके साथ ही कोर्ट ने बहू को घर पर लगाए गए ताले को तुरंत खोलने का निर्देश भी दिया। यह मामला खजराना क्षेत्र में रहने वाली एक महिला से जुड़ा है। महिला के बेटे ने महू निवासी युवती से प्रेम विवाह किया था। शादी के बाद बेटा ससुराल में ही रहने लगा, जिससे नाराज होकर महिला ने वर्ष 2022 में बेटे और बहू से संबंध तोड़ लिए थे। कुछ समय बाद बेटे और बहू के बीच विवाद गहराया और बेटा ससुराल छोड़कर अलग हो गया। वर्तमान में दोनों के बीच तलाक का मामला न्यायालय में लंबित है। बेटे के अलग होने के बाद से ही बहू ने महिला को परेशान करना शुरू कर दिया था। महिला के मुताबिक, बहू बार-बार उसके घर आकर विवाद करने लगी। परेशान होकर महिला ने स्थानीय थाने में शिकायत दर्ज करवाई, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। हालात बिगड़ने पर महिला ने जिला न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। सुनवाई के दौरान भी बहू महिला के घर पहुंची और झगड़ा करने लगी। यही नहीं, उसने जबरन सास को घर से बाहर निकालकर ताला जड़ दिया।

**कोर्ट ने दिए कड़े निर्देश**

महिला ने पुलिस को दोबारा शिकायत दी, मगर इस बार भी कार्रवाई नहीं हुई। मजबूर होकर महिला ने पिछले दरवाजे से घर में प्रवेश किया और अदालत में बहू द्वारा दी जा रही प्रताड़ना का पूरा ब्योरा पेश किया। जिला न्यायालय ने मामले की गंभीरता को देखते हुए सख्त रुख अपनाया और बहू को चेतावनी देते हुए मुचलका भरने का आदेश दिया। साथ ही स्पष्ट किया कि अगर बहू ने आदेश का उल्लंघन किया तो उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई होगी।

## नाले में बह गईं मां और 10 साल की बेटी

शिमला, 16 अगस्त (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश में आफत की बारिश जारी है। जिला शिमला में जुन्गा के दरभोग में गोभी की फसल को बंदरों से बचाने के लिए गई मां बेटी की नाले में बहने से मौत हो गई। दरभोग में खेतों में जाने के लिए उन्हें नाला को पार करना था। बरसात के चलते नाले में बहुत ज्यादा पानी होने के कारण मां-बेटी दोनों ही एक साथ बह गईं। 40 वर्षीय लीला देवी और 10 साल की शीतल की दर्दनाक मौत हो गई। मां ने बेटी को बचाने के लिए अपनी पीठ पर बांध रखा था। नाले में पानी का बहाव ज्यादा होने के कारण दोनों एक साथ ही बह गईं। इससे दोनों की मौत हो गई। स्वजनों को शाम के समय ही इसकी जानकारी लगी। खेत से लगभग दो किलोमीटर दूरी पर मां व बेटी के शव स्वजन को मिले।

# 19 साल बाद उफान पर रूपा नदी, वाहन-दुकानें बहीं, घरों में पानी; सुरक्षित जगह भेजे जा रहे लोग



बडवानी, 16 अगस्त (एजेंसियां)। मप्र के बड़वानी जिले में सुबह से हो रही लगातार बारिश ने हालात बिगाड़ दिए हैं। बारिश से राजपुर में रूपा नदी 19 साल बाद उफान पर आ गई। नदी के तेज बहाव में वाहन और दुकानें बह गईं, जबकि चार घरों में पानी भर गया। हालात बिगड़ते देख प्रशासन ने लोगों को सुरक्षित स्थानों पर भेजना शुरू कर दिया। ग्रामीणों का कहना है कि 2006 के बाद नदी ने इतना रौद्र रूप दिखाया है। ग्रामीण रमेश सोलंकी ने बताया कि सुबह से ही नदी का जलस्तर बढ़ता जा रहा था। इस दौरान कई लोगों की गाड़ियां और दुकानें इसकी चपेट में आ गईं। नगर पालिका उपाध्यक्ष आकाश बर्मन की चार पहिया गाड़ी भी तेज धारा में बह गई। अब तक दो वाहनों के बहने की पुष्टि हुई है, जबकि चार वाहनों तक बहने की आशंका जताई जा रही है। पान की गुमठियां, छोटी दुकानें और खड़े वाहन नदी के तेज बहाव में समा गए। लोगों का कहना है कि लाखों रुपए का नुकसान हो चुका है। राजपुर नगर के कई घरों और दुकानों में पानी घुस गया है, जिससे स्थानीय लोगों की मुश्किलें और बढ़ गई हैं।

जिला प्रशासन ने नदी किनारे बसे लोगों को सुरक्षित स्थानों पर भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। पहले ही एसएमएस अलर्ट जारी कर भारी बारिश की चेतावनी दी गई थी। अब प्रशासन की टीम हालात पर लगातार नजर रखे हुए है और लोगों से सतर्क रहने की अपील की जा रही है। राजपुर में इस समय रूपा नदी का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर पहुंच चुका है। इसके चलते आसपास के इलाकों में बाढ़ का खतरा बढ़ गया है। प्रशासन ने कहा है कि सभी जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं और लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने की प्रक्रिया जारी है।

## 15 दिन बाद जाना था लंदन, छात्रा ने 23वीं मंजिल से छलांग लगाकर दी जान

मुंबई, 16 अगस्त (एजेंसियां)। मुंबई के गोरेगांव (पूर्व) के आरे कॉलोनी में 17 साल की एक जूनियर कॉलेज छात्रा ने गुरुवार को एक हाईराइज इमारत की 23वीं मंजिल से कूदकर कथित तौर पर खुदकुशी कर ली। बताया जाता है कि छात्रा ने बेडरूम की खिड़की से छलांग लगाई थी। आरे पुलिस के मुताबिक, मृतका एक बड़े रियल एस्टेट डिवेलपर की इकलौती संतान थी, जो अवसाद में आकर यह कदम उठाया। हालांकि, मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है, लेकिन प्राथमिक जांच में सामने आया है कि वह दो साल से अवसाद से जूझ रही थी और उसका इलाज भी चल रहा था। जानकारी के अनुसार वह 15 दिन बाद लंदन जाने वाली थी, जहां उसे आगे की पढ़ाई के लिए एक कॉलेज में दाखिला मिला था। घटना के समय वह 23वीं मंजिल पर स्थित फ्लैट के अपने बेडरूम में पढ़ाई कर रही थी। उसकी मां रसोई में थी जबकि दादा-दादी दूसरे कमरे में थे। उसके पिता काम के लिए बाहर थे जब उसने यह चरम कदम उठाया। इस घटना को इमारत के रिसेप्शनिस्ट ने देखा, जिसने उसे पोडियम स्तर पर गिरते हुए देखा। मृतका माता-पिता के अनुसार, घटना के पीछे अवसाद ही मुख्य वजह है। आरे पुलिस छात्रा के माता-पिता, उसकी दोस्त, स्कूल और उसका इलाज करने वाले डॉक्टर का बयान दर्ज करने में जुटी है। पुलिस को मृतका के माता-पिता से पता चला कि वह यूके में अपनी पढ़ाई जारी रखना चाहती थी। इसलिए वे लोग पिछले महीने लंदन भी गए थे। बहरहाल, आरे पुलिस एडीआर दर्ज कर केस की जांच कर रही है।

# नाबालिग बॉयफ्रेंड को भगा ले गई थी गर्लफ्रेंड

## दो महीने बाद बालिग हुआ तो वापस घर लौटे दोनों

भोपाल, 16 अगस्त (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में एक नाबालिग और एक महिला की अनोखी प्रेम कहानी चर्चाओं में है। यहां एक 28 वर्षीय महिला को अपने से 11 साल छोटे नाबालिग लड़के से प्रेम हो गया। फिर महिला उसे बहला फुसलाकर अपने साथ ले गई। नाबालिग लड़के के परिवार वालों ने महिला पर अपहरण का केस दर्ज करवाया।

पुलिस ने भी जगह-जगह दोनों की तलाश की। अब दो महीने बाद नाबालिग बालिग होकर घर लौट आया है। खास बात तो ये है कि महिला ने भी उसके घर पर डेरा डाल लिया है। दरअसल, नारियलखेड़ा निवासी किशोर एक सुनार की दुकान पर काम करता था। उसी दुकान में द्वारिका नगर की रहने वाली महिला कंप्यूटर ऑपरेटर थी। साथ काम करते-करते दोनों में नजदीकियां बढ़ीं। इसके बाद दोनों को एक दूसरे से प्रेम हो गया।

30 जून की रात किशोर ने अपनी मां से कहा कि वह माधवी (बदला हुआ नाम) के घर जा रहा है। इसके बाद उसका फोन बंद हो गया। परिजन जब किशोर से संपर्क नहीं कर सके तो उन्होंने पुलिस में उसके अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई। फिर पुलिस ने महिला को भी ट्रेस करने की कोशिश की, लेकिन वह भी लापता थी। तीन अगस्त को किशोर बालिग हो गया और रक्षाबंधन पर अपने घर लौट आया। उसने पुलिस को बताया कि वह महिला के साथ अपनी मर्जी से इंदौर में रह रहा था। इसके दो दिन बाद महिला भी किशोर के घर पहुंच गई और वहीं रहने लगी। महिला ने लड़के के घर वालों से कहा कि मैं किशोर से प्यार करती हूं और हम साथ ही रहेंगे। मैं किशोर से शादी तीन साल बाद करूंगी, जब सब ठीक होगा। महिला पर किशोर के अपहरण का केस दर्ज है, लेकिन अब जब किशोर बालिग है, तो कानूनी कार्रवाई सीमित हो गई है। थाना प्रभारी का कहना है कि किशोर मेडिकल जांच के लिए तैयार नहीं है और मां ने भी महिला को घर में रहने देने की बात कही है।

बोली- ये बहू तो बनेगी हमारी। मगर 3 साल बाद। हालांकि, हाल ही में किशोर की बहन से मारपीट के मामले में महिला को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

## पैदल मार्ग पर पहाड़ी से गिरे भारी पत्थर, चपेट में आने से महाराष्ट्र के यात्री की मौत

रुद्रप्रयाग, 16 अगस्त (एजेंसियां)। केदारनाथ यात्रा पैदल मार्ग पर पहाड़ी से पत्थर गिरने से एक यात्री की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार गौरीकुंड से करीब एक किमी. ऊपर केदारनाथ यात्रा मार्ग में छौड़ी गधेरे के पास एक यात्री की पहाड़ी से गिरे पत्थर की चपेट में आने से मौत हो गई। सूचना पर मृत यात्री को तत्काल जिला प्रशासन की यात्रा मैनेजमेंट फोर्स एवं पुलिस द्वारा गौरीकुंड अस्पताल लाया गया है। मृतक की पहचान परमेश्वर भीम राव खावाल (38) पुत्र भीम राव खावाल निवासीऔरंगाबाद महाराष्ट्र के रूप में हुई है।गढ़वाल और उत्तरकाशी में बाढ़ का खतरा होन की आशंका व्यक्त की गई है। इसके बाद राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने सभी जिलाधिकारियों को पत्र भेजते हुए लोगों का सचेत करने और सभी सावधानियां बरतने को कहा है।

# जेल से रिहा हुए 17 कैदी

## हत्या की सजा काट रहे 4 सगे भाई भी शामिल

सतना, 16 अगस्त (एजेंसियां)। 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सतना की केंद्रीय जेल से 17 बंदियों को रिहा कर दिया गया है। राज्य शासन द्वारा दी गई विशेष माफी (परिहार) का लाभ पाकर ये कैदी समय से पहले अपने घर लौट गए है। इस रिहाई की सबसे खास बात यह रही कि इनमें हत्या के जुर्म में आजीवन कारावास की सजा काट रहे चार सगे भाई भी शामिल थे, जो एक साथ जेल से बाहर आए हैं। वहीं, दो कैदी जेल में अपनी मेहनत से लखपति बनकर निकले हैं।

जेल प्रशासन के अनुसार रिहा किए गए कैदियों में सतना के 4, मैहर का 1, छतरपुर के 10, पन्ना का 1 और सीहोर का 1 बंदी शामिल हैं। इनमें से तीन बंदी खुली जेल के थे। रिहाई का सबसे भावुक क्षण तब देखने को मिला है, जब छतरपुर जिले के छुलहा पुरवा गांव निवासी चार सगे भाई कृपाल यादव, भागवत यादव, गोपाल यादव और राजू यादव एक साथ जेल के दरवाजे से बाहर निकले हैं।

इन चारों भाइयों को साल 2010 में पड़ोसी गांव के लोधी परिवार से हुए जमीनी विवाद में तीन लोगों की हत्या करने के मामले में 2012 में आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी। पिछले 13 वर्षों से वे सतना जेल में अपनी सजा काट रहे थे। जेल में अच्छे आचरण के चलते उन्हें स्वतंत्रता दिवस पर रिहाई का तोहफा मिला है।

## दामाद नहीं पूछ रहा था पत्नी का हालचाल

### ससुराल वालों ने बातचीत के बीच पोल से बांधा, पुलिस ने छुड़ाया

भुवनेश्वर, 16 अगस्त (एजेंसियां)। ओडिशा के गजपति में एक युवक अपनी पत्नी से बात नहीं कर रहा था। ऐसे में ससुराल के लोगों उसे पोल से बांध दिया और मामले का समाधान करने के लिए बातचीत करने लगे। पुलिस को जब मामले की जानकारी मिली तो युवक को आजाद कराया गया। मामला अडवा थाना क्षेत्र के गरडमा गांव का है। यहां एक युवक को उसके ससुराल वालों ने सिर्फ इसीलिए एक इलेक्ट्रिक पोल से बांधकर रखा ताकि वह पारिवारिक चर्चा के बीच में कहीं भाग न जाए। यह घटना गुरुवार को तब हुई जब युवक गरडमा गांव राशन लेने आया था। जानकारी के अनुसार गरडमा गांव की महिला सुभद्रा मालबिसोई ने करीब तीन साल पहले ब्राह्मणिगांव थाना क्षेत्र के बुडिशिल गांव निवासी जलंत बलियार सिंह से शादी की थी। शादी के बाद पति-पत्नी के बीच घरेलू विवाद बढ़ता गया। तकरीबन एक साल पहले सुभद्रा को उसके मायके वाले अपने साथ वापस ले आए। इस पूरे मामले में मामला न्यायालय में लंबित है। जलंत जब अपने गांव बुडिशिल से गरडमा गांव राशन चावल लेने आया, तो सुभद्रा के परिजनों ने उसे देख लिया। पहले तो उसे बातचीत के बहाने बुलाया गया, फिर जब मासिक खर्च को लेकर सवाल-जवाब शुरू हुए तो माहौल गरम हो गया। सुभद्रा और उसके परिवार का आरोप था कि जलंत न तो पत्नी की आर्थिक जरूरतों का ख्याल रखता है, न यह पूछता है कि वह क्या खा रही है, क्या पहन रही है, या कैसे गुजारा कर रही है। चर्चा के दौरान यह तय किया गया कि जब तक बातचीत पूरी नहीं होती, जलंत को कहीं जाने नहीं दिया जाएगा।

इसी कारण उसे घर के बाहर एक बिजली के खंभे से बांध दिया गया। यह दृश्य गांव में मौजूद कई लोगों ने देखा, और कुछ लोगों ने इसका वीडियो भी बनाया। घटना की सूचना किसी माध्यम से अडवा पुलिस तक पहुंची। पुलिस तत्काल गांव पहुंची और ससुराल पक्ष के लोगों को समझाकर युवक को मुक्त कराया।

## लापता जिला पंचायत सदस्यों का आया वीडियो क्या अगवा किया गया था? दिया ये जवाब

नैनीताल, 16 अगस्त (एजेंसियां)। उत्तराखंड के पहाड़ी शहर नैनीताल में जिला पंचायत अध्यक्ष चुनाव में कथित तौर पर कांग्रेस समर्थित पांच निर्वाचित जिला पंचायत सदस्यों के लापता मामले में नया मोड़ आ गया है। पांच जिला पंचायत सदस्यों का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

जिसमें उन्होंने माना है कि उनका अपहरण नहीं हुआ है, वह खुद अपनी मर्जी से गए हैं। वीडियो आने के बाद सोशल मीडिया पर भाजपा और कांग्रेस के बीच जंग छिड़ चुकी है। दरअसल बीते 14 अगस्त को नैनीताल में जिला पंचायत सदस्यों को मतदान स्थल के बाहर से अगवा करने के बाद उत्तराखंड की राजनीति में भूचाल आ गया। जिसको लेकर पूरे मामले पर 15 अगस्त को नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य के नेतृत्व में कांग्रेस ने एकजुट होकर हल्द्वानी एसएसपी कार्यालय में जमकर विरोध प्रदर्शन किया। उनका आरोप था कि भाजपा के इशारे पर अपहरण किया गया हैं। एसपी सिटी के आश्वासन के बाद धरना प्रदर्शन को समाप्त किया गया। लापता पांचों सदस्यों का रात में वीडियो सामने आने के बाद पंचायत चुनाव में नया मोड़ आ गया है। फिलहाल सोमवार को नैनीताल हाई कोर्ट में इस मामले की सुनवाई होनी है। इसके बाद ही सारी स्थिति स्पष्ट हो पाएगी।

# हादसे का लाइव वीडियो आया सामने, कई परिवारों का अता-पता नहीं, अभी भी तलाश जारी



किश्तवाड़, 16 अगस्त (एजेंसियां)। किश्तवाड़ के चिशोती गांव में बादल फटने और भूस्खलन से भारी तबाही मची, जिसमें 60 लोगों की मौत और 120 से अधिक घायल हुए हैं। सामने आया वीडियो तबाही की भयावह तस्वीरें दिखा रहा है, जबकि राहत और बचाव कार्य अब भी जारी है। मृतकों में ज्यादातर मचैल माता के तीर्थयात्री बताए जा रहे हैं। मलबे में अब भी कई लोगों के दबे होने की आशंका है। मौसम खराब होने से बचाव कार्य में बाधा आ रही है। चिशौती प्रसिद्ध मचैल माता तीर्थयात्रा मार्ग का पड़ाव स्थल है। 25 जुलाई से चल रही मचैल माता यात्रा भी रोक दी गई है।

यात्री जहां पर हैं, वहीं पर उन्हें रुकने को कहा गया है। पीएम नरेंद्र मोदी, उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने इस आपदा पर गहरा दुख जताया और पीड़ितों की हर संभव सहायता का भरोसा दिया। वीरवार दोपहर 12 बजे से 1 बजे के बीच मचैल माता मंदिर यात्रा के पड़ाव में पड़ने वाले आखिरी गांव चिशौती में बारिश आफत बनकर टूटी। किश्तवाड़ से 83 किलोमीटर दूर उपमंडल पाडर में स्थित इस गांव से ही 9,500 फीट ऊंचे मंदिर तक 8.5 किलोमीटर की पैदल यात्रा शुरू होती है। यात्रा 5 सितंबर को संपन्न होती। इसके लिए भारी संख्या में श्रद्धालु यहां आए थे। चिशौती में भक्तों के लिए लगाए गए एक लंगर (सामुदायिक रसोई) को बादल फटने का सबसे ज्यादा नुकसान हुआ।

लोगों को संभलने तक का मौका नहीं मिला। पानी के साथ पत्थर व पेड़ बह कर आए जो घरों, दुकानों व तीर्थयात्रियों को बहा ले गए। एक सुरक्षा चौकी भी बह गई। चिशौती के उस हिस्से में भारी तबाही आई जो नाले पर बसे थे। नाले वाला पूरा हिस्सा ही बह गया है। पाडर के कई नालों में पानी का बहाव बहुत तेज हो गया है। भारी मात्रा में पानी बरस जाने से बाढ़ आ गई।

# 'कुछ तो शर्म कर लो बहन'

## प्रेमी से लिपटकर बाइक की टंकी पर बैठी लड़की, सरेराह रोमांस करते कपल का वीडियो देख भड़के लोग

भुवनेश्वर, 16 अगस्त (एजेंसियां)। ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर से एक कपल का वीडियो इन दिनों सोशल मीडिया पर छाया हुआ है, जहां देखा जा सकता है कि कपल ने सारी मर्यादाओं को ताक पर रखकर सरेराह रोमांस किया। वीडियो में आप देख सकते हैं कि कपल एक बाइक पर सवार है। बाइक को प्रेमी चला रहा है, जबकि उसकी प्रेमिका बाइक की टंकी पर उलटी तरफ मुंह करके बैठी हुई है। इतना ही नहीं, इस दौरान प्रेमिका अपने प्रेमी से लिपटकर बैठी हुई दिखी और सरेराह वह प्रेमी के साथ रोमांटिक होते हुए भी नजर आई। घटना भुवनेश्वर की इन्फोसिटी जैसे हाई-प्रोफाइल इलाके की बताई जा रही है। वीडियो में यह भी देखा जा सकता है कि कपल ने न तो हेलमेट लगाया है, न ही वे किसी ट्रैफिक नियम को फॉलो कर रहे हैं और न ही उन्हें सड़क पर चलने वालों की परवाह है। यही नहीं, उन्हें समाज की मर्यादाओं की भी कोई फिक्र नहीं है। वे बस सरेराह अपने प्यार में मशगूल हैं। प्यार का जुनून उन पर ऐसा सवार है कि उन्हें रोमांस के अलावा कुछ नजर ही नहीं आ रहा। बता दें कि ये कपल थाने के सामने से भी ऐसे ही गुजरे, लेकिन किसी ने उन्हें रोका नहीं। भुवनेश्वर की सड़कों पर सैकड़ों सीसीटीवी कैमरे भी अपनी ड्यूटी निभा रहे हैं, लेकिन लगता है वे भी इस प्रेम कहानी को रिकॉर्ड करने में मशगूल थे। अब सवाल ये है कि जब शहर में ट्रैफिक की इतनी चौकसी का दावा किया जाता है, तो ये जोड़ा कैसे बाइक पर सर्कस करता हुआ निकल गया? क्या पुलिस ये सोचती रह गई कि, अरे, प्यार में तो इतना चलता है? या फिर ये भी हो सकता है कि सीसीटीवी ऑपरेटर उस वक्त पॉपकॉर्न खाते हुए वायरल वीडियो का आनंद ले रहे थे?

# 4 साल की उमा, 8 महीने की अनुष्का नहीं पसीजा मां का कलेजा, ले ली दोनों बेटियों की जान

उज्जैन, 16 अगस्त (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के उज्जैन से 65 किलोमीटर दूर स्थित महिदपुर तहसील क्षेत्र से एक दिल दहलाने वाली घटना सामने आई है। जहां कलयुगी मां ने अपनी दो बेटियों का गला घोंटकर उनकी जान ले ली। बेटियों की हत्या करने के बाद उसने खुद इस बात की जानकारी अपनी जेठानी को दी। उसने जेठानी से कहा कि मैंने दो बेटियों को मार डाला है। इस मामले पर जानकारी देते हुए महिदपुर एसडीओपी सुनील वरकड़े ने बताया कि महिदपुर थाने के गांव तुलसापुरा में दो मासूम बच्चियों की हत्या की जानकारी मिली थी। घटनास्थल पर पहुंचने पर पता चला कि अशोक बंजारा की तीन बेटियां हैं, जिनमें से उनकी पत्नी पूजा ने 4 साल की उमा और 8 महीने की अनुष्का को गला घोंटकर मार डाला, जिस वक्त पूजा ने इस घटना को अंजाम दिया। उस समय दोनों बच्चियां घर में खेल रही थीं और 7 साल की बड़ी बेटी, पति अशोक घर पर नहीं था। पूजा ने दोनों बच्चियों को मौत के घाट उतारने के बाद इस बात की जानकारी खुद अपनी जेठानी के पास पहुंचकर दी थी, जिसके बाद महिदपुर पुलिस को मामले की जानकारी दी गई। महिदपुर अस्पताल में डॉक्टर मैत्री मिश्रा ने बताया कि दो बच्चियों को गंभीर हालत में अस्पताल लाया गया था, लेकिन दोनों बच्चियों का जब इलाज शुरू किया गया तो पता चला कि वह पहले ही मर चुकी हैं। डॉक्टर मैत्री ने बताया कि एक बच्ची के नाक से खून निकल रहा था, जबकि दूसरी बच्ची के शरीर पर भी चोट के निशान थे। दोनों बच्चियों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। महिदपुर थाना प्रभारी एन बी एस परिहार ने बताया कि इस मामले की जांच में पता चला है कि पूजा मानसिक रूप से बीमार है, जिसने इतनी बड़ी घटना को अंजाम दिया। मामले की जांच की जा रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी। इस पूरे घटनाक्रम में पूजा ने दोनों बेटियों को मारने के बाद खुद अपनी जेठानी के पास पहुंचकर इस बात की जानकारी दी थी कि उसने अपनी 8 महीने की बेटी अनुष्का और 4 साल की बेटी उमा की गला घोटकर जान ले ली है, जिसके बाद जेठानी ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी।

## अस्पताल से भाग गई प्रेग्नेंट बांग्लादेशी महिला, 5 दिन पहले हुई थी भर्ती

मुंबई, 16 अगस्त (एजेंसियां)। देशभर में पिछले दिनों कई जगहों से कथित तौर पर अवैध तरीके से रहने वालों को गिरफ्तार किया गया था। इन्हीं में से एक 21 वर्षीय एक गर्भवती महिला की भी गिरफ्तारी की गई थी। पिछले दिनों महिला को खबरा स्वास्थ्य के कारण मुंबई के जेजे अस्पताल में भर्ती कराया गया था। यही से महिला मौका पाकर फरार हो गई है। पुलिस प्रशासन महिला को तलाश करने में जुटा हुआ है। बांग्लादेशी महिला का जेजे अस्पताल में इलाज चल रहा था। इस दौरान उसकी निगरानी के लिए पुलिस भी तैनात की गई थी। हालांकि वह 14 अगस्त को अस्पताल से भागने में कामयाब रही। पुलिस ने बताया कि वह एक कांस्टेबल को धक्का मारकर भागी है। इस घटना के बाद से ही पुलिस ने पूरे शहर में तलाशी अभियान शुरू कर दिया है। इसके साथ ही अस्पतालों और जेलों में सुरक्षा प्रोटोकॉल पर चिंता बढ़ गई। अधिकारियों ने बताया कि रुबीना इरशाद शेख पांच महीने की प्रेग्नेंट है। इसके साथ ही वह मूल रूप से बांग्लादेश की रहने वाली है। जो नकली जन्म प्रमाण पत्र के आधार पर भारत में रह रही थी। पुलिस ने बताया कि रुबीना इरशाद को 5 अगस्त को नवी मुंबई में अवैध रूप से रहने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था।

# 'साम, दाम, दंड, भेद, सच-झूठ', चुनाव जीतने के लिए मनीष सिसोदिया ने ऐसा क्या कहा, जिस पर हो रहा बवाल



नई दिल्ली, 16 अगस्त (एजेंसियां)। आम आदमी पार्टी के पंजाब प्रभारी और दिल्ली के पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के एक बयान पर जमकर बवाल हो रहा है। सिसोदिया ने आम आदमी पार्टी के एक कार्यक्रम में कहा था कि चुनाव जीतने के लिए हर हथकंडा अपनाना है। इसी को लेकर विपक्ष आम आदमी पार्टी पर निशाना साध रहा है। 13 अगस्त को मोहाली में आम आदमी पार्टी की महिला विंग की एक वर्कशॉप आयोजित की गई थी। इस दौरान मनीष सिसोदिया महिला विंग को संबोधित करते हुए कहा कि आप के सभी काम लेकर महिला टीम घर-घर जाएगी। महिला विंग का असली पड़ाव है, 2027 का चुनाव जितवाना। 2027 के चुनाव जितवाने के लिए साम, दाम, दंड, भेद, सच-झूठ, क्वेश्चन-आंसर, लड़ाई-झगड़ा जो करना पड़े, करेंगे। क्या आप लोग तैयार हैं? पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और प्रदेश अध्यक्ष अमन अरोड़ा भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए थे। सिसोदिया के बयान का वीडियो भी सामने आया था, जिसमें पार्टी के बड़े नेता दिखाई दे रहे थे। यह वीडियो वायरल होने के बाद विपक्ष के नेताओं ने आम आदमी पार्टी को घेरना शुरू कर दिया है।

**पंजाब में 2027 में होंगे चुनाव**

पंजाब में विधानसभा चुनाव 2027 में होने हैं। यहां आम आदमी पार्टी ने 2022 में पहली बार बहुमत हासिल किया था और सत्ता में आई थी। ऐसे में पार्टी की कोशिश दूसरी बार सरकार बनाने की होगी। दिल्ली में दो कार्यकाल पूरे करने के बाद पार्टी सत्ता से बाहर हो गई। ऐसे में आप का पूरा जोर पंजाब में दोबारा सरकार बनाने पर होगा। क्योंकि, पंजाब के अलावा किसी भी राज्य में आम आदमी पार्टी न तो सत्ता में है और न ही सत्ता में आने की स्थिति में है। इसी वजह से सिसोदिया जैसे बड़े नेता दो साल पहले से पंजाब पर पूरा ध्यान लगाए हुए हैं।

**पंजाब विधानसभा की मौजूदा स्थिति**

117 सीट वाली पंजाब विधानसभा में आम आदमी पार्टी सत्ता में है। 2022 विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी को 92 सीटें मिलीं थीं। वहीं, कांग्रेस को 18 सीटें, शिरोमणि अकाली दल को 3 सीटें, बीजेपी को 2 सीटें, बीएसपी को एक सीट और एक सीट निर्दलीय के खाते में गई थी। आप ने भारी बहुमत के साथ सरकार बनाई और भगवंत मान को मुख्यमंत्री चुना गया था। 2024 के उपचुनावों के बाद राज्य में आम आदमी पार्टी की स्थिति और मजबूत हुई है। उनकी सीटों की संख्या बढ़कर 94 हो गई है। कांग्रेस के पास अब 19 सीटें हैं।

# मानवीय मूल्यों के उत्कर्ष भगवान श्रीकृष्ण



अतुल कुमार

भगवान श्रीकृष्ण अर्थात भारतीय अध्यात्म के ऐसे देवता जिन्होंने अपनी लीलाओं से समूची सृष्टी को मानवीयता का संदेश दिया .समय आने पर ईश्वर होते हुए भी धर्म की रक्षा के लिये सामान्य जनमानस के साथ खडे हुए इसका सबसे अच्छा उदाहरण उनका महाभारत के युद्ध में अर्जुन के साथ खडा होना है . कौरवों के अधार्मिक , अनैतिक और अन्याय पूर्ण कार्यों का सटीक जवाब देने के लिये कोई अवसर नहीं छोडा. इसी प्रकार अपने भक्तों के संग हमेशा प्रेम ,सौहार्द और विराट हृदय का व्यवहार किया . राधा ,गोपियों तथा अन्य भक्तों के साथ स्नेह पूर्ण संबंधों को बनाये रखा . उनका कथन कि “ सही आचरण व्यक्तित्व के सफलता की कुंजी है “ जो भी इससे हटेगा अपने लिये वह समस्याओं की जड खोदेगा . जैसे निगेटिविटी को फैलाना आज की सबसे बडी बीमारी है जो आदमी के मन मस्तिष्क और देह को रोगी बना रही है , श्री कृष्ण कहते हैं कि ऐसा करने वाला स्वयं अपने विचारों को दूषित कर रहा है वही निग़ेटिविटी पलटती है तो वह इसका शिकार हो अपने ही बुने जाल में फंस छट्पटाता है . एक चींटी की सफलता उसके समुदाय में श्रम लगाने में निहित है .एक व्यक्ति की सफलता समाज के लिये योगदान में है .नकारात्मक योगदान न देना भी एक योगदान है . शास्त्रों के अनुसार मुरलीधर की आराधना करने से सभी दुख रोग शोक और पीडाओं का अंत होता है क्यों कि वह एकमात्र ऐसे देवता हैं जो 16 कलाओं में परिपूर्ण हैं और मनुष्य के सबसे निकट हैं . निष्काम कर्म योगी ,आदर्श दार्शनिक, ,स्थित प्रज्ञ और दैवी संपादाओं से भरपूर हैं. बिना फल की इच्छा किये कर्म को करने के सिद्धांत को सदा प्रमुखता दी . केवल कहा नहीं बल्कि अपने कहे एक – एक शब्द और वाक्य को साकार भी किया . गीता के रूप में उनकी वाणी अनुकरणीय है . सिखाया कि रिश्ते कैसे निभाये जाते हैं . पूरे परिवेश को प्रेम से कैसे भरा जाता है और जीवन के उतार चढाव का सामना मुस्कुराते हुए कैसे किया जा सकता है . शास्त्रकारों ने कृष्ण के प्रेम को अभिव्यक्त करते हुए लिखा कि सारे देव उनकी निरंतर महिमा का गान करते हुए उनको अनंत ,अखंड , और अभेद्य बताते हैं सारे साधक जिनके स्वरूप को जानने के लिये प्रयत्नशील रहते हैं . तब ऐसे परम परमात्मा मानव रूप में श्रीकृष्ण अवतार ग्रहण करते हैं.तब ग्राम्य बालाएं महज़ दोना भर छांछ के बदले उनसे नाच नचवाती हैं और प्रेम के वशीभूत कृष्ण उनके सम्मुख नाचने लगते हैं .इसमें कृष्ण सिखलाते हैं कि निश्चल प्रेम हर क्षण को सुख और आनंद से भर देता है और पशु पक्षियों व प्रकृति समेत सारे परिवेश को आनंदित कर देता हैं .

इसी खुशी को पाने और देखने के लिये लोग तरसते हैं कृष्ण ने जीवन की छोटी छोटी बातों में खुशी देखने और पाने की शिक्षा दी .खुशी बांटने को उपकार के रूप में माना . खुशी वही दे सकता है जो स्वयं खुश हो जो स्वयं दुखी रहता या बताता है वह दूसरे को क्या खुशी देगा ! कहा कि आनंद को व्यक्तित्व का आवरण बनाओ अन्यथा तरह तरह के रोगों के चक्र में फंस जाओगे . आज लोग मुस्कुराना - हंसना भूल रहे हैं तब यह शिक्षा अधिक महत्वपूर्ण दिखायी देती है . श्री कृष्ण का पूरा जीवन संघर्ष पूर्ण रहा कारावास में जन्म से ले द्वारकाधीश बनने तक फिर भी कभी चेहरे से मुस्कान को हटने नहीं दिया .समय और प्रारब्ध को भली भांति जानते हुए भी उसमे कोई बदलाव नहीं किया .

दीनबंधु दीना नाथ सभी के मित्र हैं लेकिन उनके जीवन में तीन मित्र अर्जुन , उद्धव , और सुदामा की मित्रता जगप्रसिद्ध है . सुदामा गुरुकुल के मित्र हैं .उद्धव तरुणाई के और अर्जुन द्रौपदी स्वयंवर की पहली मुलाकात के बाद से जीवन पर्यंत तक. श्रीमदभागवत साक्षी है कि गुरुकुल में सुदामा के मुट्ठरी भर अन्न को कृष्ण ने किस तरह कृतज्ञता पूर्वक याद रखा और द्वारकाधीश बनने के बाद सुदामा को धन धान्य दे किस प्रकार दोस्ती के कर्ज़ को चुकाया . ज्ञान के अहंकार में डूबे उद्धव को प्रेम का पाठ पढाया .अर्जुन से अपने अनन्य प्रेम में शांति दूत बन पहले कौरव सभा में गये फिर ईश्वर होते हुए भी महाभारत के महायुद्ध में सारथी ,संरक्षक और मार्ग दर्शक बन साथ निभाया .इसके माध्यम से सीख दी कि संकट में मित्र की सहायता करो ,भ्रम में मार्ग दर्शन और ज़रूरत होने पर सहयोग . और आज ? मित्रताएं इस्तेमाल भर बनी हों या बन रही हों . तब श्रीकृष्ण की सच्ची मित्रता की सीख बहुत मायने रखती है .

श्रीकृष्ण ने मनुष्य के व्यक्तित्व विकास , विचार विकास , और व्यवहार विकास को मानवीय गुणों और मूल्यों से जोड जीने की राह बतायी . उनकी महिमा में हिंदी के सुप्रसिद्ध कवि रामधारी सिंह दिनकर ने अपनी प्रसिद्ध कालजयी रचना “ कृष्ण की चेतावनी “ में यूं ही नहीं लिखा उस रचना की कुछ पंक्तियों को पढिये .“ मैत्री की राह बताने को ,सबको सुमार्ग पर लाने को / हरि ने भीषण हुंकार किया , अपना स्वरूप विस्तार किया / डगमग़ – डगमग़ दिग्गज डोले , भगवान कुपित हो कर बोले ,ज़ंज़ीर बढा कर साध मुझे हां – हां दुर्योधन बांध मुझे / यह देख गगन मुझमें लय है ,यह देख पवन मुझ में लय है मुझ में विलीन झंकार सकल ,मुझ मे लय है संसार सकल / अमरत्व फूलता है मुझमें , संहार झूलता है मुझमें ,भू लोक अतल पाताल लोक देख हां – हां दुर्योधन बांध मुझे / सब जन्म मुझी से पाते हैं ,फिर लौट मुझी में आते हैं //

शास्त्रानुसार “ कृष्ण “ नाम का जप जगत कल्याण करने वाला है इससे सारे भय ,संकट और समस्याएं दूर भागती हैं . जीवन जीने के तरीके को अगर किसी ने परिभाषित किया है तो वह श्रीकृष्ण ही हैं सुकर्मों से हो परमात्मा तक जाने वाले मार्ग को उन्हीं ने बताया है कर्म का कोई विकल्प नहीं यह सिद्ध किया .

कहा “ मैं हर हाल में आता हूं ,जब पाप और अत्याचार का अंधकार होता है तब भी और प्रेम और भक्ति का उजाला होता तब भी .दोनों ही परिस्थिति में मेरा आना निश्चित है “ इसलिये कहा भी “ यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत / अभ्युथानमधर्मस्य तदात्मानम सृजाम्यहम // श्रीकृष्ण मानवीय मूल्यों के उत्कर्ष हैं .

# काव्य कुंज

## नया भारत



गजानन पाण्डेय

प्रगति के पथ पर दौड़ रहा
यह नया भारत है
आस्था व विश्वास लिए
यह युवा भारत है ।
आज ज़श्न का दिन है
स्वतंत्र भारत का महा पर्व है
असंख्य वीरों को शत - शत नमन है
उन्होंने हमारे आज के लिए
अपने कल को निछावर किया
उन्हें न भुलाना है
अपने तप और कर्म से
राष्ट्र - धर्म निभाना है ।
किसानो ने हल पिघलाकर तलवारे बनाई
अंग्रेजो के कपडो का बहिष्कार किया ओर
खादी के कपडो का आदर किया , अपनाया
सबमे जागी थी देशभक्ति और एकता
आज हम सब मना रहे है स्वतंत्रता दिवस ।।

## कविता शरीर का एक अंग होती है



डॉ विजय पांढरीपांडे
हैदराबाद

हम बदल नहीं शकते कुछ भी
कविता स्वयंभू होती है
कविता पलकोके आँसु बनकर आती है
तब ओठोकी झूटी मूसकान
अर्थ बदल नहीं सकती
कविता जखमी होकर आये तो
छेडछाड नही करते
स्पर्शो से समझते सहलाते
कविता पढकर समझ मे नहीं आती
कविता महसूस की जाती है छूकर
कविता बहू नही बेटी होती है
अपने ही खुनकी
कविता होती नहीं
दिलसे निकलती है
कविता कविता मे नहीं
जीनेमे होती है..

## अस्तित्व मेरा हिन्दुस्तानी है



मनीषा मंजरी
दरभंगा

लहराते इस तिरंगे के पास,
ना जाने कितनी हीं कहानी है,
लहू में लिपटे दीवानों के,
कही-अनकही दास्तानों की ये निशानी है।
आँखों में यूँ हीं तो नहीं,
वतन के इश्क़ की रवानी है,
इसकी धानी आँचल में हीं तो,
खुद की पहचान को जानी है।
सदियों तक वीरों ने,
आज़ादी के हक़ में दी हर कुर्बानी है,
रंगा रहे हर खेत हरा,
इसलिए तो सीमाओं पर जागते सेनानी हैं।
हिमालय की ये ऊँचाइयाँ,
सम्मान को बनाती आसमानी है,
यहां हर नदी संग बहता,
बलिदानों का पानी है।
आजादी के नवउद्‌घोष पर,
शान्ति के श्वेत-अलख को जलानी है,
स्वदेश के बहुमूल्य जज़्बे से,
नफ़रत की दीवारों को गिरानी है।
स्वाबलंबन की धरा पर चलता,
यूँ विकास इसका स्वाभिमानी है,
अपनत्व की मिसाल है ये और,
हवाओं में प्रेम यहां रूहानी है।
लहराते तिरंगे की शान देखकर,
गर्वित मन होता बेजुबानी है,
गूंजती है चहुंओर सदायें कि,
‘अस्त्तित्व मेरा हिन्दुस्तानी है’।

## आजादी



टी तारासिंह
हैदराबाद

हमारी जमी है प्यारी , बलिदानोवाली
बहुतो ने दिये बलिदान ओर खून
तब जाकर मिली हम सबको आजादी
ये देश है वीरो का , संघर्षो का
सब जातियाँ , सब धर्म एक हुये थे
सबने बस देश के लिए ही सोचा था
ओर सबने आगे बढ़कर योगदान दिया था
ये माटी है वीरो की , देशप्रेमियो की
खून देकर ही हम सबको आजादी मिली

## भारत अटूट शक्ति की ओर



सत्यवान सौरभ

सत्तर बरस की कठिन कहानी,
मेहनत, संघर्ष और बलिदानी,
अब सवाल है — क्यों रुक जाएँ?
जब नेतृत्व का समय बुलाए।
शक्ति है खेतों की लहराती बयार,
शक्ति है विज्ञान का ऊँचा आधार,
शक्ति है उद्योग, रक्षा, सेवा,
शक्ति है एकता का अमिट मेवा।
शिक्षा की ज्योति जलाए हर द्वार,
ज्ञान बने जन-जन का आधार,
किसान का पसीना मोती बने,
हर गाँव में विकास की ज्योति जले।
तकनीक में स्वदेशी झंडा लहराए,
रक्षा में अपना हुनर चमकाए,
ऊर्जा हो स्वच्छ, हरित, सुहानी,
आने वाली पीढ़ी की रौशन कहानी।
धर्म-भाषा का अंतर मिटाएँ,
विविधता का उत्सव हम मनाएँ,
विश्व सुने भारत का संदेश,
सत्य, साहस, सेवा विशेष।
अशोक चक्र की गति न थमे,
हर पीढ़ी का संकल्प जगे,
बस एक कदम और बढ़ाना है,
भारत को विश्व का दीप बनाना है।
सशक्त भारत — नेतृत्वकारी भारत,
मानवता का उजियारा भारत,
उन्नीस सौ सैंतालीस से आज तलक,
भारत का समय अब है — अब और अब!

## भारत देश महान



दर्शन सिंह
हैदराबाद

इसी धरणी ने पाया भगत,
राजगुरु, सुखदेव का सम्मान
रहते जुबां पर सुभाष, झांसी,
प्रताप, बिस्मिल गौरवगान
हैं जहां सम्मानित विवेकानंद,
टैगोर, गांधी,अटल, कलाम
ऐसी मातृभूमि की माटी को
कोटि कोटि सलाम
इसी माटी से आलोकित नीरज
चौपड़ा,पी वी सिंधु, नेहवाल
किया विश्व में एवरेस्ट से
ऊंचा देश का भाल
इसी तिरंगे का है
चंद्रयान व मंगलयान
प्रथम प्रयास में चूमा आसमान
रहेगी जब तक माते गंगा,
पिता हिमालय दीप्तिमान
खिली रहेगी सवा सौ करोड़
भारतीयों की मुस्कान
निश्चित कह सकते हैं भारत देश महान

## प्यास



हेमंत सुराना,
उदयपुर

पानी की प्यास, पीने से बुझे,
मन की प्यास, पाने से बुझे
प्रभु मिलन की प्यास,दर्शन से बुझे,
कविता की प्यास, कलम से बुझे
नजरों की प्यास, दृष्टि से बुझे,
तनहा दिल की प्यास, मुलाकात से बुझे
खुशियों की प्यास, अपनों से बुझे,
लहरों की प्यास, साहिल से बुझे
आंखों की प्यास, सागर भरने से बुझे,
दौलत की प्यास, टूटते रिश्तों से बुझे
सूखी धरती की प्यास, बादलों से बुझे,
महक की प्यास, भीगी मिट्टी से बुझे
सागर भी मोहताज है चन्द बूंदो का,
समंदर की प्यास कौन बुझाए,
समंदर की प्यास कौन बुझाए ।

## श्री कृष्ण अवतरण



डॉ.प्रतिमा सिंह
हैदराबाद

एक बालक जग में आएगा,
दुख दूर करेगा वह सबका
गगन से निकली भविष्यवाणी थी ।
क्या ये आकाशवाणी सचमुच सच होगी ?
गुनती रहती दुखिया नारी ।
कब आएगा वो दुख हरने,
कैसे दुष्टों का नाश होगा ?
कौन आएगा तारणहार मेरा? कब मेरा पारित्राण होगा ।
देवकी माता का व्यथित हृदय मन में सब सोचती रहती हैं।
मथुरा के कारागृह में बैठी कान्हा की प्रतीक्षा करती हैं,
एक दिन ऐसा भी आया, जब सबकुछ अनायास हुआ,
भादों की कृष्ण अष्टमी की काली रात में
मोहन माँ की गोद में आ जाते हैं ।
प्रहरी सब सोए रहते हैं रास्ते स्वयं ही खुल जाते हैं।
देवकीनंदन को लेकर वासुदेव जी गोकुल में आ जाते हैं।
नंद -यशोदा जी के घर अपने लल्ला को सुलाते हैं।
कृष्ण, देवकीनंदन से यशोदा के दुलारे हो जाते हैं।
जन्मे कहीं किसी के लाल हुए, लीला अनेक दिखाते हैं,
हैं पालनहार जगत के पालक, भक्तों के दुख -दर्द मिटाते हैं ।

## मोहन प्यारे



पद्मजा श्रीवास्तव

यशोदा नंद के राजदुलारे
श्यामल छवि कमल नयन चंचल से
मुख पर शोभित मुस्कान मनोहर
मनभावन मोहक नटवर गिरधर
अधरों पर इठलाती मुरली
सुन मुरली की तान मधुर
पुलक- पुलक हो थिरक -थिरक कर
नाचें गोपियाँ नाचें ब्रजवासी
श्याम के रंग में डूबीं राधा
हर्षित मन पुलकित सी काया
बंसी बजाते मुस्काते कान्हा
मोह लिए मन सब जन जन के
मोहन प्यारे नंद दुलारे
यशोदा के दुलारे
कठिन घड़ी में भी घनश्याम
छोड़ी ना मुस्कान कभी भी
सीख दिया सारे जग को
धैर्य ना छोड़ो कठिन समय में
कुरुक्षेत्र की रण भूमि में
बन सारथी अर्जुन के
धर्म की रक्षा हेतु पार्थ को
कर्म करने का ज्ञान दिया
यही कहलाया गीता काअमृत ज्ञान

## नज़राना



डॉ शोभा भंडारी
हैदराबाद

लहरों का नज़राना लिए नदियां ,
समंदर के आगोश में समा जाती हैं,
पहाड़ों और चट्टानों को चीरते हुए,
मानों उन्हें अलविदा कह जाती हैं।
फूलों के पराग से,
मधुरस का नज़राना लिए,
भंवरों की टोलियां झूम उठती हैं,
अल-सुबहा, फिर से दोबारा आने का
वादा कर, खुदा हाफ़िज़ कह गुज़र जाती हैं।।
नाजों से पली-बढ़ी दुलारी -प्यारी,
फूलों और कलियों सी नज़ाकत वाली,
जब डोली में बैठकर रुखसत होती है,
खामोश निग़ाहों से बहुत कुछ कह देती है,
नज़राने में ढेर सारा प्यार लुटा देती है ।।।
इंसा की जिंदगी भी क्या खूब है!
खुदा से मन्नत में मांगा था जिस औलाद को,
वो भी पेशे की मशक्कत में, आजीविका की तलाश में,
हमेशा के लिए रुखसत हो जाती है,
दूर- सुदूर बसकर, पैगामे मुहब्बत का नज़राना भेजती है,
अपनी फिक्र, अपनी पशेमानी का इजहार करती है।।।
कुछ भी हो, पर ये नज़राने,
दिल के बहुत करीब होते हैं,
सौगात में जब भी मिलते हैं,
उल्फत का फ़साना कहते हैं।
और साथ में एक दर्द, एक कसक,
एक चुभन सी दे जाते हैं।।।।

## प्रकृति की नाराज़गी है भयंकर...!



संजय एम.
तराणेकर, इंदौर

नाराज़ प्रकृति की नाराज़गी हैं भयंकर,
स्वार्थवश संसाधनों का 'दोहन' निरंतर।
प्रकृति-मानव का संबंध सदियों पुराना,
ऊपर उठाया लाभ चुरा लिया खजाना।
पिघल रहे ग्लेशियर जलवायु परिवर्तन,
असमय बाढ़, सूखा, तूफान, भूस्खलन।
प्राकृतिक विपदाओं से जूझ रहा मानव,
मानवीय हस्तक्षेप की भूमिका में दानव।
अचानक बाढ़ गांवों का अस्तित्व मिटा,
घटनाओं ने जन-धन का नुकसान लूटा।
इस भीषण तबाही के हम साक्षी बने हैं,
सालों की मेहनत 30 सेकंड लें चलें हैं।

## समय से क्षमा



डॉ टी महादेव राव

अपने भीतर जब देखता हूँ झांक के
क्षणिक सुखों के मोह में पड़कर
समय को बेपरवाही से बिताने के लिए
समय से क्षमा मांग रहा हूँ
मेरे भीतर की रोशनी को जाने बिना
सचाई को छोड़कर
तिमिर जब मेरे आत्मा से मैत्री निभाते समय
आने वाली प्रात;किरणों को भूलने के लिए
अंधेरे से मांगता हूँ माफी
भारी गर्मी की कठोरता में डूब कर
आने वाली बूंदें जब मुझे
आह्लादित कर स्पर्श से शीतलता देंगी
इस विश्वास को खोने के लिए
वर्षा से क्षमा मांगता हूँ
ठूंठ बने जीवन पिंजरे से
मुक्ति की आशा छोडकर भ्रम में
आती कोयलों के राग की
मधुरिमाओं को भुलाकर
अनिश्चितता में डूब कर
सुंदर वसंत को भूलने के लिए
शिशिर से मैं मांगता हूँ माफी
ए समय !!
तेरा हर ऋतु जब मुझे आवाज़ देता रहा
कहीं मैंने खो दिया अपने भीतर की कोमलता
यदि तुम क्षमा नहीं करोगे तब भी
मैं स्वयं को नए रूप में
पुनः आरम्भ करने लिए
तैयार कर लूँगा।

## जिन्दगी



रेणुका अग्रवाल
हैदराबाद

संवरते सँवरते संवर ही जायेगी।
ज़िन्दगी है ये निखर ही जायेगी।
गुमाँ न कर दौलत और जवानी का
बुढ़ापा आयेगा बिखर ही जायेगी।
हरेक को मिटटी मे मिलते देखा है
जिस्म की हरक़त मर ही जायेगी।
मिटटी का पुतला मिटटी मे मिलेगा
अंत मे चिता मे जलकर ही जायेगी।
छोटे से ओहदे पर कितना ग़ुरूर है
तेरी करनी तेरे सर ही जायेगी।
ख़ुदा का खौफ किसी को रहा नहीं
तेरी हरकतें मां को मारकर ही जायेगी।
शर्म से झुक गया नाम खानदान का
बहु आई बेटा छीन कर ही जायेगी।


## कलियुग



डॉ डी डी देसाई

हवाओं की तरह अब इश्क़जादे भी...
पल पल मंजिलें बदलने लगे है ।
एक रिश्ता टुटा नहीं कि....
दूसरा...तीसरा...जोड़ने लगे हैं ।
खिलौने तो हैं अब दुकानों की शानोशौकत,
लोग तो अब रिश्तों से खेलने लगे हैं ।
जी जान लगाई हमने हर रिश्ता बचाने के लिए,
रिश्तेदार हम ही को मुजरिम ठहराने लगे हैं ।
कसूर यह था हमारा कि... हम बेकसूर थे,
कसूरवार ही हमें कटघरे में खींचने लगे हैं ।
न दलिलें पेश हुई...न ही सबूत माँगे गए,
सफेदपोषी ही कैदखाने बनवाने लगे हैं ।
हम पिलाते रहे दूध ताउम्र उन्हें....
हमारी आस्तीन के साँप हमें ही डसने लगे हैं ।
हर फंदा कुतरने के लिए हम दीमक तक बने,
और ज़माने हम ही को जल्लाद कहने लगे हैं ।
यह युग नहीं जनाब...घोर कलियुग हैं...
बदनाम को ही नामचीन कहने लगे हैं ।

## आजादी का उत्सव



डॉ संजुला सिंह
जमशेदपुर

आया अनूठा पर्व यह स्वतंत्र होने का त्योहार,
आजादी का उत्सव हमें ये सिखलाता है प्यार ।
धर्म,संस्कृति,सभ्यता से रखेंगे हरदम प्रीत'
होंगे सफल हर क्षेत्र में
फिर होगी हमारी जीत ।
हिंद देश के वासी हैं हम
हिंद पे मिटना काम,
कुछ भी ऐसा नहीं करेंगे
जो हो जाएं बदनाम ।
चाहे हमारे रंग अलग हों चाहे अलग हों रूप,
फिर भी हम सब मिलके रहेंगे
फिर दिखेगा नवल स्वरूप ।
बोली-भाषा कितने भी जुदा पर मिशन हमारा एक,
अलग- अलग प्रारूप हमारा पर देश हमारा एक ।
आंच कभी ना आने देंगे अपने देश की शान पे,
पड़ी जरूरत मिट जाएंगे भारत माता की आन पे ।
देश हमारी गौरव गाथा है यही मेरी पहचान,
भारत मां के हम बच्चे हैं है यही हमारी शान ।
दुशमन कितने भी शातिर हों हम रहेंगे सब होशियार,
देख हमारी होशियारी रिपु डालेंगे हथियार ।
गर्व करेगी भारत माता अपने देश के लाल पे,
होगा बड़ा अभिमान उन्हें भारत वासी के चाल पे ।
आजादी का उत्सव हम सब मना रहे हैं शान से,
चौड़ी छाती कर घूम रहे हैं वीर शहीदों के परिणाम से।

## तेरी खामोशी है आस पास मेरे



संजीव ठाकुर,
रायपुर

नाजुक से एहसास है मेरे,
ऐसे कुछ पल खास है मेरे।
तेरी खुशबू का नम एहसास
जैसे तू कहीं आसपास हैं मेरे।
भीगी सांसें जब आई मुझ तक,
ओंठों की नमी लाई है पास मेरे।
जान कर भी जान न पाया तुझें,
तेरी खामोशी है आस पास मेरे।
शर्माया सूरज जुल्फों में छुप गया,
चांद के खुशनुमा पल हैं साथ तेरे।
जमाने ने जी भर के रुलाया मुझे,
खुशी के पल देने आया पास मेरे।

## थोड़ा-सा अपने लिए



प्रियंका सौरभ

हर सुबह किसी और के लिए जगते हैं,
हर शाम किसी और के लिए थकते हैं।
अपनी चाहतों को टालते-टालते,
कब उम्र की धूप ढलने लगे,पता ही नहीं चलता...
ज़रा-सा ठहरो,
अपने दिल की भी सुनो।
खुद से भी कोई वादा करो,
कि एक दिन नहीं,
हर दिन में कुछ पल
अपने लिए ज़रूर रखोगे।
दुनिया के पीछे भागते-भागते,
हम खुद से ही दूर हो जाते हैं।
जो हंसना चाहते थे,
वो हंसी किसी को दिखाने में खो देते हैं।
ये ज़िंदगी —किस मोड़ पर सांस थमा दे,
कोई नहीं जानता।
तो क्यों न जी लिया जाए
वो सपना, जिसे कल पर टाल रखा है?
लोग कहते हैं —
समय नहीं मिलता
पर सच तो ये है कि
हम खुद को समय देना भूल जाते हैं।
आज से,थोड़ा-सा अपने लिए भी जीना शुरू करो।
क्योंकि जब परदा गिरेगा,
तालियाँ तो बहुत मिलेंगी...
पर अफ़सोस भी होगा
कि मंच पर अपनी कहानी अधूरी छोड़ दी।

स्वतंत्र वार्ता
काव्य कुंज ब्लॉग
AGA. Publications, Ltd.
396, Lower Tankbund,
Hyderabad-500080



# पूजा पाल भाजपा का दामन थामेंगी

## पूजा पाल को सपा से क्यों निकाला गया?

- राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग कर जताया था विरोध
- 2022 में समाजवादी पार्टी के टिकट पर जीता था चुनाव



- सीएम योगी की तारीफ की तो पार्टी ने किया निष्कासित
- राजनीतिक गलियारे में भाजपा का दामन थामने की चर्चा

कौशांबी जिले की चायल विधानसभा सीट से समाजवादी पार्टी विधायक पूजा पाल को आखिरकार पार्टी से बाहर का रास्ता दिखा दिया गया है। पिछले साल राज्यसभा चुनाव में उन्होंने भाजपा के पक्ष में वोटिंग की थी। उस समय से अब तक उन पर कोई कार्रवाई नहीं की गई थी। विधायक और हाईकमान के बीच तल्खियां तो काफी दिन से चली आ रही थीं। लेकिन बृहस्पतिवार को जब विधायक पूजा पाल ने सदन में खुलकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तारीफ की तो सपा अध्यक्ष ने निष्कासन पत्र भिजवा दिया। अब राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि बसपा, सपा के बाद पूजा किसी नई पार्टी का दामन थाम सकती हैं। राज्यसभा चुनाव में सपा के सात विधायकों ने क्रॉस वोटिंग की थी। अप्रैल 25 में विधायक मनोज पांडेय, अभय सिंह और राकेश सिंह को पार्टी से बाहर किया गया लेकिन पूजा पाल पर पार्टी ने कोई कार्रवाई नहीं की थी। उस समय पार्टी ने कहा था कि पूजा को सुधार का मौका दिया गया। लेकिन पर्दे की पीछे की बात यह थी कि पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक (पीडीए) के फार्मूला पर राजनीति कर रहे सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ऐसा कुछ नहीं करना चाहते थे कि पाल बिरादरी में कोई गलत संदेश चला जाए और भाजपा उसको भुना ले।

पूजा पाल 2022 के विधानसभा चुनाव में चायल सीट से सपा के टिकट पर विधायक बनी थीं। उमेश पाल हत्याकांड के बाद पूजा का रुख बदलने लगा। वह भाजपा के करीब होने लगीं। उनके आचरण और बयानों को लेकर पार्टी में असंतोष बढ़ रहा था। लोकसभा चुनाव के दौरान भी उन्होंने भाजपा का साथ दिया। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, विधायक के आचरण की लगातार निगरानी की जा रही थी। निष्कासन के बाद पूजा पाल की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है। हालांकि, उन्होंने लखनऊ में खुलकर कहा कि अतीक के आपराधिक साम्राज्य का खात्मा कर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उन्हें न्याय दिलाया। इस मामले में सपा का दोहरा चरित्र सामने आया है। राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि पूजा पाल का भाजपा में जाना तय है। उन्हें मंत्री पद भी दिया जा सकता है। सपा में रहते हुए वह मंत्री नहीं बन सकती थीं। अब रास्ता साफ हो गया। सपा प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल का कहना है कि जो भी पार्टी विरोधी कार्य करेगा, उसे पार्टी से निष्कासित किया जाएगा। पूजा पाल पार्टी विरोधी गतिविधियों में लिप्त थीं, उन्हें सुधारने का अवसर जून माह में चेतावनी के साथ दिया गया था लेकिन कोई तब्दीली नहीं आई। इसलिए उन्हें बाहर का रास्ता दिखाना पड़ा है। कौशाम्बी में तीनों विधानसभा सीटों पर सपा का कब्जा रहा लेकिन उसके दो विधायकों ने बगावत की राह चुन ली थी। अपना दल कमेरावादी की नेता पल्लवी पटेल सिराथू से सपा के टिकट पर विधायक बनीं। पिछले लोकसभा चुनाव में टिकट को लेकर उनकी भी पार्टी से ठन गई। तब से वह भी पार्टी से दूरी बनाए हुए हैं। हालांकि, अभी उन्होंने अपना रुख अस्पष्ट नहीं किया है। राजनीतिक हलकों में इसे सपा के भीतर बढ़ते असंतोष और आगामी चुनावी समीकरणों में बदलाव के संकेत के रूप में देखा जा रहा है। कौशांबी जिले की तीन विधानसभाओं में तीनों पर सपा का कब्जा है। विधानसभा चायल से पूजा पाल, सिराथू से पल्लवी पटेल और मंझनपुर से इंद्रजीत सरोज विधायक हैं। वहीं प्रयागराज की 12 विधानसभा क्षेत्रों में चार पर सपा का कब्जा है। विधानसभा हंडिया से हाकिमलाल बिंद, मेजा से संदीप पटेल, सोरांव से गीता पासी, प्रतापपुर से विजमा यादव विधायक हैं। विधायकों का कहना है कि पूजा पाल सिर्फ चुनाव जीतने के लिए सपा में आई थीं।

# कुत्तों की नसबंदी क्यों नहीं ?



सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली-NCR क्षेत्र के बेसहारा कुत्तों को पकड़कर शेल्टर होम में रखने का आदेश दिया था। हालांकि बाद में सुप्रीम कोर्ट ने आदेश को सुरक्षित रख लिया, लेकिन स्ट्रे डॉग्स को लेकर देश में अभी भी चर्चा जारी है। कुत्तों की नसबंदी कार्यक्रम की विफलता का भी जिक्र छिड़ गया है। दरअसल चेन्नई में 1966 में पहला मुफ्त पशु नसबंदी क्लिनिक खुलने के तीस साल बाद, ब्लू क्रॉस इंडिया नामक एक पशु कल्याण चैरिटी ने चेन्नई नगर निगम को पशु जन्म नियंत्रण (एबीसी) कार्यक्रम शुरू करने के लिए राजी किया।

यह कार्यक्रम इतना सफल रहा कि केंद्र सरकार ने 2001 में इसे राष्ट्रीय कार्यक्रम बना दिया। लेकिन, जैसा कि हम सभी जानते हैं, इसका नतीजा यह हुआ कि कई राज्यों में आवारा कुत्तों की आबादी बढ़ती रही, कुत्ते के काटने के मामले बढ़ते गए और संकट गहराता गया। इस समस्या से निपटने के लिए कई प्रयास किए जा रहे हैं, जिनमें टीकाकरण, नसबंदी और सामुदायिक भागीदारी शामिल हैं। हालांकि, इन प्रयासों में धन की कमी, कर्मचारियों की कमी और कानूनी अड़चनें जैसी कई बाधाएं हैं।

पशु जन्म नियंत्रण कार्यक्रम को भारत में आवारा कुत्तों की बढ़ती आबादी और उनसे होने वाली समस्याओं से निपटने के लिए शुरू किया गया था। लेकिन, यह कार्यक्रम कई कारणों से सफल नहीं हो पाया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की पूर्व मुख्य वैज्ञानिक सौम्या स्वामीनाथन ने कहा, 'कार्यक्रम में धन और कर्मचारियों की कमी है, जिसमें एनिमल डॉक्टर्स भी शामिल हैं, साथ ही बुनियादी ढांचे की भी कमी है।' उन्होंने कहा कि टीबी नियंत्रण या अंधापन नियंत्रण जैसे स्वास्थ्य कार्यक्रमों के विपरीत, इस कार्यक्रम में किसी को जवाबदेह नहीं ठहराया जाता है।'

कसौली में केंद्रीय औषधि नियंत्रण प्रयोगशाला के पूर्व प्रमुख सुरिंदर सिंह ने कहा, 'मैंने देखा कि कार्यक्रम कैसे बहुत उत्साह के साथ शुरू हुआ, लेकिन, पहले कुछ वर्षों के बाद, उत्साह फीका पड़ गया क्योंकि उनके पास उन्हें बनाए रखने के लिए पर्याप्त धन या बुनियादी ढांचा नहीं था।' उन्होंने कहा, शुरुआत में, डॉग पाउंड में खराब स्टाफिंग और बुनियादी ढांचे के कारण पशु कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। इससे केंद्र ने NGOs के साथ मिलकर मानक संचालन प्रक्रियाएं शुरू कीं। कार्यकर्ताओं का कहना है कि इससे कुत्तों के साथ मानवीय व्यवहार सुनिश्चित हुआ, लेकिन अधिकारियों का दावा है कि इससे कानूनी उलझनें और लाल फीताशाही शुरू हो गई, जिससे नसबंदी के प्रयास धीमे हो गए।

पटना में पिछले दो वर्षों से कोई नसबंदी अभियान नहीं चलाया गया है। पटना नगर निगम ने आवारा जानवरों की नसबंदी के लिए एक बाहरी एजेंसी को काम पर रखा। एक NGO ने अदालत में जाकर काम को ऐसी एजेंसी को दिए जाने पर आपत्ति जताई जो भारतीय पशु कल्याण बोर्ड द्वारा प्रमाणित नहीं थी। पटना नगर निगम के पूर्व स्थायी समिति सदस्य और वार्ड 38 के पार्षद आशीष सिन्हा ने कहा, 'नागरिक निकाय ने निविदा रद्द कर दी, उसके बाद, कोई भी निविदा सफल नहीं हुई है।'ओडिशा में, एनिमल ऐक्टिविस्ट ने राज्यभर में जन्म नियंत्रण सर्जरी में कुप्रबंधन का आरोप लगाते हुए ओडिशा उच्च न्यायालय में जाने के बाद कार्यक्रम रोक दिया गया।पशु कल्याण के उप निदेशक एस के सामंतराय ने कहा कि 2020 और 2023 के बीच, भुवनेश्वर, कटक, राउरकेला, संबलपुर और पुरी जैसे शहरों में 47,880 कुत्तों (पुरुष और महिला) की नसबंदी की गई। उन्होंने कहा, 'ABC को फिर से शुरू करने के लिए, संबंधित नागरिक निकाय को पशु कल्याण बोर्ड से एक परियोजना प्रमाण पत्र प्राप्त करने की आवश्यकता है।'इसके अतिरिक्त, जैसे-जैसे शहरों ने अपनी सीमाएं बढ़ाईं, कुत्तों की संख्या, जिनमें बिना नसबंदी वाले कुत्ते भी शामिल थे, बढ़ गई। लखनऊ के पशु कल्याण अधिकारी डॉ. अभिनव वर्मा ने कहा, 'सड़क कुत्तों की आबादी में वृद्धि हुई है, मुख्य रूप से हमारी नगरपालिका सीमाओं के विस्तार के कारण' उन्होंने कहा, 'हमारे ABC कार्यक्रम के बिना, आबादी काफी अधिक होती।'

विशेषज्ञों का कहना है कि भारतीय आवारा कुत्तों में प्रजनन क्षमता की शुरुआती शुरुआत के लिए आनुवंशिक प्रवृत्ति जनसंख्या वृद्धि में एक महत्वपूर्ण कारक है। आवारा कुत्ते आमतौर पर 6 से 9 महीने की उम्र के बीच यौन परिपक्वता तक पहुंच जाते हैं और प्रजनन करना शुरू कर देते हैं। जबकि एक मादा कुत्ता आमतौर पर साल में एक या दो बार बच्चे पैदा कर सकती है, पिल्लों की संख्या औसतन चार से छह के बीच होती है। यह संख्या कुत्ते के स्वास्थ्य, उम्र और पर्यावरणीय परिस्थितियों से प्रभावित हो सकती है।

आज कई राज्य मानते हैं कि कुत्तों की आबादी बढ़ गई है, लेकिन अधिकांश ने गिनती नहीं रखी है।




15 अगस्त को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत के परमाणु समेत अन्य स्वच्छ ऊर्जा कार्यक्रमों को लेकर बहुत ही दूरगामी योजनाओं का खुलासा किया है। उन्होंने कहा कि देश ने परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में बड़ा सुधार किया है और देश को ऊर्जा स्वतंत्रता की ओर ले जाने के लिए इस क्षेत्र को प्राइवेट सेक्टर के लिए भी खोल दिया है। पीएम मोदी ने स्वतंत्रता दिवस पर राष्ट्र के नाम संबोधन में बताया है कि 10 नए न्यूक्लियर रिएक्टर पर काम जारी है और भारत 2047 तक परमाणु ऊर्जा उत्पादन क्षमता को 10 गुना से ज्यादा बढ़ाने की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

पीएम मोदी ने लाल किले से अपने 12वें संशोधन में कहा, 'भविष्य की ऊर्जा आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए, भारत परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में भी बड़े कदम उठा रह है।' इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए निजी क्षेत्र के साथ सक्रिय भागीदारी करने के नजरिए से मौजूदा वित्त वर्ष के केंद्रीय बजट में परमाणु ऊर्जा अधिनियम और परमाणु क्षति के लिए नागरिक दायित्व अधिनियम में संशोधन लाने का प्रस्ताव लाया गया था।

पहले यह दोनों ही कानून सरकारी परमाणु ऊर्जा केंद्रों की स्थापना के लिए लाए गए थे। लेकिन, विकसित भारत 2047 के विजन की प्राप्ति के लिए स्वच्छ ऊर्जा की जरूरतों को देखते हुए, अब इस क्षेत्र में प्राइवेट सेक्टर को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता को देखते हुए नए कदम उठाए जा रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा, 'पेट्रोल, डीजल और गैस की हमारी जरूरतों के लिए हम कई देशों पर निर्भर हैं...ऊर्जा में देश को आत्मनिर्भर बनाना महत्वपूर्ण है।'

प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया है कि युवाओं के बेहतर भविष्य और किसानों के कल्याण के लिए ऊर्जा के क्षेत्र में स्वतंत्रता बहुत ही आवश्यक है। उन्होंने कहा, 'रिफॉर्म लगातार चलने वाली प्रक्रिया है। समय की प्रगति के हिसाब से और जो भी परिस्थितियां बनती हैं, हमें सुधार करते रहने की आवश्यकता होती है।' प्रधानमंत्री बोले कि जब विश्व ग्लोबल वार्मिंग पर बहस कर रहा है, भारत ने स्वच्छ स्रोतों से अपनी 50% ऊर्जा प्राप्त करने का अपना लक्ष्य 2025 में टाइमलाइन से पांच वर्ष पहले ही प्राप्त कर लिया है। प्रधानमंत्री के अनुसार 11 वर्षों में सौर ऊर्जा की क्षमता में 30 गुना की बढ़ोतरी हुई है। यही नहीं, भारत स्वच्छ ऊर्जा के लिए हाइड्रो पावर की अहमियत देखते हुए नए डैम बना रहा है और हाइड्रोजन मिशन में भी निवेश कर रहा है।

# कुत्ते के काटने का वो कभी ना भूलने वाला सबक



आवारा जानवरों की समस्या एक गंभीर मुद्दा है। इससे इंसानों और जानवरों दोनों को परेशानी होती है। सरकार और NGO को मिलकर इस समस्या का समाधान निकालना होगा। जानवरों की नसबंदी से उनकी आबादी को नियंत्रित किया जा सकता है। टीकाकरण से उन्हें बीमारियों से बचाया जा सकता है।

मुझे याद है, मैं 8 साल का थी, तब मैं एक पिल्ला घर लाई थी। मेरे पिताजी नहीं चाहते थे कि मैं पिल्ला लाऊं। मैं कई दिनों तक अपने माता-पिता से विनती करता रही।हमारे पड़ोस में एक देसी फीमेल डॉग ने बच्चे दिए थे। मैं चाहता थी कि उनमें से एक पिल्ला मुझे मिल जाए, पर मेरे पिताजी बिल्कुल नहीं मान रहे थे। फिर एक दिन मेरी मां ने धीरे से कहा, 'बस एक को घर ले आओ, वो क्या कर लेंगे?' मां के साथ मिलकर मैंने एक योजना बनाई। मैं एक पतला सा, भूरे रंग का पिल्ला घर ले आई। मैंने उसका नाम 'डॉग्गी' रखा। यह नाम उतना अच्छा नहीं था, पर मैं उसे बहुत प्यार करता थी। मेरे पिताजी भी, जो पहले उसे घर लाने के खिलाफ थे, उसे अपने बच्चे की तरह मानने लगे। जल्द ही, दोनों बहुत अच्छे दोस्त बन गए। मैं आज भी अपने पिताजी को मजाक करती हूं कि मेरे फैसले उनसे बेहतर होते हैं।

जब डॉग्गी मर गया, तो मुझे बहुत दुख हुआ। कुछ सालों बाद, मैं दिल्ली में हाई स्कूल की पढ़ाई करने चली गई। वहां मुझे शहर के आवारा कुत्ते बहुत पसंद आने लगे। मैं जब भी उन्हें देखती, तो उन्हें प्यार करने के लिए रुक जाती। चाहे वो पार्क हो, स्कूल के पास हो, या कोई और जगह हो, उनकी हिलती हुई पूंछ डॉग्गी की कमी को थोड़ा कम कर देती थी। मेरे बड़े भाई-बहन मुझे अक्सर डांटते थे, पर मैं उन्हें अनदेखा कर देती थी। मैं कहता थी कि 'अगर आप इनसे प्यार से पेश आएंगे, तो ये अटैक नहीं करेंगे, पर मैं गलत थी।'

साल 2019 में, मुझे कुत्ते ने काटा। एक बार नहीं, बल्कि छह महीने के अंदर दो बार। पहली बार, मैं पार्क से वापस आ रही थी। तभी एक कुत्ता मेरी टांग पर झपटा। मैं जल्दी से एक अस्पताल गई, उन्होंने मुझे टिटनेस का इंजेक्शन लगाया। उन्होंने मुझे घंटों इंतजार करवाया। फिर बताया कि उनके पास एंटी रेबीज वैक्सीन नहीं है। वे मुझे यह बात पहले भी बता सकते थे, पर उन्हें 24 घंटे के अंदर वैक्सीन लगवाने की आवश्यकता समझ नहीं आई।

मैं तुरंत दूसरे अस्पताल गई, पर उनका कोल्ड स्टोरेज सिस्टम खराब था। मेरे पास कोई और विकल्प नहीं था। इसलिए मैं अगली सुबह सफदरगंज अस्पताल के एनिमल बाइट सेंटर गई। वह सेंटर एक बड़े हॉल में था। वहां लगभग 100 लोग थे, पर बैठने के लिए 10 से भी कम कुर्सी थीं।

वैक्सीन लगाने के लिए सिर्फ एक डेस्क थी। मैंने एक रजिस्टर में अपना नाम लिखा और लाइन में इंतजार करने लगी। मैंने लोगों से बातें कीं। मैंने छोटे बच्चों को देखा जिनके चेहरे पर गहरे घाव थे और भी लोग थे जिन्हें कुत्तों के अलावा बंदरों ने भी काटा था।

डॉक्टर ने टीकाकरण करते समय लापरवाही बरती। डॉक्टर ने घाव की जांच नहीं की और न ही उसे साफ किया। उन्होंने टिटनेस की स्थिति भी नहीं देखी। मैं बस उनके लिए एक और आंकड़ा थी जिसे टिक मार्क करना था। डॉक्टर ने कोई सुझाव भी नहीं दिए। बार-बार अस्पताल जाने के बाद मैंने देखा कि गरीब लोगों को इलाज कराने में कितनी परेशानी होती है। हमें लोगों और जानवरों दोनों की जान बचाने के लिए काम करना चाहिए। सरकार और समाज को मिलकर आवारा जानवरों की नसबंदी और टीकाकरण करवाना चाहिए। इससे लोगों को भी खतरा नहीं होगा और जानवरों को भी बचाया जा सकेगा।

भारतीय पशु कल्याण बोर्ड ने कुत्तों की नसबंदी, सर्जरी के बाद प्रबंधन और टीकाकरण के लिए 1,650 रुपये तक की सिफारिश की है - जिसमें कुत्ते पकड़ने वालों के लिए प्रति कुत्ता 200 रुपये शामिल हैं।

भारतीय सेना के पूर्व लेफ्टिनेंट कर्नल और पशु चिकित्सक डॉ. हरीश कुमार तिवारी ने कहा, 'अगर सरकार को देश में अनुमानित 60 मिलियन कुत्तों के लिए नसबंदी के लिए धन देना है तो हम घास खाएंगे।' जबकि पशु चिकित्सक और वैज्ञानिक केवल मादा कुत्तों की नसबंदी जैसे कदमों का सुझाव दे रहे हैं, तिवारी जैसे विशेषज्ञों का कहना है कि सरकार को समुदाय को शामिल करना चाहिए और लोगों और संगठनों को कुत्तों को गोद लेने और जिम्मेदार मालिक बनने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए।

# क्या पाकिस्तान बलूचिस्तान को 'आयल वॉर' का मैदान बना रहा है ?

**रामस्वरूप रावतसरे**

अमेरिका ने बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी और उससे जुड़ी मजीद ब्रिगेड को आतंकी संगठन घोषित कर दिया है। इससे पहले पाकिस्तान के तेल भंडार को विकसित करने के लिए अमेरिका पहले ही समझौता कर चुका है। बलूचिस्तान में पाकिस्तान का तेल और गैस भंडार है जिसका नए सिरे से दोहन करने की तैयारी बताई जा रही है। बीएलए अपने इस इलाके के आर्थिक शोषण का लम्बे समय से विरोध करता रहा है।

अमेरिका ने पाकिस्तान की मुराद पूरी कर दी है। उसने बलूच लिबरेशन आर्मी यानी बीएलए और मजीद ब्रिगेड को विदेशी आतंकवादी संगठन घोषित कर दिया है। इसकी घोषणा 11 अगस्त 2025 को अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने की। अमेरिका अब इन संगठनों की हर एक्टिविटी पर प्रतिबंध लगा देगा। अमेरिका स्थित संगठन के सदस्यों की संपत्तियों को जब्त कर सकता है। अमेरिकी विदेश विभाग के मुताबिक, ये कदम आतंकवाद पर अमेरिकी सख्ती को दिखाता है। दरअसल बलूच विद्रोहियों पर एक्शन लेने की माँग पाक आर्मी चीफ ने विश्व समुदाय से की थी। अमेरिकी आतंकवाद के टैग को खारिज करते हुए बलूच समूहों ने इसे आत्मनिर्णय की लड़ाई बताया है क्योंकि ट्रम्प के पाकिस्तान तेल समझौते से इस क्षेत्र में अमेरिका की और अधिक भागीदारी की आशंका बढ़ गई है जो पहले से ही संसाधन दोहन और राजनीतिक अशांति से ग्रस्त है।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में पाकिस्तान के 'तेल भंडार' को संयुक्त रूप से विकसित करने के लिए इस्लामाबाद के साथ एक नए व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। यह घोषणा भारतीय आयातों पर 25 प्रतिशत टैरिफ और अतिरिक्त दंड के पहले दौर की घोषणा के कुछ ही घंटों बाद हुई थी। दिलचस्प बात यह है कि ट्रंप ने दावा किया कि किसी दिन पाकिस्तान भारत को तेल बेच सकता है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में ट्रंप ने कहा, "हमने अभी-अभी पाकिस्तान के साथ एक समझौता किया है, जिसके तहत पाकिस्तान और अमेरिका अपने विशाल तेल भंडार को विकसित करने के लिए मिलकर काम करेंगे। कौन जाने, शायद वे किसी दिन भारत को भी तेल बेचेंगे!"

बलूचिस्तान वो इलाका है जो पाकिस्तान को ईरान और अफगानिस्तान से जोड़ता है। बलूचिस्तान को अलग देश बनाने की माँग होती रही है/ हो रही है। ये पाकिस्तान का सबसे बड़ा हिस्सा है। पाकिस्तान ने बलूचियों के साथ काफी दुर्व्यवहार किया जाता रहा है। पाकिस्तानी फौज की दमनकारी नीति, आर्थिक और सामाजिक शोषण की वजह से बलूचिस्तानी की आजादी की माँग को लेकर बलूच लिबरेशन आर्मी का गठन किया गया। इससे जुड़ा माजिद ब्रिगेड भी है। 1948 में पाकिस्तान ने इस प्रांत को जबरन अपने में मिला लिया था। ये पाकिस्तान का सबसे बड़ा प्रांत है, लेकिन आबादी सबसे कम है। 2023 की जनगणना के मुताबिक पाकिस्तान की आबादी करीब 24 करोड़ है, लेकिन बलुचिस्तान की आबादी मात्र 1.5 करोड़ है।

बलूच 1948 से ही पाकिस्तान से आजादी की माँग करते आ रहे हैं। उनके राजा को धोखा देकर पाकिस्तान ने इलाके पर कब्जा किया था। दरअसल जब भारत का बँटवारा हुआ और प्रांतों को भारत या पाकिस्तान या फिर आजाद रहने का विकल्प दिया गया तो बलूचिस्तान ने फैसला नहीं लिया था कि उसे किसके साथ जाना है या अलग मुल्क बन कर रहना है। इसी स्थिति का फायदा उठाकर पाकिस्तान ने राजा अहमद यार खान को मजबूर किया कि वह पाकिस्तान में अपने 'रियासत कलात' का विलय कर दें। हालाँकि इसके खिलाफ पहला विद्रोह 1948 में ही हो गया था।

बलूचियों की माने तो पाकिस्तानी सरकार ने अब तक सिर्फ इस प्रांत को लूटा है और स्थानीय लोगों की उपेक्षा की है। मिनरल्स से भरपूर इस प्रांत में कोयला,सोना, तांबा, गैस की बहुतायत है। फिर भी पाकिस्तान जैसे भिखारी देश का ये सबसे गरीब इलाका है। आज भी पाकिस्तान का सबसे बड़ा बंदरगाह ग्वादर इसी क्षेत्र में है। ये चीन पाकिस्तान आर्थिक गलियारा यानी सीपीईसी के लिए काफी अहम है।

बलूचिस्तान के सुई इलाके में 1950 के ही दशक में गैस का पता चला था। इस गैस की लूट मचा दी गई।

# दही हांडी की परंपरा कैसे शुरू हुई?



**कब मनाया जाता है दही हांडी का पर्व**

**दही हांडी का पर्व भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव के अगले दिन भाद्रपद माह के कृष्ण पक्ष की नवमी तिथि को मनाया जाता है। इस साल यह पर्व 17 अगस्त को मनाया जाएगा। बता दें, यह पर्व खासतौर पर महाराष्ट्र, गुजरात, मथुरा, वृंदावन और गोकुल में यह पर्व पूरे जोश और उत्सव के साथ मनाया जाता है।**

दही हांडी का त्योहार जन्माष्टमी के त्योहार के एक दिन बाद ही मनाया जाता है। जहां जन्माष्टमी के दिन भगवान विष्णु के अवतार श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव मनाया जाता है। इसी के बाद कान्हा की बाल लीलाओं पर समर्पित दही हांडी का आयोजन दूसरे दिन किया जाता है।

कब है दही हांडी

शास्त्रों के अनुसार भगवान कृष्ण का जन्म भाद्र मास के अष्टमी तिथि की रात को हुआ था। जिसके दूसरे दिन दही हांडी का त्योहार है। इस बार दही हांडी 17 अगस्त को मनाई जाएगी। दही हांडी के मौके पर लोग एक-दसूरे पर चढ़कर 'ह्यूमन पिरामिड' जैसी श्रृंखला बनाकर रस्सी से बंधी हांडी तक पहुंचकर उसे फोड़ते हैं। उस हांडी में मक्खन या दही रखी जाती है। यह उत्सव पूरे देश में बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है।

**दही हांडी मनाने का कारण**

इसे मनाने के कारण कारण माना जाता है कि कान्हा को माखन पसंद होना। जब श्रीकृष्ण नंद गांव में रहते थें। बचपन के दिनों में वह अपने दोस्तों के साथ मिलकर पूरे गांव से दही चुराकर खाते हैं। जिसके कारण अपनी दोस्तों की मदद से हांडी तोड़नी पड़ती थी। इसी कारण हर साल दही हांडी का त्योहार मनाया जाता है।

**सुरक्षा और सावधानियां**

दही हांडी के दौरान मानव पिरामिड की ऊंचाई और जोखिम को देखते हुए कई बार हादसे भी हुए हैं। आयोजकों को सलाह दी जाती है कि वे मजबूत रस्सियां, सुरक्षा जाल और प्रशिक्षित गोविंदाओं को ही शामिल करें। साथ ही, भीड़ प्रबंधन और मेडिकल सुविधाएं भी जरूरी हैं।

**क्या कहते हैं लोग?**

सोशल मीडिया पर लोग दही हांडी के वीडियो और तस्वीरें शेयर कर उत्साह जता रहे हैं। 'दही हांडी का उत्साह देखकर बचपन की यादें ताजा हो जाती हैं। गोविंदा आला रे!'दही हांडी न केवल एक धार्मिक परंपरा है,
बल्कि यह एक सामाजिक और सांस्कृतिक उत्सव भी है, जो श्रीकृष्ण की लीलाओं को जीवंत करता है।



**श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं से जुड़ा है दही हांडी का पर्व**

**देशभर में इस साल श्रीकृष्ण जन्मोत्सव यानी जन्माष्टमी 2025 का त्योहार 16 अगस्त को मनाया जा रहा है। लोग इस दिन कान्हा के दर्शन के लिए मंदिर जाते हैं, व्रत रखते हैं और झांकियां बनाकर लड्डू गोपाल का जन्म का उत्सव मनाते हैं। जन्माष्टमी के अगले दिन एक और रंगारंग परंपरा होती है, जिसे दही हांडी (Dahi Handi) के नाम से जाना जाता है। बता दें, दही हांडी का इतिहास भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं से जुड़ा हुआ है।**

**श्री कृष्ण को दूध, दही और माखन बहुत पसंद था। इसीलिए श्रीकृष्ण अपने मित्रों के साथ मिलकर अपने पड़ोसियों से घर से माखन चुराते थे और खाते थे। इसी वजह से कृष्ण जी को माखन चोर भी कहा जाता है. श्रीकृष्ण की माखन चोरी की आदत से परेशान होकर गोपियों ने अपने घर की माखन की हांडी को ऊंचाई पर बांधना शुरु कर दिया था। लेकिन श्रीकृष्ण ने अपनी टोली बनाकर गोपियों के इस कोशिश को भी नाकाम कर दिया। इसी वजह से दही हांडी का उत्सव मनाते हैं। श्री कृष्ण अपने बाल रुप में बहुत नटखट थे, उनके इसी नटखट रुप और शरारतों को याद करते हुए दही हांडी का उत्सव मनाया जाता है।**

# आज है सिंह संक्रांति, महा पुण्यकाल में होगा स्नान-दान



सिंह संक्रांति का पर्व 17 अगस्त दिन रविवार को है. सूर्य देव जब अपनी ही राशि सिंह में जिस समय प्रवेश करेंगे, उस समय सिंह संक्रांति होगी. सिंह राशि में सूर्य का गोचर होगा. सिंह संक्रांति के दिन स्नान और दान करने का महत्व है. ऐसा करने से पुण्य लाभ होता है, पाप मिटते हैं. इस बार सिंह संक्रांति का स्नान और दान महा पुण्यकाल में होगा. इस अवसर पर सूर्य से जुड़ी वस्तुओं का दान करते हैं. आइए जानते हैं सिंह संक्रांति के महा पुण्यकाल, स्नान दान समय और प्रभाव के बारे में.

**सिंह संक्रांति की तारीख**

दृक पंचांग के अनुसार, सूर्य देव 17 अगस्त को 2:00 एएम पर सिंह राशि में गोचर करेंगे. उस समय सिंह संक्रांति का क्षण होगा. सिंह संक्रांति के दिन भाद्रपद माह के कृष्ण पक्ष की नवमी तिथि है. इस दिन व्याघात योग और रोहिणी नक्षत्र है.

**सिंह संक्रांति का महा पुण्यकाल**

इस बार सिंह संक्रांति का महा पुण्यकाल 2 घंटे का है. महा पुण्यकाल का प्रारंभ सुबह 05 बजकर 51 मिनट से होगा और यह सुबह 08 बजकर 03 मिनट तक रहेगा.

सिंह संक्रांति के दिन का पुण्यकाल 6 घंटे 34 मिनट तक है. उस दिन पुण्यकाल सुबह में 5 बजकर 51 मिनट से शुरू होगा और दोपहर में 12 बजकर 25 मिनट तक रहेगा.

सिंह संक्रांति का स्नान-दान मुहूर्त सिंह संक्रांति के अवसर पर स्नान और दान महा पुण्यकाल में करन उत्तम है. इस दिन आप स्नान और दान सुबह 05:51 बजे से सुबह 08:03 बजे के बीच कर सकते हैं. जो लोग किसी कारणवश इस समय में स्नान और दान नहीं कर सकते हैं, तो वे पुण्यकाल में कर सकत हैं. इसमें आपको सुबह से दोपहर 12:25 बजे तक का समय मिलेगा.

**गर्दभ पर सवार हो उत्तर में गमन करेंगे सूर्य देव**

इस सिंह संक्रांति का नाम राक्षसी है. भगवान सूर्य का वाहन गर्दभ है. वे गुलाबी वस्त्र पहने, हाथ में दंड लिए, गर्दभ पर सवार होकर, दृष्टि ईशान कोण में रखे, कांसे के पात्र में पकवान खाते हुए उत्तर दिशा में गमन करेंगे. उनकी मुद्रा हास्य की होगी. इस दिन सूर्य देव को केतकी का फूल अर्पित करें.

**सिंह संक्रांति का प्रभाव**

यह सिंह संक्रांति पशुओं के लिए ठीक होगी. उम्मीद है कि सिंह संक्रांति में वस्तुओं की कीमतें कम हों. हालांकि इस समय में भी देशों के बीच झगड़े, विवाद बढ़ने की आशंका है. संघर्ष की स्थिति बनी रहेगी. बदलते हुए मौसम में लोग खांसी, सर्दी और जुकाम से परेशान हो सकते हैं.

**सिंह संक्रांति पर क्या दान करें?**

सिंह संक्रांति पर आप स्नान करने के बाद गेहूं, लाल चंदन, लाल फल, लाल फूल, केसर, लाल वस्त्र, तांबा, गुड़, घी आदि का दान करें. इस दिन पवित्र नदियों में स्नान करने से पाप मिटते हैं और पुण्य मिलता है. इन वस्तुओं के दान से कुंडली का सूर्य दोष मिटता है. सूर्य का शुभ फल प्राप्त होगा. इससे नौकरी, धन, धान्य, पिता से संबंधों में बढ़ोत्तरी होगी.

## प्रकृति रूठी तो स्वतंत्रता की बड़ी कीमत चुकानी होगी

जब हम अपनी स्वतंत्रता का उत्सव मना रहे होते हैं तब प्रकृति अपनी स्वतंत्रता की मांग कर रही होती है। मनुष्य को गुलामी पसंद नहीं, लेकिन वो प्रकृति को गुलाम बना रहा है। स्वबोध का अनुभव ही स्वतंत्रता है। हमने मनुष्यों की गुलामी को तो समाप्त कर दिया, पर मानसिक गुलामी रह गई।

आज हम सब कहीं ना कहीं डरे हुए हैं। अगर इस मौसम की बात करें तो पानी से। कहीं ना आने का डर, कहीं अधिक आने का डर। जमीन को ज्वर आ गया है। आसमान अशांत हो गया है। और लगातार प्राकृतिक विपदाओं की खबरें मिलती हैं, क्योंकि प्रकृति भी स्वतंत्रता चाहती है।

हमारा देश जिस तरह से विकास कर रहा है, कई ईर्ष्यालु मुल्क हमें घेरे खड़े हैं। हमारे विरोधी और प्रतिस्पर्धी देशों से तो हम निपट लेंगे, लेकिन प्रकृति से कैसे निपटेंगे? उसकी स्वतंत्रता को लेकर हम अत्यधिक गंभीर रहें, उसका सम्मान करें।

जब भी स्वतंत्रता दिवस मनाएं तो यह विचार प्रत्येक भारतीय को करना चाहिए कि मैं अपने तईं प्रकृति का मान करूंगा। अगर प्रकृति रूठी रही तो मनुष्य को अपने स्वतंत्र होने की बहुत बड़ी कीमत चुकानी पड़ेगी।

# अपनी तीसरी आंख क्यों नहीं खोलते थे कृष्ण
## जब दो बार खोली तो आ गई थी कयामत

क्या आपको मालूम है कि सर्वशक्तिमान भगवान कृष्ण के एक तीसरी आंख भी थी. जिसे वह नहीं खोलते थे. लेकिन दो बार ऐसे मौके आए जब उन्होंने अपनी तीसरी आंख खोल ली. तब पांडवों के ऊपर आती हुई कयामत बच गई. क्या थे वो दोनों मामले।कृष्ण के तीसरी आंख खोलने का एक प्रसंग महाभारत के कर्ण पर्व में आता है, जब वे अर्जुन को अपना विराट रूप दिखाते हैं. कुछ लोकप्रिय कथाओं और भागवत परंपराओं में इसका जिक्र है।

**तब कृष्ण ने तीसरी आंख खोली**

जब कर्ण और अर्जुन का युद्ध चल रहा था, तब कर्ण के पास इंद्र द्वारा दिया गया शक्तिशाली अस्त्र था, जिसे वह अर्जुन पर चलाने वाला था. कृष्ण जानते थे कि यह अस्त्र अर्जुन के लिए घातक हो सकता है. कहा जाता है कि तब कृष्ण ने अपनी तीसरी आंख खोली, जिसे दिव्य नेत्र कहा जाता है. जैसे ही वो आंख खुली, तो एक तेज प्रकाश निकला. इससे कर्ण का ध्यान भटक गया।

इसी क्षण का फायदा उठाकर अर्जुन ने कर्ण पर प्रहार किया. उसका वध कर दिया. लेकिन अगर उस दिन वो अस्त्र चल गया होता तो शायद अर्जुन नहीं बच पाते. कृष्ण की तीसरी आंख ब्रह्मांडीय शक्ति और दिव्य ज्ञान का प्रतीक है. इस घटना में कृष्ण ने अपने विष्णु स्वरूप का आभास दिया, जिससे कर्ण समेत सभी योद्धा विस्मित हो गए हालांकि ये बात अर्जुन पहले भी समझते थे लेकिन अब पुख्ता तौर पर उनकी समझ में आ गया कि कृष्ण सिर्फ एक सारथी नहीं, बल्कि खुद भगवान हैं।

**जब अश्वतथामा के खिलाफ तीसरा नेत्र खुला**

महाभारत में अश्वत्थामा और कृष्ण के बीच एक ऐसा ही एक प्रसंग आता है, जहां कुछ कथाओं में कृष्ण अपना तीसरा नेत्र खोलते हैं. यह घटना सौप्तिक पर्व (रात्रि हत्याकांड) के बाद घटी, जब अश्वत्थामा ने ब्रह्मास्त्र छोड़कर पांडवों के वंश को नष्ट करने का प्रयास किया था. पहले तो अश्वतथामा ने पांडवों के कैंप में घुसकर शिखंडी और पांचों पांडवों पुत्रों की हत्या कर दी. फिर वह वहां से निकल भागा।

**इससे बच गया पांडवों का वंश**

जब कृष्ण और पांडवों ने उसे खोज निकाला तो उसने पांडवों के समूचे वंश का नाश करने के लिए उत्तरा के गर्भ में पल रहे परीक्षित को मारने के लिए ब्रह्मास्त्र चलाया. ये अगर सही लक्ष्य पर लगता तो पांडवों का वंश खत्म हो जाता. बाद में इस गर्भ की रक्षा के बाद उत्तरा के गर्भ से परीक्षित ने जन्म लिया, जो फिर हस्तिनापुर का राजा बना. तब कृष्ण को इसे रोकने के लिए अपनी तीसरी आंख खोलनी पड़ी. जब कृष्ण ने अश्वत्थामा के ब्रह्मास्त्र को रोकने के लिए तीसरा नेत्र खोला, तो उसकी ऊर्जा से पृथ्वी कांप उठी थी. हरिवंश पुराण और क्षेत्रीय लोककथाओं के साथ महाभारत में भी ये बताया गया है कि कृष्ण ने अपनी दिव्य शक्ति प्रकट की और तीसरा नेत्र खोला. कृष्ण ने नरकासुर के वध के लिए भी अपना तीसरा नेत्र खोला था. उनके तीसरे नेत्र से निकली ब्रह्मांडीय ऊर्जा ने अश्वत्थामा के ब्रह्मास्त्र को निष्क्रिय कर दिया. इसके बाद अश्वतथामा ने समर्पण कर दिया. उसने अपनी मस्तक मणि कृष्ण को दे दी और वहां से चला गया. हालांकि इसी समय उसे ये



शाप भी मिला कि उसे कभी मुक्ति नहीं मिलेगी. वह पृथ्वी पर हमेशा भटकता रहेगा।

**कृष्ण अपना तीसरा नेत्र क्यों बंद रखते थे**

भगवान कृष्ण के तीसरे नेत्र (दिव्य नेत्र) को बंद रखने के पीछे गहरे आध्यात्मिक और लौकिक कारण थे. कृष्ण का तीसरा नेत्र ब्रह्मांडीय शक्ति, ज्ञान और विनाशक ऊर्जा का प्रतीक है. इसे शिव के तीसरे नेत्र (ज्ञान और प्रलय का स्रोत) और विष्णु के सुदर्शन चक्र (संहारक शक्ति) का मिलाजुला रूप माना जाता था।

कृष्ण का तीसरा नेत्र अनियंत्रित विनाश ला सकता था. जैसे शिव के तीसरे नेत्र से खुलने पर प्रलय आ सकती थी, वैसे ही कृष्ण की यह शक्ति समस्त ब्रह्मांड को क्षणभर में भस्म कर सकती थी. अगर कृष्ण अपना तीसरा नेत्र हमेशा खुला रखते तो उनकी दिव्यता मनुष्यों के लिए असहनीय हो जाती. कृष्ण ने मनुष्यों को यह सिखाया कि शक्ति का दुरुपयोग नहीं करना चाहिए।

**भगवान शिव ने कई बार खोला था तीसरा नेत्र**

पौराणिक कथा के अनुसार, जब भगवान शिव गहन ध्यान में थे, तब कामदेव ने देवी पार्वती के अनुरोध पर उनके ध्यान को भंग करने की कोशिश की. इससे शिव क्रोधित हो गए और उन्होंने अपनी तीसरी आंख खोल दी, जिसकी ज्वाला से कामदेव भस्म हो गए.

यह घटना बताती है कि तीसरी आंख क्रोध और अज्ञान के विनाश का प्रतीक है.

समुद्र मंथन के दौरान विष पीने के बाद: जब देवता और दानव मिलकर समुद्र मंथन कर रहे थे, तब उसमें से हलाहल नामक भयंकर विष निकला. यह विष पूरी सृष्टि को नष्ट कर सकता था. सृष्टि को बचाने के लिए भगवान शिव ने उस विष को पी लिया. यह विष उनके गले में रुक गया और उनका गला नीला पड़ गया, इसलिए उन्हें नीलकंठ भी कहा जाता है. इस घटना के बाद, जब विष का प्रभाव उनके शरीर पर हो रहा था, तब उन्होंने अपनी तीसरी आंख का उपयोग अपनी ऊर्जा को नियंत्रित करने के लिए किया।

एक और कथा के अनुसार, अंधकासुर नाम के एक असुर ने घोर तपस्या करके यह वरदान प्राप्त कर लिया था कि उसके शरीर से निकलने वाले रक्त की हर बूंद से एक और अंधकासुर पैदा हो जाएगा. जब वह भगवान शिव से युद्ध कर रहा था, तब शिव ने अपनी तीसरी आंख का उपयोग करके उसके रक्त को सोख लिया, जिससे नए असुर पैदा नहीं हुए और शिव ने उसका वध कर दिया.माता दुर्गा और माता काली को कभी-कभी उनकी संहारक शक्ति को दर्शाने के लिए तीसरी आंख के साथ दिखाया जाता है।

## जॉब इंटरव्यू के लिए जाते समय फॉलो करें ये टिप्स

**सही दिशा में निकलें**

वास्तु के अनुसार, घर से निकलते समय उत्तर या उत्तर-पूर्व दिशा की ओर मुंह करके निकलना शुभ होता है। यह दिशा सकारात्मक ऊर्जा और सफलता का प्रतीक है। इंटरव्यू के लिए निकलने से पहले, सुनिश्चित करें कि आपका पहला कदम इस दिशा में हो। इससे आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा और मानसिक शांति मिलेगी।

**हरे रंग का उपयोग करें**

वास्तु में हरा रंग समृद्धि और सकारात्मकता का प्रतीक है। इंटरव्यू के लिए कपड़े चुनते समय हल्के हरे रंग का टाई, दुपट्टा या बैग शामिल करें। यह रंग आपकी ऊर्जा को संतुलित रखता है और इंटरव्यूअर पर सकारात्मक प्रभाव डालता है। ध्यान रखें, रंग बहुत चटक नहीं होना चाहिए।

**साफ-सुथरे जूते पहनें**

वास्तु के अनुसार, साफ-सुथरे जूते पहनना आपके व्यक्तित्व में आत्मविश्वास और अनुशासन को दर्शाता है। गंदे या टूटे-फूटे जूते नकारात्मक ऊर्जा को आकर्षित करते हैं। इंटरव्यू के लिए अच्छी तरह से पॉलिश किए हुए काले या भूरे जूते चुनें। यह छोटा कदम आपकी छवि को बेहतर बनाएगा।

**सही समय पर निकलें**

वास्तु में समय का विशेष महत्व है। इंटरव्यू के लिए सुबह का समय सबसे शुभ माना जाता है। कोशिश करें कि आप सुबह 6 से 10 बजे के बीच घर से निकलें। यह समय सकारात्मक ऊर्जा से भरा होता है। देर से निकलने से बचें, क्योंकि यह तनाव और नकारात्मकता को बढ़ा सकता है।

**मंत्रों का जाप करें**

वास्तु के साथ-साथ आध्यात्मिक ऊर्जा भी महत्वपूर्ण है। इंटरव्यू के लिए निकलने से पहले 'ॐ गं गणपतये नमः' या 'ॐ नमो भगवते वासुदेवाय' मंत्र का 11 बार जाप करें। यह आपके मन को शांत रखेगा और आत्मविश्वास बढ़ाएगा। मंत्र जाप के दौरान पूर्व दिशा की ओर मुंह करें।

**बैग में रखें ये शुभ वस्तु**

वास्तु के अनुसार, इंटरव्यू के लिए अपने बैग में कोई शुभ वस्तु जैसे छोटी गणेश मूर्ति, तुलसी का पत्ता या स्फटिक माला रखें। ये वस्तुएं सकारात्मक ऊर्जा को आकर्षित करती हैं और नकारात्मकता को दूर रखती हैं। ध्यान रखें कि वस्तु साफ और पवित्र हो।

# बदल रहे हैं महिला किरदार : दीपिका पादुकोण

शाहरुख खान के साथ फिल्म 'ओम शांति ओम' से बॉलीवुड में अपना एक्टिंग करियर शुरू करने वाली दीपिका पादुकोण अब तक कई बड़ी फिल्मों का हिस्सा रही है। पिछली बार वह निर्देशक रोहित शैट्टी की फिल्म 'सिंघम अगेन' में नजर आई थी। हालांकि, हाल के दिनों में दीपिका कई वजहों से सुर्खियों में रही। इनमें से एक थी कि फेमस डायरैक्टर संदीप रैड्डी वांगा ने दीपिका को अपनी अगली फिल्म 'स्पिरिट' से बाहर करके उसकी जगह तृप्ति डिमरी को कास्ट कर लिया। इसके बाद दीपिका को फिल्म 'कल्कि 2' से भी बाहर कर देने की अटकलें लगने लगी थीं।

कहा गया कि दीपिका ने भारी-भरकम फीस की डिमांड की थी और उसने शूटिंग के लिए रोज केवल 7 से 8 घंटे ही देने की बात भी कही थी। काम के समय को लेकर उसकी शर्त की वजह से ही उसे फिल्मों से निकालने की बात कही जा रही है। दरअसल, दीपिका ने गत वर्ष ही एक प्यारी सी बेटी को जन्म दिया। बेटी दुआ के जन्म के कुछ समय पहले से ही दीपिका ने काम से ब्रेक ले लिया था। अब वह दोबारा काम शुरू करने की प्लानिंग बना रही है लेकिन वह नहीं चाहती कि काम में इतनी अधिक बिजी हो जाए कि वह अपनी बेटी को समय न दे सके। इसी वजह से उसने फैसला किया है कि अब जिस भी फिल्म में काम करेगी, उसकी शूटिंग के लिए रोज सीमित समय ही देगी।

दीपिका इस समय अपने करियर के उस मुकाम पर है, जहां वह अपनी शर्तों पर काम कर सकती है । वह महिलाओं के अधिकारों के लिए आवाज उठाने से लेकर डिप्रैशन को लेकर भी जागरूकता फैलाती रही है ।

दीपिका ने हाल ही में बताया कि महिला किरदारों का विकास हुआ है और अब उनका इस्तेमाल सिर्फ दिखावे या फिल्मों में उनकी कामुकता के लिए नहीं किया जाता। उसने कहा कि वह इस विकास का हिस्सा रही है और उसका मानना है कि ये फिल्में और किरदार आज समाज में बदलाव लाने में सक्षम हैं।

उसके अनुसार, "महिला किरदारों का विकास हुआ है और जिस तरह से उन्हें आज लिखा जा रहा है, वह उस समय से अलग है, जब मैंने एक दशक पहले शुरुआत की थी। और मुझे लगता है कि इसी बदलाव ने मुझे अपने द्वारा निभाए जाने वाले विभिन्न किरदारों में अलग-अलग पहलू लाने के लिए प्रेरित किया है। आप जानते हैं, यह कोई दीपिका ने अपने प्रशंसकों से आग्रह किया कि वे अपने लिए कुछ पल निकालें । दीपिका हमेशा से मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य की ओर ध्यान देने के लिए सबको प्रेरित करती रही है।

**साइन की हैं बड़ी फिल्में**

कुछ फिल्मों से बाहर किए जाने का उसके करियर पर कोई असर पड़ता दिख नहीं रहा



ज्यादातर हीरोइनें फिल्मों में सिर्फ ' सजावट' या दिखावे का काम करती हैं या बस थोड़ी-सी कॉमेडी या थोड़ी-सी कामुकता का तड़का लगाती हैं। मुझे लगता है कि आज महिला किरदारों की आवाज बनना, वास्तव में बदलाव लाना, विकास को खुद देखा है । मैंने इस सैल्फ लव पर भी की बात इस बीच दीपिका ने इंस्टाग्राम की स्टोरी पर एक तस्वीर शेयर की, जिसमें वह मास्क लगाए नजर आ रही थी। इस तस्वीर के साथ उसने सैल्फ केयर के महत्व पर एक संदेश भी लिखा, 44 'मेरे लिए सैल्फ केयर उन छोटे-छोटे रोजमर्रा के कार्यों को अपनाने बारे में है, जो खुशी लाते हैं ।

क्योंकि उसकी झोली में कुछ बड़ी फिल्में आ चुकी हैं । उसको अल्लू अर्जुन और निर्देशक एटली की फिल्म 'एए22 एक्सए 6 ' के लिए साइन कर लिया गया है। अंदाजा लगाया जा रहा है कि वह फिल्म में एक योद्धा का किरदार निभाएगी, जो घोड़े पर सवार होती है और जिसे तलवार चलाने में महारत हासिल है। फिल्म का बजट 800 करोड़ रुपए बताया जा रहा है। दीपिका फिर पर्दे पर शाहरुख के साथ धमाल मचाती दिखेगी। दोनों फिल्म 'किंग' में साथ नजर आने वाले हैं। वह शाहरुख के साथ ही ' पठान 2' करेगी और फिल्म 'द इंटर्न' को प्रोड्यूस भी करने जा रही है।

# 'शोले' को किया 'गॉडफादर' से कंपेयर

## जय-वीरू-बसंती के किरदार को लेकर हेमा मालिनी ने कही अहम बात

बॉलीवुड की सबसे मशहूर फिल्म 'शोले' को रिलीज हुए आज पूरे 50 साल हो गए हैं। इस फिल्म में अमिताभ बच्चन, धर्मेंद्र, हेमा मालिनी, जया बच्चन और अमजद खान जैसे सितारों ने शानदार अभिनय किया था। आज भी यह फिल्म अपनी कहानी, संवादों और किरदारों के लिए जानी जाती है। इस मौके पर हेमा मालिनी ने कहा कि 'शोले' का रीमेक बनाया जा सकता है, लेकिन उसकी सफलता को दोहराना बहुत मुश्किल है।



**रीमेक बन सकता है, लेकिन...**

हेमा मालिनी ने कहा, शोले का रीमेक बन सकता है। नए कलाकार जय, वीरू और बसंती जैसे किरदार निभा सकते हैं। लेकिन यह फिल्म



अगले 50 साल तक चलेगी, इसकी कोई गारंटी नहीं है। उन्होंने कहा कि 'शोले' एक खास फिल्म है, जिसके संवाद लोग आज भी याद रखते हैं।

**शोले को किया गॉडफादर से कंपेयर**

हेमा ने आगे फिल्म शोले की तुलना गॉडफादर ने की और कहा, जैसे हॉलीवुड की फिल्म 'गॉडफादर' की सफलता को दोहराना मुश्किल है, वैसे ही 'शोले' की सफलता को दोहराना आसान नहीं। रीमेक की कहानी बन सकती है, लेकिन लोग इसे कितना पसंद करेंगे, यह समय बताएगा।

**शोले जैसी फिल्म एक बार बनती है**

हेमा ने आगे रामायण और महाभारत का उदाहरण देते हुए कहा कि कुछ कहानियां बार-बार बनती हैं, लेकिन हर बार सफलता नहीं मिलती। उन्होंने कहा, शोले जैसी फिल्म सिर्फ एक बार बनती है। यह उस समय के माहौल और फिल्म की क्वालिटी पर निर्भर करता है।

**शोले के सेट की याद में खोई हेमा**

फिल्म की शूटिंग को याद करते हुए हेमा ने बताया, हमने शोले को बाकी फिल्मों की तरह ही बनाया था। उस समय हमें नहीं पता था कि यह इतनी बड़ी फिल्म बनेगी। हम सभी उस समय अपने करियर की शुरुआत में थे। आज जब पीछे मुड़कर देखते हैं, तो उन दिनों की खूबसूरत यादें ताजा हो जाती हैं।

**शोले की कहानी और सफलता**

'शोले' 1975 में रिलीज हुई थी। इसका निर्देशन रमेश सिप्पी ने किया था और कहानी सलीम-जावेद ने लिखी थी। फिल्म में वीरू (धर्मेंद्र) और जय (अमिताभ बच्चन) दो अपराधी हैं, जिन्हें एक पुलिस अधिकारी (संजीव कुमार) डाकू गब्बर सिंह (अमजद खान) को पकड़ने के लिए रखता है।

हेमा मालिनी ने बसंती और जया बच्चन ने राधा का किरदार निभाया था। इस फिल्म की शूटिंग कर्नाटक के रामनगर में ढाई साल तक चली। शुरुआत में इसे मिश्रित समीक्षाएं मिलीं, लेकिन बाद में यह बहुत बड़ी हिट साबित हुई।

मुंबई के मिनर्वा थिएटर में यह फिल्म पांच साल से ज्यादा चली। 'शोले' उस समय की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली भारतीय फिल्म बनी और यह रिकॉर्ड 1994 तक कायम रहा।

# 'मैंने बेवकूफी भरी बातें कीं..', बिपाशा बसु पर किए कमेंट के लिए मृणाल ठाकुर ने मांगी माफी

मृणाल ठाकुर अपने एक पुराने वीडियो को लेकर सुर्खियों में हैं। मृणाल इस वीडियो में कथित तौर पर अभिनेत्री बिपाशा बसु की बॉडी पर तंज कसती दिख रही हैं। वे खुद को बिपाशा से ज्यादा खूबसूरत बता रही हैं और कहती हैं कि बिपाशा के 'मैनली मसल्स' हैं। हाल ही में बिपाशा बसु ने एक क्रिप्टिक पोस्ट के जरिए मृणाल को जवाब दिया। अब आज गुरुवार को मृणाल ने सफाई देते हुए माफी मांगी है।

**मृणाल बोलीं- 'बहुत अफसोस है'**

मृणाल ठाकुर ने आज गुरुवार को अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक पोस्ट शेयर किया है। इसमें उन्होंने सफाई दी है कि उन्होंने इरादतन कोई बात नहीं कही थी। अभिनेत्री ने पोस्ट में लिखा है, '19 साल की उम्र में मैंने टीनएज में कई ऐसी बेवकूफी भरी बेतुकी बातें कही थीं। मुझे यह समझ नहीं थी कि आवाज में कितनी ताकत होती है



या महज मजाक में भी कहे गए शब्द कितना दुख पहुंचा सकते हैं। लेकिन ऐसा हुआ और इसके लिए मुझे बहुत अफसोस है'।

**'सुंदरता हर रूप में होती है'**

मृणाल ठाकुर ने आगे लिखा है, 'मेरा इरादा कभी किसी को बॉडी शेम करने का नहीं था। यह एक इंटरव्यू में मजाकिया अंदाज में कही गई बात थी। यह मजाक हद से ज्यादा बढ़ गया। मैं समझती हूं कि यह कैसे हुआ और काश मैंने अपने शब्द अलग तरह से चुने होते। समय के साथ, मैं यह समझने लगी हूं कि सुंदरता हर रूप में होती है और अब मैं इसी को सच में महत्व देती हूं'।

**बिपाशा ने किया क्रिप्टिक पोस्ट**

बता दें कि मृणाल ठाकुर के वायरल वीडियो के संदर्भ में बिपाशा बसु ने एक क्रिप्टिक पोस्ट बुधवार को शेयर किया था।

इसमें उन्होंने लिखा था, 'स्ट्रॉन्ग वुमन एक-दूसरे को ऊपर उठाती हैं। खूबसूरत महिलाओं, अपनी मसल्स को मजबूत करो। हमें मजबूत होना चाहिए।

मसल्स बॉडी आपको हमेशा के लिए अच्छी फिजिकल, मेंटल हेल्थ पाने में मदद करती हैं। इस पुरानी सोच को तोड़ो कि स्ट्रॉन्ग दिखना या फिजिकली फिट होना बहुत जरूरी है'।

# जॉर्जिया एंड्रियानी बनेगी 'खास शो' का हिस्सा



अशनीर ग्रोवर द्वारा होस्ट किया जाने वाला रियलिटी शो 'राइज एंड फॉल' का भारत संस्करण ब्रिटेन के इसी नाम के शो के फॉर्मेट पर आधारित है, जहां प्रतिभागी दो मंजिला घर में प्रतिस्पर्धा करते हैं- टॉप परफॉर्मर्स को ऊपरी मंजिल पर प्रमोट किया जाता है, जहां उन्हें लग्जरी सुविधाएं मिलती हैं। वर्ष की शुरुआत में इसका प्रोमो रिलीज किया जा चुका है और रिपोर्ट्स के अनुसार, यह शो वर्ष के अंत तक फ्लोर पर जाएगा।

सूत्रों के अनुसार, इंडो-इटैलियन अभिनेत्री और मॉडल जॉर्जिया एंड्रियानी को इस शो के 16 प्रतियोगियों की सूची में शामिल करने के लिए संपर्क किया गया है। अपनी प्रभावशाली स्क्रीन प्रैजैंस और बहु- सांस्कृतिक बैकग्राऊंड के लिए जानी जाने वाली जॉर्जिया शो में एक अलग अंतर्राष्ट्रीय रंग भर सकती है। इटली से भारत तक का उसका सफर और भारतीय मनोरंजन जगत में उसकी मौजूदगी दर्शाती है कि उसमें इस खास रियलिटी शो के लिए आवश्यक समझ और अनुकूलन क्षमता मौजूद है।

बता दें कि उसका बॉलीवुड डेब्यू एक कॉमेडी ड्रामा फिल्म 'गेस्ट इन लंदन' से हुआ था जिसमें उसने एक छोटी भूमिका बावजूद अमिट छाप छोड़ी।

# डेब्यू फिल्म में अदा किया था नेगेटिव रोल, आज भी सबके दिलों में राज करते है रजनीकांत

सुपरस्टार रजनीकांत के लिए इस वक्त डबल खुशी का मौका है। उनकी फिल्म 'कुली' कल गुरुवार 14 अगस्त को रिलीज हुई और ओपनिंग डे पर ही इसने 50 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है। दूसरी तरफ आज 15 अगस्त को 'थलाइवा' ने सिनेमा की दुनिया में 50 साल का सफर पूरा किया है। अभिनेता के करियर के इस स्वर्णिम अवसर पर जानते हैं उनकी जिंदगी और करियर से जुड़ी बातें

**ऑफिस बॉय, कुली और कंडक्टर के रूप में किया काम**

साउथ सुपरस्टार रजनीकांत का जन्म 12 दिसंबर 1950 को एक मराठी परिवार में हुआ था। उनके पिता पुलिस हेड कांस्टेबल थे। फिल्म इंडस्ट्री में आने से पहले रजनी का नाम शिवाजी राव गायकवाड़ था। रजनी जब महज चार वर्ष के थे तब उनके सिर से मां का साया हट गया। घर की आर्थिक स्थिति खराब थी। शुरुआती दौर में रजनीकांत ने कुली और कंडक्टर के रूप में काम किया है। उन्होंने ऑफिस बॉय के रूप में भी नौकरी की। हालांकि, यह सब काम करते हुए भी वे बड़ा आदमी बनने का सपना देखा करते। अभिनेता बनने के ख्वाब बुना करते थे।

**अपनी जिंदगी खत्म करने का आया था ख्याल**

रजनीकांत ने गरीबी देखी है, संघर्ष किया है, मगर एक ऐसा दौर भी देखा जब वे निराश हो चुके थे। एक इवेंट में अभिनेता ने यह खुलासा किया कि उनके अंदर हमेशा से अमीर बनने की एक ललक थी, जिसकी वजह से वे किसी भी चीज से नहीं डरे। मगर, इतने पक्के इरादे के बावजूद उनकी जिंदगी में एक ऐसा पल भी आया, जब वे इतना निराश हो गए। एक इंटरव्यू में रजनीकांत ने कहा था, 'गरीबी के कारण मैंने कभी ऑफिस ब्वॉय का काम किया तो कभी लोगों का कुली बनकर सामान ढोया। मैं बाद में बढ़ई की नौकरी करने लगा। गरीबी क्या होती है यह मैं अच्छी तरह जानता हूं। गरीबी झेलते हुए एक समय मेरी जिंदगी में ऐसा भी आया, जब मैं इतना डर गया था या कि मेरे मन में खुद को खत्म करने का ख्याल भी आया था'।

**अनोखे अंदाज में काटा करते थे टिकट**

रजनीकांत को अभिनय का जुनून इस कदर था कि वे जब कंडक्टर थे तो बस में अनोखे अंदाज से टिकट काटा करते थे। इस अनोखे अंदाज के चलते भी वे ड्राइवर-कंडक्टर्स के बीच काफी लोकप्रिय हुए। रजनीकांत के अभिनेता बनने के सफल में उनके दोस्त राजबहादुर ने खूब मदद की। राज बहादुर ने ही रजनीकांत को मद्रास फिल्म इंस्टीट्यूट में एडमिशन के लिए

**फिल्मी दुनिया में 50 वर्ष पूरे होने के अवसर पर विशेष**



प्रेरित किया। हालांकि, एक्टिंग कोर्स में एडमिशन उनके लिए आसान नहीं था, मगर रजनीकांत के अन्य दोस्तों ने भी मदद की। एक्टिंग सीखने के दौरान ही अभिनेता ने तमिल भाषा सीखी। इसी दौरान उनकी मुलाकात निर्देशक के बालचंदर से हुई, जिन्होंने अभिनेता को ब्रेक दिया।

**सिनेमा के गुरु ने दिया रजनीकांत नाम**

मशहूर तमिल निर्देशक के बालचंदर ने शिवाजी राव गायकवाड़ का नाम बदलकर रजनीकांत रखा। रजनीकांत ने जब इंडस्ट्री में अपना सफर शुरू किया उस दौर में तमिल इंडस्ट्री में शिवाजी गणेशन काफी लोकप्रिय थे। दोनों के नाम में कंफ्यूजन न हो इसलिए के बालचंदर ने शिवाजीराव गायकवाड़ को 'रजनीकांत' नाम दिया। बता दें कि रजनीकांत की डेब्यू फिल्म 'अपूर्व रागंगल' का निर्देशन दिवंगत के बालचंदर ने ही किया। इन्हें रजनीकांत अपना गुरु मानते थे।

**पहली फिल्म में निभाया नेगेटिव रोल**

रजनीकांत की डेब्यू फिल्म 'अपूर्व रागंगल' 15 अगस्त 1975 को रिलीज हुई। उस वक्त रजनीकांत की उम्र 25 वर्ष थी। डेब्यू फिल्म में वे एक छोटी सी निगेटिव भूमिका में दिखाई दिए। कुछ वक्त तक इसी तरह के रोल किए। इसके बाद उनके पास लीड रोल का ऑफर आना शुरू हो गया और देखते ही देखते वे इस कदर सफलता की सीढ़ियां चढ़ते गए कि आज फैंस उन्हें भगवान का दर्जा देते हैं। फिल्मी दुनिया में रजनीकांत का क्या कद है, यह दुनिया जानती है।

**पहली बॉलीवुड फिल्म में बिग बी के साथ किया काम**

दक्षिण सिनेमा में करियर शुरू करने के करीब आठ साल बाद रजनीकांत ने बॉलीवुड का रुख किया। उनकी पहली हिंदी फिल्म 'अंधा कानून' थी। साल 1983 में रिलीज हुई इस फिल्म में रजनीकांत ने हेमा मालिनी, अमिताभ बच्चन, प्राण, अमरीश पुरी और डैनी डेंगजोंग्पा जैसे कलाकारों के साथ काम किया है। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर जबर्दस्त रही। इसने बजट से करीब चार गुना अधिक कारोबार किया है।

**शोहरत में अमिताभ बच्चन का बड़ा हाथ**

रजनीकांत की शोहरत में अमिताभ बच्चन की फिल्मों का बड़ा हाथ रहा है। अमिताभ बच्चन की एक दर्जन से ज्यादा हिट फिल्मों की रीमेक में रजनीकांत ने काम किया है और इसी के चलते दोनों का रिश्ता भी बहुत करीब का बना रहा है। रजनीकांत ने कई मौकों पर ये माना भी कि बिग बी की जिन फिल्मों के रीमेक में वह हीरो बने, उन्होंने ही उन्हें स्टारडम दिलाया।

**10 वर्षों में 100 फिल्में कर बनाया रिकॉर्ड**

रजनीकांत के करियर की गाड़ी चल पड़ी तो उनके पास फिल्मों के भी खूब ऑफर आने लगे। इस बात का अंदाजा इसी से लगा सकते हैं कि अपने करियर के 10 वर्षों में उन्होंने 100 फिल्में पूरी कर डालीं। अभिनेता की 100वीं फिल्म 'श्री राघवेंद्र' थी, जिसमें उन्होंने हिंदू संत राघवेंद्र स्वामी का किरदार अदा किया।

**फिल्म फ्लॉप होने पर लौटा देते हैं फीस**

अभिनेता रजनीकांत की फिल्मों को दर्शक भरपूर प्यार देत हैं। मगर, सुपरस्टार के बारे में ऐसा कहा जाता है कि उनकी फिल्में अगर नहीं चल पातीं या फ्लॉप हो जाएं तो वे बिना किसी हिचकिचाहट के तुरंत डिस्ट्रीब्यूटर्स का पैसा वापस कर देते हैं। फिल्म '2.0' के एक इवेंट के दौरान अक्षय कुमार ने भी इसका जिक्र किया था। खिलाड़ी भी रजनीकांत की इस अदा के मुरीद हैं।

**निम्मी से हुआ था थलाइवा को प्यार**

फिल्म इंडस्ट्री में आने से पहले रजनीकांत एक बस कंडक्टर थे। इसी दौरान उन्हें एक लड़की से प्यार हुआ था, जिसका नाम निम्मी था। रजनीकांत ने अपनी बायोग्राफी 'द नेम इज रजनीकांत' में इस किस्से का जिक्र किया है। थलाइवा जिस लड़की को दिल दे बैठे थे उसका नाम निर्मला था। रजनीकांत उसे प्यार से निम्मी बुलाते थे। रजनीकांत आज जो भी हैं, वो निम्मी की वजह से ही हैं। निर्मला MBBS की स्टूडेंट थीं। रजनीकांत अक्सर उनसे मिलते थे। निम्मी ने ही रजनीकांत को अभिनय कोर्स करने के लिए पैसे दिए थे, ताकि वे अपना करियर बना सकें। रजनीकांत, निम्मी के साथ शादी के सपने देखने लगे थे, लेकिन किस्मत को कुछ और ही मंजूर था।

**रजनीकांत की नेटवर्थ**

रजनीकांत ने बड़ा आदमी बनने का जो सपना देखा था वह अपनी मेहनत और लगन के दम पर पूरा किया। न सिर्फ शोहरत, बल्कि दौलत के मामले में भी अभिनेता बहुत आगे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार रजनीकांत की नेटवर्थ 500 करोड़ रुपये है।

**दिलचस्प है पत्नी लता के साथ लव स्टोरी**

अभिनेता की निजी जिंदगी का बात करें तो उन्होंने साल 1981 में लता रजनीकांत से शादी रचाई। इनकी लव स्टोरी काफी दिलचस्प है। रजनीकांत पहली नजर में ही लता को दिल दे बैठे थे। दरअसल, लता एक मैगजीन के लिए इंटरव्यू लेने के लिए रजनीकांत से मिली थीं, फिर मुलाकातों का सिलसिला चल पड़ा। प्यार हुआ और फिर दोनों ने जिंदगीभर के लिए एक-दूजे का हाथ थाम लिया। कपल की दो बेटियां- ऐश्वर्या और सौंदर्या हैं।



# चीन पर ट्रंप ने फिर दिखाई दरियादिली

## पुतिन के साथ मीटिंग के बाद बोले- दो या तीन हफ्ते बाद करूंगा विचार



नई दिल्ली, 16 अगस्त (एजेंसियां)। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चीन के प्रति फिर से दरियादिली दिखाई है। ट्रंप ने कहा कि उन्हें रूस से तेल खरीदने वाले देशों जैसे चीन पर तुरंत जवाबी शुल्क लगाने की जरूरत नहीं है। हालांकि, वह इस मुद्दे पर 'दो या तीन सप्ताह में' फिर से विचार कर सकते हैं। ट्रंप ने यूक्रेन में युद्ध को समाप्त करने के लिए कोई कदम नहीं उठाए जाने पर मास्को पर नए प्रतिबंध और रूस से तेल खरीदने वाले देशों पर भी जुर्माना लगाने की धमकी दी है।

पिछले हफ्ते, ट्रंप ने भारत से होने वाले निर्यात पर 25% का अतिरिक्त शुल्क लगाने की घोषणा की थी। उन्होंने यह कदम नई दिल्ली द्वारा रूस से तेल का आयात जारी रखने के कारण उठाया था। लेकिन उन्होंने अभी तक बीजिंग के खिलाफ ऐसी कोई कार्रवाई नहीं की है। भारत और चीन अभी भी रूस के दो सबसे बड़े तेल खरीदार हैं।

**बैठक को बताया अच्छा**

फॉक्स न्यूज ने ट्रंप से पूछा कि क्या व्लादिमीर पुतिन के साथ अलास्का शिखर सम्मेलन में यूक्रेन पर कोई समझौता नहीं होने के बाद क्या ऐसे उपायों पर विचार किया जा रहा है। ट्रंप ने जवाब दिया, 'खैर, आज जो हुआ, उसकी वजह से मुझे नहीं लगता कि मुझे इसके बारे में सोचने की जरूरत है। अब, मुझे दो सप्ताह या तीन सप्ताह में इसके बारे में सोचना पड़ सकता है, लेकिन हमें अभी इसके बारे में सोचने की जरूरत नहीं है। मुझे लगता है कि बैठक बहुत अच्छी रही।'

**चीन के साथ हो सकती है ट्रेड डील**

इसी समय, शी और ट्रंप एक संभावित ट्रेड डील पर बातचीत कर रहे हैं। इसका उद्देश्य दुनिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच तनाव को कम करना और आयात करों को कम करना है। फिर भी, अगर वाशिंगटन दंडात्मक उपायों को बढ़ाता है, तो रूस के बाद चीन सबसे बड़ा निशाना बन सकता है।

**भारत का रूसी तेल खरीदना जारी**

पहले ट्रंप ने दावा किया था कि रूस से तेल खरीदने के लिए भारत पर लगाए गए शुल्कों ने मास्को को वाशिंगटन के साथ बैठक करने के लिए प्रभावित किया है। क्योंकि रूस अपना 'दूसरा सबसे बड़ा ग्राहक' खो रहा था। वहीं भारत ने हाल ही में कहा है कि उसने अमेरिकी राष्ट्रपति की शुल्क धमकी के जवाब में रूस से तेल की खरीद नहीं रोकी है। भारत केवल आर्थिक विचारों के आधार पर खरीदना जारी रखता है।

# 'हम चाहते हैं कि जीएसटी 2.0 अच्छा और सरल हो

## विकास को दबाने वाला न हो' ; पीएम के एलान पर कांग्रेस



नई दिल्ली, 16 अगस्त (एजेंसियां)। कांग्रेस ने शनिवार को जीएसटी 2.0 पर व्यापक बहस के लिए जल्द ही एक आधिकारिक डिस्कशन पेपर जारी करने की मांग की। मुख्य विपक्षी दल से सरकार से कहा है कि जीएसटी की मूल भावना गुड्स एंड सिंपल टैक्स होनी चाहिए न कि ग्रोथ स्प्रेसिंग टैक्स जो यह फिलहाल बना हुआ है।

यह बयान जीएसटी पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लाल किले से किए गए एक एलान के बाद आया है। 15 अगस्त के मौके पर पीएम मोदी ने घोषणा की है कि इस साल दिवाली तक जीएसटी की दरें कम कर दी जाएंगी। इससे रोजमर्रा के उपयोग की वस्तुओं की कीमतें भी कम हो जाएंगी। पीएम मोदी ने कहा कि सरकार मुकदमेबाजी और कर चोरी से ग्रस्त आठ साल पुरानी व्यवस्था में सुधार करना चाहती है। कांग्रेस के संचार प्रभारी जयराम रमेश ने कहा कि कम से कम डेढ़ साल से उनकी पार्टी मौलिक बदलावों के साथ जीएसटी 2.0 की मांग कर रही है।

2024 के लोकसभा चुनावों के दौरान कांग्रेस के घोषणापत्र में जीएसटी 2.0 के जिक्र के बारे में बताते हुए कांग्रेस नेता रमेश ने शुक्रवार को कहा कि ऐसा लगता है, प्रधानमंत्री को आखिरकार यह बात समझ आ गई है कि जब तक यह परिवर्तन नहीं होगा और निजी उपभोग और निजी निवेश में वृद्धि नहीं होगी। आर्थिक विकास में तेजी नहीं आएगी। उन्होंने एक बयान में कहा, पिछले सात वर्षों में, दरों की बढ़ती संख्या और अनेक छूटों के कारण जीएसटी की भावना दूषित हुई है। ऐसा प्रतीत होता है कि इस ढांचे ने कर चोरी को भी बढ़ावा दिया है। दरों की संख्या में भारी कमी होनी चाहिए।

कांग्रेस नेता ने कहा कि दर संरचना का सरलीकरण आवश्यक है, लेकिन यह इस तरह से किया जाना चाहिए कि राज्यों के लिए राजस्व अनिश्चितता कम से कम हो और वर्गीकरण विवाद भी समाप्त हो जो बहुत आम हो गए हैं। उन्होंने कहा, ₹जीएसटी क्षतिपूर्ति उपकर 31 मार्च, 2026 को समाप्त हो रहा है। दर संरचना में इस बदलाव के कारण उत्पन्न किसी भी राजस्व अनिश्चितता को दूर करने के लिए बड़े पैमाने पर बदलाव जरूरी हैं। रमेश ने कहा कि अर्थव्यवस्था में प्रमुख रूप से रोजगार पैदा करने वाले एमएसएमई की व्यापक चिंताओं का सार्थक ढंग से समाधान होना चाहिए।

उन्होंने कहा कि जीएसटी में बड़े प्रक्रियागत बदलावों के अलावा, अंतरराज्यीय आपूर्ति पर लागू होने वाली सीमा को बढ़ाना भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि कपड़ा, पर्यटन, निर्यात, हस्तशिल्प और कृषि इनपुट जुड़ी चुनौतियां सामने आईं हैं, इनका समाधान किया जाना चाहिए।


इसके अलावा, कांग्रेस नेता ने कहा कि राज्यों को बिजली, शराब, पेट्रोलियम और रियल एस्टेट को भी जीएसटी के तहत कवर करने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। रमेश ने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस जीएसटी 2.0 पर शीघ्र ही एक डिस्कशन पेपर जारी करने की मांग करती है। रमेश ने कहा, जीएसटी 2.0 को अक्षरशः, भावना और अनुपालन में एक गुड और सिंपल टैक्स होना चाहिए, न कि इसे विकास की राह में अवरोध पैदा करने वाला कर होतना चाहिए, जैसा यह बन गया है।

# 'करदाता के लिए टैक्स प्राधिकरण की ओर से जारी समन का पालन करना जरूरी', सुप्रीम कोर्ट ने की टिप्पणी

नई दिल्ली, 16 अगस्त (एजेंसियां)। किसी करदाता को केंद्रीय या राज्य कर प्राधिकरण की ओर से जारी किए गए समन का पालन करना होगा और कारण बताओ नोटिस का जवाब देना होगा। सुप्रीम कोर्ट ने एक मामले की सुनवाई करते हुए यह बात कही है। आयकर अधिनियम 1961 के तहत करदाता का मलब किसी भी ऐसे व्यक्ति या संस्था से है, जिसपर अधिनियम के तहत तय कर का भुगतान करने या किसी अन्य वित्तीय प्रतिबद्धताओं का कानूनी दायित्व है। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्रीय और राज्य जीएसटी प्राधिकारियों की ओर से लिए गए फैसलों के दोहराव को रोकने के लिए दिशानिर्देश निर्धारित किए हैं। न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने कहा है कि केवल समन जारी करने से जारीकर्ता प्राधिकारी या प्राप्तकर्ता को पता नहीं चलता है कि कार्यवाही शुरू हो गई है। अदालत ने कहा, जहां किसी करदाता को केन्द्रीय या राज्य कर प्राधिकरण की ओर से समन या कारण बताओ नोटिस जारी किया जाता है, वहां करदाता, प्रथम दृष्टया, उपस्थित होकर और अपेक्षित प्रतिक्रिया मुहैया कर अनुपालन करने के लिए बाध्य है, चाहे जैसा भी मामला हो। पीठ ने कहा, जिस मामले में करदाता को पता चले कि जिस मामले की जांच हो रही है, वह पहले से ही किसी अन्य प्राधिकारी की ओर से जांच या अन्वेषण का विषय है, तो करदाता को लिखित रूप में उस प्राधिकारी को तुरंत सूचित करना होगा, जिसने बाद में जांच या अन्वेषण शुरू किया है। शीर्ष अदालत ने कहा कि संबंधित कर अधिकारी ऐसी सूचना प्राप्त होने के बाद करदाता के दावे की सत्यता की पुष्टि के लिए एक-दूसरे से संवाद करेंगे। सुप्रीम कोर्ट ने कहा, हम ऐसा इसलिए कह रहे हैं, क्योंकि इस कार्यवाही से अनावश्यक दोहराव से बचा जा सकेगा और विभाग के समय, प्रयास और संसाधनों का अधिक से अधिक उपयोग सुनिश्चित होगा, यह ध्यान में रखते हुए कि एक प्राधिकारी की ओर से शुरू की गई कार्रवाई सभी के लिए लाभदायक होती है। पीठ ने कहा, यदि जांच के ओवरलैप के संबंध में कर योग्य व्यक्ति का दावा असमर्थनीय पाया जाता है, और दोनों प्राधिकारियों की जांच अलग-अलग 'विषय-वस्तुओं' से संबंधित है, तो इस आशय की सूचना, कारणों और अलग-अलग विषय-वस्तुओं के विवरण के साथ, करदाता को तुरंत लिखित रूप में दी जाएगी। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा है कि अधिकारियों को जांच या अन्वेषण करने का पूरा अधिकार है, जब तक कि यह सुनिश्चित न हो जाए कि दोनों अधिकारी एक ही चीज की जांच कर रहे हैं।

## दैनिक पंचांग

**ग्रह गोचर**




| गृह स्थिति | |
|---|---|
| सूर्य | सिंह |
| चन्द्र | वृष |
| मंगल | कन्या |
| बुध | कर्क |
| गुरु | मिथुन |
| शुक्र | मिथुन |
| शनि | मीन |
| राहु | कुंभ |
| केतु | सिंह |

| लग्नारंभ समय | |
|---|---|
| सिंह--- | 06-02 बजे |
| कन्या-- | 08-09 बजे |
| तुला---- | 10-14 बजे |
| वृश्चिक... | 12-24 बजे |
| धनु...... | 14-37 बजे |
| मकर.... | 16-44 बजे |
| कुंभ.... | 18-34 बजे |
| मीन.... | 20-12 बजे |
| मेष..... | 21-49 बजे |
| वृष.... | 23-37 बजे |
| मिथुन.. | 01-37 बजे |
| कर्क... | 03-50 बजे |

श्री सिद्धार्थी नामक संवत्सर-विक्रम संवत्- 2082
शक संवत् -1947, सूर्य उत्तरायणे,ऋतु- वर्षा
महावीर निर्वाण संवत् -2551
कलियुग अवधि-432000
भोग्य कलि वर्ष-426874
कलियुग संवत् -5126 वर्ष,
कल्पारंभ संवत् -1972949126
सृष्टि ग्रहारंभ संवत्-1955885126
सूर्योदय 06-02, सूर्यास्त 18-38
दिशाशूल- पश्चिम - पान खाकर घर से निकले
तिथि- नवमी 19-24 तक उपरान्त दशमीं
मास- भाद्रपद कृष्ण , रविवार 17 August
नक्षत्र- रोहिणी 03-17 तक उपरान्त मृगशिरा
योग - व्याघात 01-140 तक हर्षण
करण- तैतिल 08-29 तक उप गर
विशेष:- गोगानवमी
व्रत -त्योहार नन्द महोत्सव

विशेष:- राशिफल ग्रहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है।सूक्ष्म फलादेश के लिए जन्म पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति व दशान्तर्दशा को विशेष प्रभावित समझना चाहिए ।

**राहुकाल** 17-05 से 18-39 तक

पं महेशचन्द्र शर्मा 9247132654 9167555710

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| उत्पात | 06-02 - 07-35 | अशुभ | शुभ | 18-38 - 20-05 | शुभ |
| चंचल | 07-35 - 09-10 | शुभ | अमृत | 20-05 - 21-30 | शुभ |
| लाभ | 09-10 - 10-45 | शुभ | चंचल | 21-30 - 22-55 | शुभ |
| अमृत | 10-45 - 12-20 | शुभ | रोग | 22-55 - 00-20 | अशुभ |
| काल | 12-20 - 13-55 | अशुभ | काल | 00-20 - 01-45 | अशुभ |
| शुभ | 13-55 - 15-30 | शुभ | लाभ | 01-45 - 03-10 | शुभ |
| रोग | 15-30 - 17-05 | अशुभ | उत्पात | 03-10 - 04-36 | अशुभ |
| उत्पात | 17-05 - 18-38 | अशुभ | शुभ | 04-36 - 06-02 | शुभ |

# फ्लाइट अटेंडेंट्स की हड़ताल से एयर कनाडा का परिचालन ठप, हजारों यात्री हुए प्रभावित



नई दिल्ली, 16 अगस्त (एजेंसियां)। एयर कनाडा फ्लाइट अटेंडेंट की हड़ताल के कारण शनिवार को एयरलाइन ने सभी परिचलन निलंबित कर दिए हैं। इसने गर्मियों के चरम सीजन में हजारों यात्रियों की यात्रा योजनाओं को प्रभावित किया। कैनेडियन यूनियन ऑफ पब्लिक एम्प्लॉइज के प्रवक्ता ह्यूग पोलियट ने बताया कि समझौता न होने के बाद एयरलाइन के 10,000 से अधिक प्लाइट अटेंडेंट हड़ताल पर चले गए।

**संघ ने मध्यस्थता के प्रस्ताव को किया अस्वीकार**

कनाडा की सबसे बड़ी एयरलाइन और उसके 10,000 फ्लाइट अटेंडेंटों का प्रतिनिधित्व करने वाले संघ के बीच अनुबंध को लेकर तीखी लड़ाई शुक्रवार को बढ़ गई। संघ ने एयरलाइन के सरकार द्वारा निर्देशित मध्यस्थता में प्रवेश करने के अनुरोध को अस्वीकार कर दिया। इससे हड़ताल करने का उसका अधिकार समाप्त हो जाता और तीसरे पक्ष के मध्यस्थ को नए अनुबंध की शर्तों को तय करने की अनुमति मिल जाती।

**क्यों हो रहा विवाद?**

एयर कनाडा और कैनेडियन यूनियन ऑफ पब्लिक एम्प्लॉइज के बीच लगभग आठ महीने से अनुबंध पर बातचीत चल रही है, लेकिन वे अभी तक किसी अस्थायी समझौते पर नहीं पहुंच पाए हैं। दोनों पक्षों का कहना है कि वेतन और विमान के उड़ान न होने पर फ्लाइट अटेंडेंट द्वारा किए जाने वाले अवैतनिक कार्य के मुद्दे पर उनके बीच मतभेद हैं।

**परिचलान दोबारा शुरू करने में लग सकता है एक सप्ताह का समय**

शनिवार को फ्लाइट अटेंडेंट काम छोड़कर चले गए। इसके बाद एयर कनाडा ने कहा कि वह फ्लाइट अटेंडेंट को हवाई अड्डों से बाहर करना शुरू कर देगा। इस पूर्ण शटडाउन से प्रतिदिन लगभग 1,30,000 लोग प्रभावित होंगे, और प्रतिदिन लगभग 25,000 कनाडाई विदेश में फंस सकते हैं। एयर कनाडा प्रतिदिन लगभग 700 उड़ानें संचालित करता है। एयरलाइन के विमान कब तक उड़ान नहीं भरेंगे, यह तो अभी देखना बाकी है। हालांकि एयर कनाडा के मुख्य परिचालन अधिकारी मार्क नासर ने कहा है कि एक बार कोई अस्थायी समझौता हो जाने के बाद परिचालन पूरी तरह से शुरू करने में एक सप्ताह तक का समय लग सकता है।

# 0 से 1 करोड़ रुपए के पार पहुंचा बिटकॉइन

## किसने बनाया कोई नहीं जानता, इसे बनाने वाले ने खुद को क्यों छिपाया



मुंबई, 16 अगस्त (एजेंसियां)। बिटकॉइन की कीमत पहली बार 1.08 करोड़ के पार पहुंच गई है। 2009 में इसकी वैल्यू शून्य के करीब थी। इस करेंसी से कई दिलचस्प किस्से भी जुड़े हैं। जैसे जिस व्यक्ति ने इसे बनाया है उसे कोई नहीं जानता। उसने अपने आप को गुमनाम रखा है। बस एक रहस्यमयी नाम सामने आया- सतोशी नाकामोतो। इसी तरह 2010 में खरीदा गया वो पिज्जा भी कोई नहीं भूल सकता, जिसे 10,000 बिटकॉइन देकर खरीदा गया था। एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर ने इसे खरीदा था। अगर वो इंजीनियर उस समय ये पिज्जा नहीं खरीदता और ये बिटकॉइन अपने पास रखता तो इन बिटकॉइन्स की कीमत 10 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा होती। यानी, अगर एक पिज्जा में 6 स्लाइस हैं तो दो पिज्जा के हिसाब से एक स्लाइस की कीमत 833 करोड़ पड़ी। यहां हम 5 चैप्टर में बिटकॉइन की दिलचस्प कहानी बता रहे हैं...साल 2008 का समय था, दुनियाभर में आर्थिक संकट अपने चरम पर था। उस वक्त बैंकों और सरकारों पर लोगों का भरोसा डगमगा रहा था। लोग बैंकों और सेंट्रल बैंकों के फैसलों और व्यवस्था से नाराज थे। बैंकों की गलत नीतियों की वजह से कई लोग अपनी जमा-पूंजी खो बैठे।इसी माहौल में खुद को सतोशी नाकामोतो कहने वाले एक गुमनाम शख्स ने एक नई तरह की डिजिटल करेंसी का कॉन्सेप्ट पेपर पेश किया। इसमें उन्होंने डिटेल में बताया था कि कैसे एक ऐसी करेंसी बनाई जा सकती है जो बिना किसी बैंक और सरकार के दखल के काम करे। फिर 3 जनवरी 2009 को बिटकॉइन का पहला ब्लॉक 'जेनिसिस ब्लॉक' बनाया गया। यहीं से बिटकॉइन की शुरुआत हुई। बिटकॉइन का मकसद एक ऐसी करेंसी देना था जो 'डिसेंट्रलाइज्ड' हो, यानी जिस पर किसी एक संस्था का कंट्रोल न हो। बात 22 मई, 2010 की है। लास्जलो हैन्येज नाम के फ्लोरिडा बेस्ड एक प्रोग्रामर ने बिटकॉइन फोरम पर एक पोस्ट डाली। इसमें लिखा, 'मैं 10,000 बिटकॉइन देकर दो पिज्जा खरीदना चाहता हूं।' उस वक्त बिटकॉइन की कीमत इतनी कम थी कि 10,000 की वैल्यू महज 41 डॉलर थी। लास्जलो की पोस्ट पर जेरेमी स्टर्डिवेंट नाम के एक शख्स ने जवाब दिया। जेरेमी ने पापा जॉन्स से दो पिज्जा ऑर्डर किए और लास्जलो के पते पर डिलीवर करवाए। बदले में लास्जलो ने जेरेमी को 10,000 बिटकॉइन भेजे। ये बिटकॉइन का पहला रियल-वर्ल्ड ट्रांजैक्शन था। इसे 'बिटकॉइन पिज्जा डे' के नाम से जाना जाता है।

# पीएनबी में जमा करें 2,00,000 और पाएं 30,681 का फिक्स ब्याज, गारंटी के साथ




नई दिल्ली, 16 अगस्त (एजेंसियां)। भारतीय रिजर्व बैंक ने अगस्त में हुई एमपीसी की एक अहम मीटिंग में रेपो रेट में किसी तरह के बदलाव की घोषणा नहीं की। हालांकि, इससे पहले भारतीय रिजर्व बैंक रेपो रेट में 1.00 प्रतिशत की कटौती कर चुका है। आरबीआई ने फरवरी में 0.25 प्रतिशत, अप्रैल में 0.25 प्रतिशत और फिर जून में 0.50 प्रतिशत रेपो रेट घटाया था। रेपो रेट में 1.00 की कटौती करने के बाद बैंकों ने भी एफडी की ब्याज दरें घटा दी थीं। पब्लिक सेक्टर का पंजाब नेशनल बैंक यानी पीएनबी अब एफडी खातों पर 3.25 प्रतिशत से लेकर 7.40 प्रतिशत तक का ब्याज ऑफर कर रहा है।

**390 दिनों की एफडी पर सबसे ज्यादा ब्याज दे रहा है पीएनबी**

पीएनबी में 7 दिनों से लेकर 10 साल तक की अवधि के लिए एफडी खाता खुलवाया जा सकता है। पंजाब नेशनल बैंक 390 दिनों की एफडी पर सबसे ज्यादा ब्याज दे रहा है। ये सरकारी बैंक 390 दिनों की एफडी पर सामान्य नागरिकों को 6.60 प्रतिशत, सीनियर सिटीजन को 7.10 प्रतिशत और सुपर सीनियर सिटीजन (80 साल से ज्यादा उम्र के बुजुर्ग) को 7.40 प्रतिशत का ब्याज दे रहा है। इसके अलावा, पंजाब नेशनल बैंक 2 साल की अवधि वाली एफडी पर सामान्य नागरिकों को 6.40 प्रतिशत, सीनियर सिटीजन को 6.90 प्रतिशत और सुपर सीनियर सिटीजन को 7.20 प्रतिशत का ब्याज दे रहा है।

**2 साल की एफडी में 2 लाख रुपये जमा करने पर मिलेगा 30,681 रुपये का फिक्स ब्याज**

पंजाब नेशनल बैंक में अगर 2 साल की एफडी स्कीम में 2 लाख रुपये जमा किए जाएं तो सामान्य नागरिकों को मैच्यॉरिटी पर कुल 2,27,080 रुपये मिलेंगे, जिसमें 27,080 रुपये का फिक्स ब्याज शामिल है। इसी तरह, अगर आप सीनियर सिटीजन हैं और पीएनबी में 2 साल की एफडी में 2 लाख रुपये जमा करते हैं तो आपको कुल 2,29,325 रुपये मिलेंगे, जिसमें 29,325 रुपये का फिक्स ब्याज शामिल है।

## आपका राशिफल

**मेष** — चू,चे, चो, ला, ली, लू , ले, लो, अ,

आपके दिमाग में आज कोई अद्भुत विचार आएगा और आपको इसे हाथोहाथ केवल इसीलिए रद्द नही क्र देना चाहिए क्योंकि आपको इसका हो पाना मुश्किल लग रहा है । आज बड़ा सोचने और ऊँचाइयों को छूने का दिन है । ऐसा करने के लिए आपको बाधाओं की सूची बनाकर अच्छी योजना बनानी अहि और आप पायेंगे कि परेशानियों से खुद-ब-खुद समाधान नजर आने लगेंगे ।

**वृष** — ई, उ, ए, जो, वा, वी, वू, वे, वो,

ग्रहों की स्थिति आपके पक्ष में है,दिन की शुरुआत अच्छी होगी ,विशेषत दोपहर से पहले । अपने ऑफिस सम्बन्धी कामों की योजना अगर हो सके तो दोपहर से पहले ही बनाएं,सफलता की सम्भावना अधिक है । शाम को या तो कुछ न करें या कोई हल्का –फुल्का काम करें । कोई अप्रत्याशित व्यक्ति आपसे मिलने आ सकता है ।

**मिथुन** — का, की, कू, घ, ड, छ, के, को, ह,

भाग्य आपकी वित्तीय स्थिति पर मुस्कुरा रहा है और अधिक कमाई के कारण आप के खर्चे भी बढ़ गए हैं। अब समय आ गया है की आप अपने खर्च पर नियंत्रण रखें ।अब फिजूलखर्ची से बचना होगा । आपके परिजन या किसी करीबी के साथ ऐसा कुछ होगा कि आपके भीतर भी उससे अशांति आएगी ।

**कर्क** — ही, हू ,हे , हो, डा , डी, डू, डे, डो,

आपके सामने इन दिनों कुछ नई चीजें आई हैं । अपने सामने आने वाली चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार रहें । पूछे गये प्रश्नों का जवाब दें । आपको अभी और भी प्रयास करने हैं और इससे आपकी तरक्की की मजबूत नींव पड़ेगी । इन सबके बीच खुद को तरोताजा करना और खुश रखना न भूलें ।

**सिंह** — मा, मी ,मू ,मे, मो, टा, टी ,टू ,टे,

आज आपके हर एक काम में आत्मविश्वास की झलक दिखेगी । कुछ समय पहले तक बहुत मुश्किल दिखने वाली बाधाएं आज आसानी से पार हो जाएंगी । आपकी संवाद कुशलता अब पहले से बेहतर है और आप लोगों को इसके चलते विश्वास में लेकर अपनी बात समझा पायेंगे । दिन किसी मुश्किल परियोजना पर काम करने के लिए भी उपयुक्त है ।

**कन्य** — टो पा पी पू ष ण ठ पे पो

आज आपको दूसरों पर विश्वास करना होगा । यह आपका कोई करीबी या कोई दोस्त हो सकता है और वः आपकी किसी ऐसे विशेष काम में मदद करेगा जिससे आपके भविष्य पर काफी प्रभाव पड़ेगा । लेकिन इसके लिए सबसे जरुरी यह होगा की आप उस व्यक्ति में विश्वास बनाये रखें । आपको अपनी ही तरफ से विश्वास की पहल करनी होगी।

**तुला** — रा, री, रू ,रे ,रो , ता, ती, तू ,ते,

आज आप अनुभव करेंगे कि आप सामान्य से कुछ अधिक बोल रहे हैं ।आप पिछले कुछ समय से चालाकी भरा व्यवहार कर रहे हैं लेकिन आज आप इससे खुद ही परेशानी अनुभव करेंगे । आज आप वह सच्चाई नही उगलना चाहते जो शायद कईयों को अच्छी नही लगेगी । आज के लिए किसी एकान्त कार्यकलाप की योजना बनाएं ,क्योंकि आज आप शायद दूसरों को अच्छा लगने वाला व्यवहार ना कर पायें ।

**वृश्चिक** — तो,ना,नी, ने,नू, नो, या, यी ,यू,

आज आपके भावनाओं में बहने की उम्मीद थोड़ी ज्यादा है । किसी छोटी सी बात पर भी आप उदास हो जायेंगे या पुराने बेहतर समय को याद करने लगेंगे । किसी पुराने दोस्त से संपर्क साधने की कोशिश कर सकते हैं । आज आप अपनी वर्त्तमान समस्या को सुलझाने के लिए कोई संतोषजनक समाधान खोजने या किसी की तरफ दोस्ती का हाथ बढाने के मूड में हैं ।

**धनु** — ये, यो,भा, भी, भू धा ,फा, ढा, भे

आप पिछले कई दिन से बेचैन और नाखुश सा अनुभव कर रहें हैं लेकिन आज आपका रुख इस समस्या को और अधिक गंभीरता से लेने का है । आपको यह जानना है कि इस समस्या की जड़ क्या है ,आज का दिन इस काम के लिए सबसे बेहतर है ।लम्बे समय से उपेक्षित कुछ कामो की योजना बनाने के लिए भी अच्छा दिन है ।

**मकर** — भो, जा, जी, खो, खू, खे, खो, गा, गी

आपका सकारात्मक दृष्टिकोण आपको सकारात्मक कदम उठाने के लिए ही प्रेरित करेगा । इससे आपको भविष्य में बहुत लाभ मिलेगा । अगर कोई आपसे उलझने की कोशिश करता भी है तो आप शांति बनाये रखें और दृढ़ता से अपनी बात सामने रखें । आज आपकी धार्मिक तथा रहस्य विज्ञान के कार्यों में रूचि बनेगी ।

**कुंभ** — गू, गे ,गो, सा, सी, सू, से, सो, दा,

आज आप किसी के अहसान का बदला उतारने की दिशा में पहला कदम उठाएंगे ।यह कदम मानसिक ,वित्तीय या आध्यात्मिक हो सकता है लेकिन इसका अर्थ यह नही है कि आप आज अपने सारे अहसान उतार पायेंगे लेकिन आपको कम से कम यह संतुष्टि जरूर होगी कि आप ऐसा करने की दिशा में कदम तो उठा रहे हैं । इससे आपको बहुत अच्छा लगेगा ।

**मीन** — दी, दू,थ, झ, ञ, दे, दो, चा,ची

आप आज किसी अपराजेय शक्तिपुंज के समान महसूस करेंगे और किसी भी विरोध पर आसानी से विजय हासिल कर लेंगे । आज का दिन उस काम को करने का बहुत अच्छा दिन है जो आप काफी समय से करने की कोशिश कर रहे थे क्योंकि आज आपको कोई नही रोक सकता । आज का दिन अपने सबसे महत्वपूर्ण काम करें,सफलता आपके कदम चूमेगी ।

**श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र**

# अपने आईटीआर में जरूर दें ये जानकारी, ना करें बिल्कुल भी ये भूल




नई दिल्ली, 16 अगस्त (एजेंसियां)। आईटीआर में सभी छूट प्राप्त आय की जानकारी देना जरूरी है, भले ही वह कर योग्य न हो। इससे टैक्सपेयर्स की पूरी इनकम का डेटा आयकर विभाग के पास पहुंच जाता है। जिन कैटेगरी में छूट मिलती है, उनकी जानकारी भी आईटीआर में देना जरूरी होता है। इससे टैक्स संबंधी किसी भी दिक्कत को आसानी से सुलझाया जा सकता है। इनकम टैक्स में ऐसी करीब 50 से ज्यादा कैटेगरी हैं, जिनमें टैक्सपेयर्स को टैक्स छूट मिलती है। मिसाल के तौर पर कृषि से होने वाली आय में धारा 10(1) के तहत छूट मिलती है, कर-मुक्त बॉन्ड पर ब्याज धारा 10(15) के तहत, किसी रिश्तेदारों से प्राप्त उपहार धारा 56(2) के तहत, बचत बैंक खाते में 10,000 रुपये की ब्याज राशि धारा 80टीटीए के तहत छूट की कैटेगरी में आती है। हालांकि, सभी छूट वाली कैटेगरी की सीमाएं हैं और विभाग की ओर से उसके लिए अलग मापदंड तय किए गए हैं। जैसे कि गैर-रिश्तेदारों से 50,000 रुपये से अधिक के उपहार कर योग्य हैं। मलतब कि इस पर टैक्स देना होगा। अगर कोई टैक्सपेयर्स छूट के बारे में पुख्ता जानकारी नहीं देता है तो विभाग की ओर से डेटा मिलान के दौरान मुसीबत आ सकती है। अगर टैक्स डिपार्टमेंट को कागजों के मिलान के समय कोई गड़बड़ी दिखती है। कुछ मिसमैच होता है तो विभाग की ओर से क्लीरेंस के लिए टैक्स नोटिस जारी किया जा सकता है।

# वेनेजुएला और ईरान छोड़िए, लीबिया में मिल रहा सबसे सस्ता पेट्रोल, 85 रुपये में टंकी फुल



नई दिल्ली, 16 अगस्त (एजेंसियां)। कच्चे तेल की कीमत में हाल में काफी गिरावट आई है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ब्रेंट क्रूड की कीमत करीब 65 डॉलर प्रति बैरल के आसपास है। लेकिन भारत में पेट्रोल और डीजल की कीमत में लंबे समय से कोई बदलाव नहीं हुआ है। देश के कई शहरों में पेट्रोल की कीमत 100 रुपये प्रति लीटर के आसपास है। लेकिन दुनिया के कई देशों में पेट्रोल इतना सस्ता है कि 100 रुपये से भी कम कीमत आपकी कार की 35 लीटर की टंकी फुल हो सकती है। वैसे दुनिया में पेट्रोल की औसत कीमत 1.29 डॉलर यानी करीब 113 रुपये प्रति लीटर है। जानिए किस देश में पेट्रोल सबसे सस्ता है और कहां सबसे महंगा। ग्लोबल पेट्रोल प्राइसेज के मुताबिक दुनिया में सबसे सस्ता पेट्रोल उत्तर अफ्रीकी देश लीबिया में है। इस देश में पेट्रोल की कीमत 0.028 डॉलर यानी करीब 2.45 रुपये है। अफ्रीका का सबसे बड़ा तेल भंडार लीबिया के पास है। वैसे दुनिया में इसका नौवां नंबर है। एक अनुमान के मुताबिक इस देश के पास 48.3 हजार मिलियन बैरल कच्चे तेल का भंडार है। साल 2011 में गद्दाफी सरकार के पतन के बाद से देश राजनीतिक उथलपुथल के दौर से गुजर रहा है। गृहयुद्ध और विभिन्न गुटों के आपसी टकराव के कारण इस देश में कच्चे तेल का उत्पादन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। लीबिया के बाद सबसे सस्ता तेल ईरान में है। इस देश में एक लीटर पेट्रोल की कीमत 0.029 डॉलर है जो भारतीय रुपये में करीब 2.54 रुपये बैठती है। ईरान के पास करीब 208.6 हजार मिलियन बैरल कच्चे तेल का भंडार है जो वेनेजुएला और सऊदी अरब के बाद सबसे ज्यादा है। वेनेजुएला के पास दुनिया का सबसे बड़ा तेल भंडार ((303.8 हजार मिलियन बैरल) है। इस देश में एक लीटर पेट्रोल के लिए आपको 0.025 डॉलर खर्च करने होंगे। लेकिन ईरान की तरह वेनेजुएला भी पश्चिमी देशों के प्रतिबंधों के कारण अपने तेल भंडार का फायदा नहीं उठा पा रहा है।कुवैत, अल्जीरिया, मिस्र, कजाकस्तान, नाइजीरिया, सऊदी अरब और यूएई उन देशों में शामिल हैं जहां पेट्रोल की कीमत सबसे कम है। दुनिया में कच्चे तेल का सबसे ज्यादा उत्पादन अमेरिका में होता है जबकि उसके पास करीब 47.1 हजार मिलियन बैरल तेल का भंडार है। इस देश में पेट्रोल की खपत सबसे ज्यादा है। यहां एक लीटर पेट्रोल की कीमत करीब 0.923 डॉलर है। पाकिस्तान (0.932 डॉलर) और बांग्लादेश (1.003 डॉलर) में भी पेट्रोल की कीमत भारत से कम है। भारत यह औसतन 1.154 डॉलर यानी करीब 101 रुपये है।

# 21 अगस्त से पहले साय मंत्रिमंडल में 3 नए मंत्री

## 2 संगठन, एक आरएसएस की पसंद का बनेगा, पुराने मंत्रियों की कुर्सी सुरक्षित

रायपुर, 16 अगस्त (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ में साय कैबिनेट के विस्तार को लेकर सियासी हलचल तेज है। संगठन के पदाधिकारियों ने संकेत दिए हैं कि, 21 अगस्त से पहले मंत्रिमंडल का विस्तार हो सकता है। सूत्रों के अनुसार, पार्टी के शीर्ष नेतृत्व से सीएम साय को कैबिनेट विस्तार की हरी झंडी मिल चुकी है।

बताया जा रहा है कि भाजपा का शीर्ष नेतृत्व 14 सदस्यीय मंत्रिमंडल बनाने पर सहमत हो चुका है। साय कैबिनेट में दो संगठन और एक आरएसएस की पसंद का मंत्री आने वाले दिनों में शामिल होगा। वहीं, पुराने मंत्रियों की कुर्सी सुरक्षित रहेगी, उनके विभागों में कोई बदलाव नहीं होगा।

दरअसल, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय 21 अगस्त को जापान और दक्षिण कोरिया की यात्रा पर रवाना होंगे। ऐसे में अनुमान है कि शपथ ग्रहण की प्रक्रिया अगले पांच दिनों में पूरी कर ली जाएगी।

बीजेपी संगठन के पदाधिकारियों के अनुसार, संगठन विस्तार के दौरान तीन नेताओं को मंत्री पद की जिम्मेदारी दी जाएगी। इसमें सामाजिक और क्षेत्रीय संतुलन को प्राथमिकता दी जाएगी।

अनुमान है कि एक मंत्री सामान्य वर्ग से, दूसरा अनुसूचित जनजाति से और तीसरा पिछड़ा वर्ग से चुना जा सकता है। इसके साथ ही बिलासपुर, सरगुजा और दुर्ग संभाग से एक-एक मंत्री शामिल किए जाने की संभावना जताई जा रही है।

**इन विधायकों में लगी मंत्री बनने की रेस**

बिलासपुर विधायक अमर अग्रवाल, कुरुद विधायक अजय चंद्राकर, दुर्ग विधायक गजेंद्र यादव, अंबिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल और आरंग विधायक गुरु खुशवंत साहेब का नाम आगे चल रहा है।

पुराने मंत्रियों की कुर्सी सुरक्षित बीजेपी संगठन के अनुसार, नए मंत्रियों की कैबिनेट में एंट्री होगी, लेकिन मौजूदा मंत्रियों के विभाग या पद में कोई बदलाव नहीं किया जाएगा। इसका मतलब है कि वर्तमान टीम से किसी को बाहर



नहीं किया जाएगा।

हालांकि पिछले कुछ समय से राजनीतिक हलकों में लक्ष्मी राजवाड़े, दयालदास बघेल और टंकराम वर्मा को लेकर अटकलें चल रही थीं, लेकिन अब ऐसे संकेत दिखाई नहीं दे रहे हैं।

**संसदीय सचिवों की नियुक्ति पर भी लग सकती है मुहर**

अगस्त महीने में ही बीजेपी संसदीय सचिव और रिक्त निगम मंडल के अध्यक्षों की भी नियुक्त कर सकती है। इस नियुक्ति में सीनियर और जूनियर का औसत देखने को मिलेगा।

बता दें कि, संसदीय सचिव नियुक्त करने की परंपरा भाजपा शासनकाल में डॉ. रमन सिंह के मुख्यमंत्री रहते शुरू हुई थी। उस समय कांग्रेस ने इसका कड़ा विरोध किया था और इसे 'मिनी कैबिनेट' बताते हुए असंवैधानिक करार दिया था। लेकिन सत्ता में आने के बाद भूपेश बघेल सरकार ने भी इस परंपरा को बनाए रखा और 13 विधायकों को संसदीय सचिव बनाया। अब विष्णुदेव साय की भाजपा सरकार भी इन पदों को भरने की तैयारी में है।

इस पर कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि, बीजेपी बीच-बीच में मसाला छोड़ती रहती है। उनमें साहस नहीं कि वो मंत्रिमंडल का विस्तार कर ले। जैसे ही मंत्रिमंडल का विस्तार होगा, वैसे ही सरकार की उल्टी गिनती शुरू हो जाएगी।

उन्होंने कहा कि, बीजेपी में एक अनार सौ बीमार की स्थिति है। दावेदार वरिष्ठ नेता है, उन सबको दरकिनार किया गया है। जैसे ही मंत्रिमंडल में विस्तार होगा, वैसे ही बीजेपी में बगावत होगी।

### रायपुर में तेज बारिश
## कांकेर-बस्तर-नारायणपुर में यलो अलर्ट

**दुर्ग-बिलासपुर समेत बाकी जिलों में गरज-चमक के साथ बिजली गिरेगी**

रायपुर, 16 अगस्त (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ में एक बार फिर बारिश का दौर शुरू हो गया है। रायपुर में शनिवार दोपहर को मौसम बदला और तेज बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने आज बस्तर, नारायणपुर, कांकेर इन तीन जिलों में भारी बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। बिलासपुर, दुर्ग, सरगुजा और बस्तर संभाग के जिलों में बिजली गिरने, बादल गरजने को लेकर यलो अलर्ट है।

पिछले 24 घंटों में छत्तीसगढ़ के अधिकांश जगहों पर मध्यम वर्षा हुई है। शुक्रवार की रात रायपुर में घंटे भर तेज पानी बरसा। वहीं सुबह से बादल छाए हुए हैं। कुछ जगहों पर बूंदाबांदी भी हुई।

बता दें कि दक्षिण ओडिशा और उत्तरी आंध्र प्रदेश में लो प्रेशर एरिया बना हुआ है। इसके असर से छत्तीसगढ़ में अगले एक सप्ताह तक बारिश का दौर जारी रहेगा। दक्षिण छत्तीसगढ़ में एक-दो स्थानों पर भारी बारिश हो सकती है, जबकि मध्य और उत्तरी हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है।

# 3 बार विधायक, 2 बार कैबिनेट मंत्री रहे रामदास सोरेन

## 62 साल की उम्र में निधन, ग्राम प्रधान से शुरू हुआ राजनीतिक सफर, अलग राज्य की भी लड़ाई लड़ी

रांची, 16 अगस्त (एजेंसियां)। झारखंड की सियासत में बड़ा नाम और झामुमो के कद्दावर नेता रामदास सोरेन अब इस दुनिया में नहीं रहे। 62 साल की उम्र में दिल्ली के इंद्रप्रस्थ अपोलो अस्पताल में उन्होंने अंतिम सांस ली।

15 अगस्त, स्वतंत्रता दिवस के दिन उनकी मौत की खबर ने पूरे झारखंड को स्तब्ध कर दिया।

कभी ग्राम प्रधान से राजनीति की शुरुआत करने वाले रामदास ने झारखंड आंदोलन में अहम भूमिका निभाई थी और 44 साल के संघर्ष के बाद वे तीन बार विधायक और दो बार कैबिनेट मंत्री बने।

**2005 में बगावत कर निर्दलीय चुनाव लड़े थे**

रामदास सोरेन की राजनीति घाटशिला विधानसभा क्षेत्र से शुरू हुई। वे झामुमो के पूर्वी सिंहभूम जिलाध्यक्ष भी रहे। साल 2005 में जब झामुमो-कांग्रेस



गठबंधन के कारण घाटशिला सीट कांग्रेस के खाते में चली गई और पार्टी ने टिकट नहीं दिया, तो उन्होंने जिलाध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया। निर्दलीय मैदान में उतरे और 35 हजार वोट लाकर सभी को चौंका दिया। भले ही वे हार गए, लेकिन उन्होंने साबित कर दिया कि घाटशिला में उनकी पकड़ मजबूत है। यही दौर उनके बड़े राजनीतिक करियर की नींव बनी।

**तीन बार विधायक, दो बार मंत्री बने**

रामदास को 2009 में पहली बार झामुमो ने टिकट दिया और वे विधायक बने। 2014 में भाजपा के लक्ष्मण टुडू से हार गए, लेकिन हार के बाद भी क्षेत्र में लगातार सक्रिय रहे। 2019 में उन्होंने भाजपा से यह सीट छीन ली। 2024 में तीसरी बार भारी मतों से जीतकर घाटशिला के विधायक बने। अगस्त 2024 में वे पहली बार जल संसाधन और उच्च शिक्षा तकनीकी मंत्री बने, लेकिन ढाई महीने बाद ही मंत्रिमंडल का विस्तार हुआ और उन्हें स्कूली शिक्षा विभाग की जिम्मेदारी सौंपी गई। हालांकि, वे अपने दूसरे कार्यकाल को पूरा नहीं कर पाए।

मंत्री बनने के बाद रामदास सोरेन के पैतृक गांव खरस्वती में जबरदस्त जश्न मनाया गया। परिवार और समर्थकों ने मिठाइयां बांटी और ढोल-नगाड़ों की थाप पर खुशी जताई। लेकिन इसी बीच 2 अगस्त 2025 को जमशेदपुर स्थित आवास में वे बाथरूम में गिर गए और सिर में गंभीर चोट लगी।

# झारखंड में अगले 5 दिन बारिश के आसार

## पश्चिमी, उत्तरी और मध्य भागों में बारिश, 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चल सकती हैं तेज हवाएं

रांची, 16 अगस्त (एजेंसियां)। झारखंड में बीते 24 घंटे के दौरान मौसम सामान्य रहा, लेकिन तापमान में हल्की बढ़ोतरी दर्ज की गई। रांची का अधिकतम तापमान 30 डिग्री और न्यूनतम 22.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। पूरे प्रदेश में गोड्डा सबसे गर्म जिला रहा है।

यहां का अधिकतम पारा 33.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। रांची का कांके सबसे ठंडा रहा, जहां न्यूनतम तापमान 21.1 सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। पिछले 24 घंटे में कई जिलों में हल्की बारिश हुई, जिसमें जमशेदपुर में 0.4 मिमी और डाल्टनगंज में 1.1 मिमी बारिश हुई।

मौसम विभाग के मुताबिक, 15 अगस्त से मौसम में जो बदलाव आया है, उस वजह से 19 अगस्त तक राज्य में कई स्थानों पर गरज-चमक के साथ हल्की से मध्यम दर्जे की बारिश होने की संभावना है। आज पश्चिमी, उत्तरी और मध्य भागों में मध्यम बारिश के आसार हैं। बारिश का यह सिलसिला लगातार पांच दिन तक चलेगा। 20 और 21 अगस्त को भी कई स्थानों पर मध्यम बारिश की प्रबल संभावना है।

16 और 17 अगस्त को राज्य के कई हिस्सों में गरज-चमक के साथ 30-40 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं। इस दौरान दक्षिणी भाग में कहीं-कहीं भारी बारिश की संभावना भी जताई गई है। मौसम विभाग ने लोगों को खुले स्थानों पर जाने से बचने और सुरक्षित स्थान पर रहने की सलाह दी है।

# रायपुर में पाकिस्तानी हेरोइन खरीदारों की तलाश, 350 अकाउंट फ्रीज

## ड्रग्स बेचने वालों के खातों में करोड़ों का ट्रांजेक्शन, कई सफेद पोश भी रडार पर

रायपुर, 16 अगस्त (एजेंसियां)। पाकिस्तान की ड्रग्स रायपुर में बेचने वाले सिंडिकेट के आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने जांच का दायरा बढ़ा दिया है। आरोपियों से ड्रग्स किस-किस ने खरीदा? इसका पता लगाने के लिए पुलिस अधिकारी अब तकनीकी जांच कर रहे हैं।

कंज्यूमर और सिंडिकेट के संपर्क में रहने वाले लोगों की पहचान करने में आसानी हो, इसलिए पुलिस अधिकारियों ने सिंडिकेट के अकाउंट में पैसे डालने वाले 350 लोगों का अकाउंट फ्रीज कराया है।

**800 से ज्यादा अकाउंट्स की पहचान**

पुलिस को आशंका है कि, जो लोग इन आरोपियों से ड्रग्स खरीदते थे, वे उसे आगे भी बेचते थे। जिन लोगों ने आरोपियों के अकाउंट में बड़ी रकम डाली है। उन सभी को जांच के दायरे में अफसरों ने रखा है।

जांच अधिकारियों का कहना है



कि, सिंडिकेट से संपर्क रखने वाले सभी लोगों से पूछताछ की जाएगी। 800 से ज्यादा लोगों के अकाउंट्स की पहचान की गई है। जो लोग जांच के दौरान दोषी पाए जाएंगे, उनके खिलाफ कार्रवाई भी की जाएगी।

पाकिस्तान की हेरोइन रायपुर में बेचने वाले 17 आरोपियों पर पुलिस कार्रवाई कर चुकी है। ये आरोपी कमल विहार इलाके को अड्डा बनाकर ड्रग्स बेचने का काम करते थे। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, ये आरोपी 8 महीने से हेरोइन बेचने का कारोबार कर रहे थे।

आरोपियों के पास से पुलिस ने कार्रवाई के दौरान 1 करोड़ का हेरोइन भी बरामद किया था। जांच अधिकारियों का कहना है कि, आरोपियों के सिंडिकेट में कुछ सफेद पोश लोगों के जुड़े होने की जानकारी सामने आई है। उनके बारे में जांच की जा रही है। आने वाले दिनों में उनकी भी गिरफ्तारी होगी। वर्चुअल नेटवर्क बनाकर पिछले 8 महीने से रायपुर में ड्रग्स सिंडिकेट ऑपरेट कर रहे इस गिरोह के खिलाफ रायपुर पुलिस के साथ-साथ आइबी, एनसीबी और एटीएस भी जांच कर रही है। आइबी के अफसर पुलिस रिमांड पर लाए गए मास्टर माइंड लवजीत सिंह उर्फ बंटी से पूछताछ कर चुके हैं। लवजीत सिंह से नेटवर्क, सप्लाई और सिंडिकेट से जुड़ी कई महत्वपूर्ण जानकारियां मिली हैं। इन जानकारियों के आधार पर जांच एजेंसियां आगे की कार्रवाई कर रही हैं।

दरअसल, पुलिस महानिरीक्षक अमरेश मिश्रा और एसएसपी डॉ. लाल उमेद सिंह के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई थी। महीनों की निगरानी, बैंक ट्रेसिंग और टेक्निकल सर्विलांस के बाद 3 अगस्त को रायपुर पुलिस की स्पेशल टीम ने कमल विहार के फ्लैट में दबिश दी।

# एएसआई ने पुलिस बैरक में फांसी लगाई

## बालोद में रात 11 बजे तक ड्यूटी पर थे, सुबह पंखे से लटकते मिले, दुर्ग के रहने वाले थे

बालोद, 16 अगस्त (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के बालोद जिले में पुलिस बैरक में सहायक उपनिरीक्षक (एएसआई) ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जब शनिवार सुबह करीब 7:30 बजे आरक्षक बैरक पहुंचे तो एएसआई को पंखे पर फंदे से झूलते देखा। तत्काल आस-पास के लोगों को बुलाकर उन्हें नीचे उतारा और अस्पताल पहुंचाया गया। लेकिन तब तक हीरामन मंडावी की मौत हो चुकी थी। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए चिखलकसा मॉर्च्युरी भेज दिया है। हीरामन मंडावी दल्लीराजहरा थाने में पदस्थ थे। उनका दल्लीराजहरा थाना इलाके की है। एएसआई हीरामन मंडावी दुर्ग जिले के बोरसी के रहने वाले थे। उनका परिवार वहीं रहता है।

वो लंबे समय से बालोद जिले में सेवाएं दे रहे थे। वे यातायात विभाग समेत जिले के कई थानों में पदस्थ रह चुके थे। 7 महीने पहले ही उनका ट्रांसफर अर्जुन्दा से दल्लीराजहरा थाने में हुआ था।

सहकर्मियों के अनुसार, शुक्रवार रात करीब 11 बजे तक वे थाने में कार्यरत रहे और उसके बाद सोने चले गए।

सुबह जब कुछ जवान स्नान कर लौटे तो उन्होंने हीरामन को फंदे पर झूलते देखा। इस मामले में दल्लीराजहरा सीएसपी चित्रा वर्मा का कहना है कि, पुलिस के बैरक में ही हीरामन मंडावी रहते थे। उसी कमरे में फांसी लगाई है। उनके परिजनों को सूचना दे दी गई है। आत्महत्या की वजह सामने नहीं आई है। फिलहाल मामले की जांच जारी है।

# झारखंड के पूर्व सीएम शिबू सोरेन का संस्कार भोज

## बाबा रामदेव पहुंचे नेमरा, 5 पंडालों में भोजन करने की व्यवस्था, उमड़ी लोगों की भीड़

रांची/रामगढ़, 16 अगस्त (एजेंसियां)। गुरुजी के पैतृक गांव नेमरा में आज संस्कार भोज है। संस्कार भोज की शुरुआत हो चुकी है। दिन के लगभग 11 बजे से शुरू इस भोज में शामिल होने बड़ी संख्या में लोग पहुंचे रहे हैं। अब तक हजारों की संख्या में पहुंचे लोगों ने भोज में शिरकत की और दिवंगत शिबू सोरेन को श्रद्धांजलि के पुष्प अर्पित कर रहे हैं।

इस संस्कार भोज में देशभर के गणमान्य शामिल हो रहे हैं। बाबा रामदेव भी हेलिकॉप्टर से सीधा नेमरा पहुंचे और श्रद्धासुमन अर्पित किए। इसके अतिरिक्त बिहार से पप्पू यादव, अश्विनी चौबे भी पहुंचे। राज्य सरकार के तमाम मंत्री-विधायक भी मौके पर मौजूद हैं।

इनके अतिरिक्त आरके आनंद, राजनाथ सिंह, रक्षा राज्यमंत्री



संजय सेठ सहित तमाम व्यक्तित्व इस वक्त नेमरा में हैं। लोगों को किसी तरह की दिक्कत न हो इसके लिए गोला चौक से गुरुजी के घर तक करीब 25 किमी सड़क बनाई गई है।

सड़क के दोनों ओर गुरुजी के बड़े-बड़े कटआउट लगाए गए हैं। इस सड़क के किनारे 4000 स्ट्रीट लाइट लगाए गए हैं। बिजली गुल होने की स्थिति से निपटने के लिए 200 से अधिक जनरेटर लगाए गए हैं। वहीं संस्कार भोज के लिए अलग-अलग जगहों पर पांच बड़े पंडाल बनाए गए हैं। इन्हीं पंडालों में खाना बनाने की व्यवस्था की गई है।

लोगों को टेबल कुर्सी में बैठा कर खिलाया जा रहा है। इन पंडालों में गुरुजी की तस्वीर भी लगाई जाएगी, जहां लोग उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया जा रहा है। पंडालों में एसी और कूलर की भी व्यवस्था की गई है। जानकारी के मुताबिक 3 सौ से अधिक चूल्हे में 12 से अधिक प्रकार के व्यंजन बनाए गए हैं। सभी व्यंजन हर पंडाल में भोजन कर रहे लोगों को परोसा जा रहा है।

नेमरा से संस्कार भोज को लेकर ट्रैफिक रूट में बदलाव किया गया है।ओरमांझी से सिकिदरी होकर गोला जाने वाले रूट पर आज सुबह 6 बजे से रात 12 बजे तक मालवाहक गाड़ियों की एंट्री पर रोक रहेगी। इसी तरह सिल्ली व मुरी होकर गोला जाने वाली सड़क पर भी मालवाहक गाड़ियां नहीं चलेंगी।

कार्यक्रम स्थल से दो से तीन किलोमीटर की दूरी पर छह बड़े पार्किंग स्थल बनाए गए हैं। लुकईयाटांड में लगभग तीन हजार वाहनों के पार्किंग की व्यवस्था की गई है। नेमरा गांव में वीवीआईपी के लिए करीब 50 वाहनों की पार्किंग और वहां से एक किलोमीटर दूर 50 अन्य वाहनों की व्यवस्था की गई है।

# आदित्यपुर में दरोगा की मिली लाश

**मालखाना का चार्ज देने रांची से पहुंचे थे, जागृति मैदान के पास मिली बॉडी**

जमशेदपुर, 16 अगस्त (एजेंसियां)। आदित्यपुर में शनिवार की सुबह बड़ा मामला सामने आया। यहां आरआईटी थाना से सटे जागृति मैदान के पास एक सब-इंस्पेक्टर का शव मिलने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान अरुण कुमार सिंह के रूप में हुई, जो रांची से सरायकेला मालखाना का चार्ज देने आदित्यपुर आए थे। सुबह स्थानीय लोगों ने मैदान के उत्तरी हिस्से में स्थित एक मुर्गा दुकान के पीछे शव देखा और तुरंत आरआईटी थाना को इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। सब-इंस्पेक्टर अरुण कुमार सिंह पुलिस विभाग के एक अनुभवी और ईमानदार अधिकारी माने जाते थे।

# झरिया में खनन ब्लास्टिंग से बस्ती में गिरा पत्थर

## एक साल का बच्चा बाल-बाल बचा, गुस्साए ग्रामीणों ने किया सड़क जाम

धनबाद, 16 अगस्त (एजेंसियां)। झरिया के लोदना क्षेत्र स्थित देवप्रभा आउटसोर्सिंग परियोजना में शुक्रवार को की गई ब्लास्टिंग से मोहरीबांध बस्ती में दहशत फैल गई। ब्लास्टिंग से उड़ा एक बड़ा पत्थर बस्ती के एक घर के आंगन में जा गिरा। आंगन में खेल रहा एक वर्षीय बच्चा बाल-बाल बच गया।

घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने बलियापुर-झरिया मुख्य मार्ग पर जाम लगा दिया। उन्होंने बीसीसीएल और आउटसोर्सिंग प्रबंधन के विरुद्ध नारेबाजी की। ग्रामीणों का कहना है कि प्रबंधन डीजीएमएस के सुरक्षा नियमों का पालन नहीं कर रहा है। इससे स्थानीय लोगों का जीवन खतरे में है।

**पत्थर नीम के पेड़ की डाल को तोड़ते हुए आंगन में गिरा**



प्रत्यक्षदर्शी ललिता देवी ने बताया कि घटना के समय उनका परिवार आंगन में बैठा था। पत्थर नीम के पेड़ की डाल को तोड़ते हुए आंगन में गिरा। उनके अनुसार बड़ी दुर्घटना होते-होते टल गई।

सूचना पर तीसरा थाना प्रभारी सुमन कुमार और घनुवाडीह ओपी प्रभारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने बीसीसीएल प्रबंधन से बात कर समाधान का आश्वासन दिया। इसके बाद जाम हटा लिया गया।

ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि ब्लास्टिंग पद्धति और सुरक्षा मानकों में सुधार नहीं किया गया तो वे आंदोलन करेंगे।

यह घटना आउटसोर्सिंग परियोजनाओं की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े करती है।

# पेट्रोल पंप मैनेजर पर हमला

## नमस्कार चौक के पास फायरिंग कर 2.80 लाख रुपए लूटे, मैनेजर घायल

हजारीबाग, 16 अगस्त (एजेंसियां)। हजारीबाग के खिरगांव स्थित आर.आर. पेट्रोल पंप के मैनेजर अवधेश कुमार पर बीते रात अज्ञात अपराधियों ने हमला कर दिया। नमस्कार चौक के पास अपराधियों ने उन पर फायरिंग की। इस हमले में मैनेजर बाइक से गिर गए और उनके हाथ में चोट आई। अपराधी लगभग 2 लाख 80 हजार रुपए लूटकर फरार हो गए।

**दिन का कलेक्शन पेट्रोल पंप मालिक के घर ले जा रहे थे**

घायल मैनेजर को शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अवधेश कुमार कटकमदाग थाना क्षेत्र के कूद गांव के रहने वाले हैं। वे बैंक बंद होने के कारण दिन का कलेक्शन इमली कोठी चौक स्थित पेट्रोल पंप मालिक के घर ले जा रहे थे।

पुलिस के अनुसार, अपराधियों ने पहले से मैनेजर की रेकी की थी। पेट्रोल पंप कर्मचारियों ने बताया कि कुछ संदिग्ध व्यक्ति पिछले कई दिनों से पंप के आसपास घूम रहे थे। कुछ महीने पहले इचाक के सालफनी पेट्रोल पंप के मैनेजर पर भी ऐसी ही लूट की कोशिश हुई थी।

**पुलिस घटना में प्रयुक्त वाहन को ट्रैक करने का प्रयास कर रही**

बड़ा बाजार थाना प्रभारी पंकज कुमार ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस घटना में प्रयुक्त वाहन को ट्रैक करने का प्रयास कर रही है। घटनास्थल और पेट्रोल पंप के सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है।

पुलिस का मानना है कि इन फुटेज में कैद संदिग्धों ने ही वारदात को अंजाम दिया है।

लगातार हो रही ऐसी घटनाओं से पेट्रोल पंप संचालकों और मैनेजरों में असुरक्षा की भावना बढ़ गई है। आम लोगों में भी अपराधियों के बढ़ते मनोबल को लेकर चिंता जताई जा रही है।

# जुए में हारी रकम की भरपाई के लिए चोरी

## दिनदहाड़े वारदात को अंजाम दिया, 24 घंटे में 2 आरोपी अरेस्ट

कोंडागांव, 16 अगस्त (एजेंसियां)। कोंडागांव में पुलिस ने जुआ खेलने की लत के कारण चोरी करने वाले 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। माकड़ी थाना पुलिस और साइबर सेल की संयुक्त टीम ने आरोपियों से 1.02 लाख रुपए नगद, 2 लाख रुपए के सोने-चांदी के आभूषण और 80 हजार रुपए की बाइक बरामद की है। दोनों ने जुए में हारी रकम की भरपाई के लिए चोरी की थी।

जानकारी के मुताबिक, 12 अगस्त को नयापारा माकड़ी निवासी रत्ना दास के घर में दिन में चोरी हुई थी। वे सुबह पति के साथ घर में ताला लगाकर ड्यूटी के लिए गई थीं। दोपहर 3 बजे लौटने पर उन्होंने देखा कि घर का ताला टूटा हुआ है। अलमारी से गहने और कैश गायब थे। पुलिस जांच में पता चला कि घटना के समय दो संदिग्ध व्यक्ति घर के आसपास थे। साइबर टीम की मदद से उनकी पहचान की गई। पुलिस ने फरसगांव के श्रवण कुमार कोर्राम (35) और कोंडागांव के छत्र कुमार ध्रुव (37) को गिरफ्तार किया। पूछताछ में दोनों ने स्वीकार किया कि वे जुआ खेलने के आदी हैं। जुए में हारी रकम की भरपाई के लिए उन्होंने चोरी की थी। दोनों आरोपी पहले भी चोरी के मामलों में जेल जा चुके हैं। फिलहाल, आरोपियों को कोर्ट में पेश कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

# पुलिस ने हथियार बरामद किया

## 4 एसएलआर राइफल और 527 कारतूस मिले, नक्सलियों से हुई थी मुठभेड़



चाईबासा, 16 अगस्त (एजेंसियां)। पश्चिमी सिंहभूम के गोइलकेरा थाना क्षेत्र में सुरक्षाबलों ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने हथियार बरामद किए हैं। 13 अगस्त को पोसैता और दुर्गनिया जंगल के बीच सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई थी।

इस दौरान सुरक्षाबलों ने भाकपा माओवादी के एरिया कमांडर अरुण उर्फ वरुण मदकम को मार गिराया था। मदकम छत्तीसगढ़ के सुकमा का रहने वाला था।

सर्चिंग के दौरान सुरक्षाबलों ने चार एसएलआर राइफल और 527 जिंदा कारतूस बरामद किए। इसके अलावा मैगजीन, खोखा, वर्दी, डेटोनेटर, पिट्ठू, बैटरी और अन्य सामान भी मिले।

एसपी राकेश रंजन ने बताया कि जिला पुलिस और सीआरपीएफ संयुक्त रूप से नक्सलियों के खिलाफ अभियान चला रहे हैं। मुठभेड़ में कई अन्य नक्सली भी घायल हुए हैं, जो भाग निकले। पुलिस प्रशासन ने नक्सलियों से अपील की है कि वे मुख्यधारा में लौट आएं। सरेंडर पॉलिसी के तहत उन्हें और उनके परिवार को लाभ दिया जाएगा। प्रेस वार्ता में डीआईजी अनुरंजन किस्पोट्टा, एसपी राकेश रंजन, एडिशनल एसपी अभियान पारस राणा और सीआरपीएफ के डीआईजी व कमांडेंट मौजूद थे।

# पाकिस्तान में बाढ़ से 48 घंटों में 340 से ज्यादा मौतें

## घर-सड़कें तबाह, 2 हजार बचावकर्मी तैनात



इस्लामाबाद, 16 अगस्त (एजेंसियां)। पाकिस्तान में बाढ़ से पिछले 48 घंटों में 340 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई है। अधिकारियों के मुताबिक सबसे ज्यादा मौतें खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में हुईं, जहां नदियों के उफान और घरों के ढहने से 307 लोगों की मौत हो गई।

तेज बारिश के कारण शुक्रवार को पाकिस्तान के विभिन्न जिलों में अचानक बाढ़ आ गई थी, जिसमें 200 से अधिक लोग मारे गए थे।

अधिकारियों ने बताया कि नौ जिलों में लगभग 2 हजार बचावकर्मी रेस्क्यू में लगे हुए हैं, लेकिन पहुंच अभी भी काफी सीमित है।

खैबर पख्तूनख्वा की बचाव एजेंसी के प्रवक्ता बिलाल अहमद फैजी ने एएफपी को बताया- भारी बारिश से कई क्षेत्रों में लैंडस्लाइड हुई है, कई सड़कें बह गईं जिससे सहायता पहुंचाने में, विशेष रूप से भारी मशीनरी और एम्बुलेंस ले जाने में दिक्कत हो रही हैं।

# यूक्रेन क्यों नहीं चाहता भारत खरीदे एफ-16 लड़ाकू विमान?

## दिल्ली ने राफेल फाइटर जेट खरीदा तो खुश होंगे जेलेंस्की, रूस को झटका?



पेरिस/वॉशिंगटन, 16 अगस्त (एजेंसियां)। भारत ने मल्टी रोल फाइटर जेट (एमआरएफए) प्रोग्राम को धीरे धीरे बढ़ाना शुरू कर दिया है। हालांकि अभी तक इस प्रोजेक्ट को लेकर आधिकारिक तौर पर कुछ कहा नहीं गया है। लेकिन कई रिपोर्ट्स में चर्चाएं हैं कि भारत दो तरह से इस प्रोजेक्ट पर आगे बढ़ सकता है। एक थ्योरी के मुताबिक 60 राफेल जेट और 60 पांचवीं पीढ़ी का लड़ाकू (सू-57 या एफ-35) खरीदा जा सकता है, ताकि चीन और पाकिस्तान के पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमानों को काउंटर किया जा सके। वहीं दूसरी थ्योरी ये है कि भारत फ्रांस से सरकार-से-सरकार सौदे के तहत 114 राफेल-एफ4 लड़ाकू विमान ही खरीद ले।

अगर भारत 114 राफेल लड़ाकू विमान ही खरीदने के फैसले के साथ आगे बढ़ता है तो अरबों डॉलर के इस प्रोजेक्ट से कई दावेदार बाहर हो सकते हैं। जैसे स्वीडिश कंपनी एसएएबी का ग्रिपेन फाइटर जेट, बोइंग का एफ-15इएक्स, लॉकहीड मार्टिन का एफ-16 ब्लॉक 70 वैरिएंट जिसे एफ-21 कहा जाता है, यूरोपीय यूरोफाइटर और रूसी एसयू-57 स्टील्थ फाइटर जेट। भारत अगर 114 राफेल खरीदता है तो फिर एएमसीए पूरा होने कोई और फाइटर जेट नहीं खरीदा जाएगा। माना जा रहा है कि राफेल पर ही भारत भरोसा करेगा, क्योंकि अब भारतीय वायुसेना में राफेल का इन्फ्रास्ट्रक्चर भी तैयार हो चुका है और भारतीय पायलट भी राफेल से पूरी तरह परिचित हो चुके हैं।

**भारत के राफेल सौदे से यूक्रेन को कैसे होगा फायदा?**

रिपोर्ट के मुताबिक अगर भारत राफेल फाइटर जेट खरीदने का फैसला करता तो यूक्रेन को काफी फायदा होगा, क्योंकि वो एफ-16 खरीदने की कोशिश कर रहा है। भारत-फ्रांस में अगर राफेल समझौता होता है तो दोनों देश मिलकर राफेल का प्रोडक्शन करेंगे और भारत में ही विमानों का प्रोडक्शन होगा।

राफेल बनाने वाली डसॉल्ड एविएशन ने भारत के टाटा ग्रुप के साथ प्रोडक्शन लाइन बनाने के लिए समझौता भी किया है। लेकिन अगर भारत एफ-16/एफ-21 को चुनता है, जिसकी संभावना न्यूनतम है तो भारत के बड़े ऑर्डर के सामने एफ-16 का प्रोडक्शन लाइन कई सालों तक व्यस्त रहेगा। जिसका असर यूक्रेन युद्ध पर होने की आशंका होगी। क्योंकि कई यूरोपीय देश लगातार अमेरिका से एफ-16 खरीदकर उसकी सप्लाई यूरोप को कर रहे हैं।

यूक्रेन के लिए राफेल लड़ाकू विमान खरीदना लगभग असंभव है। हर जेट की कीमत करीब 225 मिलियन यूरो है और डिलीवरी टाइमलाइन 9 साल तक खिंच सकती है। इसीलिए यूक्रेन को साब ग्रिपेन से काफी जल्द फाइटर जेट मिल सकते हैं। इसीलिए ताजा रिपोर्ट्स के मुताबिक यूक्रेन की नजर भारत के फैसले पर है। यूक्रेन चाहता है कि भारत राफेल खरीदे ताकि एफ-16 या साब ग्रिपेन लड़ाकू विमान उसे जल्द हासिल हो सके।

अगर भारत साब ग्रिपेन खरीदता है तो फिर यूक्रेन मुसीबत में फंस जाएगा और वो ना राफेल खरीद सकता है और ना ही साब ग्रिपेन उसे कम से कम 9 सालों तक नये विमान बनाकर दे सकता है।

# चीन का सबसे बड़ा हवाई अड्डा बना 'सफेद हाथी'

## यात्रियों का पड़ा अकाल, पायलट ने बताई हकीकत

बीजिंग, 16 अगस्त (एजेंसियां)। चीन की राजधानी बीजिंग के डैक्सिंग अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को दुनिया के सबसे बड़े एयरपोर्ट टर्मिनल के रूप में जाना जाता है। 18 अरब डॉलर की लागत से तैयार इस एयरपोर्ट को साल 2019 में यात्रियों के लिए खोला गया था। इस एयरपोर्ट को 2040 तक 10 करोड़ से ज्यादा यात्रियों को सेवा देने के लिए डिजायन किया गया है, लेकिन हाल ही में एक कमर्शियल पायलट और ट्रैवेल ब्लॉगर स्टीफन ड्रूरी ने जब इस विशाल हवाई अड्डे के टर्मिनल का निरीक्षण किया तो वह दंग रह गए। स्टीफन पहले भी इस हवाई अड्डे पर आ चुके हैं, उन्होंने पाया कि दुनिया का सबसे बड़ा हवाई टर्मिनल यात्रियों की कमी से जूझ रहा है। बीजिंग के लोगों के लिए आज भी यह प्रमुख हवाई अड्डा नहीं है। इसके बजाय वे बीजिंग कैपिटल हवाई अड्डे को पसंद करते हैं। यात्रियों की सुविधा के लिए एयरपोर्ट एक्सप्रेस ट्रेन भी चलाई गई है, जिसने हवाई अड्डे तक यात्रा का समय घटाकर 19 मिनट कर दिया है, लेकिन डेजिंग अभी भी शांत है। 2679 हेक्टेयर में फैले इस विशाल हवाई अड्डे में चार कमर्शियल रनवे और एक समर्पित सैन्य पट्टी है। इसके अनोखे डिजाइन के कारण इसे स्टारफिश नाम से भी बुलाया जाता है। स्टीफन ने इस हवाई अड्डे का वीडियो बनाया जिसमें उन्होंने कहा कि इसकी सुरक्षा कम से कम कहने के लिए बहुत कड़ी है। टैक्सी क्षेत्र में सुरक्षा गार्ड तैनात हैं। हवाई अड्डे में प्रवेश करने के लिए सुरक्षा जांच होती है। यह एक अत्यधिक संरक्षित और बेहत सुरक्षित वातावरण है, जो विमानन के लिए बहुत अच्छा है।

जब स्टीफन ड्यूरी टर्मिनल के अंदर दाखिल हुए तो उन्होंने आश्चर्यजनक रूप से बेहद कम यात्रियों को देखा, जिसने उन्हें हैरान कर दिया। इस हवाई अड्डे को सालाना 10 करोड़ यात्रियों को संभालने के लिए डिजाइन किया गया था, जो इसे दुनिया का सबसे व्यस्त टर्मिनल बना देगा।

# भारत ने ऑपरेशन सिंदूर में नूर खान से सरगोधा तक मचाई थी तबाही

## मारे गए थे 13 पाकिस्तानी सैनिक, मुनीर ने मेडल देकर माना सच



इस्लामाबाद, 16 अगस्त (एजेंसियां)। इस साल 7-10 मई तक भारत और पाकिस्तान के बीच भीषण सैन्य संघर्ष देखने को मिला था। पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब के तौर पर भारत ने ऑपरेशन सिंदूर लॉन्च करते हुए पाकिस्तान के पंजाब और पीओके में हवाई हमले किए।

इसके बाद पाकिस्तान ने भी सैन्य कार्रवाई की और चार दिन तक दोनों देश युद्ध जैसे स्थिति में रहे। इसके बाद 10 मई को दोनों देश सीजफायर पर राजी हुए। इस घटनाक्रम के तीन महीने तक पाकिस्तान ने अपने सैनिकों की मौतों को छुपाने की कोशिश की लेकिन अब इसकी सच्चाई सामने आ गई है।

पाकिस्तान की सरकार और सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान 9-10 मई को हुए भारत के सैन्य हमले में भारी नुकसान होने की बात मानी है। सूत्रों ने बताया कि पाकिस्तानी अधिकारियों ने 13 सैन्यकर्मियों सहित 50 से ज्यादा मौतों की बात स्वीकार की है। पाकिस्तान ने स्क्वाड्रन लीडर उस्मान यूसुफ के भारत के भोलारी एयरबेस पर हमले में मारे जाने की बात मानी है। नूर खान, सरगोधा, जैकबाबाद और शेरकोट बेस पर भारत के हमलों में मौतें पाक सेना ने स्वीकारी है।

ऑपरेशन सिंदूर के दौरान नूर खान एयरबेस पर अमेरिकी तकनीशियन घायल हुए थे। यह जानकारी पाकिस्तान के राष्ट्रपति भवन में आयोजित वार्षिक पुरस्कार समारोह के दौरान सामने आई। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान मरने वाले सैन्य कर्मियों को राष्ट्रपति भवन में पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने मरणोपरांत पुरस्कार दिए हैं।

पाकिस्तान में मरणोपरांत तमगा-ए-बसालत से सम्मानित किए गए कर्मियों में स्क्वाड्रन लीडर उस्मान यूसुफ, हवलदार मुहम्मद नवीद, नायक वकार खालिद और लांस नायक दिलावर खान शामिल हैं। तमगा-ए-जुरात पाने वालों में नायक अब्दुल रहमान, लांस नायक इकरामुल्लाह और सिपाही अदील अकबर शामिल हैं।

**नुकसान के बाद की सीजफायर की मांग**

पाकिस्तान में फौजियों की मौत की बात सामने आने से पता चलता है कि भारत के हमलों ने वहां किस स्तर पर नुकसान किया। इसी से पाकिस्तान चार दिन बाद ही सीजफायर की बात कहने लगा था, जिसे भारत ने मान भी लिया था।

इसके बाद 10 मई को हमले रोक दिए गए थे। भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव की शुरुआत 22 अप्रैल को हुई, जब जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी हमला हुआ। इस हमले में 26 लोग मारे गए थे। इसके बाद भारत ने पाकिस्तान में नौ आतंकवादी शिविरों पर बमबारी की। इसमें आतंकियों को निशाना बनाया गया।

# यूक्रेन-यूरोप की भागीदारी, रूस पर दबाव

## डोनाल्ड ट्रंप से बात होते ही जेलेंस्की ने दिखाए तेवर, कर दिया बड़ा ऐलान



कीव, 16 अगस्त (एजेंसियां)। डोनाल्ड ट्रंप और व्लादिमीर पुतिन की मुलाकात के बाद यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमीर जेलेंस्की अपनी स्थिति मजबूत करने की कोशिश में लगे हैं। जेलेंस्की ने डोनाल्ड ट्रंप के बाद यूरोपीय नेताओं के साथ बातचीत की है। इस बातचीत के बाद उन्होंने सख्त रुख दिखाते हुए कहा कि ट्रंप के बाद हमने यूरोपीय नेताओं के साथ अपनी स्थिति पर समन्वय किया। यूक्रेन की स्थिति स्पष्ट है कि हमें एक वास्तविक शांति स्थापित चाहिए, जो स्थायी हो।

जेलेंस्की ने शनिवार को ट्वीट करते हुए लिखा, 'हम चाहते हैं कि हत्याएं जल्द बंद हों युद्ध के मैदान और हवाई हमलों के साथ ही हमारे बंदरगाहों के बुनियादी ढांचे पर भी गोलीबारी बंद होनी चाहिए। सभी यूक्रेनी युद्धबंदियों और नागरिकों को रिहा किया जाना चाहिए और रूस हमारे अपहृत बच्चों को वापस करे। जब तक आक्रमण और कब्जा जारी है, रूस पर दबाव बनाए रखा जाना चाहिए।'

**रूस पर कड़े हों प्रतिबंध**

जेलेंस्की ने आगे कहा, 'राष्ट्रपति ट्रंप के साथ अपनी बातचीत में मैंने कहा कि अगर त्रिपक्षीय बैठक नहीं होती है। या फिर रूस युद्ध रोकने से बचने की कोशिश करता है तो प्रतिबंधों को कड़ा किया जाना चाहिए। प्रतिबंध एक प्रभावी साधन हैं। यूरोप और अमेरिका दोनों की भागीदारी के साथ, सुरक्षा की विश्वसनीय और दीर्घकालिक गारंटी होनी चाहिए।'

यूक्रेनी राष्ट्रपति ने आगे कहा कि हमारे देश के लिए महत्वपूर्ण सभी मुद्दों पर हमारी भागीदारी के साथ चर्चा की जानी चाहिए। विशेष रूप से क्षेत्रीय मुद्दे यूक्रेन के बिना तय नहीं किए जा सकते। उन्होंने ये भी कहा कि यूरोपीय नेताओं का बयान हमारी स्थिति को मजबूत करता है। हम सभी सहयोगियों के साथ मिलकर काम करना जारी रखेंगे।

**ट्रंप से बैठक करेंगे जेलेंस्की**

वोलोडिमीर जेलेंस्की ने बताया है कि वह अगले सप्ताह वॉशिंगटन में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात कर सकते हैं। जेलेंस्की ने कहा कि अलास्का में पुतिन और ट्रंप के बीच मुलाकात के बाद शनिवार को उन्होंने ट्रंप के साथ लंबी और सार्थक बातचीत की। उन्होंने सोमवार को व्यक्तिगत रूप से मिलने के निमंत्रण के लिए ट्रंप का आभार व्यक्त किया।

जेलेंस्की ने यूक्रेन युद्ध पर बातचीत में यूरोप को शामिल करने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि यह जरूरी है कि अमेरिका के साथ मिलकर विश्वसनीय सुरक्षा गारंटी सुनिश्चित करने के लिए यूरोपीय नेता हर स्तर पर शामिल हों। हमने यूक्रेन की सुरक्षा सुनिश्चित करने में अमेरिकी पक्ष की भागीदारी पर भी चर्चा की है।

# चीन में लॉन्च हुई पाकिस्तान नौसेना की तीसरी हैंगोर-क्लास किलर पनडुब्बी

## एआइपी तकनीक से लैस, भारतीय नौसेना से आगे निकली?

बीजिंग/इस्लामाबाद, 16 अगस्त (एजेंसियां)। चीन में पाकिस्तान नौसेना के लिए बनाई गई हैंगोर क्लास की पनडुब्बी को लॉन्च कर दिया गया है।

पाकिस्तानी नौसेना ने बताया है कि 15 अगस्त को चीन के वुहान शहर में तीसरी हैंगोर-क्लास पनडुब्बी पीएनएस/एम मंग्रो को लॉन्च किया गया है।

इस पनडुब्बी को चीन की वुचांग शिपबिल्डिंग इंडस्ट्री ग्रुप कंपनी लिमिटेड ने शुआंगलियु बेस पर बनाया है। इस मौके पर पाकिस्तान नौसेना के डिप्टी चीफ ऑफ नेवल स्टाफ (प्रोजेक्ट-2) वाइस एडमिरल अब्दुल समद मुख्य अतिथि थे। समारोह में पाकिस्तान और चीन दोनों देशों के वरिष्ठ सैन्य अधिकारी और रक्षा उद्योग के प्रतिनिधि शामिल हुए थे।

इस दौरान पाकिस्तान नौसेना के वाइस एडमिरल मोहम्मद समद ने मौजूदा जियो-पॉलिटिकल हालाक में समुद्री सुरक्षा की अहमियत पर जोर दिया।

उन्होंने कहा कि पाकिस्तान नौसेना अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और क्षेत्र में स्थिरता और सहयोगी वातावरण सुनिश्चित करने के लिए कोशिश करती रहेगी। चीन ने दावा किया है कि हैंगोर-क्लास पनडुब्बियों की आधुनिक हथियार प्रणाली और अत्याधुनिक सेंसर क्षमताएं क्षेत्रीय संतुलन को बनाए रखने में कारगर साबित होंगी।

# मथुरा के इस्कान मंदिर में विदेशी श्रद्धालु ने किया डांस

## जन्मस्थान के बाहर भारी भीड़, मंदिर के गर्भगृह को जेल जैसा सजाया



मथुरा, 16 अगस्त (एजेंसियां)। मथुरा-वृंदावन में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की धूम है। जन्मस्थान के बाहर भारी भीड़ लगी है। देशभर से लोग यहां आए हैं। वहीं, वृंदावन में 10 लाख से ज्यादा भक्त पहुंचे हैं। यहां के इस्कान मंदिर में काफी भीड़ है। बड़ी संख्या में विदेशी श्रद्धालु भी पहुंचे हैं। कई विदेशी श्रद्धालु कृष्ण भक्ति में लीन होकर डांस कर रहे हैं।

इससे पहले सुबह 5.30 बजे शहनाई और नगाड़ों की ध्वनि के बीच ठाकुरजी की मंगला आरती हुई। फिर पंचामृत से अभिषेक किया गया। सुबह 9 बजे मंदिर के भागवत भवन में पुष्पांजलि कार्यक्रम हुआ। इसके बाद ठाकुरजी के दर्शन शुरू हो गए।

सीएम योगी मथुरा पहुंचे। उन्होंने कृष्ण जन्मभूमि मंदिर में पूजा-अर्चना की। इस दौरान उन्होंने कान्हा बने बच्चों को गोद में लेकर दुलारा और खीर खिलाई। उन्हें तिलक लगाया और मोती की माला पहनाई। बच्चों को खिलौने भी दिए।

सीएम ने कहा- पौराणिक विरासत को बचाने के लिए हम सबको मिलकर काम करना होगा। दुष्प्रवृत्तियां देश को कमजोर करना चाहती हैं। जाति, क्षेत्र और भाषा के नाम पर बांटना चाहती हैं। हमें संरक्षण के लिए अपने आप को समर्पित करना होगा। वे 2.30 घंटे तक रहेंगे। यह 8 सालों में उनका 38वां दौरा है। इधर, गर्भगृह को कारागार की तरह सजाया गया है। इसमें 221 किलो चांदी लगाई गई है। इसके अलावा, श्रीकृष्ण जन्मभूमि मंदिर को 'ऑपरेशन सिंदूर' की थीम पर सजाया गया है। जिस फूल बंगले में ठाकुरजी विराजेंगे, उसे सिंदूरी रंग के फूलों से सजाया गया है। ये फूल कोलकाता और बेंगलुरु से मंगाए गए हैं। वाराणसी के काशी विश्वनाथ मंदिर से मथुरा में श्रीकृष्ण ठाकुरजी के लिए उपहार भेजे गए हैं। इनमें टॉफी, चॉकलेट और लड्डू शामिल हैं।

# कोयल नदी में डूबने से दो भाइयों की मौत

## दो दिन पूर्व नहाने के दौरान डूबे थे दोनों, एक का शव घटनास्थल से दो किलोमीटर दूर मिला

पलामू, 16 अगस्त (एजेंसियां)। पलामू के मेदिनीनगर में कोयल नदी में नहाने के दौरान डूबे दो किशोरों के शव मिल गए हैं। गुरुवार को नदी में डूबे 14 वर्षीय आमिर हासमी का शव शनिवार सुबह 8 बजे चैनपुर थाना क्षेत्र के कोल्हुआ से बरामद किया गया। जबकि सैफ की लाश शुक्रवार को ही मिल गई थी।

घटना गुरुवार की है, जब पहाड़ी मुहल्ला चनवारी घाट के पास ममेरे-फुफेरे भाई सैफ और आमिर परिजनों के साथ नहा रहे थे। दोनों अचानक डूबकर लापता हो गए। प्रशासन और परिजन दोनों की तलाश में जुटे थे।

शुक्रवार सुबह बीएन कॉलेज के पास कोयल नदी से सैफ का शव मिला। इसके बाद दूसरे बच्चे की तलाश के लिए पटना से गोताखोर बुलाए गए। घटनास्थल से करीब 2 किलोमीटर दूर कोल्हुआ गांव के लोगों ने नदी में एक शव देखा। स्थानीय युवाओं और परिजनों ने पहुंचकर आमिर के शव की पहचान की। आमिर कुंड मुहल्ला टिलापर निवासी पप्पू हासमी का पुत्र था। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए एमएमसीएच ले जाया गया है। इस तरह 48 घंटे के भीतर दोनों किशोरों के शव बरामद कर लिए गए।

# बांग्लादेश में सद्भाव कमजोर नहीं होना चाहिए

## कट्टरपंथ को बढ़ावा दे रहे मोहम्मद यूनुस ने जन्माष्टमी पर दिया बड़ा बयान



ढाका, 16 अगस्त (एजेंसियां)। बांग्लादेश में धार्मिक अल्पसंख्यकों को सुरक्षा ना दे पाने और कट्टरपंथ बढ़ाने के लिए आलोचना का सामना कर रहे मोहम्मद यूनुस ने हिंदू समुदाय को जन्माष्टमी की बधाई दी है। देश की अंतरिम सरकार के हेड यूनुस ने शनिवार को जन्माष्टमी के अवसर पर अपने बयान में कहा कि वह भगवान श्रीकृष्ण के आपसी सद्भाव और भाईचारे के संदेश को आगे बढ़ाने पर काम करेंगे।

उन्होंने ये भी कहा कि उनकी सरकार कानून व्यवस्था और सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है। बांग्लादेश में भगवान कृष्ण के जन्मोत्सव को काफी बड़े पैमाने पर मनाया जाता है। इस उपलक्ष्य में बांग्लादेश में सार्वजनिक अवकाश रहता है।

मोहम्मद यूनुस ने बीते साल अगस्त में शेख हसीना की सरकार गिरने के बाद अंतरिम सरकार की कमान संभाली थी। उनके सत्ता में आने के बाद बांग्लादेश में सेक्युलर आवाजों और अल्पसंख्यक हिंदुओं को लगातार निशाना बनाया गया है।

मंदिरों पर हमलों की कई घटनाएं भी यूनुस सरकार में हुई हैं। इन घटनाओं को लेकर ना सिर्फ बांग्लादेश बल्कि भारत और दुनिया के कई हिस्सों से चिंता जाहिर की गई है। इस बीच मोहम्मद यूनुस का ये बयान आया है।

यूनुस ने अपने एक संदेश में कहा, 'सृष्टिकर्ता के प्रति समर्पण और समाज में शांति की स्थापना पर केंद्रित भगवान कृष्ण के मूल्य सभी धर्मों के लोगों को प्रेरित करते रहते हैं।

मैं सभी से आह्वान करता हूं ताकि कोई भी समाज में मौजूदा व्यवस्था, भाईचारे और सांप्रदायिक सौहार्द को कमजोर करने की कोशिश ना करे।

मेरा मानना है कि भगवान श्रीकृष्ण के आदर्श और शिक्षाएं आपसी भाईचारे को और मजबूत करेंगी।'

यूनुस ने आगे कहा कि सांप्रदायिक सद्भाव बांग्लादेश की संस्कृति की एक अद्वितीय पहचान रही है।

यहां के लोग सदियों से अपने-अपने धर्मों का पालन करते हुए मजबूत सौहार्द की भावना को बनाए रखे हुए हैं। उनकी अंतरिम सरकार सद्भाव के इस अटूट बंधन को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है।'

# मुस्लिमों को बेइज्जत करने का प्लान

## बेंजामिन नेतन्याहू के 'ग्रेटर इजरायल' विजन पर भड़के हूती, दी सीधी धमकी



सना, 16 अगस्त (एजेंसियां)। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के 'ग्रेटर इजरायल' के विचार से जुड़े होने की बात कहने पर अरब दुनिया में गुस्सा बढ़ रहा है। कई अरब देशों के बाद यमन के हूतियों ने इस पर प्रतिक्रिया दी है। यमन के बड़े हिस्से पर नियंत्रण रखने वाले हूतियों ने कहा है कि नेतन्याहू का प्लान मुस्लिमों को बांटने और बेइज्जत करने की कोशिश है। ऐसे में वह नेतन्याहू के इस बयान की कड़ी निंदा करते हैं। इस प्लान पर आगे बढ़ने की स्थिति में इसके बुरे नतीजे होने की चेतावनी भी हूती नेता ने दी है।

यमन के अंसारुल्लाह नेता अब्दुल मलिक अल हूती ने अपने टीवी संबोधन में कहा कि अमेरिका और इजरायल की ओर से 'ग्रेटर इजरायल' योजना के प्रचार का स्पष्ट उद्देश्य इस्लामी उम्माह (मुस्लिम वर्ल्ड) को विभाजित और अपमानित करना है। उन्होंने यह भी कहा कि बेंजामिन नेतन्याहू के बयान पर अरब नेता ने मजबूती से इसका जवाब नहीं दिया। अरब की यह निष्क्रियता चिंताजनक है।

**इजरायल के अत्याचारों पर दुनिया चुप**

अब्दुल मलिक ने गाजा पट्टी में हमलों के लिए इजरायली सेना और सरकार को घेरा है। उन्होंने कहा कि इजरायली सेना गाजा में पत्रकारों की हत्या कर रही है ताकि सच्चाई को वैश्विक जनमत तक पहुंचने से रोका जा सके। गाजा में जो हो रहा है, वह दुनिया के किसी दूसरे हिस्से में हुए अपराधों से कहीं ज्यादा भयावह हैं लेकिन दुनिया इस पर चुप्पी साधे बैठी है।

हूती नेता ने कहा कि इजरायल का अंतिम और स्पष्ट लक्ष्य मुसलमानों को मारना, उनको बड़ी संख्या को पलायन के लिए मजबूर करना और मुस्लिमों पर अपना दबदबा बनाना है। फिलिस्तीन समेत कई देशों में बमबारी के बाद अब ग्रेटर इजरायल की बात की जा रही है। साफ है कि अमेरिका और इजरायल पूरी अरब दुनिया में अपना दबदबा चाहते हैं।



# राजस्थान के कर्मचारियों का 50 हजार करोड़ नहीं लौटाएगा केंद्र

**कहा-एनपीएस फंड का जमा पैसा वापस नहीं मिलेगा, केंद्रीय कर्मचारियों को ओपीएस नहीं मिलेगी**

जयपुर, 16 अगस्त (एजेंसियां)। राजस्थान में ओल्ड पेंशन स्कीम (ओपीएस) लागू होने के बाद भी कर्मचारियों के एनपीएस (नेशनल पेंशन सिस्टम) फंड का पैसा राज्य सरकार को वापस नहीं मिलेगा। केंद्र सरकार ने साफ कर दिया है कि एनपीएस का पैसा राज्यों को देने का कोई कानूनी प्रावधान नहीं है। पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) के पास फिलहाल राजस्थान के कर्मचारियों के एनपीएस में 50 हजार 884 करोड़ रुपए जमा हैं, जो देश में ओपीएस लागू करने वाले पांच राज्यों में सबसे ज्यादा है।

सीकर से माकपा सांसद अमराराम के सवाल के लिखित जवाब में केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने लोकसभा में बताया कि पीएफआरडीए (राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के अंतर्गत निकासी और आहरण) विनियम, 2015 और पीएफआरडीए एक्ट में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है, जिसके तहत कर्मचारियों के जमा एनपीएस फंड को राज्य सरकार को वापस किया जा सके। मंत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि केंद्र सरकार के कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) बहाल करने का कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है। सरकार ने ओपीएस को बंद इसलिए किया था, क्योंकि इससे सरकारी खजाने पर भारी वित्तीय बोझ और भविष्य की देनदारियां बढ़ जाती हैं।

**सवा 5 लाख कर्मचारियों को मिला OPS का लाभ**

1 अप्रैल 2022 से राजस्थान में ओपीएस लागू है।



**5,24,822** कर्मचारी एनपीएस में थे 1 अप्रैल 2022 को। इन सबको ओपीएस का लाभ मिला।

**1347** कर्मचारी ऐसे हैं, जो जनवरी 2004 और उसके बाद सरकारी नौकरी में आए, इन्हें 30 जून 2024 तक रिटायरमेंट के बाद ओपीएस मिला।

**भाजपा की सरकार वाले 2 राज्यों ने ओपीएस को बहाल रखा**

देश भर में पांच राज्यों ने एनपीएस की जगह ओपीएस को बहाल किया। राजस्थान में पिछली गहलोत सरकार ने 2023 से ओपीएस लागू करने का फैसला किया था, भाजपा सरकार ने इसे अब तक बहाल रखा है। छत्तीसगढ़ में भी कांग्रेस सरकार के वक्त से लागू ओपीएस अब तक बरकरार है। ओपीएस लागू करते ही गहलोत सरकार ने केंद्र से मांगा था पैसा

राजस्थान में ओपीएस लागू करने के साथ ही एनपीएस बंद कर दी गई थी। एनपीएस में कर्मचारियों के वेतन से की जाने वाली कटौती भी बंद कर दी गई थी। ओपीएस लागू हाने के बाद एनपीएस फंड में जमा पैसा वापस देने के लिए गहलोत सरकार के वक्त केंद्र को चिट्ठी लिखी गई थी। केंद्र सरकार ने उस वक्त भी कानूनी प्रावधानों का हवाला देते हुए पीएफआरडीए में जमा पैसा देने से इनकार कर दिया था। इसके बाद भी केंद्र और राज्य के बीच इस पैसे को लेकर लगातार पत्र व्यवहार चल रहा है। एनपीएस फंड का पैसा वापस निकालने के प्रावधान हैं, इस प्रावधान में कर्मचारी को ही पैसा वापस देने का प्रावधान है। यह पैसा सरकार को नहीं दिया जा सकता।

## जालोर का बिजनेसमैन पत्नी-बच्चों सहित जिंदा जला : 4 की मौत

जालोर, 16 अगस्त (एजेंसियां)। बेंगलुरु में जालोर के बिजनेसमैन का परिवार जिंदा जल गया। हादसा नगरपेठ इलाके के स्टील मार्केट में शुक्रवार देर रात हुआ। चार मंजिला बिल्डिंग में जलने से बिजनेसमैन मदन सिंह राजपुरोहित (40), पत्नी और दो बच्चों की मौत हो गई। इसी बिल्डिंग में बिजनेसमैन का बर्तन का गोदाम और चौथी मंजिल पर घर था।

**जलती बिल्डिंग से कूदे लोग**

जानकारी के अनुसार मदन सिंह राजपुरोहित भीनमाल (जालोर) के मोदरान के रहने वाले थे। वे 15 साल से परिवार के साथ बेंगलुरु में रह रहे थे। वहीं, उनका लकड़ी के बर्तनों का बिजनेस था। आग उनके गोदाम में लगी थी। इसके बाद बिल्डिंग के बाकी हिस्से में फैल गई। बिजनेसमैन की मौत गोदाम में हुई। जबकि उनकी पत्नी और दो मासूम बच्चों की मौत फ्लैट में हुई। इस बिल्डिंग में और भी कई परिवार रहते हैं जिनमें से कुछ लोगों ने आग के बीच बिल्डिंग से बाहर कूदकर जान बचाई है।

# राजस्थान में मानसून ने 69 साल का रिकॉर्ड तोड़ा

**19 जिलों में औसत से ज्यादा बरसात, कोटा में पूरा-2 हफ्ते तक होगी जमकर बारिश**



जयपुर, 16 अगस्त (एजेंसियां)। राजस्थान में इस मानसून सीजन की बारिश का कोटा डेढ़ माह पहले पूरा हो गया है। राज्य में 1 जून से 14 अगस्त तक कुल 436.7एमएम बरसात हुई। यह एक मानसून सीजन (1 जून से 30 सितंबर) में होने वाली औसत बरसात 435.6एमएम बरसात से ज्यादा है। जुलाई में हुई बारिश ने 69 साल का रिकॉड भी तोड़ा। अगस्त के आखिरी दो सप्ताह में भी अच्छी बारिश होने का अनुमान जताया है।

**जल्दी एंट्री से हुआ फायदा, दोगुनी बरसात**

राजस्थान में इस सीजन मानसून की एंट्री एक हफ्ते पहले हुए थी। इसके बाद से अगस्त के पहले सप्ताह तक मानसून एक्टिव रहा। करीब डेढ़ माह तक प्रदेश में लगातार बारिश का दौर चला। जून-जुलाई में औसत से दोगुनी ज्यादा बरसात हुई। हालांकि अगस्त के पहले सप्ताह कमजोर हुए मानसून से बारिश की रफ्तार धीमी पड़ गई। दूसरे सप्ताह में मानसून ब्रेक देखने को मिला, लेकिन फिर भी अगस्त में 14 दिन में हुई कुल 26.4एमएम बरसात के बाद बारिश का कोटा पूरा हो गया।

**1956 के बाद जुलाई में सर्वाधिक बारिश**

राजस्थान में इस मानसून सीजन में जुलाई के महीने में कुल 285एमएम बारिश हुई है, जो पिछले 69 साल में जुलाई माह की सर्वाधिक बारिश का रिकॉर्ड है। इससे पहले साल 1956 में जुलाई में सर्वाधिक 308एमएम बारिश हुई थी।

**19 जिलों में औसत से ज्यादा बरसात**

राजस्थान के 33 में से 19 ऐसे जिले है जहां पूरे मानसून सीजन की बारिश का कोटा 14 अगस्त तक पूरा हो चुका है। इसमें अजमेर, बारां, भीलवाड़ा, बूंदी, दौसा, धौलपुर, जयपुर, झुंझुनूं, करौली, कोटा, सवाई माधोपुर, सीकर, टोंक, चूरू, हनुमानगढ़, जोधपुर, नागौर, पाली, गंगानगर शामिल हैं। संभागवार डेटा देखें तो अजमेर संभाग के सभी जिलों में मानसून की बारिश का कोटा पूरा हो चुका है।

यहां अजमेर, नागौर, टोंक और भीलवाड़ा में औसत से ज्यादा बरसात हुई है। बीकानेर संभाग में केवल बीकानेर, जयपुर संभाग में अलवर, कोटा संभाग में झालावाड़ और भरतपुर संभाग में भरतपुर जिले में बारिश अब भी औसत से थोड़ी कम है।

# 24900 पदों पर लंबित भर्ती शुरू करने की मांग

**संयुक्त वाल्मीकि एवं सफाई श्रमिक संगठन ने कार्य बहिष्कार की चेतावनी दी**

जयपुर, 16 अगस्त (एजेंसियां)। राजस्थान में सफाई कर्मचारी भर्ती को लेकर एक बार फिर वाल्मीकि समाज आंदोलन की तैयारी कर रहा है। संयुक्त वाल्मीकि एवं सफाई श्रमिक संघ के पदाधिकारियों ने कहा है कि अगर सरकार ने जल्द से जल्द 24 हजार 900 से ज्यादा पदों पर लंबित भर्ती प्रक्रिया को शुरू नहीं किया तो प्रदेशभर में सफाई कर्मचारी कार्य बहिष्कार करेंगे। इसके साथ ही संघ के पदाधिकारियों ने जयपुर में संघ की स्थगित हुए चुनाव को फिर से शुरू करने की मांग की है।

संयुक्त वाल्मीकि और सफाई श्रमिक संगठन के ने वर्तमान अध्यक्ष नंदकिशोर डंडोरिया ने बताया-राजस्थान में पूर्व कांग्रेस सरकार के वक्त से 24 हजार से ज्यादा पदों पर सफाई कर्मचारियों की भर्ती लंबित चल रही है। प्रदेश में बीजेपी सरकार ने भी भर्ती प्रक्रिया शुरू की थी। इसे आखिरी वक्त पर स्थगित कर दिया गया था। ऐसे में हम चाहते हैं कि सरकार जल्द ही भर्ती नियमों में संशोधन कर एक बार फिर सफाई कर्मचारियों की भर्ती विज्ञप्ति जारी करें। ताकि प्रदेशभर के हजारों वाल्मीकि समाज के युवाओं को रोजगार मिल सके। इसके साथ ही राजधानी जयपुर में एक बार फिर संयुक्त वाल्मीकि और सफाई श्रमिक संगठन के चुनाव की प्रक्रिया को शुरू किया जाए।

**कार्य बहिष्कार पर आंदोलन की राह पर आगे बढ़ेंगे**

उन्होंने कहा-पिछले लंबे वक्त से समाज के युवा बेरोजगार और श्रमिक लंबित भर्ती और चुनाव का इंतजार कर रहे हैं। हमने हमारी दोनों वाजिब मांग को लेकर शासन और प्रशासन तक सभी को अवगत करा दिया है। अगर 18 अगस्त तक सरकार ने चुनाव और भर्ती को लेकर सकारात्मक रुख स्पष्ट नहीं किया। तो प्रदेशभर के सफाई कर्मचारी और वाल्मीकि समाज एक बार फिर कार्य बहिष्कार पर आंदोलन की राह पर आगे बढ़ेंगे।

जिसमें न सिर्फ हमारा संगठन बल्कि, प्रदेश के तमाम संगठन एक साथ एक जाजम पर आकर आंदोलन करेंगे। नंदकिशोर ने कहा कि राजस्थान में सरकार बदल चुकी है। लेकिन वाल्मीकि समाज के युवाओं के हालात नहीं बदल रहे हैं। प्रदेश के हजारों युवा आज भी रोजगार के लिए दर - दर की ठोकर खाने को मजबूर हैं।

## जयपुर में रिटायर्ड कैप्टन को एक्सयूवी ने रौंदा, मौत

जयपुर, 16 अगस्त (एजेंसियां)। जयपुर में तेज रफ्तार एक्सयूवी के आर्मी से रिटायर्ड कैप्टन को रौंद दिया। इससे रिटायर्ड कैप्टन की मौत हो गई।

स्वतंत्रता दिवस पर वह साइकिल से स्टेडियम में मॉर्निंग वॉक करने जा रहे थे। साइकिल को टक्कर मारने के बाद रोड पर गिरे रिटायर्ड कैप्टन पर टायर चढ़ाकर महिला ड्राइवर कार को भाग ले गई। एक्सीडेंट थाना (वेस्ट) पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर कार व महिला ड्राइवर की तलाश शुरू कर दी है। एक्सीडेंट थाने के कॉन्स्टेबल किशन गोस्वामी ने बताया-हादसे में गांधी पथ के मां वैष्णव नगर के रहने वाले नरसा राम जाजड़ा (64) पुत्र अमरा राम की मौत हो गई।

# पत्नी की हत्या करने वाले बीजेपी नेता की प्रेमिका गिरफ्तार

**प्रेमी पर दबाव बनाती थी कि पत्नी को नहीं छोड़ोगे तो साथ नहीं रहूंगी**



अजमेर, 16 अगस्त (एजेंसियां)। अजमेर के किशनगढ़ में भाजपा नेता रोहित सैनी ने अपनी प्रेमिका के दबाव में पत्नी संजू सैनी की हत्या की थी। प्रेमिका भी मर्डर की प्लानिंग में शामिल थी। एडिशनल एसपी (ग्रामीण) दीपक कुमार ने बताया- शिवाजी नगर किशनगढ़ निवासी प्रेमिका रितू सैनी (25) पुत्री शिव प्रसाद को गिरफ्तार किया है। जांच में सामने आया कि संजू सैनी को छोड़ने के लिए रोहित पर रितू दबाव बना रही थी। मर्डर की प्लानिंग में शामिल थी।

एडिशनल एसपी ग्रामीण दीपक कुमार ने बताया- रितू सैनी तलाकशुदा है। ग्रेजुएट है और प्राइवेट स्कूल में टीचर है। चार साल की बच्ची है। जांच में सामने आया कि रितू सैनी रोहित को उकसा रही थी कि जब तक अपनी पत्नी को नहीं छोड़ोगे तब साथ नहीं रहूंगी। मानसिक रूप से पत्नी को हटाने के लिए परेशान कर रही थी।

**दो साल से रिलेशन में थे**

रोहित से रितू का दो साल से रिलेशन में थे। घरवालों को पता भी चल गया था। बात करने के लिए रोका था लेकिन चोरी छिपे मिल रहे थे। हत्या के समय मौके पर नहीं थी, लेकिन षड़यंत्र रचने व प्लानिंग करने में गिरफ्तार किया है।

**यह था मामला**

किशनगढ़ के उदयपुर कलां के रहने वाले रोहित सैनी (35) का रितु सैनी से प्रेम प्रसंग चल रहा था। इस कारण उसकी पत्नी संजू सैनी (32) से अनबन रहती थी। संजू को रास्ते से हटाने के लिए रोहित ने अपने साथियों के साथ मिलकर प्लान बनाया। रोहित पत्नी के साथ रक्षाबंधन पर रलावता गांव (ससुराल) गया था। रविवार दोपहर करीब 1:30 बजे दोनों ससुराल से लौट रहे थे। इस दौरान किशनगढ़ के हाथी खान से सिलोरा की ओर जाने वाले मार्ग पर रोहित के साथी रवि और एक नाबालिग पहले से ही मौजूद थे। जैसे ही रोहित तय की हुई जगह पर पहुंचा, रवि और नाबालिग के साथ मिलकर उसने संजू की हत्या कर दी थी। गहने, मोबाइल, घड़ी, पर्स व बाइक लेकर रवि और नाबालिग फरार हो गए थे। रोहित ने घटना को लूट बताने के लिए झूठी कहानी रची थी। पुलिस ने रोहित और रवि को गिरफ्तार कर लिया था। वहीं नाबालिग को डिटेन किया।

## जैसलमेर में 'मंगेतर' का अपहरण

**हथियारबंद गिरोह ने आधी रात घर पर बोला धावा, 2 दिन से खाक छान रही राजस्थान पुलिस!**

जैसलमेर, 16 अगस्त (एजेंसियां)। सरहदी जैसलमेर जिले के म्याजलार थाना इलाके में रात करीब 2 बजे सनसनीखेज घटना हुई। एक युवक ने अपनी पूर्व मंगेतर का हथियारबंद साथियों के साथ अपहरण कर लिया। दो गाड़ियों में सवार करीब 15 बदमाशों ने युवती के घर पर धावा बोला, परिजनों से मारपीट की और युवती को जबरन उठाकर ले गए। पुलिस ने नाकाबंदी कर तलाशी शुरू कर दी है, हालांकि अभी तक मुख्य आरोपी फरार है।

**आधी रात धावा बोलने वाला, कौन है आरोपी?**

पुलिस के अनुसार आरोपी गणपत सिंह (27) पुत्र गेमर सिंह, निवासी रतरेड़ी, गिराब थाना बाड़मेर है। जिस युवती दुर्गा कंवर उर्फ लिछु कंवर (23) को किडनैप किया गया, उसकी सगाई 2017 में गणपत सिंह से हुई थी। लेकिन साल 2022 में किसी कारणवश यह सगाई टूट गई। इसी बात से नाराज होकर गणपत सिंह ने बदला लेने के इरादे से यह वारदात अंजाम दी। स्थानीय निवासी ओंकार सिंह के अनुसार, गुरुवार देर रात करीब 2 बजे दो गाड़ियों में हथियारबंद करीब 15 लोग आम्ब सिंह की ढाणी पहुंचे। दान सिंह के घर में घुसकर तोड़फोड़ की और परिजनों से मारपीट करते हुए दुर्गा कंवर को उठाकर ले गए। परिजनों ने तुरंत म्याजलार थाना पुलिस और कंट्रोल रूम को सूचना दी। घटना की जानकारी मिलते ही जैसलमेर पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास नाकाबंदी की, साथ ही सीसीटीवी फुटेज खंगालने शुरू किए। पुलिस ने परिजनों द्वारा बताए गए नामों के आधार पर कार्रवाई की और अब तक 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

# लादेन को ढूंढने वाली डॉग-ब्रीड रणथम्भौर में तस्कर पकड़ेगी

*> पैराशूट से छलांग लगा सकती है > सूंघकर पहचान लेगी तस्करों के वाहन*

सवाई माधोपुर, 16 अगस्त (एजेंसियां)। राजस्थान के रणथम्भौर टाइगर रिजर्व में पहली बार डॉग स्क्वॉड तैनात किया गया। ये फॉरेस्ट एरिया में वन्य जीव तस्करी और शिकारियों को रोकेंगे। इसमें लूसी बेल्जियन मेलिनोइस नस्ल की फीमेल डॉग है। इस नस्ल के डॉग ने ओसामा बिन लादेन को पकड़ने में मदद की थी।

इस प्रोजेक्ट के लिए देश के 14 टाइगर रिजर्व को चुना गया था। इसमें से एक सवाई माधोपुर का रणथम्भौर टाइगर रिजर्व है। इन डॉग्स को आईटीबीपी पंचकूला (हरियाणा) से ट्रेनिंग मिली है। सेना भी इसी ब्रीड के डॉग्स को प्राथमिकता देती है। रणथंभौर टाइगर रिजर्व के सीसीएफ अनूप के आर बताते हैं- रणथम्भौर टाइगर रिजर्व को डॉग स्क्वॉड मिलने के साथ ही यह राजस्थान का पहला टाइगर रिजर्व बन गया, जिसमें डॉग को तैनात किया गया है। डॉग की सूंघने की क्षमता बहुत अधिक होती है। इसके चलते इसे सेना, पुलिस के बेड़े में शामिल किया जाता है। लूसी को किसी भी वस्तु को सूंघ कर अपराध स्थल से साक्ष्य जुटाने और उन सुरागों के आधार पर अपराध में शामिल व्यक्तियों की पहचान करने की ट्रेनिंग दी गई है।




अब वह रणथम्भौर टाइगर रिजर्व में अवैध शिकार के परिवहन के दौरान वाहनों को सूंघ कर उनका पता लगा सकेगी। इसी के साथ क्राइम सीन को सूंघकर अपराधियों तक पहुंच सकेगी।

इससे जल्द से जल्द तस्करों की धरपकड़ हो सकेगी। अब तक तस्करों तक पहुंचने में जो समय लग रहा था वह कम हो जाएगा। लूसी को खास इसी के लिए ट्रेनिंग दी गई है।

## जयपुर की लेडी टीचर ने सरकार को लगाया लाखों का चूना

**रिश्तेदारों को फायदे के चक्कर में अब कुंबोदिनी मीणा को बड़ा नुकसान!**

जयपुर, 16 अगस्त (एजेंसियां)। कई सरकारी अधिकारी ऐसे हैं जो मोटी तनख्वाह पाने के बावजूद भी भ्रष्टाचार करने से बाज नहीं आते। भ्रष्टाचार करने में महिला अधिकारी और कर्मचारी भी पीछे नहीं है। हाल ही में एक महिला सीनियर टीचर (वरिष्ठ अध्यापक) की बड़ी करतूत सामने आई है। जयपुर में तैनात उस शिक्षिका ने राजस्थान गवर्नमेंट हेल्थ स्कीम (आरजीएचएस) कार्ड का दुरुपयोग करते हुए सरकार को बड़ा चूना लगा दिया। जब उसकी करतूत पकड़ी गई तो शिक्षा विभाग ने उसे सस्पेंड कर दिया।

**आरजीएचएस कार्ड से रिश्तेदारों का इलाज कराया**

भ्रष्टाचार करने वाली निलंबित सरकारी अधिकारी का नाम कुंबोदिनी मीणा है जो कि सीनियर टीचर (वरिष्ठ अध्यापक) हैं। वह जयपुर के खो घाटी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में तैनात थी। कुंबोदिनी ने अपने आरजीएचएस कार्ड का दुरुपयोग किया।

उसने अपने परिवारजनों और रिश्तेदारों का इलाज अपने आरजीएचएस कार्ड से कराया। राजस्थान स्टेट हेल्थ इंश्योरेंस ने महिला टीचर की इस करतूत को पकड़ लिया। मेडिकल डिपार्टमेंट ने शिक्षा विभाग को पत्र लिखकर कार्रवाई की मांग की। इसके बाद शिक्षा विभाग ने महिला टीचर कुंबोदिनी के खिलाफ सख्त एक्शन लेते हुए उसे सस्पेंड कर दिया। निलंबन के दौरान उसे दौसा मुख्यालय में उपस्थिति देनी होगी। शिक्षा विभाग की संयुक्त निदेशक मंजू शर्मा का कहना है कि महिला टीचर के खिलाफ वित्तीय अनियमितताओं की शिकायत मिली थी।

# पति ने ही बना दिया अपनी पत्नी को लुटेरी दुल्हन! फिर लूट के पैसे से करते जमकर ऐश



बांसवाड़ा, 16 अगस्त (एजेंसियां)। राजस्थान के बांसवाड़ा जिले में लुटेरी दुल्हन का एक अनोखा मामला सामने आया है, जिसमें एक महिला अलग-अलग नामों से शादियां कर लोगों से लाखों रुपये की ठगी करती थी। चौंकाने वाली बात यह है कि इस पूरे षड्यंत्र में महिला का पति भी शामिल था। दोनों ठगे गए पैसों से ऐश करते थे। पुलिस ने इस दंपती को गिरफ्तार कर लिया है। खुलासा हुआ है कि यह गिरोह राजस्थान के अलावा कई अन्य राज्यों में भी सक्रिय था।

**पति ने पत्नी को बनाया लुटेरी दुल्हन**

इस मामले का खुलासा घाटोल थाना पुलिस ने किया। गिरफ्तार आरोपियों के नाम सलोनी और योगेश हैं। जांच में सामने आया कि सलोनी अलग-अलग जगह पर नए नाम से शादी करती और कुछ ही दिनों में नगदी और गहने लेकर फरार हो जाती। घाटोल में भी उसने भुवनेश जैन नामक युवक को शिकार बनाया और लाखों रुपये लेकर चंपत हो गई। जांच में स्पष्ट हुआ कि पति योगेश की सहमति और योजना के तहत ही यह सब किया जाता था।

**महाराष्ट्र में भी कर चुकी वारदातें**

पुलिस के अनुसार महिला महाराष्ट्र की रहने वाली है और वहां भी कई बार ऐसी वारदातों को अंजाम दे चुकी है। महाराष्ट्र पुलिस ने पहले भी उसे गिरफ्तार किया था। बाद में घाटोल पुलिस ने उसे महाराष्ट्र से पकड़ा और यहां लाकर पूछताछ की। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि उसने राजस्थान के कई जिलों में भी इसी तरह की ठगी की है।

**पुलिस की पड़ताल में सामने आया वारदात का तरीका**

महिला पहले अपने शिकार को भावनात्मक जाल में फंसाती, भरोसा जीतने के बाद शादी करती और फिर मौका पाकर नगदी और गहनों के साथ गायब हो जाती। पूरे घटनाक्रम में उसका पति भी बराबर शामिल रहता और योजना बनाने से लेकर ठगे गए पैसों का इस्तेमाल करने तक दोनों की मिलीभगत रहती थी।

## 50 लाख के क्लेम के लिए खुद को मरा बताया

**श्मशान घाट से दाह संस्कार की फर्जी पर्ची बनवाई, बताया-हार्ट अटैक से गई जान**

बीकानेर, 16 अगस्त (एजेंसियां)। एक युवक ने 50 लाख का क्लेम उठाने के लिए खुद को मरा हुआ बता दिया। ये रुपए लेने के लिए उसने श्मशान घाट से दाह संस्कार की फर्जी पर्ची तक बनवा दी। मामला बीकानेर के जयनारायण व्यास कॉलोनी थाने का है। जब बैंक ने इसकी पड़ताल की तो पता चला कि मांगीलाल ज्याणी जिंदा है। इसके बाद मामला दर्ज करवाया गया। पुलिस ने मांगीलाल को गिरफ्तार कर लिया है। बंधन लाइफ इंश्योरेंस के लीगल ऑफिसर सौरभ कुमार की ओर से जयनारायण व्यास कॉलोनी पुलिस थाने में मामला दर्ज करवाया गया था। उन्होंने बताया कि मांगीलाल श्रीगंगानगर का रहने वाला है। मांगीलाल ने 9 अगस्त 2023 को 50 लाख रुपए का टर्म लाइन रिस्क इंश्योरेंस प्लान लिया था।

इसकी महीने की किश्त 1221 रुपए मासिक थी। दो किश्त जमा होने के बाद 14 अक्टूबर 2023 को बताया गया कि मांगीलाल की हार्ट अटैक से मौत हो चुकी है। इसके बाद परिचित की ओर से इंश्योरेंस के पैसे के लिए क्लेम किया गया। जब बैंक की ओर से मांगीलाल की मौत को लेकर डॉक्युमेंट मांगे गए तो फर्जी डेथ सर्टिफिकेट कंपनी को पेश किया गया। डेथ सर्टिफिकेट नगर निगम बीकानेर से तैयार करवाया हुआ था। इतना ही नहीं परिचित ने मांगीलाल के दाह संस्कार की पर्ची भी तैयार करवा बैंक को दे दी थी। लीगल ऑफिसर ने बताया कि जब बैंक की ओर से इसकी पड़ताल की गई तो गड़बड़ मिली।

# चंदनगर आभूषण चोरी मामले में 2 आरोपियों को किया गिरफ्तार

## दोनों आरोपी बिहार के मूल निवासी



हैदराबाद, 16 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। साइबराबाद पुलिस ने शनिवार को चंदनगर में एक आभूषण की दुकान में दिनदहाड़े हुई डकैती में कथित रूप से शामिल दो लोगों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किए गए लोगों में आशीष कुमार सिंह (22) और दीपक कुमार साह (22) शामिल हैं, जो बिहार के मूल निवासी हैं। डीसीपी (माधापुर) डॉ.जी विनीत के अनुसार, खजाना ज्वेलरी स्टोर में दिनदहाड़े हुई डकैती में कुल सात लोग शामिल थे।

डॉ.जी विनीत ने बताया, गिरोह के एक सदस्य ने स्टोर के डिप्टी मैनेजर सतीश कुमार पर गोलियां चलाईं और सोने की परत चढ़ी चांदी समेत 10 किलो चांदी के आभूषण लूट लिए। विशेष टीमें गठित की गईं और सात संदिग्धों में से दो को गिरफ्तार कर लिया गया। दीपक कुमार, जीडीमेटला का रहने वाला है और उसकी मदद से गिरोह ने दुकान लूट ली थी। अधिकारी ने बताया, गिरोह ने जीडीमेटला में एक मकान किराए पर लिया, दो पुरानी बाइकें खरीदीं और शोरूम की रेकी की। बाकी फरार लोगों को पकड़ने की कोशिश जारी है। पुलिस ने आभूषण दुकान के प्रबंधन को सलाह दी कि वे परिचालन समय के दौरान पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखें।

# सीरवी समाज शेरीलिंगमपल्ली का दूज महोत्सव 25 को

हैदराबाद, 16 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। सीरवी समाज ट्रस्ट शेरीलिंगमपल्ली स्थित सीरवी समाज की आस्था का केन्द्र श्री आईमाता मंदिर में समाज बन्धुओं के सानिध्य में विशेष मीटिंग आयोजितकर श्री आईमाताजी के 610वें अवतरण दिवस व बारहवां वार्षिक सम्मेलन पर दो दिवसीय कार्यक्रम के तहत भादवा सुदी एकम रविवार 24 अगस्त रात्रि जागरण व भादवा सुदी बीज(दूज) सोमवार 25 अगस्त प्रात: वेला में पूजा-अर्चना व महाप्रसादी कार्यक्रम भव्य रूप से आयोजित किया जायेगा।

प्रेस विज्ञप्ति मे अध्यक्ष मनोज वरपा, सचिव मांगीलाल सोनपरा ने संयुक्त रूप से बताया कि हर वर्ष की भांति समाज बन्धुओ के सानिध्य में दो दिवसीय भादवा सुदी बीज महोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। रविवार 24 अगस्त प्रात: वेला में श्री आईमाताजी

का विशेष श्रंगारकर सायं 4.15 बजे महिला मंडल द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम, रात्रि 7.15 बजे से जागरण आयोजित किया जाएगा। जिसमे रमेश माली एंड पार्टी माई के चरणों में भजनों के पुष्प अर्पित करेंगे। सोमवार 25 अगस्त प्रात: 8.15 बजे ज्योत प्रज्वलितकर,

पुजा-अर्चना, स्वागत, समाज बन्धुओं द्वारा माई के चरणों मे श्रीफल भेंटकर परिवार के सुख-समृद्धि की कामना, प्रात: 10 बजे से धर्मसभा का आयोजन कर अध्यक्ष मनोज वरपा की अध्यक्षता में मुख्यअतिथियों, पधारे मेहमानों का स्वागत, कोषाध्यक्ष विनोद गहलोत द्वारा आय-व्यय का विवरण, पदाधिकारियों का सम्मान एवं अपने विचार व्यक्त करना, सचिव मांगीलाल सोनपरा द्वारा समाज में किये गये विकासशील कार्यो का विवरण, महिला अध्यक्षा इन्द्रा गहलोत द्वारा महिलाओं द्वारा किये जा रहे कार्यो की जानकारी एवं पधारे समाज बन्धुओं व भक्तों के लिए भोजन प्रसादी की व्यवस्था मंदिर प्रांगण में रहेगी। अध्यक्ष मनोज वरपा ने समाज बन्धुओं से निवेदन किया है बीज महोत्सव पर अपने प्रतिष्ठान बंद रखकर, समाज बन्धु सपरिवार पधारकर कार्यक्रम का लाभ लेवे।

# वाजपेयी को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी गई



भाजपा मुख्यालय तेलंगाना डॉ. श्याम प्रसाद मुखर्जी भवन नामपल्ली में आज राष्ट्रवाद के प्रणेता, पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी को उनकी 7वीं पुण्य तिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करते भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एन रामचंदर राव, मीर फिरासथ अली बाकरी आदि।

हैदराबाद, 16 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। भारतीय जनता पार्टी की तेलंगाना राज्य इकाई ने आज पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को उनकी पुण्यतिथि पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। पार्टी ने कहा कि वाजपेयी एक दूरदर्शी नेता थे जिन्होंने भारत को आर्थिक और सामरिक दोनों ही दृष्टि से एक वैश्विक शक्ति के रूप में स्थापित किया।

यहां राज्य भाजपा मुख्यालय में वाजपेयी की पुण्यतिथि के अवसर पर उनके चित्र पर माल्यार्पण करने के बाद, पार्टी अध्यक्ष एन रामचंद्र राव ने कहा कि तत्कालीन केंद्र की वाजपेयी सरकार ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (ग्रामीण सड़क अवसंरचना कार्यक्रम), स्वर्णिम चतुर्भुज परियोजना (राष्ट्रीय राजमार्ग) जैसी ऐतिहासिक बुनियादी ढांचा परियोजनाएं विकसित कीं, जिनके परिणामस्वरूप देश की प्रगति हुई। पोखरण परमाणु परीक्षण के बाद अंतर्राष्ट्रीय प्रतिबंधों के बावजूद, वाजपेयी के नेतृत्व वाली तत्कालीन भाजपा सरकार ने बिना किसी समझौते के देश को आगे बढ़ाते हुए चुनौतियों का सामना किया। उन्होंने बताया कि वाजपेयी का जन्मदिन सरकार और पार्टी दोनों द्वारा प्रतिवर्ष "सुशासन दिवस" के रूप में मनाया जाता है।

वाजपेयी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जैसे नेताओं को आगे बढ़ाने के लिए आरएसएस की प्रशंसा करते हुए, राव ने गरीबों के लिए आवास कार्यक्रम, वाल्मीकि-अंबेडकर आवास योजना जैसी विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं और अन्य राष्ट्रीय परियोजनाओं पर प्रकाश डाला, जिनसे समाज के सभी वर्गों को लाभ हुआ है। इस अवसर पर, उन्होंने वर्तमान कांग्रेस सरकार और पिछली बीआरएस सरकार की अपने चुनावी वादों को पूरा करने में कथित रूप से विफल रहने के लिए आलोचना की।

उन्होंने कहा कि वाजपेयी को न केवल भाजपा कार्यकर्ताओं, बल्कि राष्ट्र की बेहतरी के लिए सभी राजनीतिक दलों के नेताओं द्वारा एक आदर्श के रूप में लिया जाना चाहिए। भाजपा के प्रदेश महासचिव कसम वेंकटेश्वरलू, प्रदेश उपाध्यक्ष चिंताला रामचंद्र रेड्डी और राज्य के कई अन्य भाजपा नेता इस कार्यक्रम में शामिल हुए।

# श्रीकृष्ण आनंद से जिए और आनंद से भरा धर्म दे गए

## नुमाइश मैदान में विराट जन्माष्टमी महोत्सव मनाया

हैदराबाद, 16 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। नुमाइश मैदान के विशाल पांडाल में हजारों भाई-बहिनों ने शनिवार को राष्ट्र-संत चन्द्रप्रभ महाराज, महोपाध्याय ललितप्रभ सागर महाराज और मुनि शांतिप्रियसागर महाराज के सान्निध्य में विराट जन्माष्टमी महोत्सव मनाने का आनन्द उठाया। सभी सत्संगप्रेमियों ने बालकृष्ण गोपाल की जय के जयकारे लगाए। बालकृष्ण-मीरा-गोपिका-सुदामा बनकर आए बच्चों ने मंच पर आकर सबको मोहित किया। संत चन्द्रप्रभ जी के कृष्ण-भक्ति पर गाए गए ओ कान्हा अब तो मुरली की मधुर सुना दो तान... हे श्याम तेरी मुरली पागल कर देती है मुस्कान तेरी मीठी घायल कर देती है... जैसे भजनों को सुनकर जब भाई-बहिन दोनों हाथ उठाकर मस्ती में झूमने लगे तो मानो एग्जिबिशन ग्राउंड में वृंदावन धाम साकार हो उठा हो।

इस अवसर पर राष्ट्र-संत चंद्रप्रभ सागर द्वारा एग्जिबिशन ग्राउंड में 1 घंटे में समझें गीता की प्रभावी संदेश विषय पर प्रवचन दे रहे थे। उन्होंने कहा कि कृष्ण जब जन्मे थे तब थाली बजाने वाला कोई न था और धरती से गए तो आंसू ढुलकाने वाला कोई न था फिर भी वे जिंदगी भर आनंद से जिए और आनंद से भरा धर्म देकर चले गए। उनका कारागार में जन्म लेना, चुराके मक्खन खाना, गायों के थन में मुंह डालना, केवल मुष्ठी के प्रहार से दानवों का वध कर लेना, युद्ध के मैदान में गीता का संदेश देना, अपने ही शिष्य के सारथी बनना, गरीब सुदामा के चावल-सत्तू खाना जैसी सारी लीलाएं अद्भुत थीं। वे मटकियां फोडने के बहाने पापों का घड़ा फोड़ देते थे। उन्होंने कहा कि श्रीकृष्ण माधुर्य के देवता थे। उन्होंने नीरस हो चुके धर्म को सरस बनाकर सबको मोहित कर डाला। वे गौमाता के भक्त थे। जहां गौ है वहां गोविंद है।

# ईसीआईएल में 'कौशल विकास' विशेषांक का विमोचन




हैदराबाद, 16 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। इलेक्ट्रॉनिक्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (ईसीआईएल) में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, अनुराग कुमार ने ईसीआईएल गौरव, अंक-24 'कौशल विकास' विशेषांक का विमोचन किया।

उन्होंने कहा कि प्रकाशन कौशल में निरंतरता किसी भी संगठन एवं राष्ट्र की प्रगति का प्रमुख आधार है।

इस अवसर पर प्रोतीक कुमार चक्रबोर्ती, निदेशक(वित्त), सी. मुरलीधर, कार्यपालक निदेशक (मानव संसाधन) तथा समस्त कार्यपालक निदेशक, महाप्रबंधक और एम. मृत्युंजयुडु, प्रमुख (मानव संसाधन) सहित ईसीओए के सचिव तथा ईसीआईएल मजदूर संघ के महासचिव उपस्थित थे। अंक में संगठन के तकनीकी नवाचार, प्रशिक्षण पहलों, कर्मचारियों की उपलब्धियों एवं कौशल उन्नयन से जुड़े विविध आलेख सम्मिलित किए गए हैं। पत्रिका का संपादन डॉ. राजनारायण अवस्थी, मुख्य संपादक एवं प्रबंधक (राजभाषा) के मार्गदर्शन में किया गया है। अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक ने अपने संबोधन में सभी कर्मचारियों को संगठन की प्रगति एवं राष्ट्र निर्माण में कौशल विकास पर योगदान हेतु उनके समर्पण की सराहना की। उन्होंने कौशल विकास को संगठनात्मक उत्कृष्टता की आधारशिला बताते हुए निरंतर सीखने एवं नई तकनीकों को अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय एकता एवं प्रगति के

संकल्प के साथ हुआ। विशेषांक के सफल प्रकाशन में डॉ. चिप्पाड़ा अंबेडकर, वी. कनका महालक्ष्मी, वरि. हिन्दी अनुवादक, अजहर सुल्तान, अनुभाग सहायक तथा विनीला का योगदान रहा।

# 150वां निशुल्क मेगा मेडिकल कैंप कल

हैदराबाद, 16 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। बदरीविशाल पन्नालाल पित्ती ट्रस्ट एवं अग्रवाल सेवा दल द्वारा डिसेबल फाउंडेशन ट्रस्ट, इंडियन रेडक्रास सोसायटी हैदराबाद जिला शाखा के सहयोग से 150वां निशुल्क मेगा मेडिकल कैंप सोमवार 18 अगस्त को सुबह 10 से 2 बजे तक सोमाजीगुडा स्थित संस्कृति राजभवन कम्युनिटी हॉल में आयोजित किया जाएगा।

आज यहां अग्रवाल सेवा दल के अजीत गुप्ता द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, मेगा मेडिकल कैंप में मेडीकवर अस्पताल सिकंदराबाद द्वारा कार्डियलजी, हड्डी रोग, ईसीजी, 2 डी इको, बीएमडी, बीपी जांच, आरबीएस की सेवा दी जाएगी। एलसीएस साधुराम नेत्र अस्पताल दोमलगुडा द्वारा निशुल्क नेत्रों की जांच की जाएगी एवं योग्य को निशुल्क चश्मे एवं मोतियाबिंद के ऑपरेशन की व्यवस्था की जाएगी। सामान्य चिकित्सक डॉ. अखिल्स क्लिनिक, डॉ.अखिल सुगंधी (रुमेटोलॉजी), डॉ. मीनल खिरैया सुगंधी (एमबीबीएस डिप्लोमा मधुमेह) एवं दंत की सेवा एसएनआर डेंटल के डॉ.एस. तेजस्वी नवनीत राज एवं डॉ.एस. निखिल द्वारा दी जाएगी।

अवसर पर श्री भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति द्वारा निशुल्क कृत्रिम पैर, हैड क्लिप, कैलिपर्स एवं हैंड का जांच के बाद योग्य को दिये जाएंगे। साथ ही डायलिसिस की व्यवस्था की जाएगी।

शिविर में नाम पंजीकरण कैंप स्थल पर सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक किया जाएगा। सभी से इसका अधिक से अधिक लाभ लेने का आग्रह किया गया है। अधिक जानकारी के लिए शिविर के संयोजक प्रदीप अग्रवाल, सुधीर गुप्ता, सुरेन्द्र गोयल, आईआरसीएस हैदराबाद के चेयरमैन एम.भीमा रेड्डी, डिसेबल फाउंडेशन ट्रस्ट के चेयरमैन डॉ. विजय भास्कर एवं डॉ. श्रीदेवी से संपर्क किया जा सकता है।

# 6 साल बाद भी मूसी नदी में बेटे के बह जाने के बाद भी राहत का इंतजार

## पुलिस थानों में मिला नकारात्मक जवाब

हैदराबाद, 16 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। अक्टूबर 2020 में, हिमायतसागर और उस्मानसागर जलाशयों में भारी जलस्तर के बाद दोनों जलाशयों के द्वार खोल दिए गए थे। मूसी नदी के पास स्थित किशनबाग निवासी बीस वर्षीय शेख आमिर नदी में गिरने के बाद बह गए थे। आमिर के पिता याद करते हैं कि किसी को नहीं पता कि असल में क्या हुआ था, मेरा बेटा बह गया। उसे लापता हुए छह साल हो गए हैं और अभी तक हमें उसका शव नहीं मिला है। हमने वलिगोंडा तक के पुलिस थानों में जाकर पता किया कि क्या कोई शव मिला था, लेकिन जवाब नकारात्मक ही मिला।

शेख मेहताब और खतीजा बेगम का इकलौता बेटा, 20 वर्षीय आमिर, अपने दोस्तों के साथ नदी पर गया था। मेहताब के चचेरे भाई फ़रीद ने बताया, हमें उसके दोस्तों से पता चला कि आमिर नदी में गिर गया है और बह गया है। हम तुरंत मौके पर पहुंचे। उसे कहीं न पाकर हम पुरानापुल पुल की ओर दौड़े, इस उम्मीद में कि शायद वह तैरकर सुरक्षित निकल गया होगा। उसे कहीं न पाकर हमने पुलिस से संपर्क किया। उस समय मामला दर्ज किया गया था और मुझे लगता है कि अब मामला बंद हो गया है।

मेहताब (जो अब साठ साल के हो चुके हैं) रिक्शा चलाते थे और खतीजा घर में नौकरानी का काम करती थीं। उन्होंने बताया, पेट की समस्या के कारण मेरा ऑपरेशन हुआ था। एक साल पहले, मैं घर पर ही रहता था। कभी-कभी मैं साप्ताहिक बाज़ार जाता हूं और एक दुकानदार मुझे मदद के लिए 200 रुपये देता है। दुख की बात है कि मेहताब की चार बेटियों में से एक के पति का कुछ महीने पहले निधन हो गया और वह किशनबाग स्थित अपने माता-पिता के घर लौट आई। किराए के मकान में रहने वाली खतीजा बेगम ने कहा, मेरी बेटी के चार बच्चे हैं और अब हमें उसकी देखभाल करनी है।

# भारत देश एक परम्परा नहीं है, संस्कृति है



हैदराबाद, 16 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। आचार्य श्री महाश्रमण जी की विदुषी सुशिष्या साध्वी डॉ. गवेषणा श्री जी ठाणा 4 के पावन सानिध्य व तेरापंथ महिला मंडल हैदराबाद के तत्वावधान में महिला मंडल हैदराबाद का 41वां स्थापना दिवस मनाया गया।

कार्यक्रम की शुरूआत नमस्कार महामंत्र व ॐ भिक्षु जय भिक्षु के जप के साथ हुई। महिला मंडल हैदराबाद के अब तक के सभी पूर्वाअध्यक्ष व पूर्व मंत्री ने मार्च पास्ट करते हुए भवन प्रांगण में इंट्री ली और प्रेरणा गीत का संगान किया। साथ ही साथ समर्पिता गाने पर प्रस्तुती दी। अध्यक्ष श्रीमती नमिता सिंघी ने श्रावक श्राविका समाज का स्वागत किया। साध्वी दक्ष प्रभा ने गीतिका का संगान किया।

साध्वी मयंक प्रभा ने कहा कि भारत देश एक परम्परा नहीं है, संस्कृति है, इतिहास है। किसी अन्य देश के पास भारत जैसी विरासत नहीं है। तेरापंथ महिला मंडल हैदराबाद भी आज 41 वर्षो की विरासत को सहेज कर रखा है। साध्वी मेरु प्रभा जी ने इस देश की गरिमा क्या गाएं, जहां माटी चंदन कहलाए। गीतिका का संगान जोशिले अंदाज में किया।

साध्वी डॉ. गवेषणा श्री जी ने कहा कि दीक्षा के पश्चात मेरा पहला चातुर्मास हैदराबाद साध्वी नगीना श्री जी के साथ हुआ और उसी चातुर्मास में हैदराबाद महिला मंडल की स्थापना हुई। आज 41 वर्षों बाद उसका पल्लवित पुष्पित रूप देखकर प्रसन्नता हो रही है। मंडल की 41 वर्षों की गति प्रगति, उपलब्धियों व सम्पूर्ण इतिहास को पीपीटी के माध्यम से उपाध्यक्ष श्रीमती प्रभा दुगड़ व प्रचार प्रसार मंत्री श्रीमती मनीषा सुराणा ने पेश किया। पीपीटी बनाने में श्रीमती आरती जैन का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

अभातेयुप से पधारे कोमल डागा, तेयुप हैदराबाद के अध्यक्ष राहुल गोलछा व राजकुमार ने स्थापना दिवस पर मंडल को शुभकामनाएं प्रेषित की।

# पंजाब नैशनल बैंक के अंचल कार्यालय में स्वतंत्रता दिवस मनाया गया



हैदराबाद, 16 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। पंजाब नैशनल बैंक के अंचल कार्यालय, हैदराबाद में स्वतंत्रता दिवस समारोह उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर सुनील कुमार चुघ, मुख्य महाप्रबंधक एवं अंचल प्रबंधक द्वारा ध्वजारोहण किया गया। अंचल प्रबंधक चुघ ने कहा कि 15 अगस्त एक ऐसा दिन है जब प्रत्येक भारतीय के मन में देशभक्ति की लहर और मातृभूमि के प्रति अपार स्नेह भर उठता है। उन्होंने पंजाब नैशनल बैंक की 131 वर्षों की गौरवमयी यात्रा की चर्चा करते हुए कहा कि स्वतंत्रता दिवस के इस पावन अवसर पर हम सभी को यह संकल्प लेने की आवश्यकता है हम अपने संस्थापकों के उस सुनहरे सपने को आगे बढ़ाएं तथा अपने समुचित प्रयासों से बैंक की लाभकारी योजनाओं को समाज के सभी तबकों तक पहुंचाएं। श्री चुघ ने कहा कि इस बात को हमें हमेशा ध्यान में रखना होगा कि हम अपने ग्राहकों को सर्वोत्तम सेवा प्रदान कर बैंक के विकास के साथ-साथ देश के विकास में अपना सार्थक योगदान दे सकते हैं।

इस अवसर पर महाप्रबंधक श्रीमती वन्दना पांडेय ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी यह संकल्प लें कि हमारा लक्ष्य एवं संकल्प निरंतर एक सतत, समावेशी एवं लाभप्रद संगठन का होना चाहिए जिसके केंद्र में ग्राहक सेवा हो। हम सभी के लिए बैंक -फ़र्स्ट का लक्ष्य सर्वोपरि होना चाहिए। कुमार शैलेंद्र, महाप्रबंधक ने कहा कि यह आजादी हम सभी को असंख्य बलिदानों के बाद मिली। हमें इस लोकतंत्र को मजबूत बनाने में बैंकिंग सेवाओं के माध्यम से योगदान देना होगा। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन संजय माने, उप महाप्रबंधक द्वारा किया गया। इस अवसर पर स्टाफ सदस्यों के बच्चों के लिए पेंटिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसमें स्टाफ सदस्यों के बच्चों द्वारा सक्रिय सहभागिता की गई। समारोह में सहायक महाप्रबंधक सीवी राव, वासुदेव राय, श्यामा कुमार, मुख्य प्रबंधक श्री नरेन दत्ता, श्री शरत कुमार, राजा कुमार, डॉ. साकेत सहाय, श्री कृष्ण कांडला सहित समस्त स्टाफ सदस्य विशेष रूप से उपस्थित रहे।



स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य पर हिमायत नगर में तिरंगा फहराते हुए अग्रणी महिला मंच की अध्यक्ष सुमन भुवानिया, बबिता गर्ग, स्मिथ शाह, श्रद्धा सुखिया, रितु गोयल, प्रीति गोयल, संतोष अग्रवाल, जॉली गुप्ता, अस्मिता हीरापारा, बृंदा पटेल, अंजना मेहता एवं पवन भुवानिया आदि।

# यूरिया की कमी को लेकर किसानों ने गजवेल के पास रास्ता रोका

सिद्दीपेट, 16 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। बीआरएस नेताओं के नेतृत्व में किसानों ने शनिवार को बारिश के बावजूद गजवेल के निकट रिम्मनगुडा में राजीव राहधारी पर बड़े पैमाने पर रास्ता रोको प्रदर्शन किया और यूरिया आपूर्ति सुनिश्चित करने में सरकार की उदासीनता के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व बीआरएस के विधानसभा क्षेत्र प्रभारी वंतेरू प्रताप रेड्डी ने किया। किसानों ने कांग्रेस सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए, उनकी दुर्दशा की अनदेखी करने का आरोप लगाते हुए, राजमार्ग के दोनों ओर कई घंटों तक यातायात ठप रहा।

प्रदर्शनकारियों ने गजवेल रेक पॉइंट को बहाल करने की मांग की ताकि देश के विभिन्न हिस्सों से ट्रेन द्वारा उर्वरक परिवहन संभव हो सके और तेलंगाना में उर्वरक की कमी दूर हो सके। अधिकारियों को नाकाबंदी हटाने और व्यस्त मार्ग पर यातायात बहाल करने में कुछ घंटे लग गए।



मनीकोन्डा स्थित पूनम ग्रूप महिला मंडल द्वारा कृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर आयोजित पुजा-अर्चना व जागरण कार्यक्रम में उपस्थित अध्यक्षा सुशीला देवड़ा व प्रवासी महिलाएं।

# सीरवी समाज एल.बी.नगर का बीज महोत्सव 25 को

हैदराबाद, 16 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। बंडलागुडा स्थित श्री आईमाता मंदिर प्रांगण में सीरवी समाज एल.बी.नगर वेल्फेयर एसोशिएशन समाज बन्धुओं के सानिध्य में विशेष मीटिंग आयोजितकर श्री आईमाताजी के 610वें अवतरण दिवस व दूसरा वार्षिक सम्मेलन पर दो दिवसीय कार्यक्रम के तहत भादवा सुदी एकम रविवार 24 अगस्त रात्रि जागरण व भादवा सुदी बीज(दूज) सोमवार 25 अगस्त प्रात: वेला में पूजा-अर्चना व महाप्रसादी कार्यक्रम भव्य रूप से आयोजित किया जायेगा।

जारी प्रेस विज्ञप्ति में अध्यक्ष वेनाराम चोयल व सचिव प्रकाश सेपटा ने संयुक्त रूप से बताया कि हर वर्ष की भांति समाज बन्धुओं के सानिध्य में दो दिवसीय भादवा सुदी बीज महोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। रविवार 24 अगस्त प्रात: वेला में श्री आईमाता मंदिर को विशेष फूलों व लाइटिंग से सजाकर माई का विशेष श्रंगारकर रात्रि 9 बजे से जागरण आयोजित किया जाएगा। जिसमे अमर नाथ एंड पार्टी माई के चरणों में भजनों के पुष्प अर्पित करेंगे।

सोमवार 25 अगस्त प्रात: 8.15 बजे ज्योत प्रज्वलितकर, पुजा-अर्चना, समाज बन्धुओं द्वारा माई के चरणों मे श्रीफल भेंटकर परिवार के सुख-समृद्धि की कामना, समाज के बाल-कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रात: 10 बजे से धर्मसभा का आयोजनकर, कोषाध्यक्ष लक्ष्मणराम परिहार द्वारा आय-व्याय का विवरण, पधारे समाज बन्धुओं व भक्तों के लिए भोजन प्रसादी की व्यवस्था मंदिर प्रांगण में रहेगी। अध्यक्ष वेनाराम चोयल ने सभी पदाधिकारियों, कार्यकारिणी मेम्बरों व समाज बन्धुओं से निवेदन किया है बीज महोत्सव पर अपने प्रतिष्ठान बंद रखकर, सपरिवार पधारकर कार्यक्रम का लाभ लेवे।

# डॉ. अविनाश जायसवाल खान मंत्रालय में हिंदी सलाहकार बने



हैदराबाद, 16 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। हिंदी विभाग, निजाम कॉलेज, हैदराबाद के पूर्व विभागाध्यक्ष और उप प्राचार्य डॉ. अविनाश जायसवाल को खान मंत्रालय की हिंदी सलाहकार समिति का सदस्य मनोनीत किया गया है, इससे पूर्व वे उत्तर पूर्व क्षेत्र विकास मंत्रालय में भी हिंदी सलाहकार समिति के सदस्य रह चुके हैं। वे हैदराबाद के जाने माने शिक्षाविद हैं। उनकी इस उपलब्धि पर शिक्षकों द्वारा बधाई भी दी गई।

# जन्मदिन की पार्टी में राउडी शीटर पर हमला

हैदराबाद, 16 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। शुक्रवार रात मदन्नापेट में एक जन्मदिन पार्टी के दौरान दो व्यक्तियों ने एक उपद्रवी शीटर पर हमला कर दिया। पीड़ित खिजर याकूबी (30) मदन्नापेट में एक घर में जन्मदिन की पार्टी में शामिल होने गया था। जब वह मौके पर पहुंचा, तो दो अज्ञात लोगों ने उस पर धारदार हथियारों से हमला कर दिया। खिजर को चोटें आईं और उसे अस्पताल ले जाया गया।

उसका उस्मानिया जनरल अस्पताल में इलाज चल रहा है। खिजर पर हमला करने के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। मामला दर्ज कर लिया गया है।


स्वतंत्र वार्ता
Email :
svaarttha2006@gmail.com
svaarttha@rediffmail.com
svaarttha2006@yahoo.com
Epaper :
epaper.swatantravaartha.com
For Advertisement :
swadds1@gmail.com

# एशिया कप के लिए भारतीय टीम में रिंकू सिंह को मौका मिलना मुश्किल

## शुभमन और श्रेयस पर चर्चा जारी



नई दिल्ली, 16 अगस्त (एजेंसियां)। एशिया कप टी20 के लिए भारतीय टीम की घोषणा मंगलवार को की जाएगी जिसमें अजीत अगरकर की अगुवाई वाली चयन समिति कुछ कड़े फैसले ले सकती है। भारतीय टेस्ट कप्तान शुभमन गिल की टीम में जगह चर्चा का विषय बना हुआ है, वहीं रिंकू सिंह के लिए भी 15 सदस्यीय टीम में जगह बनाना आसान नहीं होगा।

**पांच छक्केलगाकर चर्चा में आए थे रिंकू**

रिंकू कुछ साल पहले तब पूरे देश में चर्चा का विषय बन गए थे, जब उन्होंने यश दयाल के ओवर में लगातार पांच छक्के लगाकर कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को आईपीएल मैच जिताया था और तब से उन्हें भारतीय टीम में एक फिनिशर के रूप में देखा जाने लगा था। रिंकू के करियर ग्राफ में हालांकि पिछले कुछ समय में थोड़ी गिरावट देखी गई है और वह टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम में जगह बनाने में असफल रहे (वह स्टैंडबाय पर थे)। आईपीएल 2024 में उन्होंने केवल 113 गेंदों का जबकि 2025 के सत्र में केवल 134 गेंदों का सामना किया था, जिससे उनकी भूमिका कम होने का संकेत मिलता है। दिलचस्प बात यह है कि 2024 में वर्तमान में भारतीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ही केकेआर के मुख्य रणनीतिकार थे। रिंकू को मौका मिलना मुश्किल केकेआर के पूर्व थिंक-टैंक प्रमुख ने जिस तरह से रिंकू का इस्तेमाल किया, उससे यह संकेत मिलता है कि उनकी योजनाओं में अलीगढ़ के इस बाएं हाथ के खिलाड़ी की भूमिका बहुत सीमित थी। प्रत्येक बल्लेबाजी स्थान के लिए हो रही प्रतिस्पर्धा को देखते हुए कोई भी पक्के तौर पर यह नहीं कह सकता कि रिंकू अगले वर्ष की शुरुआत में भारत और श्रीलंका में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए स्वतः पसंद होंगे। लेकिन अगर इस समय केवल एशिया कप टी20 को ही ध्यान में रखा जाए तो रिंकू की स्थिति थोड़ी अस्थिर नजर आती है।

**इन खिलाड़ियों को मिल सकता है मौका**

यदि सभी फिट और उपलब्ध रहे तो अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (बल्लेबाज-विकेटकीपर), तिलक वर्मा, कप्तान सूर्य कुमार यादव और हार्दिक पांड्या का शीर्ष पांच में चयन तय है। आईपीएल में अच्छा प्रदर्शन करने वाले गिल और यशस्वी जायसवाल टीम में वापसी करते हैं तो चयनकर्ताओं को एक या दो स्थानों को लेकर कुछ समझौता करना होगा। एक पूर्व राष्ट्रीय चयनकर्ता ने पीटीआई से कहा, 'हम अक्सर लोगों को कहते हुए सुनते हैं कि अमुक खिलाड़ी को चुनना चाहिए, लेकिन कोई भी हमें यह नहीं बता सकता कि 'किसकी जगह'?

## रविवार को पहले मुकाबले में गत विजेता नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स का सामना साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स से

नई दिल्ली, 16 अगस्त (एजेंसियां)। महिला दिल्ली प्रीमियर लीग का दूसरा संस्करण 17 से 24 अगस्त तक अरुण जेटली स्टेडियम में खेला जाएगा। इस बार चार टीमें हिस्सा ले रही हैं – साउथ दिल्ली सुपरस्टार्ज, नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स, ईस्ट दिल्ली राइडर्स और सेंट्रल दिल्ली क्वींस। एक हफ्ते तक ये टीमें राउंड-रॉबिन प्रारूप में आमने-सामने होंगी। टूर्नामेंट की शुरुआत 17 अगस्त को पिछले साल की चैंपियन टीम नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स और उपविजेता साउथ दिल्ली सुपरस्टार्ज के बीच होने वाले रोमांचक मुकाबले से होगी। नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स की कप्तान आयुषी सोनी ने कहा, "हम आने वाले समय के लिए पूरी तरह तैयार और उत्साहित हैं। यह लीग शहर में क्रिकेट के लिए एक बड़ा कदम है, और इसके लिए हम डीडीसीए के बहुत आभारी हैं। यह सिर्फ एक टूर्नामेंट नहीं है, बल्कि खेल का एक उत्सव है जो खिलाड़ियों को प्रेरित करेगा और प्रशंसकों का मनोरंजन करेगा।

# पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान और कोच बॉब सिम्पसन का निधन

## 89 की उम्र में सिडनी में ली आखिरी सांस; 62 टेस्ट मैच खेले



स्पोर्ट्स डेस्क, 16 अगस्त (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान और कोच बॉब सिम्पसन का 89 साल की उम्र में सिडनी में निधन हो गया। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने 16 अगस्त 2025 को उनके निधन की आधिकारिक पुष्टि की। सिम्पसन न सिर्फ एक शानदार बल्लेबाज और बेहतरीन स्लिप फील्डर रहे, बल्कि कोच के तौर पर उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया।

सिम्पसन ने 1957 में टेस्ट क्रिकेट में डेब्यू किया और 1978 तक खेलते रहे। उन्होंने कुल 62 टेस्ट मैच खेले, जिनमें 4,869 रन बनाए और 10 शतक जड़े। उनका बेस्ट स्कोर 1964 में इंग्लैंड के खिलाफ 311 रन रहा। बल्लेबाजी के अलावा वे लेग स्पिनर भी थे और 71 विकेट लिए।


**स्लिप में 110 कैच पकड़े**

स्लिप फील्डिंग में बॉब का जलवा था और उन्होंने 110 कैच पकड़े, जो आज भी एक गैर-विकेटकीपर के लिए रिकॉर्ड माना जाता है। उन्होंने कुल 39 टेस्ट मैचों में ऑस्ट्रेलिया की कप्तानी की। बॉब ने 1977 में संन्यास से वापसी करते हुए ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम की कप्तानी संभाली थी। उस समय कई प्रमुख खिलाड़ी वर्ल्ड सीरीज क्रिकेट में खेलने चले गए थे, जिससे टीम कमजोर हो गई थी। सिम्पसन ने 41 साल की उम्र में कप्तानी संभाली और भारत और वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज में टीम का नेतृत्व किया। भारत के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया ने वह पांच मैचों की टेस्ट सीरीज 3-2 से जीती। इसके बाद उन्होंने फिर से संन्यास ले लिया। 1986 में ऑस्ट्रेलिया के पहले फुल-टाइम कोच बने सिम्पसन ने बतौर कोच ऑस्ट्रेलिया को नई पहचान दी। वे 1986 में देश के पहले फुल-टाइम कोच बने और 1996 तक इस पद पर रहे। उनके कार्यकाल में ऑस्ट्रेलिया ने 1987 का वर्ल्ड कप जीता, 1989 में इंग्लैंड से एशेज अपने नाम की और 1995 में वेस्टइंडीज को हराया।

**1965 में विजडन क्रिकेटर ऑफ द ईयर बने**

सिम्पसन को खेल जगत में कई सम्मान मिले। उन्हें 1965 में विजडन क्रिकेटर ऑफ द ईयर, 1985 में स्पोर्ट ऑस्ट्रेलिया हॉल ऑफ फेम, 2006 में ऑस्ट्रेलियन क्रिकेट हॉल ऑफ फेम और 2013 में आईसीसी क्रिकेट हॉल ऑफ फेम में शामिल किया गया। उन्हें ऑर्डर ऑफ ऑस्ट्रेलिया से भी सम्मानित किया गया था।

# सेंट लुई रैपिड और ब्लिट्ज टूर्नामेंट में गुकेश संयुक्त छठे स्थान पर, आरोनियन को खिताब



सेंट लुई, 16 अगस्त (एजेंसियां)। विश्व चैम्पियन ग्रैंडमास्टर डी गुकेश सेंट लुई रैपिड और ब्लिट्ज शतरंज में संयुक्त छठे स्थान पर रहे, जबकि अमेरिका के लेवोन आरोनियन ने खिताब जीता। गुकेश ने आखिरी दिन वापसी की उम्मीद जताई और पहले चार गेम में 3.5 अंक बनाए। पहला गेम आरोनियन से ड्रॉ खेलने के बाद उन्होंने अमेरिका के शैंकलैंड, वेसली सो और उजबेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव को हराया, लेकिन फिर लय कायम नहीं रख सके। आखिरी पांच गेम में उन्होंने तीन ड्रॉ खेले और दो गंवाये जिससे कुल 18 अंक लेकर अपने अभियान का समापन किया।

आरोनियन ने दो राउंड बाकी रहते ही 24.5 अंक लेकर खिताब अपने नाम कर लिया। अमेरिका के फेबियानो कारूआना 21.5 अंक लेकर दूसरे स्थान पर रहे, जबकि फ्रांस के मैक्सिम वाचियेर लाग्रेव तीसरे स्थान पर रहे। अब्दुसत्तोरोव 20.5 अंक के साथ चौथे और वेसली सो पांचवें स्थान पर रहे। गुकेश और वियतनाम के लियेम ली कुआंग उनसे पीछे रहे। आरोनियन को जीत के साथ 40000 डॉलर मिले। गुकेश अब सिनक्यूफील्ड कप खेलेंगे जो दो दिन बाद शुरू होगा जिसमें आर प्रज्ञानानंदा भी हिस्सा लेंगे।

# पीसीबी का बड़ा फैसला! खिलाड़ियों की सैलरी में कटौती, बाबर-शाहीन पर गिरेगी गाज



लाहौर, 16 अगस्त (एजेंसियां)। पाकिस्तान क्रिकेट टीम इन दिनों मैदान पर बुरी तरह जूझ रही है. कभी बांग्लादेश से हार, तो कभी वेस्टइंडीज जैसी निचली रैंकिंग वाली टीम के सामने घुटने टेकना, यह सिलसिला लगातार जारी है. नतीजा ये हुआ कि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) अब खिलाड़ियों पर सख्ती करने की तैयारी में है. खबर है कि बोर्ड जल्द ही सीनियर क्रिकेटरों की मोटी सैलरी में कटौती करने जा रहा है, जिससे बाबर आजम और शाहीन शाह अफरीदी जैसे स्टार खिलाड़ियों को करोड़ों का झटका लग सकता है।

पीसीबी के भीतर लंबे समय से ये चर्चा है कि खिलाड़ियों को दिए जा रहे भारी-भरकम कॉन्ट्रैक्ट का टीम के प्रदर्शन पर कोई असर नहीं पड़ रहा है. उल्टा, पिछले दो साल में पाकिस्तान क्रिकेट का ग्राफ और नीचे चला गया है. यही वजह है कि बोर्ड अब अनुबंधित खिलाड़ियों के कॉन्ट्रैक्ट से एक बड़ा सेक्शन हटाने की योजना बना रहा है. बताया जा रहा है कि पीसीबी के सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट से खिलाड़ियों को आईसीसी राजस्व का 3 फीसदी हिस्सा दिया जाता है,ताकि खिलाड़ियों की ज्यादा कमाई हो सके, लेकिन अब इसे पाकिस्तान बोर्ड के द्वारा अब बंद किया जा सकता है. अगर ऐसा होता है तो सीनियर खिलाड़ियों की कमाई पर सीधा असर पड़ेगा और उनकी सैलरी करोड़ों रुपये तक घट सकती है। मौजूदा सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट के अनुसार, टेस्ट मैच के लिए खिलाड़ी को लगभग 12 लाख रुपये मिलते हैं. वनडे के लिए 6 लाख रुपये मिलते हैं. टी-20 खेलने के लिए करीब 4 लाख रुपये दिए जाते हैं. इसके अलावा, ए कैटेगरी के क्रिकेटरों को हर महीने 6.57 लाख पाकिस्तानी रुपये मिलते हैं. इस श्रेणी में फिलहाल केवल बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान शामिल हैं. ऐसे में अगर आईसीसी हिस्सेदारी हटाई गई तो सबसे ज्यादा नुकसान इन्हीं दोनों खिलाड़ियों को होगा।

बी कैटेगरी के खिलाड़ियों को करीब 4.55 मिलियन रुपये, सी कैटेगरी को 2.03 मिलियन और डी कैटेगरी को 1.26 मिलियन रुपये मिलते हैं. इसमें से बड़ा हिस्सा आईसीसी राजस्व से आता है, जोकि 1.035 मिलियन है. अब इसे हटाने के बाद सभी श्रेणियों के खिलाड़ियों की आय घट जाएगी।

पीसीबी का खर्च बढ़ा, कमाई नहीं दिलचस्प बात यह है कि पीसीबी ने इस बार खिलाड़ियों पर खर्च बढ़ाया है. रिटेनरशिप बजट पिछले साल की तुलना में 37% बढ़कर 1,173 मिलियन रुपये हो गया है, लेकिन इसके बावजूद खिलाड़ियों की मैच फीस बढ़ाने की कोई योजना नहीं है. खिलाड़ियों की सैलरी में कटौती की सबसे बड़ी वजह उनका कमजोर प्रदर्शन है. इस साल पाकिस्तान ने तीन में से सिर्फ एक टेस्ट जीता है. 11 वनडे में से केवल 2 ही जीते हैं.

# प्रणेश ने चेन्नई ग्रैंडमास्टर्स में चैलेंजर्स खिताब जीता

**कीमर ने जीत के साथ किया समापन**



नई दिल्ली, 16 अगस्त (एजेंसियां)। भारतीय ग्रैंडमास्टर एम प्रणेश ने अंतिम दौर में असफलता के बावजूद क्वांटबॉक्स चेन्नई ग्रैंड मास्टर्स में चैलेंजर्स वर्ग का खिताब जीता जबकि मास्टर्स वर्ग में अपना खिताब पहले ही सुनिश्चित कर चुके विंसेंट कीमर ने रे रॉबिनसन पर आसान जीत के साथ अपने अभियान का शानदार अंत किया। कीमर को इस जीत से 25 लाख रुपये की इनामी राशि मिली।

उन्होंने गुरुवार को ही खिताब अपने नाम पर पक्का कर दिया था इसलिए सभी का ध्यान चैलेंजर्स वर्ग पर लगा था। इस वर्ग में नाटकीय उतार-चढ़ाव देखने को मिले, जहां पा इनियन ने अभिमन्यु पुराणिक को जबकि अधिबान भास्करन ने लियोन ल्यूक मेंडोंका को हराया। लियोन तथा अभिमन्यु दूसरे स्थान पर रहे। दीप्तायन घोष और आर्यन चोपड़ा ने भी क्रमशः वैशाली रमेशबाबू और द्रोणवल्ली हरिका को हराकर शानदार प्रदर्शन किया। प्रणेश (6.5 अंक) अंतिम दौर में जीवी हर्षवर्धन से हार गए लेकिन खिताब जीतने में सफल रहे जिसके लिए उन्हें सात लाख रुपए की पुरस्कार राशि मिली। मास्टर्स वर्ग में अर्जुन एरिगैसी ने कार्तिकेयन मुरली और अनीश गिरी के साथ संयुक्त रूप से दूसरा स्थान हासिल किया।

# सीपीएल 2025 : गुयाना ने सेंट किट्स को 5 विकेट से हराया



नई दिल्ली, 16 अगस्त (एजेंसियां)। कैरेबियन प्रीमियर लीग (सीपीएल 2025) के दूसरे मैच में गुयाना अमेजन वॉरियर्स ने सेंट किट्स को 5 विकेट से हरा दिया। गुयाना को जीत के लिए 154 रन का लक्ष्य मिला था, जो उसने 17.2 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया। गुयाना ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया था। पहले बल्लेबाजी करते हुए सेंट किट्स की टीम 20 ओवर में 8 विकेट पर 153 रन ही बना सकी। सेंट किट्स के लिए विकेटकीपर और सलामी बल्लेबाज आंद्रे फ्लेचर ने 41 गेंद पर 60 रन की जोरदार पारी खेली, लेकिन उनके अलावा कोई दूसरा बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल सका।

प्रिटोरियस ने गुयाना के लिए 4 ओवर में 43 रन देकर 3 विकेट लिए। शमार जोसेफ किफायती रहे। उन्होंने 4 ओवर में 25 रन देकर 1 विकेट लिया। रोमारियो शेफर्ड ने 3 ओवर में 17 रन देकर 1, कप्तान इमरान ताहिर ने 4 ओवर में 29 रन देकर 2 और गुडाकेश मोती ने 4 ओवर में 20 रन देकर 1 विकेट लिए। 154 रन का लक्ष्य हासिल करने उतरी गुयाना अमेजन वॉरियर्स के लिए सलामी बल्लेबाज बेन मैक्डॉरमोट ने 39 गेंद पर 10 चौके और 4 छक्के की मदद से 75 रन की पारी खेली। उनकी इस पारी ने टीम के लिए जीत के रास्ते आसान कर दिए। इसके बाद शाई होप ने 39 गेंद पर 56 रन की नाबाद पारी खेल टीम को 17.2 ओवर में 154 तक पहुंचा कर जीत दिला दी। गुयाना ने 5 विकेट पर 154 रन बनाकर मैच 5 विकेट से जीत लिया।

## 'वर्ल्ड चैंपियन 'त्रिमूर्ति' की सेवाएं लेने को कहा'

नई दिल्ली, 16 अगस्त (एजेंसियां)। वेस्टइंडीज क्रिकेट को संकट से उबराने के लिए महान खिलाड़ी ब्रायन लारा ने क्रिकेट वेस्टइंडीज से अपील की है कि व पूर्व क्रिकेटर क्रिस गेल, ड्वेन ब्रावो और कीरोन पोलार्ड को टीम से जोड़े। इससे मौजूदा पीढ़ी के खिलाड़ियों का स्तर ऊंचा उठाया जा सके। तीनों खिलाड़ी वेस्टइंडीज के टी20 वर्ल्ड कप चैंपियन टीम का हिस्सा रहे। गेल और ब्रावो 2012 और 2016 दोनों बार टी20 वर्ल्ड कप जीतने वाली टीम का हिस्सा रहे। पोलार्ड 2012 वाली टीम का हिस्सा थे। लारा ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टीम की करारी हार के बाद सीडब्ल्यूआई कॉन्फ्रेंस की समाप्ति के बाद कहा,"वेस्टइंडीज क्रिकेट के भविष्य में योगदान देने के लिए मौका मिलना सम्मान की बात है, खासकर ऐसे महत्वपूर्ण समय में।

# बेथेल आयरलैंड के खिलाफ टी-20 में इंग्लैंड की कप्तानी करेंगे

## टीम के सबसे युवा मेंस कप्तान; साउथ अफ्रीका के खिलाफ भी स्क्वॉड का ऐलान



स्पोर्ट्स डेस्क, 16 अगस्त (एजेंसियां)। सितंबर में इंग्लैंड और आयरलैंड के बीच तीन मैचों की टी-20 सीरीज खेली जानी है। इसके लिए इंग्लैंड ने अपनी 14 मेंबर्स टीम का ऐलान कर दिया है। युवा ऑलराउंडर जैकब बेथेल को टीम की कमान दी गई है। टीम में हैरी ब्रुक जैसे कई बड़े खिलाड़ियों को आराम दिया गया है। पहले मैच में मैदान पर उतरते ही बेथेल इंग्लैंड के सबसे युवा मेंस क्रिकेट कप्तान बनकर 136 सालों से कायम रिकॉर्ड तोड़ देंगे।

**मोंटी बोडेन के नाम दर्ज है यह रिकॉर्ड**

इंग्लैंड की तरफ से सबसे युवा कप्तान बनने का रिकॉर्ड फिलहाल पूर्व क्रिकेटर मोंटी बोडेन के नाम दर्ज है। जिन्होंने 1889 में 23 साल की उम्र में इंग्लैंड की कमान संभाली थी। 1889 में इंग्लैंड के रेगुलर कप्तान ऑब्रे स्मिथ को अचानक से बुखार आ गया था। इसके बाद अगले टेस्ट मुकाबले में साउथ अफ्रीका के खिलाफ मोंटी बोडेन को टीम की कप्तानी करनी पड़ी थी।

बेथेल तीनों फॉर्मेट में डेब्यू कर चुके हैं बेथेल ने अब तक इंग्लैंड के लिए चार टेस्ट, 12 वनडे और 13 टी-20 खेले हैं। चार टेस्ट में उनके नाम 38.71 की औसत से 271 रन और तीन विकेट हैं। टेस्ट में उन्होंने तीन अर्धशतक भी लगाए हैं। इसके अलावा वनडे में उन्होंने 317 रन बनाए हैं और सात विकेट लिए हैं। वनडे में बेथेल ने तीन अर्धशतक लगाए हैं। टी-20 में उन्होंने 154.40 के स्ट्राइक रेट से 281 रन बनाए हैं। इनमें दो अर्धशतक शामिल हैं। इसके अलावा बेथेल ने चार विकेट भी लिए हैं।

साउथ अफ्रीका के खिलाफ ब्रुक करेंगे कप्तानी आयरलैंड दौरे से पहले इंग्लैंड टीम साउथ अफ्रीका से तीन वनडे और इतने ही टी-20 मैचों की होम सीरीज खेलेगी। साउथ अफ्रीका के खिलाफ सीरीज की शुरुआत 2 सितंबर से होगी। हैरी ब्रुक इन दो होम सीरीज के लिए कप्तान होंगे। आयरलैंड के खिलाफ सीरीज 17 सितंबर से शुरू होगी।

# लिवरपूल का प्रीमियर लीग में जीत के साथ आगाज



लंदन, 16 अगस्त (एजेंसियां)। गत चैम्पियन लिवरपूल ने जज्बात से भरे मुकाबले में बूर्नमाउथ को 4-2 से हराकर प्रीमियर लीग फुटबॉल में जीत के साथ आगाज करके डियोगो जोटा को श्रद्धांजलि दी, जबकि इस मैच में एक खिलाड़ी नस्लीय टिप्पणी का भी शिकार हुआ।

दो गोल की बढ़त गंवाने के बाद लिवरपूल के लिए 88वें मिनटमें फेडरिको चिएसा और स्टॉपेज टाइम में मोहम्मद सालाह ने गोल दागे। इससे पहले हुगो एकिटिके और कोडी गाकपो ने लिवरपूल को 2-0 से बढ़त दिलाई थी। मैच 28वें मिनट में कुछ देर के लिए रुका जब बूर्नमाउथ के फॉरवर्ड अंतोइने सेमेन्यो ने रैफरी एंथोनी टेलर से शिकायत की कि एक दर्शक ने उन पर नस्लीय टिप्पणी की है। टीम के मैनेजर ने कहा कि टिप्पणी करने वाले को पहचान लिया गया है। घाना के 25 वर्ष के सेमेन्यो को उनके साथी खिलाड़ियों ने ढांढस बंधाया। सेमेन्यो ने 64वें और 76वें मिनट में गोल करके लिवरपूल की बढ़त उतार दी थी। पिछले पांच साल में लिवरपूल के लोकप्रिय खिलाड़ियों में शुमार जोटा और उनके भाई आंद्रे सिल्वा की तीन जुलाई को एक कार हादसे में मौत के बाद टीम का यह पहला प्रतिस्पर्धी मैच था।

मैच शुरू होने से पहले प्रशंसकों ने हाथ में पुर्तगाल के इन दोनों खिलाड़ियों के लिये 'डीजे20 ' और 'एएस 30' के प्लेकार्ड ले रखे थे। लिवरपूल के खिलाड़ियों ने मैदान पर घेरा बनाया, जबकि दोनों टीमों के खिलाड़ियों और स्टाफ ने बांह पर काली पट्टी बांधी थी। आखिरी सीटी बजने के बाद सालाह अपने आंसू नहीं रोक सके। वह कोप स्टैंड के सामने खड़े रहे। उन्होंने मैच में अपने गोल के बाद जोटा की तरह जश्न भी मनाया ।

# कोपेनहेगन गोल्फ में अहलावत ने कट में प्रवेश किया

कोपेनहेगन, 16 अगस्त (एजेंसियां)। भारत के वीर अहलावत ने दूसरे दौर में शानदार प्रदर्शन करते हुए डीपी वर्ल्ड टूर की डेनिश गोल्फ चैम्पियनशिप के कट में प्रवेश कर लिया। अहलावत एक अंडर (73 और 68) स्कोर के साथ संयुक्त 45वें स्थान पर हैं। वहीं शुभंकर शर्मा का खराब फॉर्म जारी रहा और वह कट में जगह नहीं बना सके। रास्मस होगार्ड ने दूसरे दौर में सात अंडर 64 और कुल 12 अंडर स्कोर करके एकल बढ़त बना ली है। वह डेनमार्क के मार्को पेंगे से दो शॉट आगे हैं। भारतीय गोल्फर अदिति अशोक ने एलपीजीए टूर पर स्टैंडर्ड पोर्टलैंड क्लासिक में दूसरे दौर में दो अंडर 70 के स्कोर के साथ कट में प्रवेश कर लिया। अदिति ने पांच बर्डी लगाए और तीन बोगी किए।

वह अब संयुक्त 27वें स्थान पर हैं। भारतीय मूल की अमेरिकी गुरलीन कौर संयुक्त दूसरे स्थान पर है जबकि भारतीय मूल की कनाडा की गोल्फर सावन्नाह ग्रेवाल संयुक्त 11वें स्थान पर हैं। कोरिया की जियोगियून ली ने छह अंडर 67 के स्कोर के साथ बढ़त बना ली। भारत की युवा स्क्वाश

# स्क्वॉश में अनाहत एनएसडब्ल्यू बेगा ओपन के फाइनल में

खिलाड़ी अनाहत सिंह ने मिस्र की नूर काफागी को कड़े मुकाबले में हराकर एनएसडब्ल्यू बेगा ओपन 2025 के फाइनल में प्रवेश कर लिया। एशियाई खेलों की दोहरी कांस्य पदक विजेता 17 वर्ष की अनाहत ने सेमीफाइनल में 3-2 (10-12, 11-5, 11-5, 10 - 12, 11-7) से जीत दर्ज की। पीएसए कॉपर फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय अनाहत का सामना अब मिस्र की हबीबा रानी से होगा जिन्होंने पांचवीं वरीयता प्राप्त भारत की आकांक्षा सालुंके को 3-1 (11-9, 7-11, 12-10, 11-6 ) से हराया।

# मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने बारिश प्रभावित इलाकों में एहतियाती कदम उठाने के निर्देश दिए

हैदराबाद, 16 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। भारी बारिश के पूर्वानुमान को देखते हुए, मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने राज्य में पूरे प्रशासन को अलर्ट पर रखा है। आईएमडी ने निजामाबाद, संगारेड्डी, मेदक, विकाराबाद, जयशंकर भूपालपल्ली, मुलुगु, भद्राद्री कोत्तगुडेम और खम्मम जिलों में मध्यम से भारी बारिश होने का अनुमान लगाया है। मौसम विभाग के अनुसार, 15 जिलों में भारी बारिश दर्ज की गई, जबकि शेष जिलों में सामान्य बारिश हुई।

जगतियाल जिले में, जहां मानसून के मौसम में कम बारिश दर्ज की गई थी, कल रात से भारी बारिश हो रही है। मुख्यमंत्री ने शनिवार सुबह भारी बारिश से प्रभावित जिलों में बाढ़ की स्थिति और राहत कार्यों की जानकारी ली। अधिकारियों को एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमों को पहले से तैनात करने और बाढ़ प्रभावित बस्तियों में राहत कार्यों के लिए जिला कलेक्टरों के साथ समन्वय करने का आदेश दिया गया। रेवंत रेड्डी ने नहरों, नालों और तालाबों के उफान पर आने के बढ़ते खतरे को देखते हुए अधिकारियों को निचले इलाकों से परिवारों को राहत शिविरों में स्थानांतरित करने के निर्देश दिए।

सिंचाई विभाग को जलाशयों, नहरों और बाढ़ में बह रहे जलस्रोतों में जल स्तर की निगरानी करने का काम सौंपा गया है। सिंचाई अधिकारियों को बाढ़ के पानी के छोड़े जाने के बारे में कलेक्टरों और क्षेत्रीय कर्मचारियों को नियमित रूप से सूचित करना होगा। एहतियाती उपायों के तहत, भारी जल प्रवाह से लबालब जलाशयों और तालाबों के किनारे बाढ़ से हुए नुकसान को रोकने के



लिए रेत की बोरियां तैयार रखी जाएंगी। पुलिस और राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे सड़कों, निचले पुलों और पुलों पर, जहां जल स्तर अधिक हो, बैरिकेड लगाकर वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित करें। भारी वर्षा प्रभावित क्षेत्रों में जल और कीट जनित रोगों के प्रसार को रोकने के लिए, मुख्यमंत्री ने नगरपालिका, शहरी और ग्राम प्रशासन के अधिकारियों को उन क्षेत्रों में सफाई कार्य करने का आदेश दिया जहां जल जमाव के कारण मच्छरों का प्रकोप अधिक है। रेवंत रेड्डी ने ग्रेटर हैदराबाद सीमा में बाढ़ की स्थिति का जायजा लिया और जीएचएमसी, हाइड्रा, एसडीआरएफ और अग्निशमन सेवा शाखाओं को शहर में लोगों द्वारा राहत के लिए किए गए अनुरोधों पर तुरंत कार्रवाई करने का आदेश दिया। राज्य के स्वास्थ्य विभाग को पर्याप्त दवाओं का भंडार करने और चिन्हित क्षेत्रों में चिकित्सा शिविर खोलने का निर्देश देते हुए, मुख्यमंत्री ने इस बात पर ज़ोर दिया कि जान-माल और पशुधन की हानि को रोकने के लिए सावधानी बरती जानी चाहिए। रेवंत रेड्डी ने सुझाव दिया कि राजस्व, बिजली, पंचायत राज, आरएंडबी, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, नगरपालिका प्रशासन, पुलिस, अग्निशमन विभाग और एसडीआरएफ कर्मियों को भारी बारिश के दौरान समन्वय में काम करना चाहिए।

## आईएमडी ने भारी बारिश की चेतावनी दी, सात जिलों के लिए रेड अलर्ट जारी

हैदराबाद, 16 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने अनुमान लगाया है कि तेलंगाना में अगले तीन दिनों तक बारिश जारी रहने की संभावना है। अनुमानित बारिश 18 अगस्त तक जारी रहने की उम्मीद है, और 16 और 17 अगस्त को विशेष रूप से उत्तरी और पूर्वी क्षेत्रों में भारी बारिश की संभावना है। परिणामस्वरूप, विभाग ने भारी बारिश की संभावना के कारण सात जिलों के लिए रेड अलर्ट जारी किया है। आदिलाबाद, कोमाराम भीम आसिफाबाद, मंचेरियल, जयशंकर भूपालपल्ली, भद्राद्री कोत्तगुडेम, महबूबाबाद और मुलुगु जिलों के लिए रेड अलर्ट जारी किया गया है। आठ जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट भी जारी किया गया है, जो भारी से बहुत भारी बारिश की संभावना दर्शाता है, जिनमें निर्मल, जगतियाल, पेद्दापल्ली, करीमनगर, हनमाकोंडा, वारंगल, सूर्यपेट और खम्मम शामिल हैं। इसके अलावा, सभी जिलों में येलो चेतावनी जारी की गई है, जो पूर्व महबूबनगर क्षेत्र को छोड़कर हल्की से मध्यम बारिश के साथ-साथ भारी बारिश की संभावना को दर्शाती है। अधिकारियों (जिन्होंने पहले लाल और नारंगी चेतावनी जारी की थी) ने जिला अधिकारियों को हाल ही में हुई वृद्धि के आधार पर अतिरिक्त एहतियाती उपाय लागू करने के लिए सूचित किया है।




## कोमटिरेड्डी ने भारी बारिश के बीच आरएंडबी अधिकारियों को हाई अलर्ट पर रहने का निर्देश दिया

हैदराबाद, 16 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना में लगातार बारिश और बाढ़ की स्थिति को देखते हुए, सड़क एवं भवन (आरएंडबी) मंत्री कोमटिरेड्डी वेंकट रेड्डी ने विभाग के अधिकारियों को हाई अलर्ट पर रहने और जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। शनिवार को विशेष मुख्य सचिव विकास राज और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ स्थिति की समीक्षा करते हुए, मंत्री ने कहा कि आरएंडबी नेटवर्क के अंतर्गत 629 किलोमीटर सड़कों सहित 454 स्थानों पर बाढ़ से नुकसान की सूचना मिली है।

अब तक, 22 हिस्से बह गए हैं, जिनमें से चार को यातायात सुगमता के लिए अस्थायी रूप से बहाल कर दिया गया है। जिन 108 महत्वपूर्ण स्थानों पर संपर्क बाधित हुआ था, उनमें से 71 को युद्धस्तर पर साफ कर दिया गया है, जबकि शेष स्थानों पर काम चल रहा है। मंत्री ने इंजीनियरों को पुलियों, पुलों और सेतुओं का क्षेत्रीय निरीक्षण करने और किसी भी प्रकार की जनहानि को रोकने के लिए सभी आवश्यक सावधानियां बरतने का निर्देश दिया। उन्होंने अधिकारियों से स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए पुलिस, सिंचाई, राजस्व, पंचायत राज और बिजली विभागों के साथ समन्वय स्थापित करने को कहा।

उन्होंने कहा, जहां भी सड़कें और पुलियाएं कट गई हैं, वहां तुरंत अस्थायी मरम्मत की जानी चाहिए ताकि सार्वजनिक परिवहन प्रभावित न हो। क्षतिग्रस्त सड़कों और पुलों के स्थायी पुनर्निर्माण के प्रस्ताव भी मांगे गए हैं। मंत्री ने स्पष्ट किया कि सभी वरिष्ठ अधिकारी जिला मुख्यालयों पर रहें और उन्हें ज़मीनी स्थिति की वास्तविक जानकारी दें। उन्होंने चेतावनी दी कि अगले दो दिनों तक कोई भी अधिकारी छुट्टी पर न जाए। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि संपत्ति के नुकसान की भरपाई तो की जा सकती है, लेकिन जानमाल के नुकसान की भरपाई नहीं की जा सकती।

विशेष मुख्य सचिव विकास राज ने बताया कि सभी जिला मंडलों में 24/7 नियंत्रण कक्ष स्थापित किए गए हैं और निरंतर निगरानी के लिए उन्हें राज्य आरएंडबी नियंत्रण केंद्र से जोड़ा गया है।

मुख्य अभियंता मोहन नाइक ने मंत्री को बताया कि सभी 37 संभाग अलर्ट पर हैं और क्षेत्रीय इंजीनियरों की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से निगरानी की जा रही है। पिछले दो दिनों में इंजीनियरों की त्वरित प्रतिक्रिया की सराहना करते हुए मंत्री ने उन्हें इसी प्रतिबद्धता के साथ आगे भी कार्य जारी रखने तथा पूरी तरह तैयार रहने का निर्देश दिया, क्योंकि आने वाले दिनों में भारी वर्षा जारी रहने की संभावना है।

## बाइसन ग्राउंड, सिकंदराबाद में वायुसेना बैंड का प्रदर्शन




हैदराबाद, 16 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। 79वें स्वतंत्रता दिवस समारोह के उपलक्ष्य में, वायुसेना बैंड ने बाइसन ग्राउंड, सिकंदराबाद में एक शानदार प्रस्तुति से समां बांध दिया। यह कार्यक्रम डुंडीगल स्थित वायुसेना अकादमी द्वारा आयोजित किया गया था। विभिन्न गणमान्य व्यक्तियों और दोनों शहरों से आए लोगों की एक बड़ी भीड़ ने बड़े उत्साह के साथ इस भव्य प्रस्तुति को देखा। कार्यक्रम में 'ऐ मेरे वतन के लोगों', 'जय हो' और 'वंदे मातरम' जैसे कई देशभक्ति गीत शामिल थे। वारंट ऑफिसर बी. रंगा राव के नेतृत्व में बैंड ने अपने शक्तिशाली संगीत और ऊर्जावान मंचीय उपस्थिति से दर्शकों का मन मोह लिया। प्रत्येक संगीतकार ने असाधारण प्रतिभा का प्रदर्शन किया और अपने वाद्य यंत्रों को सहजता से मिलाकर एक गतिशील और मनमोहक धुन तैयार की। उनके उत्साह और कौशल ने पूरे माहौल को जगमगा दिया और इस शाम को राष्ट्र की स्वतंत्रता के लिए एक यादगार श्रद्धांजलि में बदल दिया। प्रदर्शन के बाद जो गर्व और कृतज्ञता की भावनाएं पैदा हुईं, वे अविस्मरणीय क्षण थे।

# बीआरएस नेता आरएस प्रवीण कुमार ने मेडिगड्डा स्तंभ गिरने में तोड़फोड़ का आरोप लगाया

हैदराबाद, 16 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। बीआरएस महासचिव आरएस प्रवीण कुमार ने कहा कि कालेश्वरम लिफ्ट सिंचाई परियोजना के एक हिस्से, मेडिगड्डा बैराज में एक स्तंभ का गिरना, किसी प्राकृतिक घटना के बजाय, असामाजिक तत्वों द्वारा जानबूझकर की गई तोड़फोड़ का परिणाम था।

उन्होंने व्यापक जांच के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी)



के गठन की मांग की। शनिवार को तेलंगाना भवन में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान, उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि कालेश्वरम लिफ्ट सिंचाई परियोजना के तीनों बैराज- मेडिगड्डा, अन्नाराम और सुंदिला- 2022 में अभूतपूर्व बाढ़ से सफलतापूर्वक बच गए। बीआरएस नेता ने इस बात पर चिंता जताई कि बिना किसी स्पष्ट कारण के केवल मेडिगड्डा का स्तंभ ही क्यों गिरा। प्रवीण कुमार ने किसी भी संभावित विस्फोट की जांच न होने पर भी सवाल उठाया, और कहा कि कोई बयान एकत्र नहीं किया गया है और आसपास कोई भूकंपीय गतिविधि नहीं पाई गई है। बीआरएस नेता ने कहा, 22 अक्टूबर, 2023 को एक सहायक अभियंता ने महादेवपुर पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें बैराज पर तेज़ विस्फोट जैसी आवाज़ें आने की बात कही गई थी, जिससे उन्हें लगा कि तोड़फोड़ की गई है। हालांकि, अभी तक किसी भी जांच में ज़िम्मेदार लोगों का पता नहीं चला है।

प्रवीण कुमार ने कहा कि यह घटना के चंद्रशेखर राव की विरासत को धूमिल करने का एक जानबूझकर किया गया प्रयास प्रतीत होता है। उन्होंने कथित विस्फोटों की जांच के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) के गठन की मांग की और यह पता लगाने की मांग की कि क्या मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी सहित कांग्रेस नेताओं के साथ-साथ भाजपा नेता बंडी संजय और जी किशन रेड्डी भी इसमें शामिल थे। उन्होंने घटना से किसी भी तरह का संबंध जानने के लिए उनके मोबाइल फ़ोन रिकॉर्ड की जांच करने की भी सिफ़ारिश की।

## सिद्दीपेट डीसीसी प्रमुख के खिलाफ एससी/एसटी अत्याचार का एक और मामला दर्ज

सिद्दीपेट, 16 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। सिद्दीपेट में थ्री टाउन पुलिस ने एक दलित महिला अनसूया द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के बाद जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष तुमुकुंटा नरसा रेड्डी के खिलाफ एक और एससी/एसटी अत्याचार का मामला दर्ज किया है। अनसूया ने अन्य दलित नेताओं के साथ मिलकर शुक्रवार को सिद्दीपेट में नरसा रेड्डी की गाड़ी रोकने की कोशिश की। उनका आरोप है कि डीसीसी अध्यक्ष ने जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करके उनके साथ दुर्व्यवहार किया। इस महीने उनके खिलाफ दर्ज किया गया यह दूसरा ऐसा मामला है। इससे पहले, पार्टी के एससी सेल के ज़िला अध्यक्ष कोम्मू विजय कुमार ने गजवेल पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई थी कि नरसा रेड्डी ने उन पर हमला किया है। शुक्रवार को, अनसूया और उनके समर्थकों ने विजय कुमार पर कथित हमले के लिए डीसीसी अध्यक्ष की गिरफ़्तारी की मांग की।




## भक्तों की भागीदारी से गायों की रक्षा कर अपनी संस्कृति की रक्षा करें : टीटीडी

तिरुपति, 16 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। टीटीडी की कार्यकारी अधिकारी जे. श्यामला राव ने कहा कि वेदों और पुराणों में वर्णित गोमाता को सभी देवताओं का अवतार माना जाता है और भक्तों की सक्रिय भागीदारी से उनकी रक्षा का कार्य बड़े पैमाने पर किया जाएगा। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी (गोकुलाष्टमी) समारोह के एक भाग के रूप में, तिरुपति स्थित श्री वेंकटेश्वर गोसंरक्षणशाला में गो पूजा महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर बोलते हुए, कार्यकारी अधिकारी ने गायों के संरक्षण पर ज़ोर दिया। गोसंरक्षणशाला में वर्तमान में 2,789 पशु आश्रय में हैं, जिनमें 1,827 गायें, 962 बैल, 7 हाथी और 5 घोड़े शामिल हैं। तिरुमाला, तिरुपति और तिरुचनूर की गोशालाओं और अलीपीरी स्थित सप्त गो प्रदक्षिणा मंदिर में प्रतिदिन गो पूजा की जाती है। गोशालाओं से प्राप्त दूध, दही, मक्खन और घी का उपयोग तिरुमाला श्रीवारी मंदिर के अनुष्ठानों और उप-मंदिरों में किया जाता है, साथ ही तीर्थयात्रियों, अन्नप्रसादम केंद्रों, कैंटीनों, शैक्षणिक संस्थानों और अस्पतालों में भी वितरित किया जाता है। उन्होंने आगे बताया कि श्री वेंकटेश्वर पशु चिकित्सा विश्वविद्यालय के सहयोग से विकसित भ्रूण स्थानांतरण तकनीक (ईटीटी) के माध्यम से 47 श्रेष्ठ साहीवाल बछड़े पैदा किए गए हैं। भक्तों के सहयोग से, गोसंरक्षणशाला में 539 देशी गायें पहले ही लाई जा चुकी हैं। जनभागीदारी से 500 और देशी नस्लों (गिर, कांकरेज, थारपारकर, लाल सिंधी) को शामिल करने की योजनाएं चल रही हैं। "गुडिको गोमाता" योजना के तहत, गायों को दैनिक गो पूजा के लिए टीटीडी के उप-मंदिरों में भेजा जाता है।




Printed and published by Dr. Gireesh Sanghi on behalf of AGA Publications Ltd., at 396, Lower Tankbund, Hyderabad-500080 Editor: *Dhirendra Pratap Singh *responsible for selection of news under the PRB Act. Postal Licence H/SD/380/21-22, Phone:27644999. Fax:27642512, RNI No.69340/98, Regd.:No.AP/HIN/00196/01/1/97/TC.